3 **राजधानी**
प्रभावी रणनीति से कोविड संक्रमण नियंत्रण में: सीएम

6 **अभिमत**
नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

11 **विदेश**
अमेरिका ने की मोदी सरकार की तारीफ

12 **विविध**
काम का बोझ-अत्यधिक थकान, बिगड़ती सेहत

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 271
लखनऊ, शनिवार, 24 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



सिंधु से होगी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद
स्पोर्ट्स-10

www.dailypioneer.com

# हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र का पहला सप्ताह

## तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शांतनु सेन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पेगासस** जासूसी विवाद के चलते शुक्रवार को भी संसद की कार्यवाही बाधित रही। दोनों सदनों में शोरगुल और नारेबाजी के बीच बार बार कार्य स्थगन होता रहा। वहीं राज्य सभा में टीएमसी सांसद शांतनु सेन को निलंबित कर दिया गया। सेन ने बृहस्पतिवार को आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा पढ़े जा रहे बयान की प्रति को छीनकर फाड़ दिया था। सांसद को मानसून सत्र की शेष बची अवधि के लिए निलंबित किया गया है।

आज सुबह सदन शुरू होने के बाद सरकार द्वारा सेन के खिलाफ पेश प्रस्ताव को पारित कर दिया गया तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। बहरहाल टीएमसी सांसद ने सदन छोड़ने से इनकार कर दिया और सभापति एम वेंकैया नायडू तथा उप सभापति हरिवंश के बार बार अनुरोध के बावजूद नहीं माने। परिणामस्वरूप सदन में कामकाज बाधित रहा और बार बार स्थगित करना पड़ा। एक ट्वीट में सेन ने निलंबन को 'असंसदीय' करार दिया और कहा कि उनकी पार्टी की आवाज और उनके नेता की आवाज को कभी रोका नहीं जा सकता। सेन को शेष सत्र के लिए निलंबित करने की सभापति की घोषणा का विरोध



- पेगासस जासूसी विवाद व अन्य मुद्दों को लेकर संसद के दोनों सदनों में शोरगुल-नारेबाजी, नहीं चल सकी कार्यवाही

करते हुए तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। तृणमूल सदस्य शुखेंदु शेखर रॉय ने कहा कि मुरलीधरन ने अचानक से सेन के निलंबन का प्रस्ताव पेश कर दिया लेकिन सदन में आज की कार्यसूची में इसका कोई उल्लेख नहीं था। सभापति ने उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया। पूरे सप्ताह के दौरान सिर्फ मंगलवार को उच्च सदन में उस समय चार घंटे सामान्य ढंग से कामकाज हो पाया जब कोविड-19 के कारण देश में उपजे हालात को लेकर, सभी दलों के बीच आपस में बनी सहमति के आधार पर चर्चा की गयी। शुक्रवार को विपक्ष के हंगामे के कारण लोकसभा एक बार के स्थगन और राज्यसभा तीन बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों में आज भी प्रश्नकाल और शून्यकाल नहीं हो सका तथा शुक्रवार को होने वाला गैर सरकारी कामकाज भी हंगामे की भेंट चढ़ गया। ( शेष पेज 9 )

### राहुल ने फोन टैपिंग का लगाया आरोप, शाह से मांगा इस्तीफा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को 'राजद्रोह' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि उनके फोन को टैप किया गया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेगासस का उपयोग 'भारतीय राज्य और संस्थाओं' के खिलाफ किया गया तथा यह जनता की आवाज पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने संसद भवन के निकट विजय चौक पर संवाददाताओं से कहा, 'पेगासस एक हथियार है जिसका उपयोग आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ किया जाता है। ( शेष पेज 9 )



### राहुल गांधी अपना फोन जांच एजेंसियों को सौंपें: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यदि लगता है कि उनका फोन टैप किया गया है तो उन्हें इसे (फोन) जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए।

भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने संसद भवन परिसर में

- कांग्रेस नेता के आरोप पर राज्यवर्धन सिंह राठौर ने किया पलटवार

पत्रकारों से चर्चा करते हुए दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अवैध तरीके से किसी का भी फोन टैप नहीं किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कोई 'जूनियर कॉपी राइटर' भी उनके फोन में मौजूद विषय वस्तु को कॉपी करना नहीं चाहेगा क्योंकि कांग्रेस नेता के पास कुछ भी 'मौलिक' नहीं है। राठौर ने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में जनता के द्वारा लगातार दो बार खारिज किए जाने के बाद कांग्रेस किसी न किसी बहाने संसद की कार्यवाही को बाधित करना चाहती है। राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को 'राजद्रोह' करार देते हुए कहा था कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए। ( शेष पेज 9 )

# हर मंडल मुख्यालय पर खुलेंगे सैनिक स्कूल

- सीएम ने गोरखपुर में सैनिक स्कूल का किया शिलान्यास, डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा भी रहे मौजूद



**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में देश मे 100 नए सैनिक स्कूल खोलना प्रस्तावित कर रखा है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार हर कमिश्नरी में सैनिक स्कूल खोलने की योजना पर तेजी से कार्य कर रही है। गोरखपुर में बनने जा रहा सैनिक स्कूल पूर्वी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण के साथ योग्यतम शिक्षा देने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में सरकार स्किल डेवलपमेंट का बड़ा केंद्र भी खोलेगी। यहां प्रशिक्षण प्राप्त के लिए देश और दुनियां में कहीं भी बेहतर शर्तों पर रोजगार मिल सकेगा।

सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर खाद कारखाना परिसर में उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा के साथ मिलकर सैनिक स्कूल का शिलान्यास कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर विद्यालय की आधारशिला रखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूल एक बड़ी उपलब्धि है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को देश के कई क्षेत्रों में आगे बढ़नेए उच्च पदों पर सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। यहां के सैनिक स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूलों का अपना इतिहास है। प्रदेश में पहला सैनिक स्कूल 1960 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ संपूर्णानंद ने स्थापित किया था। कारगिल विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने भी इसी सैनिक स्कूल से शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त किया था। 2017 में भाजपा की सरकार यूपी में आई तो सरकार ने लखनऊ सैनिक स्कूल का नामकरण शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम कर दिया।

सीएम योगी ने कहा कि 1990 में खाद कारखाना बंद हो जाने के बाद 26 साल तक केंद्र व पिछली राज्य सरकारों ने यहां के खाद कारखाने की सुधि नहीं ली। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका नए सिरे से शिलान्यास किया। 2017 में यूपी में बीजेपी की सरकार आई तो खाद कारखाना परिसर विकास की गतिविधियों का केंद्र बन गया। खाद कारखाना बनकर तैयार हो रहा हैए इसे अक्टूबर तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इससे नौजवानों को नौकरी व किसानों को सस्ती खाद मिलेगी। इसी परिसर में सैनिक स्कूल बन रहा है। इसी परिसर में देश की सीमाओं की सुरक्षा में लगी एसएसबी का मुख्यालय है। यहीं केंद्रीय विद्यालय हैए पीएसी की महिला बटालियन स्थापित हो रही है। उपेक्षित रहा यह परिसर अब चहल पहल का केंद्र है। सीएम योगी ने कहा कि कभी पूर्वी उत्तर प्रदेश में एकमात्र मेडिकल कॉलेज बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। सरकार ने देवरिया, कुशीनगर, बस्तीए, सिद्धार्थनगर में भी मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है। जो जिले रह गए हैं, वहां हम पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज खोलने जा रहे हैं। प्रदेश सरकार के पांच साल पूरा होते होते प्रदेश के सभी 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज होंगे। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, गंगा एक्सप्रेस वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे, बलिया लिंक एक्सप्रेस वे आदि के किनारे औद्योगिक क्लस्टर बनाए जाएंगे। ( शेष पेज 9 )

### सरकारी विभागों में खेल कोटा होगा बहाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लम्बे अर्से** से बंद चल रही खिलाडी कोटे की भर्तियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से बहाल किये जाने का बडा फैसला लिया है। जापान के टोक्यो में ओलंपिक खेलों से उद्घाटन से पहले सीएम के इस निर्णय को खिलाडियों को तोहफा माना जा रहा है। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोक भवन में टीम-9 के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खेल कोटे के रिक्त पदों को बहाल किये जाने के निर्देश दिये। सीएम ने कहा कि सभी सरकारी विभागों में भर्ती में निलंबित स्पोर्ट्स कोटा को तत्काल ही बहाल करके इन्हे भरे जाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को इस प्रक्रिया को शीघ्र ही शुरू करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश की सिविल पुलिस का विशालतम बल है। इसमें खेल कोटा के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों की सेवाएं लिया जाना उपयोगी होगा। पुलिस विभाग में खेल कोटा सृजित कर योग्य खिलाड़ियों की यथोचित पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाए। ( शेष पेज 9 )

## नवजोत सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभाला



**भाषा।** चंडीगढ़

**नवजोत** सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह भी मौजूद थे जिनसे हाल के दिनों में सिद्धू के टकराव की खबरें आ रही थीं। मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि वे राज्य के कल्याण के लिए मिलकर काम करेंगे। सिंह का यह बयान पार्टी की राज्य इकाई में टकराव की समाप्ति का संकेत देता है। मंच पर

- अमरिंदर भी हुए कार्यक्रम में शामिल

जाने से पहले हवा में बल्ला घुमाते हुए सिद्धू ने लोगों से खचाखच भरे पार्टी मुख्यालय में कहा कि कांग्रेस एकजुट है और उनका उद्देश्य लोगों को सशक्त करने की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा, पंजाब जीतेगा, पंजाबी जीतेंगे। सिद्धू ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और प्रदेश इकाई के प्रमुख में कोई अंतर नहीं है। ( शेष पेज 9 )

### आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

**बालासोर (भाषा)।** भारत ने ओडिशा के अपतटीय क्षेत्र में चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र (आईटीआर) से शुक्रवार को सतह से हवा में मार करने वाली नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल (आकाश-एनजी) का सफल परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह परीक्षण तीव्र गति वाले एक मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। डीआरडीओ के सूत्रों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण आईटीआर के लॉंच पैड-3 से किया गया जिसके लिए बहुकार्य रडार, कमान, नियंत्रण, संचार प्रणाली और प्रक्षेपक सहित समूची प्रणाली तैनात की गई।संगठन के प्रवक्ता ने कहा, रेडियो फ्रीक्वेंसी यंत्र से लैस मिसाइल ने तीव्र गति वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। सूत्रों ने कहा कि दो दिन पहले 21 जुलाई को भी चांदीपुर स्थित आईटीआर के इसी लॉंच पैड से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया गया था।

## महाराष्ट्र में बारिश से तबाही भूस्खलन में 36 की मौत

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने के कारण 36 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह हादसा महाड तहसील के तलाई गांव में बृहस्पतिवार शाम को हुआ। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, भूस्खलन वाली जगह से अब तक 36 शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), स्थानीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। रायगढ़ की जिलाधिकारी निधि चौधरी ने कहा कि बृहस्पतिवार देर शाम भूस्खलन की घटना की सूचना मिली थी।

जिलाधिकारी ने कहा, बाढ़ और कीचड़ के कारण घटनास्थल की ओर जाने वाले रास्ते अवरुद्ध हो गए थे, इसलिए राहत एवं बचाव दल को

- राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कुल 42 लोगों की गई जान

घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। आज सुबह राहत एवं बचाव अभियान दोबारा शुरू किया और अपराह्न तक शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक गांव में करीब 30 घर इस हादसे के कारण वे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। महाराष्ट्र में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से 36 लोगों की मौत तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने से हुई। वहीं, राज्य में लगातार भारी बारिश होने के साथ रत्नागिरी जिले में भूस्खलन होने के बाद 10 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। ( शेष पेज 9 )

### चार जिलों के एसपी सहित सात आईपीएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी सरकार** ने बृहस्पतिवार की देर रात 4 जिलों के एसपी सहित सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जालौन के एसपी यशवीर सिंह को सिद्धार्थनगर का एसपी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को जालौन का नया एसपी बनाया गया है। आगरा के एएसपी सिटी बोत्रे रोहन प्रमोद को कासगंज का एसपी नियुक्त किया गया है। गोरखपुर में तैनात एसपी आर अभिसूचना कमलेश कुमार दीक्षित को हमीरपुर का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं सिद्धार्थनगर में एसपी का कार्यभार देख रहे राम अभिलाष त्रिपाठी को गोरखपुर में कमलेश कुमार दीक्षित के पद पर भेजा गया है। कासगंज के एसपी डॉ. मनोज सोनकर को फतेहपुर की 12वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। हमीरपुर के एसपी नरेंद्र कुमार सिंह को आगरा में 12वीं वाहिनी पीएसी में भेजा गया है।

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,975 | ↑ | 139 | |
| निफ्टी | 15,85{ | ↑ | 32 | |
| सोना | 46,698 | ↓ | 256 | /10g |
| चांदी | 66,111 | ↑ | 662 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### कल्याण सिंह की हालत नाजुक

**लखनऊ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह के स्वास्थ्य में कोई सुधार नही देखने को नही मिल रहा है। उनकी सेहत नाजुक बनी हुई है। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर विशेषज्ञ भी बारीकी से नजर रख रहे हैं। पीजीआई निदेशक डॉ आर के धीमान के अनुसार कल्याण सिंह की स्थिति पूर्ववत है। उन्हें जीवन रक्षक संयंत्र ;वेंटीलेटर पर रखा गया है। वह क्रिटिकल केयर मेडिसिन, नेफ्रोलाजी, न्यूरोलाजी, एन्डोक्रिनालाजी एवं कार्डियालाजी विभागो के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर बारीकी से नज़र रखी जा रही हैं। कल्याण की हालत गंभीर है।

## जम्मू में आईईडी सामग्री ले जा रहे ड्रोन को पुलिस ने मार गिराया

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने जम्मू जिले के सीमावर्ती इलाके में पांच किलोग्राम वजन की विस्फोटक सामग्री (आईईडी) ले जा रहे ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार की, एक बड़ी आतंकी घटना की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ कानाचक की सीमा पर एक ड्रोन के उड़ने की सूचना के बाद पुलिस की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने ड्रोन विरोधी रणनीति का इस्तेमाल करते हुए उसे मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया, देर रात करीब एक बजे एक ड्रोन को बेहद करीब से उड़ते देखा गया जो आईईडी गिराने ही वाला था लेकिन उसे मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि ड्रोन में लगभग तैयार अवस्था में पांच किलोग्राम आईईडी सामग्री थी जिसमें विस्फोट से पहले सिर्फ तारों को जोड़ना बाकी था।

### बारामूला जिले में मुठभेड़ लश्कर के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को सोपोर के वारपोरा इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया।

## दर्शक विहीन स्टेडियम में ओलंपिक का शुभारम्भ

**भाषा।** टोक्यो

**पिछले एक** साल से भी अधिक समय से दुनिया को अपनी गिरफ्त में लेने वाली कोविड-19 महामारी के भय को पीछे छोड़ते हुए 32वें ओलंपिक खेलों की एक साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार को यहां रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरुआत हो गई जिसमें जापानी संस्कृति और प्रौद्योगिकी की झलक देखने को मिली।

जापान के सम्राट नारूहितो ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थामस बाक, आयोजन समिति की प्रमुख सीको हाशिमोतो, कई अन्य हस्तियों तथा 205 देशों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में खेलों के शुरुआत की घोषणा की। इससे एक महीने पहले ही उन्होंने ओलंपिक के दौरान कोरोना वायरस फैलने को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा, मैं आधुनिक युग के 32वें ओलंपिक खेलों का जश्न मनाते हुए तोक्यो खेलों की शुरुआत की घोषणा करता हूं। दर्शकों के बिना

- खेल महाकुम्भ का कोरोना महामारी के कारण एक साल की देरी से टोक्यो में किया जा रहा है आयोजन

आयोजित किए जा रहे ओलंपिक खेलों के उदघाटन समारोह में भी भावनाओं का ज्वार उमड़ता दिखा और ऐसे में भावनाओं से एकजुट की इसकी विषय वस्तु भी कार्यक्रम के अनुकूल रही। तोक्यो में जब रात घिर आई थी तब यहां का ओलंपिक स्टेडियम दमक रहा था जिससे उठी नई उम्मीद की धमक पूरे विश्व में सुनाई दे रही थी। बाक ने अपने उद्घाटन भाषण में खेलों की एकजुट करने की क्षमता का उल्लेख किया और साथ ही महामारी के बीच खेलों का आयोजन करने के लिए जापान का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, आज उम्मीद का पल है। आइए



पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुवाई करते हुए

हम इस पल को संजोएं, क्योंकि आखिरकार हम एक साथ यहां हैं। कुल 205 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों और आईओसी शरणार्थी ओलंपिक टीम के एथलीट, ओलंपिक गांव में एक साथ एक छत के नीचे रह रहे हैं। यह खेल की एकजुट करने की शक्ति है। महामारी के कारण सभी देशों के कम खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। कुछ खिलाड़ियों के अगले दिन प्रतियोगिताएं होने और बीमारी के संक्रमण से बचने के लिए समारोह में भाग नहीं लिया। ओलंपिक मार्च पास्ट की शुरुआत हमेशा की तरह यूनान से हुई जहां पहले ओलंपिक खेल हुए थे। सभी टीमों के खिलाड़ी अपनी पारंपरिक वेषभूषा में दिखे और उन्होंने कुछ लोकप्रिय वीडियो गेम के संगीत पर स्टेडियम में प्रवेश किया। मेजबान जापान का दल सबसे आखिर में स्टेडियम में पहुंचा जिसके बाद आतिशबाजी का एक और दौर देखने को मिला। भारत 25वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रहा है और इस बार उसने अपना सबसे बड़ा दल उतारा है। भारतीय दल जापानी वर्णमाला के अनुसार 21वें नंबर पर आया। पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एम सी मैरीकॉम के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था और उनके साथ भारत के अन्य खिलाड़ियों और छह अधिकारियों के चेहरे पर मुस्कान और जोश दिख रहा था। भारत के 127 खिलाड़ियों सहित 228 सदस्यीय दल ओलंपिक में भाग ले रहा है लेकिन इनमें से केवल 20 खिलाड़ियों को उदघाटन समारोह में भाग लिया।

# वसूली गैंग के लिए खाली करवा रखी हैं यूपी की जेलें

## बेसिक शिक्षा विभाग में 69,000 शिक्षक भर्ती संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में जब भी कहीं भर्ती निकलती थी तो कुछ गैंग ऐसे थे जो वसूली के लिए निकल पड़ते थे। कुछ खानदान और कुछ परिवार ऐसे थे, जिनके लिए भर्तियों में वसूली, आजीविका का जरिया हो गया था लेकिन अब इन्हें मालूम हैं कि यह झोला लेकर निकलेंगे तो हमारी एजेंसियां सतर्क हैं और इनके लिए हमने जेलें भी खाली करवा रखी हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को लोकभवन में बेसिक शिक्षा विभाग के चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि इन चार वर्षों में इन लोगों की अवैध कमाई बंद हो गई है तो अब यह लोग युवाओं को गुमराह करने में लग गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती की



शुचिता को कलंकित करने वालों के खिलाफ कठोरता पूर्वक कार्रवाई की गई और उसके परिणाम सामने हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम एक और परीक्षा कराने जा रहे हैंए जिसमें आवेदकों की संख्या 30 लाख है। देश की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रही है और विश्वास रखें कोई तिनका नहीं हिलेगा।

सीएम ने पूर्ववर्ती सरकारों को शिक्षा की उपेक्षा करने पर तंज भी कसा। सीएम ने कहा कि आज जब उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों की पर फॉर्मेंस ग्रेडिंग के राष्ट्रीय मानकों पर श्रेष्ठतम होती जा रही है तो कुछ लोगों को यह सुहा नहीं रहा। कहने को तो 2017 से पहले 1,35000 परिषदीय विद्यालय थे, लेकिन हालत दयनीय थी। स्कूल थे तो शिक्षक नहीं, शिक्षक थे तो छात्र नहींए छात्र थे तो पढ़ाई का नाम नहीं। पूरा विभाग ट्रांसफर.पोस्टिंग की अनियमितता में ग्रस्त था लेकिन सरकार ने दशा सुधार का संकल्प लिया और तब जिन स्कूलों के भवनों पर पीपल और बरगद के पेड़ उगा करते थे आज वहां अक्षर के फूल खिल रहे हैं। बच्चों को दो यूनिफॉर्म मिल रहे हैं, बैग, स्वेटर, पाठ्य सामग्री सब मिल रहा है। गरीब का बच्चा भी अब जूता.मोजा पहन के स्कूल जा रहा है। योगी ने कहा कि बेहतर हुई इन स्थितियों से परेशान विपक्ष जानता है कि अगर गरीब का बच्चा पढ़.लिख लेगा तो इनकी जातिवादी.वंशवादी राजनीति बंद हो जाएगी। यह लोग इसी से दु:खी है।

सीएम ने शिक्षक के रूप में उनकी महती जिम्मेदारी का भान भी कराया। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक अपने ग्राम के एक.एक घर की जानकारी रखें। किसका बच्चा स्कूल आ रहा हैए किसका नहीं, यह जानें, उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा का बजट 53 हजार करोड़ प्रतिवर्ष का है। इसका लाभ जनता को मिलना चाहिए, ताकि हमारे स्कूल किसी पब्लिक या कांवेन्ट स्कूल की बराबरी कर सकें।

बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए बीते सवा चार सालों में विभाग में हुए 1,30000 शिक्षक भर्ती के शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा से मेरिट, शुचिता और पारदर्शिता की नीति अपनाई है, यह व्यवस्था एक मानक के रूप में उभर कर आई है।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने बेसिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में हुई डेढ़ लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने विभागीय गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कियाए जबकि आभार ज्ञापन विभागीय सचिव अनामिका सिंह ने किया।

# 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को सरकार प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराएगी। अंत्योदय कार्ड धारकों को यह लाभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य की भांति उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों के नाम योजना से जुड़ने पर 40,79598 परिवारों के 1,30,55,710 लाभार्थियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से मुखातिब चिकित्सा स्वास्थ्य एवं



परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2018 को किया गया था। आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची में चिन्हित 1.18 करोड़ परिवारों को मिल रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची से वंचित लगभग 8.43 लाख परिवारों को भी आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जाना संभव हो सका। अब तक दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रदेश के 6.32 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में सेकेण्डरी एवं टर्शियरी स्तर की बीमारियों के नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। अब अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों का भी डाटा जुड़ने से प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवारों के लगभग 7.62 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख रूपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना सन्देश में राज्यपाल ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु पूर्णिमा व गुरु.पूजन का पर्व विशेष महत्व है। ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु.शिष्य की परम्परा अति प्राचीन है। गुरु के आशीर्वाद से ही ज्ञान के साथ साथ सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है।

## भाजपा विधि विभाग के प्रदेश संयोजक बने रवि सिंह सिसोदिया

**लखनऊ ( विसं )।** भाजपा के कानूनी एवं विधिक विषय विभाग का वकील रवि सिंह सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न विभागों की सूची जारी की। वकील सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किए जाने पर वकीलों ने हर्ष जताया और उन्हें बधाई दी। पिछले 20 साल से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में वकालत कर रहे सिसौदिया भाजपा की अवध क्षेत्र के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में कार्यरत थे।

# जेल वार्डरों की तैनाती की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश

- पुलिस भर्ती बोर्ड ने नवचयनित 3638 जेल वार्डरों की सूची कारागार महकमे को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जेल वार्डर पुरुष के 3012 एवं जेल वार्डर महिला के 626 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन करके चयन सूची कारागार मुख्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। सूची में अंकित नवचयनित जेल वार्डरों को नियुक्ति पत्र जारी करने तथा विभिन्न कारागारों पर उनकी तैनाती की प्रक्रिया को समयबद्ध तथा पारदर्शी तरीके से पूर्ण किए जाने के निर्देश डीजी जेल आनंद कुमार ने दिए।

निर्देशों के अनुपालन में कारागार महकमे ने नवचयनित अभ्यर्थियों की तैनाती एवं नियुक्ति प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। जिसके अनुसार 6 अगस्त 2021 तक मुख्यालय स्तर पर गठित समिति नवचयनित अभ्यर्थियों को जेल आवंटित करने का कार्य मंडलवारए कारागारवार पूर्ण कर लेगी। 7 अगस्त से 14 अगस्त 2021 तक नवचयनित बंदी रक्षक अपनी आवंटित जेल की मंडल कारागारों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के समक्ष समस्त मूल अभिलेखों तथा प्रमाण पत्रों के साथ रिपोर्ट करेंगे। 16 अगस्त से 24 अगस्त 2021 तक मंडल जेलों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रिपोर्ट कर चुके नवचयनित बंदी रक्षकों का मेडिकल परीक्षण कराकर मेडिकल रिपोट सहित अन्य अभिलेखों को चेक करके नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। जेल वार्डर इस आशय का सेल्फ एफिडेविट देंगे कि यदि उनके अभिलेखों, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, शैक्षिक अभिलेखों, जाति प्रमाण पत्र, पुलिस सत्यापन, चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में किसी प्रकार की प्रतिकूलता पाई जाती है तो उनका चयन तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

# विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने का अंतिम अवसर 2022 है। उत्तर प्रदेश में चुनाव की जनप्रतिक्रिया शुरू हो चुकी है। भाजपा ने राज्य की जनता का चार वर्ष से अधिक समय बर्बाद कर दिया है। भाजपा की चालों से सावधान रहना है। भाजपा राग.द्वेष से सरकार चला रही है। विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी।

अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश कार्यालय लखनऊ के डा. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठा से सक्रिय रहे। यूपी में 350 सीट का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रात.दिन काम करना पड़ेगा। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार का चरित्र जनविरोधी है। किसान बिल के द्वारा भाजपा किसानों का भविष्य खराब



कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। काले कृषि कानून से खेत का मालिकाना अधिकार किसानों के हाथ से निकल जाएगा। भाजपा सुविधा के नाम पर असुविधा की व्यवस्था करती है। सरकार ने मण्डी व्यवस्था की उपेक्षा की है। अन्नदाता को उसकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिला। किसानों की आय दूर-दूर तक दोगुनी होने की कोई सम्भावना नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को तात्कालिक लालच में फंसा कर लोकतंत्र की हत्या का इंतजाम कर रही है।

## उत्पीड़न को लेकर सपा ने राज्यपाल को दिया ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से मिलकर भाजपा सरकार द्वारा बदले की भावना से विपक्षी विशेषकर समाजवादियों का उत्पीड़न किए जानेए बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति तथा पंचायत चुनावों में जनादेश के साथ खिलवाड़ किए जाने के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमण्डल में रामगोविन्द चौधरी, अहमद हसन नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद उत्तर प्रदेश तथा राजेन्द्र चौधरी पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी शामिल थे। ज्ञापन में सांसद मोहम्मद आज़म खां के खराब स्वास्थ्य के बावजूद उन्हें सीतापुर जेल में रखकर प्रताड़ित किए जाने, त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में धांधली कर ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष के पदो पर छल.बल से कब्जा करनेए महिलाओं को अपमानित किए जाने तथा आजमगढ़ के पलिया गांव में ग्राम प्रधान मुन्ना पासवान के परिवार के साथ पुलिस दुव्यर्वहार की ओर राज्य पाल का ध्यान आकृष्ट किया गया है।

**बनारस रेल इंजन कारखाना,वाराणसी-221004**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर,अनुरक्षण, बरेका वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्र.सं. 1, निविदा सं0:-** वि./1032/कार्य-1134 आर-1, **कार्य का नाम:-** मैन्डेटरी एनर्जी आडिट आफ बी.एल.डब्लू.वाराणसी, **अनुमानित लागत रू: 3,53,688/-, कार्य अवधि:-** 04 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 13.08.2021 समय 15:30 बजे। **क्र.सं. 2, निविदा सं0:-** वि./916/कार्य-1131 आर, **कार्य का नाम:-** रिनोवेशन आफ सिविल, मांडर्नाइजेशन डिपार्टमेन्ट एण्ड आफिसेस आफ फाईनेन्स एण्ड स्टोर डिपार्टमेन्ट एट वेस्ट विंगस् फर्स्ट फ्लोर आफ एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, **अनुमानित लागत रू:- 69,45,368.57, कार्य अवधि:-** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 17.08.2021 समय 15:30 बजे। **क्र.सं. 3, निविदा सं0:-** वि./1003/कार्य-1147, **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिकल अरेन्जमेन्ट फार प्रपोस्ड न्यूली कन्स्ट्रक्टेड पाण्ड इन कंचनपुर कालोनी, **अनुमानित लागत रू:- 15,99,889.40, कार्य अवधि:-** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 20.08.2021 समय 15:30 बजे। **नोट-** कृपया उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण प्राप्त करने हेतु एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

ज.स.अ./बरेका/एम-06 दिनांक - 22.07.2021 जिला विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण

/blwvaranasi" वेबसाइट :- www.blw.indianrailways.gov.in"

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरपुर**
**वि0ख0 चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक : मेमो/सा0 आ0/2021–22 दिनांक : 23.07.2021

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरपुर "विकास खण्ड–चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां–पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है जिसके लिए निम्नवत्त निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0 टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021–22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय – |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 2.8.2021 को पूर्वा/अप्रा0 12:00 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 200000 रु0 (दो लाख) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :–** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत–खैरपुर
चोपन–सोनभद्र

# धान खरीद की नई नीति बनाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** को उनकी उपज के दाने-दाने का भुगतान कराने के लिये योगी सरकार नयी धान खरीद नीति लाने जा रही है। इसके लिये सरकार के स्तर पर काम शुरू हो गया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये हैं। सितम्बर माह से शुरु होने वाली धान खरीद के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने पर भी सरकार का जोर है। मुख्यमंत्री सत्ता संभालने के बाद से लगातार किसानों को लाभ देने का काम किया है। इस साल सरकार ने गेहूं खरीद में अविश्वसनीय बदलाव लाते हुए ई-मंडियों की स्थापना की। किसानों को उनके खेत से 10 किमी के दायरे में गेहूं खरीद की सुविधा दी। किसानों ने जिन सुविधाओं की कभी कल्पना नहीं की थी उन व्यवस्थाओं को देकर लाभान्वित करने का बड़ा काम किया है। ई.पॉप मशीनों से गेहूं खरीद कर पारदर्शिता लाने वाली योगी सरकार ने प्रदेश के सर्वांगींण विकास को तेजी से आगे बढ़ाया है। कोरोना काल में खेती-खलिहानी को जारी रखते हुए बड़ी मात्रा में किसानों को लाभ देने का काम किया है। खरीद के 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया। जिसका नतीजा है कि आज तक के इतिहास में रबी विपणन वर्ष 2021-22 में उसने 1288461 किसानों से 56.25 लाख मेट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है। किसानों को अधिक लाभ देने वाली योगी सरकार ने इसी तर्ज पर खरीफ की फसल में धान खरीद की तैयारी शुरु कर दी है। सीएम योगी ने किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों से धान खरीद की नीति तैयार करने को कहा है।

# शोषित, वंचित समाज को नौकरियां नहीं देना चाहती भाजपा सरकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में ओबीसी की जातिवार सूची ना जारी किए जाने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध आंदोलनरत व पुलिसिया बर्बरता के शिकार घायल ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ योगी सरकार द्वारा किया गया आरक्षण घोटाला उनके अधिकारों को हड़पने की साजिश है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा आरक्षण घोटाले की जांच के बाद आयी रिपोर्ट को दरकिनार कर सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना यह बात प्रमाणित करता है कि सरकार की आरक्षण घोटाले का सच स्वीकार करने के बजायए शोषित वंचित समाज को नौकरिया नहीं देना चाहती। उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सहायक शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जातियों के अधिकार हड़प लिए गए। अपने अधिकारो के लिये संघर्षरत पिछड़ी जातियों के बेरोजगर युवाओं पर पुलिसिया बर्बरता व लाठीचार्ज होते देखकर पिछड़ी जातियों के कथित भाजपा नेताओं की आत्मा भी नही जागी। अगर आरक्षण घोटाला नहीं हुआ तो अभ्यर्थियों की मांग के अनुरुप पिछड़ी जातियों के कुल कोटे के चयनित अभ्यर्थियों की जातिवार सूची सरकार क्यों नहीं जारी कर रही है।

# चालू सत्र में ही तीन कृषि कानूनों को रद्द करे केंद्र: मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकार पर किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। साथ ही मायावती ने केन्द्र सरकार से तीन कृषि कानूनों को चालू सत्र में ही रद्द करने की मांग की है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि किसानों के प्रति सरकारों को अहंकारी ना होकर बल्कि संवेदनशील व हमदर्द होना चाहिए। किन्तु दु:ख यह है कि तीन कृषि कानूनों को रद्द करने को लेकर काफी लंबे समय से किसान यहां आंदोलित है अब ये जंतरमंतर पर किसान संसद लगाए हैं। केन्द्र चालू सत्र में ही इनको रद्द करें। बीएसपी की यह माँग है।

**पायनियर वर्गीकृत**

**सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि form C No. 0030392, 0030393, 0030394, 0030395, 0030396 वास्तव में कहीं खो गये हैं। मेडी शील्ड हेल्थकेयर स्थित–8, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ। दूरभाष :– 0522–4042576, 9889770559

**सूचना**

**सूचना**

**बीटीसी (DLED) में अल्पसंख्यक कोटे में सीधे प्रवेश लें सत्र–2021**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एच.एम. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पीवाताल मऊ (कोड–500027) में प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट hmspmau.in पर बिना काउन्सलिंग के सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें। योग्यता NCTE एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित **प्रबंधक, Mb. 9839607894**

**सूचना**

मेरे पति के नौकरी सेवा (एनटीपीसी) के अभिलेखों में मेरा नाम सुमन यादव दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम सुमन दर्ज है, जो सत्य व सही है। अत: मुझे सुमन नाम से ही जाना, पहचाना व समझा जाए। सुमन पत्नी श्री मोतीलाल यादव निवासी – टाईप तृतीय – 97 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार – रायबरेली

# अप्रवासी भारतीय उत्तर प्रदेश में फैलाएंगे अपना कारोबार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बहुराष्ट्रीय** कंपनियां के साथ-साथ विदेशों में रहने वाले भारतीयों की भी यूपी मे पूंजी निवेश में दिलचस्पी बढी है। पचास से अधिक अप्रवासी भारतीयों (एनआरआई) ने उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने की पहल ही है। इनमें से 32 अप्रवासी भारतीयों ने नोएडा .ग्रेटर नोएडा, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर और प्रयागराज में करीब 1045 करोड़ रुपए का निवेश करने को लेकर सरकार के संपर्क में हैं। इन अप्रवासी भारतीयों ने कृषि, हेल्थ आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, सौर ऊर्जा सहित 15 सेक्टर में निवेश करने में रूचि दिखाई हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के चलते ही यूपी देश.विदेश के निवेशकों के साथ ही अब अप्रवासी भारतीयों लिए चहेता



राज्य बन गया है। बीते दो वर्षों में अप्रवासी भारतीयों ने प्रदेश में निवेश करने के बाबत उत्सुकता दिखाई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बीते साल लांच किए गए वेबसाइट के बाद से इन मामले में तेजी आ गई है। मुख्यमंत्री द्वारा लांच की गई वेबसाइट के एनआरआई सेक्शन पर विदेशों में रह रहे 500 से अधिक अप्रवासी भारतीयों ने यूपी में निवेश करने को लेकर पड़ताल की। जिस पर शासन के स्तर पर निवेश करने के इच्छुक अप्रवासी भारतीयों के निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए हर स्तर पर प्रयास शुरू हुए। इसी क्रम में 540 अप्रवासी भारतीयों को एनआरआई कार्ड जारी किए गए हैं।

अमेरिका, यूएई, ओमान, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया, जर्मनी, घाना, न्यूजीलैंड, रूस, इंग्लैंड आदि 18 देशों में रह रहे 32 अप्रवासी भारतीयों ने प्रदेश में निवेश करने के लिए अपने प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। अधिकारियों के अनुसार अमेरिका में रह रहे चारए यूएई में रह रहे आठ तथा ओमान, सिंगापुर और इंग्लैंड में रह रहे दो-दो भारतीयों में यूपी में निवेश करने संबंधी अपने प्रस्ताव शासन को भेजे। विदेशों में रह रहे जिन भारतीयों ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने की पहल ही है, उनमें 13 ऐसे हैं जिनका विदेश में उद्यम है और अब उसका विस्तार वह यूपी में करना चाहते हैं। ऐसे ही विदेशों में बड़ी कंपनियों में जिम्मेदार पदों पर काम कर रहे 19 भारतीय अब अपना उद्यम स्थापित करने के लिए यूपी का रूख कर रहें हैं।

इन अप्रवासी भारतीयों के निवेश प्रस्तावों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें भूमि उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहें हैं। जल्दी ही इन अप्रवासी भारतीयों के उद्यमों का निर्माण कार्य होगा। फिलहाल अप्रवासी भारतीयों के निवेश संबंधी प्रस्तावों को यूपी में स्थापित करने के लिए सूबे के अधिकारी उनके संपर्क में हैं ताकि उनकी दिक्कतों का समाधान किया जा सके। सूबे में निवेश के लिए आगे आये इन अप्रवासी भारतीयों के उद्यमों की स्थापना होने और उनमें उत्पादन शुरू होने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। अधिकारियों के अनुसार कृषि के क्षेत्र में सातए हेल्थ सेक्टर में चार, मैन्युफैक्क्रिंग सेक्टर में चारए आईटी सेक्टर में तीन, ऊर्जा तथा सौर उर्जा के क्षेत्र में तीनए शिक्षा के क्षेत्र में दो, फूड प्रोसेसिंग में दो अप्रवासी भारतीयों ने अपने उद्यम स्थापित करने में रूचि दिखाई है। यूएई में रहने वाले अप्रवासी भारतीय हेल्थ केयर सेक्टर में 400 करोड़ रुपए का निवेश कर एक भव्य अस्पताल बनाना चाहते हैं। इसी प्रकार रूस में रह रहे अप्रवासी भारतीय डा. एस सिंह रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट में 300 करोड़ रुपए का निवेश करेंगे। कुवैत में रह रहे अप्रवासी भारतीय ने ऑटोमोटिव सेक्टर में 100 करोड़ रुपए का निवेश करने का प्रस्ताव सरकार को दिया है। घाना और न्यूजीलैंड में रह रहे अप्रवासी भारतीयों ने कृषि क्षेत्र में 150 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निवेश संबंधी मिले प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए विदेश में रह रहे भारतीयों से संपर्क कर उनकी दिक्कतों का निदान करने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जुगैल**
**वि0ख0 चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक : /सा0 आ0/2021–22 दिनांक : 22.07.2021

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जुगैल विकास खण्ड–चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां–पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0 टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021–22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 28.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय– पंचायत भवन |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 2.8.2021 को पूर्वा/अप्रा0 12 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 5.00 लाख रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत जुगैल के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :–** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत– जुगैल
चोपन–सोनभद्र

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# प्रभावी रणनीति से कोविड संक्रमण नियंत्रण में: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य सरकार की प्रभावी रणनीति और निरन्तर प्रयासों से प्रदेश में कोविड संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। कोरोना संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसंक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। इसके दृष्टिगत उन्होंने कोरोना प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन सुनिश्चित किये जाने तथा कोविड.19 से बचाव और उपचार की व्यवस्था को प्रभावी रूप से जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को लोक भवन में कोविड.19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि विगत 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 61 नए मामले सामने आये हैं। इसी अवधि में 86 संक्रमित व्यक्तियों को सफल उपचार के बाद डिस्चार्ज किया गया है। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना



संक्रमण के एक्टिव मामलों की संख्या 994 है।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि अलीगढ़, बलरामपुर, बस्ती, एटा, महोबा, हाथरस और श्रावस्ती में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह जनपद कोरोना संक्रमण से मुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के प्रसार को रोकने में वैक्सीनेशन एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। लक्षित आयुवर्ग के अधिक से अधिक प्रदेशवासियों को यथाशीघ्र वैक्सीनेट करने के लक्ष्य के साथ कोरोना वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में कॉमन सर्विस सेन्टर के माध्यम से कोविड टीकाकरण हेतु प्रदान की जा रही नि:शुल्क पंजीकरण सुविधा का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाए। बैठक में अवगत कराया गया कि गत 22 जुलाई तक प्रदेश में 04 करोड़ 27 लाख 97 हजार 138 वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं। बैठक में अवगत कराया गया कि कोविड के नए वैरिएंट के सम्बन्ध में गहन अध्ययन.परीक्षण के उद्देश्य से विगत दिनों केजीएमयू लखनऊ तथा बीएचयूए वाराणसी में 211 सैम्पल की जांच कराई गई। इसमें एक भी सैम्पल में डेल्टा प्लस वैरिएंट की पुष्टि नहीं हुई है। यह रिपोर्ट बताती है कि अब तक प्रदेश डेल्टा प्लस वैरिएंट से सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना का कार्य पूरी तेजी से संचालित किया जाए। उन्होंने सभी ऑक्सीजन प्लाण्ट्स की स्थापना की कार्यवाही 15 अगस्ततक सम्पन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ऑक्सीजन प्लाण्ट पर न्यूनतम 2 टेक्नीशियन की तैनाती की जाए। बैठक में यह जानकारी दी गई कि राज्य में अभी तक 548 ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना को स्वीकृत किया गया है। इसके सापेक्ष 214 ऑक्सीजन प्लाण्ट क्रियाशील हो चुके हैं।

## राहुल का 'टेस्ट' ही विघटनकारी: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मीडिया में आम के स्वाद पर लेकर दिए गए बयान पर तगड़ी खिंचाई की है। राहुल के इस कथन पर कि उन्हें यूपी नहीं आंध्र प्रदेश के आम पसंद हैं, पर सीएम योगी ने ट्वीट के जरिये तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी का टेस्ट ही विघटनकारी है।

गोरखपुर में मीडिया के इस सवाल पर कि क्या उन्हें यूपी के आम पसंद हैं, राहुल गांधी ने कहा थाए 'आई लाइक आंध्रा', आई डोंट लाइक यूपी आम, मुझे आंध्र प्रदेश के आम का स्वाद पसंद है, मैं यूपी के आम पसंद नहीं करता। इस बयान पर राहुल को मुख्यमंत्री ने आड़े हाथों लिया है। मुख्यमंत्री ने अपने राहुल गांधी को टैग ट्वीट में लिखा, कि राहुल गांधी जी आपका टेस्ट ही विघटनकारी है। आपके विभाजनकारी संस्कारों से पूरा देश परिचित है। आप पर विघटनकारी कुसंस्कारों का प्रभाव इस कदर हावी है कि फल के स्वाद को भी आपने क्षेत्रवाद की आग में झोंक दिया। लेकिन ध्यान रहे कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत का स्वाद एक है।

## बीते 24 घंटे में सूबे में कोरोना के 61 नये मामले

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि गत एक दिन में कुल 2,28136 सैम्पल की जांच की गयी है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 6,3545093 सैम्पल की जांच की गयी है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 61 नये मामले आये हैं। प्रदेश में विगत 24 घंटे में 86 लोग कोविड.19 से ठीक हो चुके हैं। कोविड.19 से ठीक होने वालों का प्रतिशत 98.6 प्रतिशत है। प्रदेश में कोरोना के कुल 994 एक्टिव मामले हैं। उन्होंने बताया कि कोविड वैक्सीनेशन का कार्य निरन्तर किया जा रहा है। अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटों में 7,50034 वैक्सीन की डोज दी गयी है। अब तक कुल 4,2797138 डोजें लगायी गयी हैं।

## क्विक न्यूज

### तालाब में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके के बक्कास गांव के पास बने पक्के तालाब में शुक्रवार की शाम एक 32 वर्षीय युवक का शव पानी मे उतराता मिला। तालाब में शव उतराता देख स्थानीय लोगो ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस के शव को तालाब से बाहर निकलकर शिनाख्त कराने का प्रायास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सकी। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह के मुताबिक मृतक ने हल्की मैरून टीशर्ट काली पैंट बेल्ट की जगह कमर में नारा बांध रखा था। गले में मास्क लगा था। स्थानीय लोगो के मुताबिक वह मानसिक दिव्यांग था करीब एक माह से क्षेत्र में घूम रहा था। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### सिलेंडर में लीकेज से घर मे लगी आग

**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके के केशव विहार कालोनी में गैस सिलेंडर लीकेज से आग लग गई। सूचना पाकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर शिवचरन लाल ने बताया कि केशव बिहार में मनोज अपने परिवार के साथ रहते है। दोपहर करीब तीन बजे गैस सिलेंडर लीकेज होने की वजह से किचन में आग लग गई। मनोज ने पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पा लिया। आग लगने से घर के कमरे व किचन का काफी सामान जल कर खाक हो गया।

### बीएड प्रवेश परीक्षा छह अगस्त को

**लखनऊ।** प्रदेश भर में बीएड की राज्य स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षा 30 जुलाई के स्थान पर 6 अगस्त को होगी। परीक्षा के आयोजन को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार रात्रि को संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस बार कोरोना प्रोटाकाल को देखते हुए सभी जनपदों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा को लेकर स्टेट नोडल आफिसर प्रो अमिता बाजपेयी के अनुसार प्रवेश परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई जाएगी। इसके लिए पूरे प्रदेश में 14 नोडल सेंटर बनाये गए हैं। परीक्षा में 5,91,305 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी केवल सरकारी व अनुदानित कालेजों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रवेश परीक्षा के परिणाम के 27 अगस्त तक जारी होने की संभावना हैए जबकि ऑनलाइन काउंसलिंग पहली सितंबर से शुरू होगी। वहीं शैक्षणिक सत्र 6 सितंबर से शुरू होना प्रस्तावित है। प्रदेश में जो नोडल केंद्र बनाए गए हैं उनमें बुंदेलखंड यूनिवर्सिटीएझांसीए चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटीए मेरठए छत्रपति शाहू जी महाराज यूनिवर्सिटीए कानपुर, डॉ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालयए अयोध्याए जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालयए बलियाए महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालयए बरेली, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, बनारसए प्रोफेसर राजेंद्र सिंह ;रज्जू भैयाद्ध विश्वविद्यालय, प्रयागराज, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर, लखनऊ विश्वविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय बनारस शामिल है।

### क्लैट 2021 प्रवेश परीक्षा में 569 अभ्यर्थी मिले गैरहाजिर

**लखनऊ।** देश के नामचीन विधि शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले को लेकर शुक्रवार को यूपी ईस्ट के पांच जिलों में सम्पन्न हुई कॉमन एडमिशन लॉ टेस्ट . 2021 में कुल 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए। जबकि ऑफलाइन प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो एसके भटनागर के मुताबिक ईस्ट यूपी में लखनऊए प्रयागराजए वाराणसीए गोरखपुर और कानपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इनमे लखनऊ में सात केंद्र बनाए गए थेए जबकि अन्य शहरों में एक.एक परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्रवेश परीक्षा में कुल 7672 पंजीकृत अभ्यर्थियों को शामिल होना था। जिनमे 7103 अभ्यर्थियों ने पांच वर्षीय बीएएलएलबी और एक वर्षीय एलएलएम पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश हेतु क्लैट की परीक्षा दी। केवल 569 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अखिल भारतीय विधि प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा में ज़िला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग मिला। साथ ही स्थानीय प्रशासन ने आवागमन में भी अभ्यर्थियों को सहयोग दिया।

# एलडीए के विशेष रजिस्ट्री शिविर में उमड़ी आवंटियों की भीड़

- 12 दिनों में 187 से अधिक आवंटियों ने रजिस्ट्री के लिए दिये प्रार्थना पत्र
- 76 आवंटियों ने औपचारिकताएं पूरी कर कराई रजिस्ट्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एलडीए में** लगे विशेष निबन्धन शिविर को लेकर आवंटियों में जबरदस्त रूझान देखने को मिल रहा है। विशेष शिविर में 12 दिनों में ही 187 से अधिक आवंटियों ने रजिस्ट्री कराने के लिए प्रार्थना पत्र जमा किया। वहींए 76 आवंटियों ने सभी औपचारिकताएं पूरी करते हुए रजिस्ट्री कराई। विशेष रजिस्ट्री शिविर 31 जुलाई तक ही है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश द्वारा आवंटियों की सुविधा के लिए लगवाए गए इस विशेष शिविर में 12 दिनों में ही 187 से अधिक आवंटियों ने अपनी.अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिसमें से 76 आवंटियों ने एक ही पटल पर समस्त औपचारिकताएं पूरी करते हुए रजिस्ट्री करवाई।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभिषेक प्रकाश ने बताया कि पहले यह शिविर मात्र 10 दिनों के लिए लगाया गया था। लेकिनए जनता की मांग और उत्साह को देखते हुए इसकी समय सीमा को और 10 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। अब यह विशेष रजिस्ट्री शिविर 31 जुलाई तक प्राधिकरण भवन में संचालित किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा आवंटी इसका लाभ उठा सकें। उपाध्यक्ष ने बताया कि विशेष निबन्धन शिविर के तहत रजिस्ट्री के



लिए अब तक जानकीपुरम और जानकीपुरम विस्तार योजना के 47, गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार योजना के 23, शारदा नगर योजना के 20, हरदोई रोड (बसंत कुंज) योजना के 25 व कानपुर रोड योजना के 12 आवेदन आए हैं। इसके अलावा ऐशबाग, सीतापुर रोड योजना, अलीगंज, प्रियदर्शिनी योजना, मानसरोवर योजना, निरालानगर, बालागंज, ट्रांसपोर्ट नगर, सीजी सिटी, देवपुरा पारा, मोतीझील और वजीर हसन रोड समेत अन्य योजनाओं की रजिस्ट्री के लिए भी प्रार्थना पत्र आए हैं। सचिव पवन कुमार गंगवार ने बताया कि सभी प्रार्थना पत्रों को हाथों.हाथ लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को दिशा.निर्देश दिए गए हैं। प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि वर्तमान में दण्ड ब्याज को माफ करने के उद्देश्य से शासन द्वारा एकमुश्त समाधान योजना को 31 जुलाई, 2021 तक बढ़ाया गया है। इस योजना का लाभ आवंटियों को देने के उद्देश्य से प्राधिकरण भवन में विशेष निबन्धन शिविर लगाया गया है। प्राधिकरण के ऐसे आवंटियों जिन्होंने अपने पक्ष में निबन्धन नहीं कराया हैए वह ओटीएस योजना का लाभ लेते हुए दण्ड ब्याज की माफी के साथ अपनी सम्पत्ति का निबन्धन करा सकते हैं। इस शिविर में मानचित्रए गणनाए कम्प्यूटर और सम्बंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित हैंए ताकि आवंटियों को कहीं भटकना न पड़े।

# नाबालिग दुराचार पीड़िता को गर्भपात कराने की इजाजत

**विधि संवाददाता।** लखनऊ



**एक नाबालिग** दुराचार पीड़िता को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गर्भपात कराने की इजाजत दे दी है। पीठ ने अधिकृत अस्पताल में पीड़िता का एक हफ्ते में गर्भपात कराने का आदेश दिया है। जस्टिस रितुराज अवस्थी एवं जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की पीठ ने यह आदेश पीड़िता की ओर से उसके पिता द्वारा दाखिल याचिका पर दिया है। पीड़िता की ओर से कहा गया कि सर्वेश नाम के एक व्यक्ति ने उसके साथ दुराचार किया था। जिसकी वजह से वह गर्भवती है। उसकी शिकायत पर मुल्जिम के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। कहा गया कि वह 18 हफ्ते के गर्भ से है। लेकिन वह दुराचार के कारण गर्भ में आए शिशु को जन्म नहीं देना चाहती है। पीठ ने इस पर केजीएमयू के मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट तलब किया था। 15 जुलाई को केजीएमयू के कुलपति द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में बताया गया कि पीड़िता को 20 हफ्ते का गर्भ है व उसका गर्भपात कराया जा सकता है।

## आरोपी को सात साल की सजा

**लखनऊ।** एक नाबालिग बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोप में पॉक्सो की विशेष अदालत ने मुल्जिम सिद्धार्थ उर्फ सिद्धी को दोषी करार दिया है। विशेष जज राम बिलास प्रसाद ने इसे सात साल की सजा व 10 हजार के जुर्माने से दंडित किया है। 27 फरवरीए 2016 को इस मामले की एफआईआर पीड़ित बच्चे की मां ने थाना पीजीआई में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील शशि पाठक के मुताबिक उनके 10 वर्षीय बेटे की क्रिकेट की गेंद मुल्जिम के घर में चली गई थी। वो जब गेंद लेने गयाए तो उसने उसके साथ गलत काम किया। साथ ही किसी को नहीं बताने की धमकी भी दी।

# गृह जनपद में तैनाती सहित कई मांगों को लेकर दिया धरना

**लखनऊ।** गृह जनपद में तैनाती के साथ कई मांगो को लेकर इको गार्डन में धरना दे रहीं यूपी एनएचएम में संविदा पर तैनात एएनएम ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित मुख्य सचिव को ज्ञापन भेज कर समस्या के निस्तारण की मांग की है। ईको गार्डेन पर धरना दे रहीं अर्चना, पूनम, शर्मिला ने बताया कि सरकार शासन की मंशा के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संविदा पर उत्तर प्रदेश में कोविड.19 टीकाकरण नियमित टीकाकरण सहित अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों का सफल संचालन कार्यरत लगभग 16000 एएनएम महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इसके बावजूद उनकी समस्याओं का निस्तारण नही हो रहा है। इनकी प्रमुख मांगो में संविदा पर स्वास्थ विभाग में कार्यरत एएनएम को अधिनस्थ चयन सेवा आयोग के पेट परीक्षा से मुक्त रखनेए नियमित पदों पर समायोजन होने तक के लिए कार्यरत संविदा एएनएम को न्यूनतम वेतन 25000 मासिक देनेए संविदा एएनएम की सुरक्षा को देखते हुए महिला शक्ति के तहत उनके गृह जनपद में ट्रांसफरए कोविड.19 की महामारी में मृतक संविदा एएनएम व अन्य संविदा कर्मियों के परिवार को आर्थिक सहायता राशि अतिशीघ्र देनेए कोविड.19 हेतु प्रोत्साहन राशि वेतन का 25 प्रतिशत समस्त संविदा एएनएम को प्रदान करने की मांग की गई है।

# अस्पताल में हाउस कीपर युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- मृतका की मां ने अज्ञात पर लगाया बलात्कार के बाद हत्या का आरोप

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली क्षेत्र के एक अस्पताल के बेसमेंट में अस्पताल में ही हाउस कीपिंग का काम करने वाली युवती बीती रात बेहोशी की हालत में मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका की मां ने अज्ञात लोगों पर मृतका से बलात्कार के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि एक युवती जिसका नाम नीलम राणा (20) निवासी ग्राम डोथ, पोस्ट सोनाडीह,,थाना उभाव, जनपद बलिया, हाल पताअर्जुनगंज बाजार, थाना कैंट लखनऊ में रहकर, सुशांत गोल्फ सिटी में स्थित टेंडर पाम अस्पताल में हाउस कीपिंग का काम करती थी। गुरूवार की देर रात्रि हॉस्पिटल के बेसमेंट में बेहोशी की अवस्था मे मिली थीए जिसकी सूचना वही पर काम करने वाले हाउस कीपिंग स्टाफ संदीप बाल्मीकि ने दी। जिसके बाद लड़की को वही पाम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। सीटी स्कैन आदि जांच होने के बाद पता चला कि लड़की कोमा में थीए उपचार के दौरान शुक्रवार समय करीब 3.30 बजे लड़की क मृत्यु हो गई । मृतका की माँ सुकन्या देवी ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्ति ने बुरा काम करने का प्रयास किया, असफल रहने पर हत्या कर दी है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालात में सुरक्षा गार्ड की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गोमती नगर थाना क्षेत्र में एक सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक गोमती नगर केशव कुमार तिवारी ने बताया कि एलआईजी विनय खंड थाना गोमती नगर निवासी दीपेश ने बताया कि उसके पिता विपिन कुमार जो कि जेएमके हाउसिंग एंड सिक्योरिटी कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करते थे विशाल खंड गोमती नगर में जैनेंद्र सिंह के मकान में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्य कर रहे थे जिनकी संदिग्ध हालात में मकान के बाहर मृत अवस्था में शव मिला मृतक के बेटे की सूचना के आधार पर मौके पहुंचे एसआई हुसैन अब्बास ने शव का पंचनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस का कहना है कि जैनेंद्र के मकान में कोई रहता नहीं था विपिन कुमार ही घर पर सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्य करता था।

# सावन से पहले महापौर ने शहर के शिव मंदिरों का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महापौर द्वारा** शहर के विभिन्न शिव मंदिरों का निरीक्षण किया गया। महापौर ने बुद्धेश्वर महादेव मन्दिरए कोनेश्वर महादेव मन्दिर एवं मनकामेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफसफाई एवं सैनिटाइजेशन का निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने मंदिर प्रबंधन से से कोरोना महामारी प्रोटोकाल का विशेष ध्यान देने की अपील की।

शुक्रवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने शहर के विभिन्न शिव मंदिरों का निरीक्षण किया। सावन का महीना दो दिनों बाद शुरू हो रहा हैए जिसको लेकर शिव मंदिरों में आम दिनों से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैए जिसको देखते हुए महापौर भाटिया ने बुद्धेश्वर महादेव मन्दिर, कोनेश्वर महादेव मन्दिर एवं मनकामेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में उचित



साफ सफाई एवं सैनिटाइजेशन का निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने बताया कि सावन के महीने में भोले के भक्तों की संख्या शिव मंदिरों में अधिक बढ़ जाती है। महादेव के भक्तों को कोई दिक्कत ना हो और वह स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण में भोलेनाथ के दर्शन कर सके इसके लिए नगर निगम पूरी तरह से सजग और तैयार है। उन्होंने बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि मंदिरों के आस पास साफसफाईए सैनिटाइजेशन और मार्ग.प्रकाश का विशेष ध्यान मंदिर प्रबंधनों से कोविड प्रोटोकॉल की रखने की अपील की निरीक्षण के दौरान महापौर ने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों से आग्रह किया कि कोरोना महामारी को देखते हुए कोविड प्रोटोकाल का विशेष ध्यान दिया जाए। मंदिर परिसर के अंदर एवं बाहर भीड़ ने इकट्ठा होने पाए। कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह से पालन करवाया जाएए जिससे कि भक्तो की सुरक्षा का भी ख्याल रखा जा सके।

**मोहिनी बी मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान)
आवास विकास नं.-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर - 208017

**डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) सत्र 2021-23 हेतु ऑन-लाइन आवेदन**

अल्पसंख्यक संस्थान में प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) 2021 में प्रवेश हेतु ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित है, ऑन–लाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु एवं अन्य मानक व शर्तें उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेंगे तथा प्रवेश प्रक्रिया व चयन उ.प्र. शासन के मानकानुसार किये जायेगें। ऑन–लाइन आवेदन महाविद्यालय की वेबसाइट **www.mbmgdc.in** पर दिनांक **24.07.2021** से **12.08.2021** तक कर सकते है। अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

**प्रबंधक**

# डीजीपी ने महिला व बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय का किया निरीक्षण

- वीमेन पावर लाइन की कार्यप्रणाली को विस्तार से समझा, वेबसाइट का किया शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी मुकुल** गोयल पदभार संभालने के बाद से लगातार महकमे की सभी यूनिट का निरीक्षण करके वहां की कार्यप्रणाली को समझने के साथ ही तैनात पुलिसकर्मियों की समस्याओं को भी जानेंसमझने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में डीजीपी ने शुक्रवार को महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन मुख्यालय का भ्रमण व निरीक्षण किया। उन्होंने वीमेन पावर लाइन 1090 की कार्यप्रणाली को विस्तार पूर्वक समझा और अपराध पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान उनके साथ अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ रवि जोसफ



लोक्कूए, अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नीरा रावत, पुलिस उपमहानिरीक्षक 1090 रवि शंकर छवि, पुलिस अधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन अलंकृता सिंह, राज्य रेडियो अधिकारी राघवेन्द्र द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी व उपस्थित रहे । डीजीपी द्वारा वीमेन पावर लाइन–1090 की कार्यप्रणाली को समझते हुए तथा कालटेकिंग, काउन्सलिंग, एफएफआर फेमिली, फ्रेड्स व रिलेटिव काउन्सलिंग व फीडबैक सेक्शन का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित कर्मियों से वार्ता की गयी। डीजीपी ने उन्हे पीड़िताओं से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखते हुए प्रभावी समाधान करने तथा पीड़िता को पूर्ण संतुष्टि प्राप्त होने तक कार्रवाई करने के लिए किया गया । डीजीपी द्वारा दर्ज की जा रही शिकायतों के प्रकार ए काउन्सलिंग व एफएफआर तथा पीड़िताओं द्वारा दिये जा रहे फीडबैक के बारे में भी जानकारी ली गयी। डीजीपी ने सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 1090 में हुए तकनीकी उन्नयन का भी निरीक्षण किया। जिसमें साइबर बुलिंग की शिकायतों के निस्तारण के लिए स्थापित साइबर फोरेन्सिक लैब तथा विभिन्न प्रकार की सूचनाओं का विश्लेषण करने हेतु स्थापित डेटा एनालिटिक्स सेन्टर व 1090 . यूपी 112 इन्टीग्रेशन सेक्शन का निरीक्षण तथा जीवन्त प्रदर्शन को भी देखा गया। डीजीपी द्वारा वीमेन पावर लाइन–1090 के नवीन प्रयासों जैसे. घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिलाओं के लिए स्थापित आनॅलाइन फेमिली काउंसलिंग सेल एवं पीड़िताओं के संतुष्टि दर को जानने हेतु यूनीसेफ के सहयोग से की जा रही तृतीय पक्ष मूल्यांकन की प्रक्रिया को भी देखा गया तथा सम्बन्धित कर्मियों से वार्ता की गयी। अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा डीजीपी को वीमेन पावर लाइन में कर्मचारियों के कल्याण के लिए शुरू किये गये नवीन प्रयासों जैसे. बच्चों की देख . रेख हेतु स्थापित कैच ए कर्मचारियों के तनाव को दूर करने हेतु योगा क्लास ए सप्ताह में 2 बार चिकित्सीय परामर्श एवं मेडिकल कैम्प की व्यवस्था के बारे में भी अवगत कराया गया । परिसर स्थित सभागार में वीमेन पावर लाइन .1090 द्वारा पुलिस महानिदेशक को आउटरीच प्रोग्राम के तहत किये जा रहे कुछ कार्यक्रमों जैसे– नुक्कड़ नाटक एवं बहुभाषी लघु फिल्मों का प्रदर्शन की कुछ झलकियां दिखायी गयीं । डीजीपी द्वारा एक नवीन वेबसाइट का लोकार्पण किया गया । इस वेबसाइट में तीन विशिष्ट सुविधाएं. चैट सर्विस, ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण तथा शिकायत की स्थिति जानना, प्रदान की गयी है। यह वेबसाइट प्रदेश की महिलाओं के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

DHFL
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी–विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
| --- | --- | --- |
| (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) | (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) | (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) | (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) | (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) | (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) | (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) | (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) | (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) | (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) | (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) | (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) | (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

तिथि : 24–07–2021
स्थान : उत्तर प्रदेश

# निजी विद्यालयों को अविलम्ब खोलने की मांग के साथ आरटीआई एक्ट का विरोध

**लखनऊ।** प्रदेश के विभिन्न प्राईवेट स्कूल संगठनों ने सरकार से विद्यालयों को तत्काल खोलने की जोरदार वकालत करते हुए स्वयं के संसाधनों पर निर्भर निजी विद्यालयों की स्वायतता को खत्म करने हेतु विद्यालयों को राईट टू इन्फार्मेशन एक्ट के अन्तर्गत लाने की घोर आलोचना की है। निजी संगठनों ने आरटीई एक्ट की तमाम विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रदेश सरकार से तत्काल इनके निराकरण की माँग की। शुक्रवार को एसोसिएशन आफप्राईवेट स्कूल्स उप्र एवं नेशनल इण्डिपेन्डेन्ट स्कूल्स एलायन्स के संयुक्त तत्वावधान में सीएमएस कानपुर रोड आडिटोरियम में आयोजित प्रदेश के सभी निजी विद्यालय के संगठनों की मीटिंग मंथन में लखनऊ, वाराणसी, अलीगढ़, कानपुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, गोंडा आदि विभिन्न जिलों व मंडलों से निजी स्कूल संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरैया मिश्र
### विकास खण्ड–कप्तानगंज जनपद–बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सरैया मिश्र विकास खण्ड कप्तानगंज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/राज्य वित्त/14वां वित्त/15वां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों पर इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वाछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती हैं तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0–5000 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्तें :–**

1. जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा यह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष आयकर क्लीरीयेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा मार्टेज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. आपूर्ति कर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, सदस्य बी0डी0सी0 जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मानक के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृति होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रुपये है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
16. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सरैया मिश्र
विकास खण्ड–कप्तानगंज
जनपद–बस्ती

ग्रा0पं0अ0/ग्रा0वि0अ0 कमलेश शाह
ग्राम पंचायत सरैया मिश्र
विकास खण्ड–कप्तानगंज
जनपद–बस्ती



## कार्यालय ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर
### विकास खण्ड–कप्तानगंज जनपद–बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर विकास खण्ड कप्तानगंज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/राज्य वित्त/14वां वित्त/15वां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना अन्तर्गत वर्ष 2021–22 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों पर इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वाँछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती हैं तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0–5000 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्तें :–**

1. जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा यह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष आयकर क्लीरीयेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा मार्टेज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. आपूर्ति कर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, सदस्य बी0डी0सी0 जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मानक के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृति होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रुपये है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
16. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान कलावती
ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर
विकास खण्ड–कप्तानगंज
जनपद–बस्ती

ग्रा0पं0अ0/ग्रा0वि0अ0 योगेन्द्र नाथ द्विवेदी
ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर
विकास खण्ड–कप्तानगंज
जनपद–बस्ती


# संक्रमण की संभावनाओं के दृष्टिगत प्रदेश स्तर पर तैयारियां पूरी: मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि कोविड–19 के संक्रमण के दौर में विश्व स्तर पर बेहतर प्रबंधन के लिए डब्ल्यूएचओ ने उप्र की प्रशंसा की है। संक्रमण की आगामी संभावनाओं के दृष्टिगत भी प्रदेश स्तर पर तैयारियाँ की गई हैं। नवनियुक्त चिकित्साधिकारी अपने जनपदों में स्वास्थ्य ईकाइयों पर सुविधाओं तथा पीकू एवं नीकू वार्ड के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करेंगे।

शुक्रवार को इन्दिरा नगर स्थित स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर कार्यालय के सभागार में प्रोन्नति प्राप्त कर नवनियुक्त 42 मुख्य चिकित्साधिकारियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में अपेक्षित फंड भेजा जा चुका हैए अतएव फंड के उचित संयोजन के साथ सीएमओ जनपदों में चिकित्सीय सुविधाओं का सुचारू संचालन सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर चिकित्सकों का कार्य ईश्वरीय कार्य से तुलनीय है। वर्तमान में हम सब विश्वस्तर पर फैले कोरोना संक्रमण के कठिन दौर से गुजर रहे हैं और हमारा प्रदेश बड़ी जनसंख्या वाला प्रदेश है। इतनी बड़ी आबादी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना चुनौती पूर्ण है। ऐसे में जनता की आशाओं को पूरा करने के लिए हमें उत्तरदायित्वों को और बेहतर ढंग से निभाना होगा।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य इकाईयों और चिकित्सा सेवाओं के सुचारू संचालन का उत्तरदायित्व सीएमओ का होता है। चिकित्सीय विशेषज्ञता और प्रशासनिक कार्य दो अलग.अलग कार्यक्षेत्र हैं। इसलिए सीएमओ पद पर नियुक्ति पाए चिकित्सकों का प्रशिक्षण आवश्यक है जिससे वे प्रशासनिक जिम्मेदारियों के निर्वहन में सफल हो सकें।

## स्वाधीनता दिवस को कोरोना की गाइड लाइन से मनाने का आहवान

**लखनऊ।** आगामी स्वाधीनता दिवस के समारोहो पर जिलाधिकारी द्वारा बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कोरोना की गाइड लाइन से परम्परागत एवं गरिमामय ढ़ग से 15 अगस्त मनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मार्च पास्ट में सोशल डिस्टेसिंग के साथ गुणात्मक टीम का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। वहीं ऐतिहासिक ईमारतों की साफसफाई, सजावट, चौराहो, पार्कों में सफाई, चौराहो में स्थापित मूर्तियों की सफाई कराने का निर्देश दिए। शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में आगामी स्वाधीनता दिवस को होने वाले समारोहो को कोविड–19 के गाइड लाइन के अनुसार परम्परागत एवं गरिमामय ढ़ग से मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक हुई। डीएम ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की महत्ता से सभी व्यक्ति परिचित है इस लिए हम सबका दायित्व है कि व्यक्तिगत रूचि लेकर बेहतर ढंग से आयोजन करें।

# आजाद, तिलक सप्ताह मनायेगी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी




## समाजवाद के स्वप्नद्रष्टा थे चंद्रशेखर आजाद: दीपक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया चंद्रशेखर आजाद व लोकमान्य तिलक की जयंती 23 जुलाई से तिलक पुण्यतिथि 1 अगस्त तक आजाद तिलक सप्ताह के रूप तक मनायेगी। इस दौरान आजाद व तिलक के विचारों पर बहस चलाते हुए लोकहित के कार्य किए जायेंगे । शिविर कार्यालय में आजाद की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए प्रसपा मुख्य प्रवक्ता व बौद्धिक सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद के वैचारिक पक्ष से नई पीढ़ी को अवगत कराना हमारा लोककर्तव्य है। आज़ाद ने हिंदुस्तान समाजवादी गणतंत्र संघ की स्थापना की थी। वे शोषण विहीन समतामूलक समाज के स्वप्नद्रष्टा थे। उन्होंने देश के बौद्धिक समाजवादी क्रांतिकारियों को एक जुट किया। आजाद के समाजवादी सपनों को लोहिया ने सिद्धांत में ढाला। लखनऊ विश्वविद्यालय की शिक्षिका व प्रसपा प्रवक्ता अल्पना बाजपेई ने कहा आजाद के समाजवाद व लोकमान्य तिलक के स्वराज में कोई अंतर नहीं था।

# सामाजिक कार्यों के लिए इंडियन अचीवर्स अवार्ड 2021 से सम्मानित हुए आशुतोष



**लखनऊ।** संवेदना महिला कल्याण फाउंडेशन के सचिव आशुतोष सिंह को इंडियन अचीवर्स अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। इंडियन अचीवर्स फोरम की ओर से यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया गया। यह अवार्ड उनको उनके द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्य के लिए दिया गया। फोरम के प्रेसिडेंट हरीश चंद्रा ने आशुतोष को बधाई दी है। बता दें कि आशुतोष कन्या भ्रूण हत्या को खत्म करने के बारे में लोगों को जागरूक करते हैं और गरीब लड़कियों के बेहतर भविष्य के लिए उनके अध्ययन और स्वास्थ्य सुविधाओं में उनको मदद करते हैं। संवेदना महिला कल्याण फाउंडेशन एक गैर सरकारी संगठन है जो महिला सशक्तिकरण और कन्या भ्रूण हत्या पर जागरूकता अभियान चलाता है।

## नवीन बने सहसंयोजक



**लखनऊ।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने नवीन श्रीवास्तव को मीडिया संपर्क विभाग का सह संयोजक बनाया है जबकि संयोजक तरूण कांत त्रिपाठी को बनाया है। सह संयोजक के रूप में आशीष गुप्ता और मनोज कांत को भी यह जिम्मेदारी दी है। नवीन ने इस जिम्मेदारी को दिए जाने पर बीजेपी नेतृत्व को आभार प्रकट किया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरछा
### वि0ख0 चोपन, सोनभद्र

पत्रांक : 02/सा0 आ0/2021–22 दिनांक : 22.07.2021

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुरछा विकास खण्ड–चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां–पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021–22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 30.7.201 को को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय –पंचायत भवन– मो.नं. 6393797844 |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 02.8.2021 को पूर्वा0 8.00 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 100000 एक लाख मात्र रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ.डी.आर./बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत कुरछा के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :–** निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत–कुरछा
चोपन–सोनभद्र



## कार्यालय ग्राम पंचायत अदलगंज
### वि0ख0 चोपन, सोनभद्र

पत्रांक : 02/सा0 आ0/2021–22 दिनांक : 22.07.2021

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अदलगंज विकास खण्ड–चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां–पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021–22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 30.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय– पंचायत भवन मो0नं0–9695740045 |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 03.8.21 को पूर्वा 10 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि पंचायत अदलगंज | 10,0000/– एक लाख रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :–** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत– अदलगंज
चोपन–सोनभद्र


## युवा रालोद का सदस्यता अभियान शुरू

**लखनऊ। युवा** रालोद द्वारा सदस्यता अभियान का शुभारम्भ शुक्रवार को लखनऊ जनपद से किया गया। अभियान एक दिन पूर्व प्रदेश कार्यालय में युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में तय हुआ था कि 23 जुलाई से लगातार सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान मुख्य रूप से युवा रालोद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल उपस्थित रहे। इसी क्रम में आज प्रदेश कार्यालय में समाजसेवी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह पटेल ने अपने साथियों के साथ राष्ट्रीय लोकदल का दामन थामा। सदस्यता दिलाते हुये युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि मनोज सिंह पटेल के आने से युवाओं को निष्चित ही लाभ होगा और हम लोग मिलकर एकजुट होकर जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करेंगे।

## एकेटीयू में ऑनलाइन बूटाथान का आयोजन

लखनऊ। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पालिसी 2020 पर शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के निर्देशन में एक ऑनलाइन बूटाथान का आयोजन किया गया। विवि के प्रतिकुलपति प्रो विनीत कंसल ने बताया कि प्रदेश में इनोवेशनए इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लोकप्रिय योजना यूपी स्टार्टअप पालिसी 2020 की शुरुआत की गयी है। इस योजना के अंतर्गत विवि के विभिन्न जनपदों में स्थापित सम्बद्ध संस्थानों में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बूटाथान का आयोजन यूपी स्टार्टअप पॉलिसी 2020 के सम्बंध में विवि के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों जानकारी प्रदान करना है। बूटाथान में आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के कंसल्टेंट आरुष मुंसी बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित रहे। आरुष मुंसी ने उत्तर प्रदेश स्टार्टअप पालिसी 2020 के सम्बन्ध में विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की।

# अनुदानित महाविद्यालयों में एकल स्थानांतरण लागू करने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों में लखनऊ विश्वविद्यालय सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक संघ ने सरकार से शिक्षकों के स्थानांतरण में एकल स्थानांतरण को लागू करने की मांग की है।


संघ के अध्यक्ष डॉ मनोज पांडेय व महामंत्री डॉ अंशु केडिया के मुताबिक प्रदेश में सहायता प्राप्त अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों में पिछले 15 वर्षों से एकल स्थानांतरण की प्रक्रिया सफ्लतापूर्वक अबाध रूप से संचालित हो रही थी तथा सभी स्थानांतरण शासन द्वारा निर्धारित एकल स्थानांतरण शासनादेश 2005ए 2006 एवं 2007 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार हो रहे थे। जिसके अनुसार दोनों महाविद्यालयों का अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर स्थानांतरित होने वाले महाविद्यालय में रिक्त पद के प्रति अनुज्ञा प्रदान की जाती रही है और अनुज्ञा प्राप्त पद अधिकांशतरू स्थानांतरण से ही भरे जाते रहे है। इधर 2018.19 सत्र के स्थानांतरण कोविडदृ19 के कारण रद्द कर दिए गए और इसी क्रम में 2019.20 सत्र में भी स्थानांतरण नहीं हुए। लेकिन जब स्थानांतरण की प्रक्रिया फ्रि से वर्ष 2021 में प्रारंभ हुई तो निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा कभी अभ्यर्थियों के महाविद्यालयों और स्वयं शिक्षकों से तरह.तरह की जानकारियाँ उपलब्ध कराने का दबाव बनाकर शासन द्वारा 19 मार्च 2021 को शासनादेश जारी किया गया था।

# अवर अभियंताओं के नीति विरूद्व तबादलों पर मुख्य अभियंता देंगे रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिचाई** विभाग में मान्यता प्राप्त संगठन नियमावली व स्थानान्तरण नीति को दरकिनार कर किए गए स्थानान्तरण के विरोध में इलेक्ट्रकल एण्ड मैकेनिकल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ ने विभागाध्यक्ष कार्यालय का एक घन्टे का ध्यानाकर्षण और मुख्यमंत्री आवास पैदल कार्यक्रम प्रमुख अभियंता से हुए सकारात्मक वार्ता के उपरान्त स्थगित कर दिया गया। देर शाम संघ को मिले आमत्रंण पर संघ के प्रति निधि मण्डल ने उच्चाधिकार समिति से वार्ता के उपरान्त ध्यानाकर्षण और मुख्यमंत्री आवास के पैदल मार्च कार्यक्रम को स्थगित करने के उपरान्त प्रमुख अभियंता यांत्रिक से दूरभाष पर हुई वार्ता और तबादलों में हई गड़बड़ी से उन्हे अवगत कराया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस सम्बंध में मुख्य अभियंता स्तर–1 से रिपोर्ट लेने के बाद कार्यवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध में प्रमुख अभियन्ता से 26 जुलाई को वार्ता रखी गयी है। नीति में स्पष्ट प्राविधान है कि जनपद पदाधिकारियों को पदधारित करने से दो वर्ष तक स्थानान्तरण न किया जाय। वहीं दूसरी तरफ स्थानान्तरण की परिधि में न आने वाले सहायक अभियन्ताओं एवं अवर अभियन्ताओं का स्थानान्तरण एक वर्ष में करके अपनी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति कर स्थानान्तरण नीति की धज्जियां उड़ायी गयीं। स्थानान्तरण नीति में प्राविधानित समय सीमा का भी कोई ध्यान नहीं रखा गया।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद की मनाई गई 115 वीं जयन्ती



लखनऊ। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 115 वीं जयन्ती के अवसर के महानगर स्थित चंद्रशेखर आजाद पाक में स्थापित आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर वीबी मिश्रा एडीएम ट्रांसगोमती, जे पी सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारती न्यास, अवध प्रांत, गौरव नायक संस्कृत भारती विशिष्ट अतिथि के रूप मौजूद थे। भारत माता की जय, स्वतंत्रता सेनानी वीर चन्द्र शेखर आजाद अमर रहें के नारों व गीतों से गोल मार्केट, महानगर, गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे लखनऊ महानगर के नागरिकों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। जे पी सिंह, रवींद्र कचरू, सुनील शंखधर, विश्वनाथ शुक्ला, गिरीश जोशी शरद श्रीवास्तव, सुमन लता, डॉ अर्चना सक्सेना की उपस्थिति मे सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा समाप्त हुई।

## चिकन हैंडीक्राफ्ट ऐसोसिएसन ने 500 लोगों को लगवाई वैक्सीन



**लखनऊ।** चिकनकारी हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन द्वारा शुक्रवार को चौक स्थित मुन्नूलाल धर्मशाला में लोगों को कोरोंना की वैक्सीन लगवाई गई। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अजय खन्ना ने बताया कि इस अवसर पर 500 लोगों को जिसने नौजवान व बुजुर्गों महिलाध् पुरुषों ने कोरोपा से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाई। इस वैक्सीन कार्यक्रम में एसोसिएशन के कई पदाधिकारी व सहयोगियों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। डॉक्टर्स की निगरानी में व कुशल नर्सों की देखरेख में यह वैक्सीनेशन कार्यक्रम पूरी सफलता के साथ चलाया गया। आज के इस वैक्सीनेशन कार्यक्रम में कई लोग जिसमें संजीव अग्रवाल, शालू टंडन, जितेन्द्र रस्तोगी, प्रमेश रस्तोगीएहर प्रसाद अग्रवाल, सिशिर सेठ, भरत अग्रवाल, शिवम् अग्रवाल शामिल हुए

## तेल गिरने का झांसा देकर चोर ले भागे बैग

**लखनऊ।** राजधानी के पारा थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी गाड़ी से चोर बैग निकाल ले गए, जिसमें करीब 60000 रखे हुए थे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही है प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार ने बताया कि एमजी मार्ग केपी कॉलेज के सामने जनपद प्रयागराज निवासी कमलेश भगत अपने चार पहिया वाहन से प्रयागराज से जयपुर जा रहे थे। मोहन रोड आगरा एक्सप्रेसवे लखनऊ के पास एक दुकान से सामान खरीद रहे थे। उसी समय दो व्यक्ति आए और उन्होंने कहा कि आपकी गाड़ी से तेल गिर रहा है। जैसे ही कमलेश ने गाड़ी का बोनेट खोला। उसी समय दोनों व्यक्तियों ने गाड़ी में रखा बैग लेकर फरार फरार हो गए। उन्होंने बताया कि बैग में 60000 नगद एक मोबाइल, दो एटीएम कार्डए हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड रखा हुआ था और दोनों व्यक्तियों में से एक ने सफेद रंग की शर्ट पहन रखी थी और दूसरे ने काले रंग की टीशर्ट पहन रखी थी।

## आक्सीजन प्लाण्ट का जायजा लेने पहुंचे एडीएम

**मोहनलालगंज।** सीएचसी में जल्द ही पाइपलाइन के जरिए हर बेड पर आक्सीजन प्लाण्ट से सप्लाई की जाएगी। शुक्रवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व विपिन मिश्र ने मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचकर आक्सीजन प्लाण्ट स्थापना कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था को 15 अगस्त से पूर्व कार्य पूर्ण कराने की हिदायत दी। सीएचसी अधीक्षिका डॉ0 ज्योति कामले ने बताया अस्पताल में तीस बेड मौजूद हैं। जिन्हें बढ़ाकर पचास बेड किया जाएगा। सभी बेड पर आक्सीजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर बीपीएम केके सिंह और तहसीलदार संदीप त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

## एमडी मध्यांचल ने किया ने किया रात्रि निरीक्षण

**लखनऊ।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के एमडी एसपी गंगवार ने शुक्रवार को गोमती नगर के विराज खंड और मंत्री आवास स्थित उपकेंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभियंताओं को निर्देशित किया कि रात्रि में विद्युत वितरण निर्बाध रूप से होती रही इसके लिए ट्रांसफार्मर नियमित रूप से जांचे जाए और ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की रखी जाए ताकि खराब होने पर उन्हें तुरंत बदला जाए। उन्होंने उपकेंद्रों पर आवश्यक सामान रखे जाए ताकि किसी भी की कोई फाल्ट होने पर उपभोक्ताओं को दिक्कत न होने पाए। एमडी ने लोड को लेकर भी उचित निर्देश दिए।

## शशिभूषण गर्ल्स डिग्री कालेज की प्राचार्या को मिले चार गोल्ड मेडल

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मेधावी छात्र छात्राओं को दिए जाने वाले पदकों के तहत शशि भूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉक्टर अंजुम इस्लाम को 4 गोल्ड मेडल सहित सर्टिफिकेट प्राप्त हुए हैं। डॉक्टर इस्लाम को यह मेडल विवि के अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रानू उनियाल की तरफसे दिए गए हैं। मेडल की सूची में श्रीमती कृष्णा सक्सेना मेमोरियल गोल्ड मेडल व्हाइट मेमोरियल गोल्ड मेडल श्रीमती दयामोई मेमोरियल गोल्ड मेडल व मंजू गोल्ड मेडल शामिल है।

## कोरोना वारियर्स के रूप में एकेटीयू प्रतिकुलपति सहित कई सम्मानित

**लखनऊ।** जवाहर भवन.इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ द्वारा शुक्रवार को कोरोना वारियर्स को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के प्रति कुलपति प्रो विनीत कंसलए सहायक कुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव एवं एमयूआईटीए लखनऊ की हेड ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट नेहा श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोविड.19 महामारी में जिन लोगो ने समाज के पुनर्वास में मदद की हैए ऐसे लोगो को महासंध द्वारा सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रति कुलपति प्रो विनीत कंसल द्वारा महामारी के दौरान प्राविधिक शिक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से गतिमान रखने के लिए विशेष प्रयास किये गये हैंए जिससे एकेटीयू के विद्यार्थियों को लॉकडाउन एवं महामारी में ऑनलाइन एजुकेशन प्राप्त हो सकी है। उन्होंने बताया कि डॉ आयुष श्रीवास्तव द्वारा भी महामारी की दूसरी लहर में मदद पहुँचाने का कार्य किया गया है। साथ ही नेहा श्रीवास्तव द्वारा भी कोविड महामारी की दूसरी लहर में लोगो की सहायता की गयी है। उन्होंने कहा कि ऐसे विपरीत समय में लोगो की मदद करने के लिए जिन लोगो द्वारा प्रयास किये गये उनका सम्मान किया जा रहा है।

## ग्राम प्रधानों को मिली एचआईवी संक्रमण से बचाव की जानकारी

**लखनऊ।** उप्र राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय के सभागार में ग्राम प्रधान सदस्यों हेतु सोसाइटी कार्यालय में एक संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हरदोई जनपद के ग्राम प्रधानों तथा प्रधान प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।।कार्यशाला में संयुक्त निदेशक.टीआईध्प्रभारी.आईईसी द्वारा एचआईवीध्एड्स विषय पर संवेदीकृत करते हुए सभी को जागरूक किया गया कि ग्रामीण इलाकों में अधिक जानकारी न होने के कारण एचआईवी संक्रमण की सम्भावना अधिक होने के कारण युवाओं के मध्य एचआईवीध्एड्स से बचाव हेतु जागरूकता की आवश्यकता है।

# शिक्षक का नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिल उठे चेहरे

## ●सोनभद्र में 38 अभ्यर्थियों को लाभ

संवाददाता। सोनभद्र



**69 हजार** शिक्षक भर्ती के तहत जिले में 38 नव नियुक्त अध्यापकों को चुर्क स्थित हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नियुक्ति पत्र जनप्रतिनिधियों ने वितरित किया। नियुक्ति पत्र मिलते ही नव नियुक्त अध्यापकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त शिक्षकों को वितरण करने के बाद सोनभद्र जिले में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया। इस दौरान नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार हर स्तर पर लोगों की मदद कर रही है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा की सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास के तहत भाजपा काम कर रही है। उन्होंने सरकारी की जनकल्याण कारी योजनाओं का बखान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बताया कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष सफल 38 नव नियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित जनप्रतिनिधियों ने किया। बीएसए ने बताया की किस विद्यालय में नियुक्ति की जाएगी इसका चयन अभी नहीं किया गया है। शासन से निर्देश मिलते ही विद्यालयों पर ऑन लाइन तैनाती दी जाएगी। उन्होंने कहा की नव नियुक्त शिक्षक से निश्चित तौर पर जिले का छात्र शिक्षक अनुपात सुधरेगा। इस मौके पर सीडीओ अमित पाल शर्मा पूर्व विधायक तीरथराज अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सहाय आलोक यादव रमाकांत राम मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षक मनीष पटेल ने किया।

## बनारस के 22 शिक्षकों को जनपद स्तर पर नियुक्ति पत्र दिया गया



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 69000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण में अवशेष 6696 शिक्षकों को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए।कमिश्नरी सभागार में विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह,भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, शैलेश पांडेय, पवन कुमार चौबे,जितेंद्र सिंह द्वारा जनपद के 22 शिक्षकों सर्वश्री विष्णु प्रकाश मिश्रा, मोहाना गुजराती, रितु मिश्रा, दिव्या मिश्रा, रजनीश मणि, अनूप तिवारी, विनय चौबे, आनंद कुमार द्विवेदी,सुमंत कुमार राय, मदन गोपाल अग्रहरी, राम चन्दर पटेल, विकास कुमार पटेल, रघुबीर यादव, शशि प्रकाश, श्याम बाबू जायसवाल, अतुल कुमार मौर्या, मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश दुबे, मीनाक्षी, प्रतिमा भारतीए कुमारी नीलम देवी एवं वीरेंद्र कुमार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कमिश्नरी सभागार में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार द्वारा पारदर्शी, ईमानदारी से शिक्षक भर्ती हुई है। शिक्षा विभाग में गत 4 वर्ष 4 माह में डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती हुई है। इस अवधि में सरकार ने सवा चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। समस्त भर्ती प्रक्रिया ईमानदारी व पारदर्शी हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेसिक शिक्षा का बजट 53 हजार करोड़ रुपए से अधिक है वर्ष का। इसका पूरा लाभ प्रदेश को मिले। प्राइमरी स्कूल किसी प्राइवेट कान्वेंट से कमतर नहीं रहेंगे। ऑपरेशन कायाकल्प से प्राइमरी स्कूलों की स्थिति अच्छी बनी है। अब गरीब का बच्चा जूता-मोजा, स्वेटर, पैंट, शर्ट के साथ अच्छी यूनिफार्म पहनता है। उत्तर प्रदेश सबसे बड़ी आबादी वाला और सबसे कम बेरोजगारी वाला प्रदेश है। लखनऊ में इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा, बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ सतीश चंद्र द्विवेदी ने भी प्रदेश में शिक्षा के गुणात्मक विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। कमिश्नरी वाराणसी सभागार में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं अध्यापक बंधु उपस्थित थे।

# 26 जुलाई से चलेगा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए 26 जुलाई से 9 अगस्त तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सतीश चंद्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को लक्षित करते हुए पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लक्षित परिवारो को योजना के प्रति जागरूक करते हुए आयुष्मान कार्ड शिविर तक लाने एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस अभियान में ऐसे परिवारों को लक्षित किया जायेगा जिनमें एक भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है। अब आयुष्मान कार्ड के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। अभियान में पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग और आईसीडीएस विभाग आदि का सहयोग भी लिया जायेगा।किसी सार्वजानिक स्थान पर शिविर का आयोजन किया जायेगा जहाँ लोग आसानी से पहुँच सकेंगे।

आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेहद ही फायदेमंद योजना है। इस योजना का उद्देश्य गरीबों व वंचित तबके को हर हाल में स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कैंसर व हृदय रोग सहित 1450 किस्म की बीमारियों का इलाज नि:शुल्क कराया जा सकता है । योजना का लाभ लेने के लिए परिवार के लोगों की संख्या या उम्र की बाध्यता नहीं है। आयुष्मान भारत के जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) डॉ0अमित मिश्र ने बताया कि लक्षित परिवारों को प्रेरित कर शिविर में लाने और आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा और आरोग्य मित्रों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति परिवार कम से कम एक कार्ड बनवाने पर पांच रुपये और एक से अधिक कार्ड बनवाने पर 10 रुपये दिए जायेंगे। डॉ.अमित मिश्रा ने बताया कि जनपद में करीब 1.36 लाख परिवारों के गोल्डन कार्ड बनाने का लक्ष्य है।

सीतापुर हरदोई शाहजहांपुर से लखीमपुर तक करीब पौन घंटे रहा असर...

# सीतापुर समेत पड़ोसी जिलों में ब्लैकआउट से मचा हड़कंप

## ● मेन विद्युत ग्रिड फेल होने से ब्लैकआउट के बने हालात, भरी दुपहरी बिजली अफसर हुए पसीना पसीना



संवाददाता। सीतापुर

**विद्युत विभाग** की मुख्य आपूर्ति लाइन में अचानक सुबह 11:45 पर आई फाल्ट के चलते सीतापुर ही नहीं वरन पड़ोसी जिला शाहजहांपुर लखीमपुर हरदोई तक में ब्लैकआउट के हालात बन गए, अचानक मेन ग्रिड फेल होने से संबंधित जिलों से लेकर लखनऊ के शक्ति भवन में बैठे अफसरों तक में हड़कंप मच गया, आनन-फानन में लाइन दुरुस्त करने का भागीरथ प्रयास शुरू किया गया जिसके बाद करीब पौन घंटे से ठप्प आपूर्ति कुछ हद तक ही नॉर्मल हो सकी, बात सीतापुर की करें तो यहां रिकॉर्ड समय 19 मिनट में ही 220 केवी बहाल कर ली गई थी लेकिन 132 से 11 केवीए तक लाइने नार्मल करने में काफी समय लग गया जिससे चिलचिलाती गर्मी में विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान रहे। मेन ग्रिड में आई खराबी ने जहां पारेषण से जुड़े अफसरों कर्मचारियों को भरी दुपहरी पसीना बहाने को मजबूर कर दिया वही वितरण से जुड़े अफसर उपभोक्ताओं के सवालों की बौछार से पूरा दिन दो चार रहे जिला मुख्यालय पर तो 12:50 पर जैसे तैसे कुछ फीडर चालू कर लिए गए थे लेकिन हुसैनगंज ग्रामीण फीडर पर बंदर कूदने के चलते आई खराबी को दुरुस्त करने का काम लगातार जारी है वहीं जिले के ग्रामीण इलाकों में भी आपूर्ति बेपटरी बनी हुई है।

# तेज रफ्तार बस की टक्कर में बाइक सवार दो की मौत

**बेहजम-खीरी( सं. )।** नीमगांव कोतवाली क्षेत्र के शिवाला तिराहा के नजदीक स्थित एक ईंट भठ्ठे के निकट तेज रफ्तार बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य एक युवक गंभीर रुप से घायल है जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु बेहजम सीएचसी भेजा पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बस चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार बस कस्ता की तरफ से आ रही थी। अनियंत्रित बस यूपी78सीएन8131 ने शिवाला तिराहा ईंट भठ्ठे के निकट बाईक सवार रेहान पुत्र मोईन (18), जीसान पुत्र मोईन (22) निवासी हफीजपुर कोतवाली गोला व साजिद निवासी ऊंचीभूड़ अपनी रिश्तेदारी में मितौली की ओर जा रहे थे। तभी बस ने सामने से जोरदार टक्कर मारी दी। जिससे रेहान, जीसान व साजिद गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु बेहजम सीएचसी भेज दिया। जहां डाक्टरों ने गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जीसान पुत्र मोईन की मौके पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान साजिद की भी मौत हो गयी। घटना में गम्भीर रुप से घायल रेहान का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# कोविड प्रोटोकॉल के तहत सावन माह में होगा दर्शन पूजन

संवाददाता। सकलडीहा, चन्दौली

**शासन** के निर्देश पर सावन माह में कावर यात्रा पर पूर्ण रूप से पाबंदी का निर्देश है। जिसे लेकर शासन प्रशासन के लोग गंभीर है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश सीओ सकलडीहा शेषमणी पाठक कॉलेश्वर मंदिर में संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर आदेश से अवगत कराया। वहीं विभिन्न संस्था के लोगों ने लिखित तौर पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सहमति दिया।

आगामी 26 जुलाई से सावन माह का पहला सोमवार है। चतुर्भुजपुर स्थित कॉलेश्वर महादेव मंदिर, जामडीह स्थित जामेश्वर महादेव मंदिर और कस्बा के शिवमंदिर पर महिलाओं के साथ शिवभक्त जलाभिषेक करते है। कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए शासन की ओर से कावर यात्रा पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। कांवर यात्रा के दौरान किसी प्रकार की डीजे बजाने पर रोक है। इसके साथ ही मंदिर में पांच लोगों को एक साथ दर्शन पूजन करने की जानकारी दी गयी। मंदिर के पुजारी को हर दर्शनार्थियों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के बारे में निर्देशित किया गया। अंत में सभी सभ्रांत नागरिकों ने लिखित तौर पर शासन द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का सहमति जताया। इस मौके पर कोतवाल अवनीश राय, कमला पांडेय, राजेश पांडेय, अरविंद यादव, राजीव दीक्षित, पुनवासी यादव, सिंटू यादव, त्रिभुवन राम आदि मौजूद रहे।

**बैरिकेटिंग लगाने का निर्देश: वाराणसी।** श्रावण मास रविवार को चढ़ रहा है। इसलिए बाबा विश्वनाथ में दूर दराज से आने वाले कांवरियां श्रद्धालुओं को देखते हुए बांस-बल्ली लगाने का काम शुक्रवार को सुबह से ही मजदूर ज्ञानवापी से लगायत गोदौलिया चौराहे तक बांस-बल्ली लगाते हुए देखे गये।

# बंद चीनी मिल पुनः चालू कराने की मांग

संवाददाता। उरई (जालौन)

**माधौगढ़** तहसील क्षेत्र के डिकौली गांव की बंद चीनी मिल शुरू होने की बाट जोहते करीब आधी सदी बीत गयी और किसानों को मायूसी मिली है। क्षेत्र की काली मिट्टी में भरपूर पैदावार हो सकने के बावजूद किसान गन्ने की फसल कम उगा रहे हैं। जो किसान गन्ना उत्पादन कर रहे हैं, वे फसल बेचने पड़ोसी जिले जाने को मजबूर हैं। सहकार भारती उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास और बदहाल किसानों की बेहतरी की दिशा में उठाये जा रहे कदमों की कड़ी में यह मिल पुनः शुरू कराने की मांग की है।

# आजाद की शहादत स्थली तीर्थ से कम नहीं: केशव

## ●विद्यालयों में मनाई गई क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती

पायनियर समाचार सेवा। नैनी प्रयागराज



**देश के** स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद और महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि तमाम शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों में आज धूमधाम से मनायी गयी। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं शहीद ए आजम भगत सिंह स्मारक समिति और अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आजाद शहादत स्थली आजाद पार्क में 115वीं जयन्ती पर आदमकद प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर भावपूर्ण स्मरण किया। प्रान्तीय स्तर के गायक आशुतोष श्रीवास्तव और उनके सार्थियों द्वारा राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत गीत सुनायी। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रयागराज में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहादत स्थली किसी तीर्थ से कम नही। उन्होंने आज ही के दिन स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है के नायक बाल गंगाधर तिलक के जयन्ती पर नमन वंदन भावपूर्ण स्मरण किया।

मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल संजय गोयल ने अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के 115वीं जयन्ती राष्ट्र की ओर से आप सभी को बधाई दी। अध्यक्षता राजू जायसवाल मरकरी तथा संचालन महासचिव राजबहादुर गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन प्रो श्रीबल्लभ ने किया। कार्यक्रम में गणेश केसरवानी आर सी मिश्रा डा एस पी सिंह विशाल गुप्ता डा अर्चना साहू आदि रहे। माधव ज्ञान केन्द्र इण्टर कालेज नैनी प्रयागराज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य डा त्रिपाठी ने कहा कि माँ भारती के वीर सपूत आजीवन स्वतंत्र रहते हुए मातृभूमि की सेवा में लगे रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह भारत भूमि धन्य है जहाँ ऐसे क्रान्तिकारी आत्मबलिदानी श्रेष्ठ महापुरूषों ने जन्म लेकर उसे अपने रक्त से सींचा है।

विद्यालय के शिक्षक राधे श्याम तिवारी सुरेश्वर प्रसाद मिश्र संजय कुमार मिश्र राज कुमार पाल सभाजीत पाल आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुई। वरिष्ठ आचार्य जितेन्द्र कुशवाहा ने चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं लोकप्रिय स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद 14 वर्ष की आयु में बनारस गए। वहां एक संस्कृत पाठशाला में पढ़ाई की। कार्यक्रम का संचालन सन्तोष पाण्डेय ने किया।

## तम्बाकू उत्पाद अधि. 2003 के प्रावधानों को वापस लेने की मांग

**प्रयागराज।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट एवं पान सामग्री विक्रेता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से सर्किट हाउस में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों को वापस लेने संबंधी पत्र डिप्टी सीएम को सौंपा। कैट प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल के नेतृत्व में कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं पान सामग्री विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन दिया।


# कार्यालय–नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात
## पता–खालेशहर भोगनीपुर मार्ग मूसानगर
## ई–निविदा सूचना

संख्या–166 / एन0पी0एम / 15वॉ / रा0वि0आ0 / 2021–2022 दिनांक 23–07–2021

नगर पंचायत मूसानगर के द्वारा स्वायत्त निकाय में उपयुक्त श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्टरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2020–21 की (Tied Grant) एवं (Tied Grant की प्राप्त द्वितीय किश्त की प्रेषित कार्ययोजना को जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत प्रदान किये जाने के फलस्वरूप 15वाँ वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्यों एवं राज्य वित्त आयोग के कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (यदि आवश्यक हो) रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15वॉ वित्त आयोग (Tied Grant) | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मोहल्ला–खालेशहर में मिनी नलकूप, 10000 लीटर पानी की टंकी (प्लेटफार्म सहित) के अधिष्ठापन एवं नलकूल के रूम का निर्माण कार्य। | 12,06,414,00 | 24,128.00 | 1350.00 | 45 दिवस |
| 2 | | नगर पचायत मूसानगर अन्तर्गत मोहल्ला–खालेशहर, गढ़ एवं तकिया में विभिन्न स्थानों पर (100 एम0एम0, 90 एम0एम0, 75 एम0एम0) पी0वी0सी0 पाइप लाइन अधिष्ठापन का कार्य। | 16,16,776.00 | 32,336.00 | 2000.00 | 45 दिवस |
| 3 | 15वॉ वित्त आयोग (United Grant) | नगर पचायत मूसानगर के अन्तर्गत आश्रम रोड पर लाल सिंह के मकान से मुकेश निषाद के मकान तक एवं मुलायम सिंह के मकान से प्रेम कुमार के मकान तक इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सडक एवं नाली निर्माण कार्य। | 11,43,044.00 | 22,860.00 | 1,344.00 | 45 दिवस |
| 4 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत राजेन्द्र निषाद के मकान से सूरजपुर मेन रोड तक नाली एवं इण्टलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य । | 5,05,033.00 | 10,101.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 5 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत फत्तेपुर एवं रसुलपुर आदि में स्ट्रीट लाइट केबलिंग का कार्य। | 13,15,933.00 | 26,318.00 | 1,512.00 | 45 दिवस |
| 6 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत गौसगंज एवं मूसानगर (बांगर) में स्ट्रीट लाईट केबलिंग का कार्य। | 14,21,907.00 | 28,438.00 | 1,680.00 | 45 दिवस |
| 7 | 15वॉ वित्त आयोग प्रथम किश्त पुनः प्रकाशन। | 25 एच0पी०/2, सिलेण्डर, वाटर कूल्ड, पावर स्टेरियंग, ट्रैक्टर मय आर०टी०आर0 रजिस्ट्रेशन, बीमा सहित आपूर्ति कार्य। | 4,23,472.00 | 8,469.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 8 | राज्य वित्त आयोग | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत राजा सिंह के मकान के बगल से अशोक के मकान के पास नाली एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 22,31,513.00 | 44,630.00 | 2,576.00 | 45 दिवस |
| 9 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मुगल रोड पर छात्रावास से घाटमपुर रोड तक इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 21,02,418.00 | 42,048.00 | 2,352.00 | 45 दिवस |
| 10 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मुगलरोड पर छात्रावास से रसूल मिस्त्री की दुकान तक नाली निर्माण कार्य । | 12,41,437.00 | 24,829.00 | 1,456.00 | 45 दिवस |

1. वेबसाइट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 16–08–2021
2. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्त के लिए अंतिम तिथि/समय 16–08–2021 को दोपहर 3:00 बजे तक
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16–08–2021 को दोपहर 3:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0वी0 के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
   सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में देखी जा सकती है।
6. उक्त कार्य अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन नगर विकास अनुभाग–9, लखनऊ द्वारा दिनांक 30 जून 2021 को जारी शासनादेश (सं0–1339/नौ–9–21–45ज/21) में प्रावधानित निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
   अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।
7. निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैक मूसानगर में संचालित खाता स6–52010100026568, आई0एफ0एस0सी० कोड BARBOBUPGBX में जमा कर उसकी प्रति अपलोड की जायेगी, विशेष परिस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में नगद जमा कर उसकी प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बैंक ड्राफ्ट तैयार कर संलग्न करना अनिवार्य होगा, एवं उसकी मूल प्रति निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय में जमा की जायेगी। बिना निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की धनराशि जमा किये निविदा डाली जायेगी तो उसे स्वतः निरस्त समझा जायेगा एवं प्रत्येक कार्य के लिए पृथक–प्रथक जमानत घनराशि एवं निविदा शुल्क जमा की जायेगी एक साथ कई निविदाओं की जमानत धनराशि अथवा निविदा शुल्क जमा किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मूसानगर**

## विपक्षी एकता

### ममता का प्रयास

**ममता** बनर्जी विपक्षी नेताओं से मिलने की योजना बना रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार किया जा सके। यदि संसद सत्र के समय कोई मुख्यमंत्री पांच दिन दिल्ली यात्रा करता तो लोगों की त्यौरियां चढ़ जातीं, लेकिन ये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। देश की राजधानी में उनकी यात्रा का उद्देश्य विपक्ष को तैयार करने का आह्वान है ताकि वह एकजुट होकर 2024 में भाजपा का मुकाबला कर सके। अप्रैल में एक रैली में ममता ने कहा था, 'मैं एक पैर से बंगाल जीतूंगी और दो पैरों से दिल्ली।' निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल की सत्ता में वापसी के बाद उनकी पहली दिल्ली यात्रा ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने अपने लिए, देश में भाजपा-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में उनका पिछला प्रयास विफल हुआ था। याद किया जा सकता है कि 19 जनवरी, 2019 के ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विशाल रैली आयोजित की थी जिसमें 25 राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाग लिया था और उन्होंने वहां संभावित 'महागठबंधन' की नीव डाली थी। लेकिन यह विचार ज्यादा लंबा नहीं चला और आम चुनाव में शानदार विजय के साथ नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी हुई। ममता बनर्जी की अपनी विजय ने उनमें अब एक नई प्रतिबद्धता पैदा की है। गुरुवार को उनके वर्चुअल संबोधन को अनेक विपक्षी नेताओं ने देखा जिसमें ममता बनर्जी ने एक संयुक्त मोर्चे की कल्पना की है। उनका नारा है '2024 में खेला होबे' और अब वे कोलकाता के बजाय दिल्ली में अपने कदम बढ़ाएंगी। उनके पहले चंद्रबाबू नायडू और स्वर्गीय जयललिता ने राज्य की राजधानियों से निकल कर राष्ट्रीय मामलों में भूमिका निभाने का प्रयास किया था, पर उन्होंने कभी सामने आकर उस तरह नेतृत्व नहीं किया था जैसा ममता बनर्जी करना चाहती हैं।



लेकिन विपक्ष को अपने आंतरिक मतभेदों से बाहर निकलना है जो निकट अतीत की तुलना में अधिक हैं। पेगासस मामले ने उनको आश्चर्यचकित कर दिया है कि कोई उनके सारे कामकाज पर नजर रख सकता है। कोविड-विरोधी टीकाकरण नीति की अधूरी प्रगति ने भी राज्यों के नेताओं को परेशान किया है। केन्द्र ने जोर दिया है कि वैश्विक महामारी के दौरान आक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई थी। इसने राज्यों को अजीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि वे इसके विपरीत कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति ने सत्ता-विरोधी लहर को हवा दी है। ऐसे में ममता बनर्जी की सत्ता में वापसी अंधेरे में बिजली चमकने की तरह है। उनकी विजय ने विपक्षी नेताओं को उनके चारों ओर एकजुट किया है। 2019 के उलट इस बार उनके पास तीन साल का समय है और 2024 की तैयारी करने के लिए उनके सामने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव तथा राष्ट्रपति चुनाव के रूप में दो चुनौतियां हैं। संयुक्त विपक्ष उत्तर प्रदेश में भाजपा को परेशान कर सकता है और राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन न केवल प्रभुत्व के दृष्टिकोण से जरूरी होगा, बल्कि इससे सहयोगी विकल्प तलाशने से भी विरत होंगे। इससे अगले राष्ट्रपति के रूप में अपना उम्मीदवार चुनने के लिए काफी वोट भी मिलेंगे। लेकिन ममता बनर्जी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में एक वरिष्ठ नेता चुनना चाहती हैं जिसका राष्ट्रीय कद हो और वह उनको क्षेत्रीय पहचान से मुक्ति दिला कर सभी क्षेत्रों से समर्थन दिला सके जिसमें तटस्थ रहने वाले क्षेत्रीय क्षत्रप भी शामिल हैं।

# नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही ओली की गलतियां सुधारना तथा भारत के संबंधों में आई समस्यायें दूर करना देउबा के लिए जरूरी है।



ऋषि गुप्ता
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)



नेपाली राजनीति में आये अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तनों के बाद आखिरकार नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को 13 जुलाई को लोकतांत्रिक नेपाल के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाली सर्वोच्च न्यायालय ने इससे एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा 21 मई को संसद भंग करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया था। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 76-5 के अंतर्गत 24 घंटे में विपक्षी नेता देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का आदेश दिया था। देउबा को 275 सदस्यों के सदन में 165 मत प्राप्त हुए हैं और वे स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल हुए हैं। माओवादियों और जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार का समर्थन किया है। इसके साथ ही ओली की यूएमएल पार्टी के नेपाल-खनल गुट के 22 सदस्यों ने देउबा के पक्ष में वोट दिया। उनका समर्थन करने वालों में ओली के आठ समर्थक भी शामिल हैं। यह घमंडी ओली की आंखें खोलने वाला एक और प्रकरण है जो अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान के दुरुपयोग तथा राष्ट्रपति से मिलीभगत का लाभ उठा रहे थे।

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना जरूरी है। अपने डेढ़ साल के शासनकाल में शेर बहादुर देउबा को राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा तथा कोविड-19 के कारण पैदा बेरोजगारी की स्थिति में सुधार लाना होगा। हालांकि, संविधान के अंतर्गत दो साल तक देउबा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है, पर उनको अपनी आंतरिक व्यवस्था ठीक करनी होगी क्योंकि तीन बड़ी पार्टियां सरकार का समर्थन कर रही हैं। फिलहाल पांच सदस्यों वाली एक कैबिनेट का गठन किया गया है तथा अभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों का वितरण किया जाना बाकी है जिनमें विदेश मंत्रालय भी शामिल है। देउबा को माओवादियों को शांत रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर प्रचंड का लक्ष्य सर्वोच्च पद पर पहुंचना है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने 2017 के संसदीय चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में यूएमएल के साथ इस तथ्य के बावजूद गठबंधन किया था कि वे नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार में थे। इसलिए आने वाले महीनों में प्रचंड के साथ सत्ता की साझेदारी बनाए रखना नेपाल सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम होगा।

नेपाल के लिए भारत के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। 19 जुलाई को विश्वास मत प्राप्त करने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बधाई संदेश ट्वीट करते हुए कहा था कि 'मैं आपके साथ सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट साझेदारी को बढ़ाने तथा दोनों देशों की जनता के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने की उम्मीद कर रहा हूं।' इस ट्वीट के बाद दोनों नेताओं में टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। भारत में बहुत से लोगों की नजर में यह नेपाल के साथ संबंध सुधारने की अच्छी शुरुआत हो सकती है क्योंकि ओली के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। पिछले साल ओली ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए भारत-विरोधी रणनीति अपनाई थी। उन्होंने एकपक्षीय रूप से कालापानी क्षेत्र में भारत के संप्रभु क्षेत्रों को नेपाल के आधिकारिक राजनीतिक मानचित्र में शामिल कर दिया था। हालांकि, ओली ने दावा किया था कि भारत के साथ मुद्दों का समाधान कर लिया गया है, पर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। देखना होगा कि देउबा इसका समाधान करना चाहते हैं या नहीं।

नेपाली कांग्रेस ने ओली द्वारा उस संविधान संशोधन का समर्थन किया था जिसमें भारतीय क्षेत्रों को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल किया गया था। इसलिए भारत को नेपाल के साथ राजनयिक पहल करने में सावधानी बरतनी होगी क्योंकि सीमा विवाद के मामले पर नेपाली कांग्रेस का दृष्टिकोण संभवतः ओली के दृष्टिकोण से अलग न हो। इसके साथ ही नेपाली राजनीति में भारत-विरोधी व अति-राष्ट्रवादी तत्व एक प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं और ये जनादेश को प्रभावित करते हैं। आशंका है कि देउबा भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। हालांकि, ओली की विदाई के बाद भारत के प्रसन्न होने के अनेक कारण हैं। लेकिन नेपाल के प्रति भारत की नीति अधिक सक्रिय होनी चाहिए और इसमें केवल वहां की घटनाओं को दर्ज करने से आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत-नेपाल के बीच वर्तमान व्यापार घाटा अक्सर भारतीय सद्भावना के खिलाफ काम करता है। इसके साथ ही नेपाल में भारत का निवेश चीन से प्रतियोगिता में कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देउबा के साथ टेलीफोन वार्ता में नेपाल को कोविड-19 टीके देने का वादा किया है। भारत में अप्रैल में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर आने के बाद भारत ने नेपाल को भेजे जाने वाले टीकों पर रोक लगा दी थी। अतः इसे चुनौतीपूर्ण समय में नेपाल के साथ भारत की नीति में स्वागत योग्य परिवर्तन के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, देउबा के सामने नेपाल के राजनीतिक व विदेशी मामलों में चीन की भारी दखलंदाजी से मुक्ति पाने का रास्ता है और वे भारत के संबंध बेहतर बना सकते हैं। जनता में ओली की छवि चीन के ऐसे मित्र की थी जो तिब्बत और भारत संबंधी मामलों में बीजिंग के हित साध रहे थे। लेकिन देउबा पर कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई बोझ नहीं है। इसलिए वे भारत के साथ सहयोग के रास्ते पर चल कर नेपाल का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन उनके गठबंधन साझीदार प्रचंड का झुकाव चीन की ओर है।

2017 में नेपाली कांग्रेस के साथ ऐसे ही गठबंधन के समय प्रचंड ने देउबा को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर हस्ताक्षर के लिए मना लिया था जिससे भारत बहुत गुस्सा था। 6 जुलाई को प्रचंड ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और विश्व राजनीतिक पार्टियों के सम्मेलन में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके नेता शी जिनपिंग के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। यह आयोजन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रचंड ने चीन को क्लीन चिट देते हुए दावा किया था कि वह बहुत उदार देश है। उन्होंने कहा था कि चीन 'वैश्विक समृद्धि और शांति में योगदान कर रहा' है तथा वह 'नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान तथा वैश्विक समानता और न्याय में योगदान के साथ ही नेपाल समेत विकासशील देशों में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।' ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री देउबा के सामने अपने कार्यकाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती का सामना करना होगा। उनके सामने प्रचंड का विश्वास बनाए रखने, नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार, भारत से कोविड वैक्सीनों की समुचित प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने वाले चीनी तत्वों से मुक्ति पाने की भी कठिन चुनौतियां हैं।

# देश में रणनीतिक अध्ययनों का महत्व



राजेश खरात
(लेखक मुंबई विविद्यालय में मानविकी के संकायाध्यक्ष हैं)

कोविड-19, आतंकवाद, सीमा विवाद, राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक अतिवाद, जलवायु परिवर्तन आदि की चुनौतियों का सामना कर रही एक अशांत विश्व व्यवस्था में, हो सकता है दुनिया पिछले दशकों की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण प्रतीत होती हो। फिर भी, वर्तमान में राष्ट्रों के बीच और उनके बीच तनाव कहीं अधिक है। दो विश्व युद्धों से लेकर शीत युद्ध, वैश्वीकरण से लेकर महान मंदी तक, विश्व व्यवस्था में भारी परिवर्तन हुए हैं। हालांकि, शीर्ष खिताब के लिए मुकाबला जस का तस बना हुआ है। यद्यपि चल रहे दशक ने अब तक विश्व स्तर पर युद्ध जैसी स्थिति से बचा है, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों ने वैश्विक समुदाय को एक या दूसरे तरीके से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है। राजनीतिक वैज्ञानिकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अपनी समझ के अनुसार राजनीति, राज्य, सत्ता, व्यवस्था और शासन को सिद्धांत, अवधारणा, तर्क और परिभाषित किया है। इस बीच, इसने बाकी दुनिया के साथ लगभग हर देश के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। कूटनीति, विदेश नीति, रणनीति, भू-राजनीतिक विश्लेषकों और स्थिति की रणनीतिक समझ के माध्यम से इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है। जबकि राजनयिक समुदाय के सदस्य, खुफिया एजेंसियां, राजनीतिक नेता/प्रवक्ता और पत्रकार स्थिति का आकलन करने में सबसे आगे रहते हैं, समर्पित संस्थान इन एजेंसियों या व्यक्तियों को मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर तैयार करने में मदद करते हैं।

20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, भारत ने खुद को दक्षिण एशिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में पाया, जो भूमि से घिरे देशों (भूटान और नेपाल), छोटे द्वीप राष्ट्रों (मालदीव और श्रीलंका) और राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार और पाकिस्तान से घिरा हुआ था। अगले दरवाजे चीन का रूप। इस पृष्ठभूमि के बीच, भारत ने विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद, इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की स्थापना की, जिसके बाद कई अन्य स्वतंत्र थिंक टैंक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं को समझने और राष्ट्रीय हित का पीछा करते हुए शामिल जोखिमों का आकलन करने में सरकार की मदद करने के लिए काम कर रहे थे। तब से, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों और भारत-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबंधों के अध्ययन और शोध के लिए विद्वानों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक थिंक टैंक और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। चीन के पुनरुत्थान के साथ, अपनी क्षेत्रीय शक्ति को स्थिति को मजबूत करने और एशिया में विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की चुनौती दोगुनी हो गई है। सहयोग करने के लिए सामान्य आधार की विफलता के कारण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों के टूटने का जोखिम है। इस स्थिति में, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की जोखिमों का आकलन करने और संभावित समाधानों के साथ आने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो राष्ट्रीय उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। हाल ही में एक भाषण में, मुंबई विश्वविद्यालय में नए स्थापित स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज का उद्घाटन करते हुए, भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि एक गौरवशाली अतीत के स्वदेशी विचारों को आत्मसात करने में नए सिरे से रुचि है। यह, आज की गतिशील वैश्विक विश्व व्यवस्था में हमारे देश के बढ़ते कद के साथ, हमें भारत के वैश्विक रणनीतिक विचारों और विचारकों की एक प्राचीन विरासत से मूल्यवान सबक लेने की इच्छा रखता है।

जबकि भारत के राजनयिक और रक्षा समुदाय भारत के विकास, प्रगति, सुरक्षा और सुरक्षा के लिए एक अभेद्य रणनीतिक योजना तैयार करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, भारत को भी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक अध्ययनों में युवा दिमाग पैदा करने की जरूरत है। हालांकि, इस विषय को पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। जैसा कि सेना प्रमुख ने कहा था कि भारत महान रणनीतिक विचारकों और विद्वानों की भूमि है, और चाणक्य, मनु, तिरुवल्लुर जैसे विचारकों और आधुनिक समय में के सुब्रमण्यम के साथ, भारत को इस ज्ञान को विकसित करने और वापस लेने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक अध्ययन संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा आयोग या कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और कैरियर उन्मुख परीक्षाओं के महत्वपूर्ण घटक हैं। उत्तर भारत में जेएनयू, पूर्व में जादवपुर विश्वविद्यालय और दक्षिण में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के स्कूलों की मेजबानी करता है, मुंबई भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय है और मुंबई विश्वविद्यालय, पुणे मुख्यालय से संबद्ध नौसेना युद्ध कॉलेज है। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, मुंबई विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सामरिक अध्ययन स्कूल की स्थापना, भारत में रणनीतिक अध्ययन का भविष्य सशक्त बलों, विचारकों, शोध विद्वानों, शिक्षाविदों और पत्रकारों को अध्ययन और चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। मनोहर परिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, आईडीएसए, नई दिल्ली, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज जैसे प्रमुख थिंक टैंक के केंद्र के रूप में भारत के साथ, विश्वविद्यालय स्तर पर एक सक्रिय बुनियादी ढांचा सामरिक समुदाय की भावी पीढ़ियों को पढ़ाने और प्रशिक्षण देने में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। भारत में भी अच्छी पत्रकारिता है, और वैश्विक घटनाओं का बुनियादी ढांचा उनके प्रिंट और विजुअल रिपोर्टिंग का एक अभिन्न अंग है। इसलिए, इस संबंध में विशेष रूप से मुंबई जैसे शहरों में पेशेवर प्रशिक्षण समय की मांग है। साथ ही, निकट भविष्य में भारत को और अधिक महत्वाकांक्षी राजनयिकों और रणनीतिक विचारकों की आवश्यकता होगी। इस रिक्तता को विश्वविद्यालय स्तर पर आने वाले ऐसे और केंद्रों से भरा जा सकता है।



## आप की बात

### मीडिया को डराने का प्रयास

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में जो भी विसंगतियां तथा लापरवाहियां हुईं, भास्कर ने साहस के साथ रिपोर्टिंग कर राष्ट्र को अवगत कराया। चाहे अहमदाबाद हो या दिल्ली, जयपुर हो या यूपी, सभी दूर की जो असलियत थी, जिसकी जांबाज रिपोर्टिंग की। प्रसिद्ध पत्रकार रवीश कुमार ने भी अपने प्राइमटाइम कार्यक्रम में दैनिक भास्कर तथा गुजरात के दिव्य भास्कर की रिपोर्टिंग का हवाला देकर, अखबार की द्वारा की गई साहसिक रिपोर्टिंग की तारीफ की थी। जिसका खामियाजा भास्कर समूह पर आयकर के छापे हैं, जो बदले की भावना तथा सच्चाई की आवाज को दबाने वाला कदम है। सांच को आंच नहीं, अब इस कहावत को बदलकर, हमारे लोकतंत्र में सांच बोलेगा / लिखेगा, उस पर छापे पड़ेंगे। क्योंकि जनता मरे तो मरे, लेकिन सरकार की छवि खराब न हो! चाहे जो तकलीफ आए भास्कर समूह को अपना साहसिक पत्रकारिता का अभियान दूने उत्साह के साथ जारी रखना चाहिए। एक अखबार का कर्तव्य है कि जनता के हित में उसकी धार ऐसे छापों से कुंद ना हो। भले ही सरकार छापे मारकर डराए, अगर कोई गलत काम नहीं किया तो फिर क्या डरना !

**- विषधर खरा**, उज्जैन

### सिंधु सीमा से जंतर-मंतर

26 जनवरी पर दिल्ली की बॉर्डर पर बैठे किसानों ने जो कुछ लाल किले पर जाकर किया था उसे सारा देश शर्मिंदा हुआ था इन किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर जहां देश का तिरंगा शान से लहराता है वहां सिख धर्म का झंडा फहरा कर देश का एवं संविधान का अपमान किया था क्योंकि किसी धर्म विशेष का झंडा राष्ट्रीय झंडे के आगे फैहराना उसका अपमान करना है अतः ऐसा नहीं होना चाहिए इसके कारण पूरा ही देश किसान आंदोलन पर थू-थू करने लगा था वे तथाकथित किसान जिन्होंने वहां पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिशें की थी एवं पुलिस जवानों को वहां मौजूद खाई में गिरा दिया था वही किसान अब एक बार फिर संगठित होकर देश की संसद पर प्रदर्शन करने के बहाने देश का माहौल फिर से खराब करने की योजना बना रहे हैं। अतः एक बात और कह दूं इस किसान आंदोलन में अधिकतर पंजाब एवं हरियाणा के किसान है जो तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हुए हैं जो एक अलग राष्ट्र की मांग काफी समय से कर रहा है यह किसान 23 से 9 अगस्त तक यहां आंदोलन प्रदर्शन करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। पिछले समय इन नकली किसानों ने जो हंगामा लाल किले पर किया था वहीं अब जंतर मंतर पर करना चाहते हैं।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### प्रकृति से सबक

**यह** हमेशा से कहा जाता है, भौतिक दुनिया में विकास और समृद्धि के लिए, प्रकृति का विनाश हमें कड़ी टक्कर देगा। यहां तक कि, भारतीय राष्ट्रपिता ने भी उचित ठहराया, प्रकृति हमारी जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, हमारे लालच को नहीं। चीन, कैलीफोर्निया ने जो बीज बोया है, वह अब तबाही और संकट की फसल काट रहा है। अधिक विकसित और शक्तिशाली बनने की दौड़ में हम अपने विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर मुद्दे हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन उस पर किए गए वादे कभी काम में नहीं आए। चाहे वह कैलिफोर्निया की आग हो या चीन में बाढ़, असामयिक प्राकृतिक घटनाओं ने अपनी शक्ति दिखाई है। न्यूटन ने गति के तीसरे नियम को सही ढंग से रेखांकित किया गया है हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। भारत भी जलवायु परिवर्तन की इन अभूतपूर्व समस्याओं से अछूता नहीं है। क्या इसे हम अपने कर्मों का परिणाम कहें या सिर्फ एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराए।

**- अमन जायसवाल**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।


## फरमाया




**भाजपा** कोरोना से बड़ा वायरस लेकर चल रही है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के तीन स्तम्भों यथा, चुनाव, न्यायपालिका और मीडिया को खत्म करना है।

**ममता बनर्जी-**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

**किसी** भी राज्य ने आक्सीजन से होने वाली मरीजों की मौतों का आंकड़ा नहीं भेजा। केंद्र का जवाब राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भेजे गए आंकड़ों पर आधारित है।



**- संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**आक्सीजन** आपूर्ति के अभाव को लेकर अस्पतालों, मरीजों व उनके परिवारों की ओर से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई थी।

**-मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री दिल्ली

# आगे का रास्ता 1991 से ज्यादा चुनौतीपूर्ण

- हमें प्राथमिकताओं को पुनर्निर्धारित करना होगा: मनमोहन
- ऐतिहासिक बजट के 30 साल पूरे



**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व प्रधानमंत्री** मनमोहन सिंह ने 1991 के ऐतिहासिक बजट के 30 साल पूरा होने के मौके पर शुक्रवार को कहा कि कोरोना महामारी के कारण पैदा हुए हालात के मद्देनजर आगे का रास्ता उस वक्त की तुलना में ज्यादा चुनौतीपूर्ण है और ऐसे में एक राष्ट्र के तौर पर भारत को अपनी प्राथमिकताओं को फिर से निर्धारित करना होगा। मनमोहन सिंह 1991 में नरसिंह राव की अगुवाई में बनी सरकार में वित्त मंत्री थे और 24 जुलाई, 1991 को अपना पहला बजट पेश किया था। इस बजट को देश में आर्थिक उदारीकरण की बुनियाद माना जाता है। उन्होंने उस बजट को पेश किए जाने के 30 साल पूरे होने के मौके पर कहा, 1991 में 30 साल पहले, कांग्रेस पार्टी ने भारत की अर्थव्ध्यवस्था के महत्वपूर्ण सुधारों की शुरुआत की थी और देश की आर्थिक नीति के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया था।

पिछले तीन दशकों के दौरान विभिन्न सरकारों ने इस मार्ग का अनुसरण किया और देश की अर्थव्यवस्था तीन हजार अरब डॉलर की हो गई और यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। सिंह ने एक बयान में कहा, अत्यंत महत्वपूर्ण बात यह है कि इस अवधि में करीब 30 करोड़ भारतीय नागरिक गरीबी से बाहर निकले और करोड़ों नई नौकरियों का सृजन हुआ। सुधारों की प्रक्रिया आगे बढ़ने से स्वतंत्र उपक्रमों की भावना शुरू हुई जिसका परिणाम यह है कि भारत में कई विश्व स्तरीय कंपनियां अस्तित्व में आईं और भारत कई क्षेत्रों में वैश्विक ताकत बनकर उभरा। उनके मुताबिक, 1991 में आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत उस आर्थिक संकट की वजह से हुई थी, जिसने हमारे देश को घेर रखा था, लेकिन यह सिर्फ संकट प्रबंधन तक सीमित नहीं था। समृद्धि की इच्छा, अपनी क्षमताओं में विश्वास और अर्थव्यवस्था पर सरकार के नियंत्रण को छोड़ने के भरोसे की बुनियाद पर भारत के आर्थिक सुधारों की इमारत खड़ी हुई। उन्होंने कहा, मैं सौभाग्यशाली हूं कि मैंने कांग्रेस में कई साथियों के साथ मिलकर सुधारों की इस प्रक्रिया में भूमिका निभाई। इससे मुझे बहुत खुशी और गर्व की अनुभूति होती है कि पिछले तीन दशकों में हमारे देश ने शानदार आर्थिक प्रगति की। परंतु मैं कोविड के कारण हुई तबाही और करोड़ों नौकरियां जाने से बहुत दुखी हूं। मनमोहन सिंह ने कहा, स्वास्थ्य और शिक्षा के सामाजिक क्षेत्र पीछे छूट गए और यह हमारी आर्थिक प्रगति की गति के साथ नहीं चल पाया। इतनी सारी जिंदगियां और जीविका गई हैं, वो नहीं होना चाहिए था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, यह आनंदित और मग्न होने का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और विचार करने का समय है। आगे का रास्ता 1991 के संकट की तुलना में ज्यादा चुनौतीपूर्ण है। एक राष्ट्र के तौर पर हमारी प्राथमिकताओं को फिर से निर्धारित करने की जरूरत है, ताकि हर भारतीय के लिए स्वस्थ और गरिमामई जीवन सुनिश्चित हो सके। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, 1991 में मैंने एक वित्त मंत्री के तौर पर विक्टर ह्यूगो (फ्रांसीसी कवि) के कथन का उल्लेख किया था कि पृथ्वी पर कोई शक्ति उस विचार को नहीं रोक सकती है, जिसका समय आ चुका है। 30 साल बाद, एक राष्ट्र के तौर पर हमें रॉबर्ट फ्रॉस्ट (अमेरिका कवि) की उस कविता को याद रखना है कि हमें अपने वादों को पूरा करने और मीलों का सफर तय करने के बाद ही आराम फरमाना है।

## विमानन क्षेत्र में संपर्क, सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है सरकार : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार विमानन क्षेत्र में संपर्क और सुविधाएं बढ़ाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने एक ट्विटर उपयोगकर्ता की पोस्ट पर जवाब में यह बताया। पोस्ट में व्यक्ति ने अपनी और अपने पिता की बिहार के दरभंगा हवाईअड्डे से विमान में सवार होते हुए तस्वीर साझा की थी। मुकुंद झा ने पोस्ट में लिखा था, यह पहली बार है जब मैं अपने पिता के साथ विमान में सवार हो रहा हूं। दरभंगा को हवाईअड्डा देने के लिए आपका आभार नरेंद्र मोदी जी। भाजपा ने यहां हवाईअड्डा बनाने का वादा 2014 में किया था, जिसे पूरा करते हुए उन्हें एक हवाईअड्डा बनवाया। भाजपा सरकार के तले विमानन उद्योग एक ब्रांड की तरह विकसित हुआ। पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री ने लिखा, यह जानकर प्रसन्नता हुई। जहां तक विमानन क्षेत्र की बात है तो हम संपर्क और सुविधाएं बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। दरभंगा हवाईअड्डा बिहार की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



कोलकाता में कक्षा 12वीं के नतीजे घोषित होने के बाद अपनी खुशी का इजहार करतीं छात्राएं

## कांग्रेस के डूबते जहाज को बचाने के लिए सिद्धू-अमरिंदर ने किया नाटक : शिअद

**भाषा।** चंडीगढ़

**शिरोमणि** अकाली दल (शिअद) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पंजाब कांग्रेस के नए प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू और मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के बीच झगड़ा एक नाटक था, जो राज्य सरकार की विफलताओं की ओर से लोगों का ध्यान भटकाकर पार्टी के डूबते जहाज को बचाने के लिए किया गया। शिअद ने यह बात अमरिंदर सिंह और सिद्धू के बीच मतभेदों का जिक्र करते हुए कही, जो अमृतसर के विधायक की राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पहले पैदा हुए थे। गौरतलब है कि क्रिकेटर से नेता बने सिद्धू ने बेअदबी के मामलों को लेकर अपनी ही सरकार पर निशाना साधा था, जिसके बाद से मुख्यमंत्री और सिद्धू के बीच मतभेद थे। मुख्यमंत्री ने सिद्धू को पार्टी प्रमुख बनाए जाने का भी विरोध किया था और उनसे मिलने से इनकार कर दिया था।

## क्विक न्यूज

### न्यायालय का पटाखों पर रोक लगाने के एनजीटी के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 के दौरान खराब वायु गुणवत्ता वाले क्षेत्रों में पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण रोक लगाने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश में हस्तक्षेप से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य पर पटाखों के दुष्प्रभावों के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययनों की आवश्यकता नहीं है। न्यायालय ने यह टिप्पणी तब की जब एक पटाखा विक्रेता की ओर से पेश वकील ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-कानपुर की उस अध्ययन रिपोर्ट का जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि पटाखे वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार शीर्ष 15 कारकों में शामिल नहीं हैं। पीठ ने इस पर कहा, क्या आपको अपने स्वास्थ्य पर पटाखों के असर को जानने के लिए आईआईटी की रिपोर्ट की जरूरत है? दिल्ली में किसी से भी पूछ लीजिए कि दीपावली पर क्या होता है। पटाखा विक्रेताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस नरसिंह ने कहा कि कोविड-19 के दौरान पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### सरकारी सेवक पर मुकदमा चलाने के लिए सक्षम प्राधिकार से पूर्व अनुमति जरूरी : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भूमि संबंधित मामले में एक सरकारी क्लर्क को संरक्षण प्रदान करने के राजस्थान उच्च न्यायालय का निर्णय बरकरार रखते हुए शुक्रवार को कहा कि कथित आपराधिक कृत्य के लिए किसी सरकारी सेवक पर मुकदमा चलाने के लिए सक्षम प्राधिकार से पूर्व अनुमति आवश्यक है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता की पीठ ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 197 किसी अधिकारी को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाने की बात कहती है जो अपना आधिकारिक दायित्व निभाते समय हुए किसी अपराध का आरोपी हो। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 197 अदालत को ऐसे अपराध के मामले में, सक्षम प्राधिकार की पूर्व अनुमति से संबंधित मामले को छोड़कर, संज्ञान लेने से रोकती है। पीठ ने कहा कि आधिकारिक दायित्व निभाते समय किए गए कथित आपराधिक कृत्य के लिए मुकदमा चलाने के वास्ते धारा 197 के तहत सक्षम प्राधिकार की पूर्व अनुमति आवश्यक है और पूर्व अनुमति वाले मामले को छोड़कर कोई अदालत ऐसे अपराध का संज्ञान नहीं लेगी। समय हुए अपराध से कोई उचित संबंध है या नहीं।

### अदालत ने कुंद्रा की पुलिस हिरासत 27 तक बढ़ाई

**मुंबई।** मुंबई की एक अदालत ने अश्लील फिल्मों के कथित निर्माण और उन्हें कुछ ऐप के जरिए प्रसारित करने से जुड़े मामले में कारोबारी राज कुंद्रा की पुलिस हिरासत शुक्रवार को 27 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति, कुंद्रा को शहर की पुलिस की अपराध शाखा ने 19 जुलाई की रात को गिरफ्तार किया था। इससे पहले उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। पूर्व की हिरासत की अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को उन्हें मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया गया। पुलिस ने मामले में और जांच के मकसद से उनकी हिरासत बढ़ाने का अनुरोध किया। पुलिस ने इससे पहले अदालत को बताया था कि 45 वर्षीय कारोबारी अश्लील सामग्री के निर्माण एवं बिक्री की अवैध गतिविधि से आर्थिक लाभ कमा रहे थे।

### राज कुंद्रा के खिलाफ अश्लील फिल्म मामले में पत्नी शिल्पा शेट्टी के बयान दर्ज

**मुंबई।** अश्लील फिल्मों के कथित निर्माण और उन्हें कुछ ऐप के जरिए प्रसारित करने से जुड़े मामले में कारोबारी राज कुंद्रा को गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस ने उनकी पत्नी और अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के शुक्रवार को बयान दर्ज किए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शेट्टी के बयान दोपहर के वक्त जुहू के उनके आवास में दर्ज किए गए। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने घर की तलाशी भी ली और एक लैपटॉप जब्त किया।

## नीट और दूसरी प्रवेश परीक्षाओं को निलंबित करने की कोई योजना नहीं : सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पवार ने शुक्रवार को कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट और दूसरी प्रवेश परीक्षाओं को निलंबित करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। इस साल होने वाली नीट (पीजी) और नीट (स्नातक) परीक्षाएं क्रमश: 11 और 12 सितंबर को प्रस्तावित हैं। भारती पवार ने कहा कि परीक्षाओं का आयोजन जरूरी सावधानी बरतकर और सभी प्रोटोकॉल के साथ किया जाएगा।

## नौसेना ने बंगाल में प्रतिष्ठान क्षेत्रों को नो फ्लाई जोन घोषित किया

**कोलकाता।** नौसेना ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में अपने प्रतिष्ठानों के आसपास के क्षेत्र को ड्रोन और मानवरहित वायु वाहनों आदि के लिए नो फ्लाई जोन घोषित किया। जम्मू में भारतीय वायु सेना के स्टेशन पर हमले और भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास इस तरह की चीजें देखे जाने के सिलसिले में यह कदम उठाया गया है। पश्चिम बंगाल में नौसेना के प्रभारी अधिकारी के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार, पश्चिम बंगाल में भारतीय नौसेना के सभी प्रतिष्ठानोंक्षेत्रों और नौसेना संपत्तियों के तीन किलोमीटर के दायरे के क्षेत्र को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

## सीमा विवाद से निपटने के लिए मिजोरम ने सीमा आयोग का गठन किया

**आइजोल।** मिजोरम सरकार ने असम के साथ सीमा विवाद से निपटने के लिए एक सीमा आयोग का गठन किया है। बृहस्पतिवार को जारी एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि सीमा आयोग की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री तवंलुइया करेंगे और इसके उपाध्यक्ष गृह मंत्री लालचमलियाना होंगे। सीमा आयोग का गठन ऐसे समय में हुआ है जब विभिन्न सीमा विवादों को सुलझाने की कोशिश में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर का दौरा करने वाले हैं।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में उपासना स्थल अधिनियम पर हुई बहस

- अब अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी

**भाषा।** मथुरा

**उत्तर प्रदेश** के मथुरा जनपद में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान परिसर में स्थित शाही ईदगाह को वहां से हटाकर उक्त भूमि उसके वास्तविक मालिक विराजमान भगवान श्रीकृष्ण को सौंपे जाने को लेकर चल रहे विवाद में शुक्रवार को दोनों पक्षों की ओर से वर्ष 1991 में पारित उपासना स्थल अधिनियम के लागू होने अथवा न होने को लेकर गर्मागर्म बहस हुई।

इसके बाद अदालत ने अब अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तिथि तय की है। मथुरा की सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ज्योति सिंह की अदालत में चल रहे प्रकरण में वादी पक्ष के अधिवक्ता राजेंद्र माहेश्वरी ने बताया, प्रतिवादी पक्ष ने वर्ष 1991 में पारित उपासना स्थल अधिनियम को आधार बनाकर विरोध किया तो हमारी ओर से कई दलीलें पेश कीं गईं।

प्रतिवादियों में से एक शाही ईदगाह के सेक्रेटरी अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत में वादी पक्ष के दावे का विरोध करते हुए कहा कि चूंकि इस दावे पर उपासना स्थल अधिनियम 1991 लागू होता है, इसलिए यह दावा सुने जाने योग्य नहीं है। माहेश्वरी ने परंतु, अदालत को बताया कि यह स्थान पूर्व से ही विवादित है, इस संबंध में अदालत में केस भी दर्ज हुए हैं, इसलिए यहां पर उपासना स्थल अधिनियम लागू नहीं होता। इस संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नेता सुब्रमण्यम स्वामी और अश्वनी कुमार उपाध्याय की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई रिट की प्रति भी अदालत में पेश की गई। साथ ही अदालत को बनारस की सिविल कोर्ट का वह आदेश भी दिखाया गया, जिसमें इसी प्रकार के एक मामले में अदालत ने काशी विश्वनाथ मंदिर बनाम ज्ञानवापी मस्जिद प्रकरण में उपासना स्थल अधिनियम के तहत आपत्तिजनक न मानते हुए ज्ञानव्यापी मस्जिद की खुदाई के आदेश किए हैं। इस पर अदालत ने शेष सुनवाई के लिए 30 जुलाई तय की है। अदालत ने मामले में चौथे प्रतिवादी उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को दोबारा नोटिस जारी किया है। वह अभी तक अदालत में हाजिर नहीं हुए हैं, जबकि शाही ईदगाह कमेटी के सचिव तनवीर अहमद ने कहा कि अगली सुनवाई पर दावाकर्ता की दलीलों का पुरजोर विरोध करेंगे।



कराड में भारी बारिश के बाद कोयना-कृष्णा नदी में आई बाढ़ के कारण आंशिक रूप से जलमग्न कृष्णामाई मंदिर

## तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने ममता बनर्जी को संसदीय दल का अध्यक्ष चुना

**भाषा।** नई दिल्ली



**तृणमूल** कांग्रेस के सांसदों ने पार्टी प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सर्वसम्मति से संसदीय दल की अध्यक्ष चुना है। दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की गई। इससे बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर अन्य विपक्षी दलों के साथ समन्वय की स्थिति में होंगी। संवाददाता सम्मेलन में राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि बनर्जी लंबे समय से तृणमूल संसदीय दल के पीछे प्रेरक शक्ति रही हैं। उन्होंने कहा, हम वास्तविकता को औपचारिक रूप दे रहे हैं, बस। हमारी अध्यक्ष सात बार संसद सदस्य रही हैं। उनके पास वह दृष्टिकोण है जिससे वह संसदीय दल का मार्गदर्शन कर सकती हैं। उनके पास अनुभव और अंतर्दृष्टि है। वह वैसे भी हमारा मार्गदर्शन कर रही थीं। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की जीत के बाद से बनर्जी स्वयं को एक ऐसे नेता के तौर पर स्थापित करने का प्रयास कर रही हैं जो विपक्षी विमर्श की अगुवाई कर सके, एक ऐसा काम जो लंबे समय से कांग्रेस करती आ रही है।

## पर्याप्त वित्तीय सहायता मिलने पर जलवायु कार्रवाई की गति तेज की जा सकती है : यादव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को कहा कि विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता मिलने पर ही जलवायु कार्वाई की गति तेज हो सकती है। यादव ने 16वें जी20 शिखर सम्मेलन 2021 में पर्यावरण मंत्रिस्तरीय बैठक के दूसरे दिन डिजिटल रूप से शामिल होते हुए दोहराया कि विकासशील देशों को किया गया मदद का वादा पूरा नहीं किया गया है। पर्यावरण मंत्रालय के एक ट्वीट में मंत्री के हवाले से कहा गया, जिस समर्थन का वादा किया गया था, जिसके आधार पर विकासशील देशों ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं और पेरिस समझौते की पुष्टि की है, अभी पूरा नहीं गया है। हम पाते हैं कि वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा और जलवायु नेतृत्व के लिए नए मानक प्रस्तावित किए जा रहे हैं।

## ट्विटर इंडिया के एमडी को जारी उप्र पुलिस का नोटिस रद

**भाषा।** बेंगलुरू

**कर्नाटक** उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा ट्विटर इंडिया के प्रबंध निदेशक मनीष माहेश्वरी को जारी उस नोटिस को रद्द कर दिया, जिसमें ट्विटर मंच पर एक व्यक्ति द्वारा अपलोड किए गए सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील वीडियो की जांच के तहत उन्हें व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा गया था। अदालत ने नोटिस को रद्द करते हुए कहा कि इसे दुर्भावना से जारी किया गया था।

न्यायमूर्ति जी नरेंद्र की एकल पीठ ने कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत नोटिस को धारा 160 के तहत माना जाना चाहिए, जिससे गाजियाबाद पुलिस को माहेश्वरी से उनके कार्यालय या बेंगलुरु में उनके आवासीय पते पर डिजिटल तरीके से पूछताछ करने की अनुमति मिलती है। अदालत ने कहा कि धारा 41 (ए) के तहत कानूनी प्रावधानों को उत्पीड़न का औजारै बनने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और गाजियाबाद पुलिस ने ऐसी कोई सामग्री नहीं पेश की, जिससे प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता की संलिप्तता का पता लग सके, जबकि सुनवाई पिछले कई दिनों से चल रही है। अदालत ने कहा कि इस तथ्य की पृष्ठभूमि में कि धारा 41 (ए) के तहत नोटिस दुर्भावना से जारी किया गया था, यह रिट याचिका (माहेश्वरी द्वारा दायर याचिका) स्वीकार करने योग्य है।

## ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करें, टीकाकरण तेज करें : कोर्ट

- अदालत ने गुजरात सरकार से कहा, कर्मचारियों की भर्ती करें

**भाषा।** अहमदाबाद



**गुजरात** उच्च न्यायालय ने कोरोना वायरस संक्रमण की संभावित तीसरी लहर से निपटने के लिए शुक्रवार को राज्य सरकार को सभी स्तरों पर पीएसए ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने, टीकाकरण अभियान में तेजी लाने और सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा कर्मचारियों की भर्ती करने के निर्देश दिए। न्यायाधीश बेला त्रिवेदी एवं न्यायमूर्ति भार्गव डी कारिया की खंडपीठ ने ढेरों सुझाव देते हुए स्वत: संज्ञान जनहित याचिका तथा राज्य में कोविड-19 के हालात से जुड़ी अन्य याचिकाओं का निपटारा कर दिया। पीठ ने जनहित याचिका और अन्य संबंधित मामलों की ऑनलाइन सुनवाई के दौरान निपटारा करते हुए अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार ने तीसरी लहर से निपटने के लिए समग्र योजना पहले ही तैयार कर ली है।

### महाराष्ट्र में 6,753 नए मामले, 167 और की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र मे शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 6,753 नए मामले सामने आए और इस महामारी से 167 और लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस महामारी के मामलों की कुल संख्या 62,51,810 जबकि मृतकों की संख्या 1,31,205 हो गई है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में 5,979 लोगों को स्वस्थ होने के बाद विभिन्न अस्पतालों से छुट्टी दी गई जिससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या 60,22,485 पहुंच गई है। अधिकारी ने बताया कि राज्य मे इस समय उपचाराधीन मरीजो की संख्या 94,769 है। राज्य मे ठीक होने की दर 96.33 प्रतिशत है जबकि मृत्यु दर 2.09 प्रतिशत है।

### कर्नाटक में 1,705 नए मामले, 30 की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शुक्रवार को कोविड-19 के 1,705 नए मामले सामने आए हैं और 30 मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही कुल संक्रमितों और मृतकों की संख्या बढ़कर क्रमश: 28,91,699 और 36,323 हो गई। स्वास्थ्य विभाग के बुलेटिन के अनुसार, राज्य में 2,243 मरीज संक्रमण मुक्त हुए, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 28,31,226 हो गई। राज्य में सामने आए कुल 1,705 नए मामलों में से 400 मामले बेंगलुरु शहरी से हैं।

### मप्र में टीकाकरण के लिए महिलाओं में हुई मारपीट

**खरगोन (मप्र)।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में कोविड-19 के एक टीकाकरण केंद्र में टीका लगवाने के इंतजार में खड़ी महिलाओं के दो समूहों के बीच जमकर मारपीट हुई।

## पारसी लोगों की परंपरागत अंत्येष्टि की मांग करने वाली याचिका खारिज

**अहमदाबाद।** गुजरात हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सूरत पारसी पंचायत बोर्ड की वह याचिका खारिज कर दी, जिसके जरिए उसने कोविड-19 से मरने वाले समुदाय के सदस्यों का दाह संस्कार करने के बजाय पारसी परंपरा के मुताबिक अंतिम संस्कार करने की अनुमति मांगी थी। न्यायमूर्ति बेला त्रिवेदी और न्यायमूर्ति भार्गव डी कारिया की खंडपीठ ने याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि इसमें कोई दम नहीं है और उप्र में कांवड़ यात्रा के बारे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई हालिया टिप्पणी का हवाला दिया। सूरत पारसी पंचायत बोर्ड ने अपनी याचिका के जरिए कोविड-19 से मरने वाले समुदाय के सदस्यों का अंतिम संस्कार दोखामांसिनी के जरिए करने के मूल अधिकार का संरक्षण किए जाने का अनुरोध किया था।



भुवनेश्वर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर जलजमाव और समस्या से निपटने में प्रशासन की कथित विफलता के मुद्दे को उजागर करने के लिए एक नाव के साथ प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया

# मोदी को सत्ता से हटाने के लिए ममता ने छेड़ी मुहिम

## विपक्षी एकता का किया आह्वान

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की शानदार जीत से उत्साहित तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्षी एकता का आह्वान किया है। तृणमूल प्रमुख, जो अपने करियर के सबसे कठिन चुनावों में से एक को जीतने के बाद सबसे मजबूत विपक्षी चेहरे के रूप में उभरी हैं, जाहिर तौर पर राष्ट्रीय राजनीति में एक बड़ी भूमिका निभाने की कोशिश करती नजर आ रही हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में पार्टी की शहीद दिवस रैली में उन्होंने अपना वार्षिक संबोधन हिंदी, अंग्रेजी और बंगाली में दिया था। इस दौरान बनर्जी ने विपक्षी नेताओं से मोदी सरकार को सत्ता से बेदखल करने के वास्ते एकजुट होने और गठबंधन के गठन की दिशा में काम शुरू करने के लिए कहा था।

तृणमूल कांग्रेस के राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा, कोई भी इस बात से इनकार नहीं कर सकता कि ममता बनर्जी विपक्षी राजनीति के केंद्र के रूप में उभरी हैं। यदि आप उनके भाषण को देखते हैं, तो आपको पता चलेगा कि वह भाजपा विरोधी वोटों को एकत्र करना चाहती हैं और भाजपा के खिलाफ लोगों का गठबंधन बनाना चाहती हैं। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि बनर्जी ने 2014 और 2019 के अपने अनुभवों को देखते हुए विपक्षी एकता का आह्वान किया है, जब विपक्षी खेमे में नेतृत्व, एकता और समन्वय की कमी ने भाजपा को सत्ता में आने में मदद की थी। उन्होंने कहा, 2014



और 2019 के दौरान, एक संयुक्त मोर्चा बनाने के प्रयास कारगर नहीं हुए क्योंकि चुनाव से कुछ महीने पहले इसकी पहल की गई थी। इससे मतदाताओं में स्वीकृति की भावना पैदा नहीं हुई। इस बार, हम चाहते हैं सभी मतभेदों को दूर करें और प्रक्रिया को समय से पहले शुरू करें।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व एक मजबूत भाजपा विरोधी मोर्चा बनाने के लिए आशान्वित है लेकिन उनके खेमे के लिए सभी विपक्षी दलों को अपने राजनीतिक मतभेदों को दूर करने और साझा हित पर काम करने के लिए राजी करना एक कठिन काम होगा। हालांकि ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी के पास चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर हैं, जो उनके लिए बहुत फायदेमंद हैं। किशोर ने हाल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा से मुलाकात की थी। इस बीच राजनीतिक विश्लेषक विश्वनाथ चक्रवर्ती के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस विभिन्न दलों के नेताओं के साथ किशोर के तालमेल का फायदा उठाकर उन्हें मेज पर ला सकती है। उन्होंने कहा, 2019 में विपक्षी दलों की सबसे बड़ी कमी जो निकली, वह थी भाजपा के अभियान का मुकाबला करने के लिए एक साझा रणनीति का अभाव। तृणमूल कांग्रेस की ओर से प्रशांत किशोर जैसे चुनावी रणनीतिकारों के साथ, बनर्जी के लिए उन सभी को एक मंच पर लाना तुलनात्मक रूप से आसान होगा।

उन्होंने कहा, बंगाल चुनावों को लेकर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा मोदी बनाम ममता की लड़ाई के रूप में पेश करके देशव्यापी मीडिया प्रचार ने केवल तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को खुद को ऐसे नेता के रूप में स्थापित करने में मदद की है जो 2014 से चले आ रहे भाजपा के विजई रथ को रोक सकती है। राजनीतिक विश्लेषक सुमन भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार की लोकप्रियता अब तक के सबसे निचले स्तर पर है और विपक्षी खेमे को इस समय का अधिकतम लाभ उठाने की आवश्यकता है। लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को भी लगता है कि अगर उनकी पार्टी ने उन्हें समर्थन नहीं दिया तो किसी भी गठबंधन की, भाजपा के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर विश्वसनीयता नहीं होगी। उन्होंने कहा, अगर कोई सोचता है कि वह कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना भाजपा को हरा सकता है, तो वह व्यक्ति दिन में सपने देख रह रहा है।




नई दिल्ली में अरमैक्स-21 अभियान दल की फ्लैग इन सेरेमनी में मौजूद केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# 105 साल की उम्र में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली भगीरथी अम्मा का निधन

**भाषा।** कोल्लम (केरल)

**केरल** में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सबसे बुजुर्ग महिला भगीरथी अम्मा का निधन हो गया। वह 107 वर्ष की थीं। पारिवारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक वृद्धावस्था में होने वाली स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण उनका निधन हुआ। उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात अपने घर में ही अंतिम सांस ली। भगीरथी अम्मा ने दो साल पहले ही 105 वर्ष की उम्र में साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी सराहना भी की थी।

कोल्लम जिले के प्रक्कुलम की रहने वालीं भगीरथी को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भगीरथी अम्मा ने 2019 में राज्य द्वारा संचालित केरल राज्य साक्षरता मिशन (केएसएलएम) द्वारा आयोजित चौथी कक्षा की समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होकर सबसे उम्रदराज छात्रा बनने का इतिहास रचा था। भगीरथी अम्मा राज्य साक्षरता मिशन द्वारा कोल्लम में आयोजित परीक्षा में शामिल हुई थीं और उन्होंने 275 में से 205 अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया। गणित विषय में उन्हें पूरे अंक प्राप्त हुए थे।

गौरतलब है कि भगीरथी अम्मा को पारिवारिक परेशानियों के कारण नौ वर्ष की आयु में अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी थी। पढ़ाई के प्रति उनके जुनून की मोदी ने भी प्रशंसा की थी। प्रधानमंत्री ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में भी भगीरथी अम्मा के बारे में जिक्र किया था। भगीरथी अम्मा के परिजनों के मुताबिक वह 10वीं कक्षा की परीक्षा भी उत्तीर्ण करना चाहती थीं।

## देश में 854 लोगों पर एक डॉक्टर :सरकार

**नई दिल्ली।** देश में प्रति 854 लोगों पर एक डॉक्टर है जिसमें माना जाता है कि 80 प्रतिशत उपलब्धता पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की है। सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा में यह जानकारी दी।केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती पवार ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पंजीकृत नर्सिंग कर्मियों की करीब 70 प्रतिशत उपलब्धता पर विचार करते हुए नर्स-जनसंख्या अनुपात 1:559 है।उन्होंने कहा, राज्य चिकित्सा परिषदों और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के साथ 12.68 लाख एलोपैथिक डॉक्टर पंजीकृत हैं। पवार ने कहा, देश में डॉक्टर-जनसंख्या का अनुपात 1:854 है। माना जाता है कि 80 प्रतिशत उपलब्धता पंजीकृत एलोपैथिक डॉक्टरों की और 5.56 लाख आयुष डॉक्टर हैं। मंत्री ने कहा कि भारतीय नर्सिंग परिषद के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार देश में करीब 32.63 लाख पंजीकृत नर्सिंग कर्मी, 22.72 लाख पंजीकृत नर्स और 9.91 लाख पंजीकृत नर्स सहायक हैं।

# शुभेंदु अधिकारी ने आपराधिक मामले सीबीआई को सौंपने के लिए अदालत में याचिका दायर की

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप लगाते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है और राज्य की पुलिस द्वारा अपने खिलाफ दर्ज किए गए सभी आपराधिक मामलों को सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया है। अधिकारी ने राज्य पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकियों को भी रद्द करने का आदेश देने का आग्रह किया है। भाजपा विधायक ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को निष्पक्ष जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का अनुरोध करते हुए बृहस्पतिवार को रिट याचिका दायर की।

उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी दल का नेता होने के कारण उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध का सामना करना पड़ रहा है और उनके खिलाफ झूठे दावे करके मामले दर्ज किए गए। उन्होंने उच्च न्यायालय से उनके खिलाफ प्राथमिकियों को रद्द करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया।

राज्य की पुलिस और आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) अधिकारी से जुड़े कई मामलों की जांच कर रहा है। पेगासस जासूसी सॉफ्टवेयर के साथ कथित जासूसी गतिविधियों को लेकर देशभर में मचे हंगामे के बीच भाजपा नेता ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्हें पूर्व मेदिनीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक अमरनाथ के. की फोन से जुड़ी जानकारियां मिली थीं जिसके चलते पुलिस ने मंगलवार को उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान मामला दायर किया।

अधिकारी ने सोमवार को जिले के तमलुक इलाके में पार्टी की एक बैठक के दौरान स्थानीय पुलिस प्रमुख को सार्वजनिक रूप से सलाह दी थी कि वह ऐसा कुछ भी न करें जिससे उनका कश्मीर में तबादला करना पड़ जाए। नंदीग्राम से विधायक अधिकारी ने इस साल की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मामूली अंतर से हराया।

जिला पुलिस पूर्व मेदिनीपुर में राहत सामग्री की कथित चोरी के मामले की भी जांच कर रही है। राज्य सीआईडी एक पुलिस कांस्टेबल की अप्राकृतिक मौत की जांच कर रही है जो तीन साल पहले अधिकारी के सुरक्षा दल का हिस्सा था जब वह पूर्ववर्ती टीएमसी सरकार में मंत्री थे। कांस्टेबल की विधवा की शिकायत पर हाल में हत्या का मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई।

## क्विक न्यूज

### असम के 42 बच्चों को सिक्किम में बचाया गया, दो गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि प्रदेश के कुल 42 बच्चों को सिक्किम में मुक्त कराकर शुक्रवार को वापस राज्य में लाया गया। सरमा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इन बच्चों के माता पिता भारत-भूटान सीमा पर चिरांग जिले के चार गांवों के रहने वाले है और दो व्यक्तियों ने उन्हें बहलाकर आश्वासन दिया था कि इन बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का ध्यान रखा जाएगा लेकिन उनसे घरेलू सहायकों का काम लिया जा रहा था। अधिकारियों ने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ के दौरान उनमें से एक ने दावा किया कि बीते दो साल में वह राज्य से बाहर 80 बच्चों को ले जा चुके है और उनमें से कुछ को दुबई भेज दिया गया। बोडोलैंड प्रांतीय परिषद के प्रमुख प्रमोद बोडो और विशेष डीजीपी एल आर बिश्नोई के निर्देशन में चिरांग पुलिस ने बच्चों की वापसी के लिए यह अभियान शुरू किया था जबकि सिक्किम पुलिस ने इसमें आवश्यक मदद व सहायता उपलब्ध कराई।

### अजित पवार ने बाढ़ के हालात पर की राजनाथ से चर्चा

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने राज्य में बाढ़ से बिगड़ते हालात पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ शुक्रवार को चर्चा की। पवार के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रक्षा मंत्री ने राहत एवं बचाव अभियानों में रक्षा बलों की मदद का आश्वासन दिया है। सेना और नौसेना की टीमें राज्य में पहले ही तैनात कर दी गई है।बयान में कहा गया कि महाराष्ट्र के राहत एवं पुनर्वास सचिव असीम गुप्ता को रक्षा मंत्रालय के साथ समन्वय के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला संरक्षण मंत्रियो तथा निर्वाचित स्थानीय प्रतिनिधियो से बाढ़ प्रभावित जिलों में जाने को कहा गया है। बयान के अनुसार, रायगढ़ की संरक्षण मंत्री अदिति तटकरे, रत्नागिरी के संरक्षण मंत्री अनिल परब आदि से अपने क्षेत्रों में मौजूद रहने और राहत तथा बचाव अभियानों की निगरानी करने को कहा गया है।

### भाजपा की राजनीति में किसानों के लिए जगह नहीं : डोटासरा

**जयपुर (भाषा)** । कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि भाजपा की राजनीति में किसानों के लिए जगह नही है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में एक कार्यक्रम मे डोटासरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव किसान विरोधी राजनीति करने के लिए जानी जाती है। उन्होने कहा कि भाजपा जिस प्रकार की राजनीति करती है उसमें किसानों के लिए कोई स्थान नही है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर मे किसानो के लिए जितनी अपमानजनक बाते कही गई और उन पर अनर्गल आरोप लगाए गए वे निंदनीय है। कांग्रेस नेता ने कहा, भाजपा के नेता किसान पुत्रों को खालिस्तानी कहते है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की नई मंत्री मीनाक्षी लेखी किसानों को मवाली कहकर संबोधित करती है। यह भारतीय जनता पार्टी की किसान विरोधी विचारधारा का परिचायक है।

### राज्य में टीके की कोई खुराक बर्बाद नहीं हुई : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राजस्थान में टीके की कोई खुराक बर्बाद नही हुई और यह उन लोगो के लिए करारा जवाब है जिन्होंने टीके की बर्बादी के झूठे आरोप लगाकर हमारे स्वास्थ्यकर्मियो का मनोबल गिराया था। गहलोत ने ट्वीट किया, आज लोकसभा मे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राजस्थान में टीके की कोई खुराक बर्बाद नही हुई बल्कि 13 जुलाई तक 2.46 लाख टीके की अतिरिक्त खुराक लगाई गई। यह उन लोगो के लिए करारा जवाब है जिन्होंने टीके बर्बादी के झूठे आरोप लगाकर हमारे स्वास्थ्यकर्मियो का मनोबल गिराया था। उन्होंने कहा कि टीके की शीशी मे कई बार 10 की जगह 11 खुराक आती है। सावधानीपूर्वक टीकाकरण से इस अतिरिक्त खुराक का भी इस्तेमाल किया जाता है। इसके कारण टीके की बर्बादी नेगेटिव यानी शून्य से कम है। जानकारी के अभाव मे विपक्षी नेताओ ने नेगेटिव खराबी का मजाक उड़ाया था।

### झूठे मामले दर्ज कर रही है द्रमुक: अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने मुख्य विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज कर तुच्छ राजनीतिक कदम उठाया है। पूर्व मंत्री एमआर विजयभास्कर से संबंधित परिसरो मे सतर्कता अधिकारियों द्वारा छापेमारी करने के एक दिन बाद, पार्टी ने द्रमुक सरकार पर अन्नाद्रमुक कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले थोपने संबंधी तुच्छ राजनीतिक कदम उठाने का आरोप लगाया। पार्टी के शीर्ष दो नेताओं ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी ने एक बयान मे कहा कि अगर द्रमुक शासन इस तरह की रणनीति के माध्यम से अन्नाद्रमुक को खत्म करने का सपना देखता है, तो यह केवल एक दिन के सपने के रूप मे समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक एक ऐसा आंदोलन है जो इस तरह के दमन के बावजूद और ताकतवर होता गया।



बेंगलुरू में मुख्यमंत्री येदियुरप्पा ने मंत्रियों व अधिकारियों के साथ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के कार्यों का निरीक्षण किया

# एदियुरप्पा के बाद अनुसूचित जाति के किसी नेता को सीएम बनाए भाजपा: सिद्धरमैया

**भाषा।** मंगलुरु

**कांग्रेस के** वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने बी एस एदियुप्पा के इस्तीफे की अटकलों के बीच कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा को शुक्रवार को अनुसूचित जाति समुदाय के किसी नेता को मुख्यमंत्री बनाने की चुनौती दी। सिद्धरमैया ने कहा, नलिन कुमार कतील (भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष) ने मुझे चुनौती देते हुए कहा था कि सिद्धरमैया किसी दलित को मुख्यमंत्री (पद का चेहरा) घोषित करें। हमारी पार्टी से अनुसूचित जाति के चार नेता अतीत में मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इनमें महाराष्ट्र में शिंदे (सुशील कुमार शिंदे), जगन्नाथ पहाड़िया-राजस्थान और दामोदरम संजीवैय्या-आंध्र प्रदेश शामिल हैं।

सिद्धरमैया ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कतील के पास अनुसूचित जाति के किसी व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने का मौका है। उन्होंने कहा, खैर, एदियुरप्पा को (मुख्यमंत्री पद से) हटा दिया जाएगा, अब उनके (भाजपा) के लिए एक अवसर है, वे ऐसा कर सकते हैं। वैसे भी एदियुरप्पा के जाने के बाद सीट (मुख्यमंत्री सीट) खाली हो जाएगी। अगर उन्हें अनुसूचित जाति से प्रेम है और वे ऐसा कर सकते हैं तो उन्हें करने दें। वे (भाजपा) सामाजिक न्याय का सम्मान नहीं करते, लेकिन दूसरों से सवाल करते हैं।

एदियुरप्पा ने नेतृत्व में बदलाव को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच बृहस्पतिवार को इस बात का संकेत दिया था कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने कहा था कि वह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आदेश का पालन करेंगे। एदियुरप्पा (78) ने कहा था कि पार्टी आलाकमान कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके भविष्य के बारे में 25 जुलाई को उन्हें निर्देश देगा। एदियुरप्पा सरकार के दो साल 26 जुलाई को पूरे हो जाएंगे।

## संसदीय सवालों के जवाबों को ममता खुद परखेंगी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसला किया है कि वह संसदीय सवालों के जवाब भेजे जाने से पहले अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा दिए जाने वाले इन उत्तरों को खुद देखेंगी और फिर इन्हें स्वीकृति प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने यह निर्णय इन खबरों के बीच किया है कि उनकी सरकार के विभाग संसदीय सवालों के जवाब समय पर नहीं भेजते। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने एक संदेश में सचिवों को निर्देश दिया है कि वे संबंधित जवाब उन्हें भेजें जिन्हें अंतिम स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। सरकार के संज्ञान में आया है कि संसदीय सवालों के जवाब हमेशा समय पर नहीं भेजे जाते। इसलिए, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, संयुक्त सचिवों, सचिवों से अपने जवाब मुख्य सचिव को भेजने को कहा गया है। वह (मुख्य सचिव) इसके बाद इन जवाबों को स्वीकृति के लिए सक्षम प्राधिकार, जो मुख्यमंत्री हैं, को भेजेंगे।

# महाराष्ट्र में ऑक्सीजन की कमी से कोविड के किसी मरीज की मौत नहीं हुई: टोपे

**भाषा।** पुणे

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने शुक्रवार को कहा कि कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान राज्य में चिकित्सकीय ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई थी। टोपे ने नेशनल कोल्ड चेन अनुसंधान केन्द्र के एक छात्रावास के उद्घाटन के अवसर पर संवाददाताओं से यह बात कही।

उन्होंने कहा, राज्य में चिकित्सकीय ऑक्सीजन की कमी के कारण कोविड-19 के किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। ऐसी मौतें देश के अन्य राज्यों में हो सकती हैं। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने मंगलवार को संसद में कहा था कि कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के दौरान किसी भी राज्य अथवा केन्द्र शासित प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी मरीज की मौत नहीं हुई थी। इसको लेकर विपक्ष और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सरकार की कड़ी आलोचना की थी। टोपे ने कहा कि राज्य में प्रति दिन कोविड-19 रोधी टीके की करीब 3.5 लाख खुराकें लगाई जा रही हैं, जबकि उसकी क्षमता एक दिन में टीके की 10 लाख खुराक लगाने की है।

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, मैं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर महाराष्ट्र के लिए टीके की और अधिक खुराकों की मांग करूंगा। इसके लिए मैंने भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को साथ आने के लिए कहा है। राज्य में स्कूलों को दोबारा खोले जाने पर टोपे ने कहा कि इस मामले में राज्य सरकार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के निर्देशों का पालन करेगी जोकि यह निर्धारित करता है कि शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के टीकाकरण के बाद ही शैक्षणिक संस्थानों को फिर से खोला जा सकता है।

# पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के खिलाफ रंगदारी मांगने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** के पूर्व पुलिस आयुक्त परम बीर सिंह के खिलाफ एक बिल्डर के रिश्तेदार से कथित तौर पर रंगदारी वसूलने और फिरौती के लिए अपहरण करने के आरोप में एक और मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि ठाणे में शुक्रवार को दर्ज की गई प्राथमिकी (एफआईआर) में डीसीपी रैंक के एक अधिकारी और तीन अन्य का भी नाम है। शिकायतकर्ता शरद अग्रवाल ने शुक्रवार तड़के ठाणे के कोपरी पुलिस थाने में संपर्क किया और परम बीर सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जो पहले ठाणे पुलिस प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। अन्य आरोपियों की पहचान मुंबई पुलिस के डीसीपी रैंक के अधिकारी पराग मानेरे, संजय पुनामिया, सुनील जैन और मनोज घोटकर के रूप में हुई है। अग्रवाल द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौर पर उससे दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी और उसकी जमीन का जबरन अधिग्रहण कर लिया।

मुंबई पुलिस ने बताया कि श्याम सुंदर अग्रवाल ने शिकायत दी थी कि परमबीर सिंह, पांच अन्य पुलिस अधिकारियों और दो अन्य लोगों ने उनके खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने के लिए 15 करोड़ रुपए मांगे थे। शिकायत मिलने के बाद बुधवार को आरोपियों के खिलाफ रंगदारी, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। शरद अग्रवाल श्यामसुंदर अग्रवाल के भतीजे हैं।

पुलिस ने कहा कि शिकायत के आधार पर, आईपीसी की धारा 384, 385, 388, 389, 420, 364ए, 34 और 120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में जांच जारी है। उन्होंने कहा कि मामले के दो आरोपी पुनामिया और जैन को मुंबई पुलिस पहले ही दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर चुकी है।

मुंबई में उद्योगपति मुकेश अंबानी के आवास के पास एक वाहन मिलने पर बर्खास्त किए गए पुलिस अधिकारी सचिन वाजे की गिरफ्तारी के बाद इस साल मार्च में पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह को मुंबई पुलिस आयुक्त के पद से हटा दिया गया था। उस वाहन में विस्फोटक सामग्री रखी मिली थी। बाद में सिंह ने राज्य के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।



थाणे इलाके में भारी बारिश के कारण उलहास नदी में आई बाढ़ से रायथा गांव का एक पुल बह गया।

# दूरसंचार कंपनियों की याचिकाएं खारिज

**● एजीआर संबधित बकाया की गणना में गड़बड़ी को लेकर सप्रीम कोर्ट में दायर की गयी थी याचिका**



**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने वोडाफोन आइडिया और भारती एयरटेल समेत दूरसंचार क्षेत्र की बड़ी कंपनियों की तरफ से उनके द्वारा चुकाए जाने वाले समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) संबंधी बकाया की गणना में गलितयों का आरोप लगाते हुए दायर की गई याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा, सभी अर्जियां खारिज की जाती हैं। दूरसंचार कंपनियों ने शीर्ष अदालत में दलील दी कि गणना में अंकगणितीय त्रुटियों को ठीक किया जाए और प्रविष्टियों में दोहराव के मामले भी हैं। शीर्ष अदालत ने 19 जुलाई को कहा था कि वह दूरसंचार क्षेत्र की बड़ी कंपनियों द्वारा दायर आवेदनों पर आदेश पारित करेगी। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल सितंबर में सरकार को अपनी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए एजीआर से संबंधित 93,520 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए संघर्ष कर रहे दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 10 साल का समय दिया था। आवेदनों पर 19 जुलाई की सुनवाई के दौरान, पीठ ने मामले में शीर्ष अदालत द्वारा पारित पूर्व के आदेश का संदर्भ दिया था और कहा था कि एजीआर संबंधित बकाए का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। दूरसंचार की एक कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने तर्क दिया था कि वे इसके लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) को दोष नहीं दे रहे थे क्योंकि अंकगणितीय प्रविष्टियां हैं और वे विभाग के समक्ष प्रविष्टियां रखना चाहते हैं ताकि वे इस पर फिर से विचार कर सकें। पिछले साल सितंबर के आदेश में, शीर्ष अदालत ने कहा था कि दूरसंचार संचालकों को 31 मार्च 2021 तक दूरसंचार विभाग द्वारा मांगे गए कुल बकाए का 10 प्रतिशत भुगतान करना होगा और बाकी राशि एक अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2031 तक सालाना किस्तों में चुकाई जा सकती है। एजीआर बकाया के संबंध में दूरसंचार विभाग की मांग को अंतिम मानते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि दूरसंचार कंपनियों कोई विवाद पैदा नहीं करेंगी और कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं होगा। शीर्ष अदालत ने अक्टूबर 2019 में एजीआर के मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया था। दूरसंचार विभाग ने पिछले साल मार्च में शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर 20 साल की अवधि में दूरसंचार कंपनियों द्वारा बकाया भुगतान की अनुमति देने का अनुरोध किया था।

## धारा 24 ए के तहत अपराधों के शमन के लिए सेबी की सहमति जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने माना कि सेबी की धारा 24ए के तहत अपराधों के शमन के लिए बाजार नियामक की सहमति अनिवार्य नहीं है, हालांकि प्रतिभूति बाजार की स्थिरता के साथ-साथ निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए एक विशेषज्ञ निकाय होने के नाते इसकी राय लेनी जरूरी है। न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की पीठ ने कहा कि हालांकि सेबी के पास विचाराधीन अपराधों की सुनवाई के बारे में वीटो करने का कोई अधिकार नहीं है, लेकिन यह एक नियामक और अभियोजन एजेंसी है और प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण और अदालतों को इसके विचार लेने चाहिए, क्योंकि यह एक विशेषज्ञ निकाय है। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रतिभूति बाजार की स्थिरता और निवेशकों की सुरक्षा के हित में सेबी के विचार जानना जरूरी है। पीठ ने कहा, धारा 24ए, के तहत किसी अर्जी पर कोई भी निर्णय लेने से पहले अपीलीय या ऐसी अदालतों को सेबी के विचार जान लेना जरूरी है।

## 792 निजी खाद्य प्रसंस्करण परियोजनाओं को मंजूरी दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**निजी** क्षेत्र द्वारा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने की 818 में से 792 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इसके लिए अब तक 5,792 करोड़ रुपए का सहायता अनुदान स्वीकृत किया गया है।

सरकार ने शुक्रवार को संसद को यह जानकारी दी। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि सरकार कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने और अपव्यय को कम करने के लिए देश के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निजी क्षेत्र के निवेश को लगातार प्रोत्साहन और सहायता दे रही है।

मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने हाल ही में इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को और बढ़ाने के लिए तीन प्रमुख पहल की हैं।

# अपीलीय न्यायाधिकरण ने समाधान योजना पर रोक लगाने से किया इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने शुक्रवार को दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि. (डीएचएफएल) की समाधान योजना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

समाधान योजना के तहत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस सफल बोलीदाता और अधिग्रहणकर्ता कंपनी है। 63 मून्स फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज की अपील पर सुनवाई करते हुए अपीलीय न्यायाधिकरण ने यह आदेश दिया।

चेयरपर्सन एआईएस चीमा और सदस्य आलोक श्रीवास्तव की दो सदस्यीय पीठ ने इस संदर्भ में 63 मून्स फाइनेंशियल टेक्नोलॉजीज की अपील खारिज कर दी। अपील में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा मंजूर समाधान योजना पर रोक लगाने का अंतरिम आदेश देने का आग्रह किया गया था।

इससे पहले एनसीएलटी ने सात जून को पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लि. की कर्ज में डूबी डीएचएफएल को लेकर समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी। कंपनी में डिबेंचरधारक 63 मून्स ने याचिका दायर कर अपीलीय न्यायाधिकरण में फैसले को चुनौती दी थी।

अपील में आग्रह किया गया था कि उसने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष दो याचिकाएं दायर की हैं और जबतक इस पर निर्णय नहीं हो जाता, एनसीएलटी के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाए।

# शेयर बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स मजबूत

**● रुपया छह पैसे मजबूत**

**भाषा।** मुंबई

**शेयर** बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही। बैंक, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और दवा कंपनियों के शेयरों में मजबूती के साथ बीएसई सेंसेक्स 138 अंक बढ़त में रहा। हालांकि कोविड-19 के डेल्टा संक्रमण के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता के साथ सप्ताह के दौरान इसमें गिरावट रही।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार से बाहर निकलते हुए 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 138.59 अंक यानी 0.26 प्रतिशत मजबूत होकर 52,975.80 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 32 अंक यानी 0.20 प्रतिशत मजबूत होकर 15,856.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 3.18 प्रतिशत की तेजी के साथ सर्वाधिक लाभ में आईसीआईसीआई बैंक रहा। शनिवार को जारी होने वाले परिणाम से पहले से आईसीआईसीआई बैंक में तेजी रही। इसके अलावा, आईटीसी, एसबीआई, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टेक महिंद्रा के शेयर भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे। इनमें 2.56 प्रतिशत तक की तेजी आई। दूसरी तरफ, एलएंड टी, एचयूएल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स और एचडीएफसी बैंक समेत अन्य शेयरों में 1.80 प्रतिशत तक की गिरावट रही। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 164.26 अंक यानी 0.30 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी 67.5 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटा।

एमके वेल्थ मैनेजमेंट के शोध प्रमुख जोसेफ थॉमस ने कहा, बाजार में आज हाल के इतिहास में सबसे बहुप्रतीक्षित आईपीओ में से एक जोमैटो की मजबूत सूचीबद्धता देखी गई। हालांकि उत्साह व्यापक नहीं था...। साप्ताहिक रुख भी मामूली रूप से नकारात्मक रहा क्योंकि ज्यादातर सूचकांकों में सप्ताह के दौरान गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर के अनुसार स्थानीय निवेशकों के उच्च घरेलू प्रवाह से घरेलू बाजार में तेजी बनी रही। उन्होंने कहा कि कंपनियों के बेहतर परिणाम से भी देश और विदेश में रुख सकारात्मक है। वहीं फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक में मौद्रिक नीति नरम बनाए रखने पर चर्चा होनी है।

आकर्षक आईपीओ, बैंक और रियल्टी कंपनियों के शेयरों ने घरेलू खरीदारों को आकर्षित किया।

यूरोपीयन सेंट्रल बैंक के नरम रुख की बात दोहराए जाने के बाद वहां प्रमुख बाजारों में मध्याह्न कारोबार में तेजी का रुख रहा। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे मजबूत होकर 74.40 पर बंद हुआ।

## सुधारों के चलते बेहतर हुई भारत की व्यापार सुविधा रैंकिंग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत विशेष रूप से सीमा शुल्क विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए गए सुधारों के कारण भारत की व्यापार सुविधा रैंकिंग बेहतर हुई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल एवं टिकाऊव्यापार सुविधा पर संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक सर्वेक्षण में भारत की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। बयान के मुताबिक भारत ने ताजा सर्वेक्षण में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल किए, जबकि इससे पहले 2019 में उसे 78.49 प्रतिशत अंक मिले थे। दुनिया भर की 143 अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के बाद 2021 के सर्वेक्षण में भारत की स्थिति पारदर्शिता, संस्थागत व्यवस्था एवं सहयोग, कागज रहित व्यापार सहित कई लिहाज से बेहतर हुई। सर्वेक्षण में कहा गया कि दक्षिण एवं दक्षिण पश्चिम एशिया क्षेत्र और एशिया प्रशांत क्षेत्र की तुलना में भारत का प्रदर्शन बेहतर रहा।

# व्यापार सुगमीकरण में भारत की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** ने यूएनईएससीएपी के डिजिटल और सतत व्यापार सुगमीकरण पर वैश्विक सर्वेक्षण में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल कर उल्लेखनीय सुधार हासिल किया है। सर्वेक्षण 2021 में 143 अर्थव्यवस्थाओं के मूल्यांकन के बाद पाया गया कि भारत ने सभी महत्वपूर्ण संकेतकों, पारदर्शिता, औपचारिकताााएं, संस्थागत व्यवस्था और सहयोग, कागज रहित व्यापार और सीमा पार कागज रहित व्यापार में उल्लेखनीय सुधार किया है। भारत ने डिजिटल और सतत व्यापार सुगमीकरण पर वैश्विक सर्वे में 90.32 प्रतिशत अंक हासिल किया। यह 2019 में 78.49 प्रतिशत के मुकाबले महत्वपूर्ण सुधार है। पारदर्शिता संकेतक के तहत देश ने 2021 में 100 प्रतिशत अंक हासिल किया जो 2019 में 93.33 प्रतिशत था। कागज रहित व्यापार के मामले में अंक 96.3 प्रतिशत रहा जो 2019 में 81.48 प्रतिशत था। संस्थागत व्यवस्था और सहयोग के मामले में भारत का अंक सुधरकर 88.89 प्रतिशत रहा जो 2019 में 66.67 प्रतिशत था। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल और सतत व्यापार सुविधा पर संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक सर्वेक्षण में भारत ने अंक हासिल करने में महत्वपूर्ण सुधार किया है। इसमें कहा गया है कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) विभिन्न सुधारों को आगे बढ़ाने में अगुआ रहा है। उसने महत्वपूर्ण सुधार तुरंत कस्टम के माध्यम से बिना आमने सामने आए (फेसलेस), कागज रहित (पेपरलेस)और संपर्क रहित (कांटेक्टलेस) सीमा शुल्क व्यवस्था को आगे बढ़ाया। मंत्रालय ने कहा कि इससे यूएनईएससीएपी की डिजिटल और सतत व्यापार सुविधा की रैकिंग में सुधार को लेकर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। एशिया प्रशांत के लिए आर्थिक और सामाजिक आयोग संयुक्त राष्ट्र के क्षेत्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है और समावेशी तथा सतत विकास प्राप्त करने के लिए देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। वित्त मंत्रालय के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान सीमा शुल्क विभाग ने ऑक्सीजन संबंधित उपकरण, दवाइयां, टीका आदि जैसे कोरोना संक्रमण के इलाज में जरूरी सामानों के तत्काल आयात को लेकर हर संभव प्रयास किए।

## केनेथ जस्टर यूएसआईबीसी के वैश्विक बोर्ड में शामिल

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर को अमेरिका भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी) के वैश्विक बोर्ड में सलाहकार नियुक्त किया गया है। यूएसआईबीसी की अध्यक्ष निशा देसाई बिस्वाल ने कहा कि हम अपने वैश्विक बोर्ड के सलाहकार के रूप में राजदूत जस्टर का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वह अमेरिका-भारत साझेदारी के सच्चे समर्थक हैं, जिन्होंने द्विपक्षीय संबंधों पर एक निर्विवाद छाप छोड़ी है। यूएसआईबीसी ने कमल अहलूवालिया को एटफोल्ड एआई का अध्यक्ष, गुरु बांदेकर को ग्लोबल स्ट्रैटेजिक सोर्सिंग स्टेनली ब्लैक एंड डेकर का मुख्य खरीद अधिकारी और रघु रघुराम को वीएमवेयर का सीईओ बनाने की घोषणा भी की। जस्टर 2017 से 2021 तक भारत में अमेरिकी दूत थे। पिछले कुछ वर्षों के दौरान अमेरिका-भारत संबंध तेजी से मजबूत हुए हैं।

# जून में पी-नोट्स के जरिए निवेश बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए हुआ

**● 37 माह के उच्चस्तर पर**

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट्स (पी-नोट्स) के जरिए निवेश जून के अंत तक बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह इसका 37 माह का उच्चतम स्तर है। इससे भारतीय पूंजी बाजार के प्रति विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ने का संकेत मिलता है। भारतीय बाजार विनियामक सेबी के साथ पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो (एफपीआई) निवेशक अपने उन विदेशी ग्राहकों को पी-नोट जारी करते है जो भारत में अपना पंजीकरण कराए बिना यहां की प्रतिभूतियों में निवेश करना चाहते हैं। हालांकि, इसके लिए उन्हें पहचान के मामले में पूरी जांच-परख की प्रक्रिया को पूरा करना होता है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार भारतीय बाजारों इक्विटी, ऋण और हाइब्रिड सिक्योरिटीज में पी-नोट्स के जरिए निवेश जून के अंत तक बढ़कर 92,261 करोड़ रुपए हो गया। यह मई के अंत में 89,743 करो रुपए , अप्रैल अंत में 88,447 करोड़ रुपए और मार्च अंत में 89,100 करोड़ रुपए था। जून अंत में पी-नोट्स के जरिए हुए कुल 92,261 करोड़ रुपए के निवेश में से 83,792 करोड़ रुपए शेयरों में निवेश किए गए।

## निर्यात 45.13 प्रतिशत बढ़ा: वाणिज्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** देश का निर्यात इस महीने एक से 21 जुलाई के बीच 45.13 प्रतिशत बढ़कर 22.48 अरब डॉलर रहा। रत्न एवं आभूषण, पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से निर्यात बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के अस्थाई आंकड़े के अनुसार आयात भी इस दौरान 64.82 प्रतिशत बढ़कर 31.77 अरब डॉलर रहा। इससे व्यापार घाटा 9.29 अरब डॉलर रहा। आंकड़े के अनुसार रत्न और आभूषण, पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग निर्यात एक से 21 जुलाई के दौरान क्रमश: 42.45 करोड़ डॉलर, 92.333 करोड़ डॉलर और 55.14 करोड़ डॉलर रहे। पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उत्पादों का आयात करीब 77.5 प्रतिशत बढ़कर 1.16 अरब डॉलर रहा।

# नाबार्ड ने एमपी के 71 लाख से अधिक किसानों को दिए ऋण

**भाषा।** भोपाल

**राष्ट्रीय** कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पिछले कुछ सालों में मध्यप्रदेश के 71 लाख से अधिक किसानों को 55,759 करोड़ रुपए का फसल ऋण वितरित किया है। इसके साथ ही पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों के लिए भी प्रदेश में 24,526 करोड़ रुपए का ऋण लोगों दिए गए हैं। नाबार्ड के ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्यप्रदेश के छह दिवसीय दौरे पर आए नाबार्ड के अध्यक्ष डॉ जीआर चिंताला ने बृहस्पतिवार को यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की और उन्हें बैंक की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। नाबार्ड के अध्यक्ष ने बताया कि बैंक ने मध्यप्रदेश में पिछल कुछ सालों में 71 लाख से अधिक किसानों को फसल ऋण के लिए 55,759 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया है। इसके अलावा बैंक ने पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, गोदाम, भंडारण, खाद्य प्रसंस्करण ओर अन्य संबद्ध कार्यो के लिए 24,526 करोड़ रुपए की दार्घकालिक पुनर्वित सहायता प्रदान की है। डॉ चिंताला ने कहा कि किसी भी राज्य के सर्वांगीण विकास में सड़क और बिजली महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नाबार्ड ने प्रदेश में 17,349 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों, 46,352 मीटर पुल तथा 158.84 मेगावाट के बिजली संयंत्र आदि के निर्माण में अपना वित्त पोषण और सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि नाबार्ड ने सिंचाई के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य सरकार का सहयोग किया है। इसके परिणामस्वरूप 34,09,151 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता का सृजन हुआ है, जिससे लगभग 15141 गांवों को लाभ हुआ है। अध्यक्ष ने कहा कि नाबार्ड ने राज्य में लगभग 30 लाख मीट्रिक टन वेयरहाउसिंग क्षमता का निर्माण किया गया है।

# इंडियन एनर्जी एक्सचेंज का शुद्ध लाभ 47 प्रतिशत बढ़ा

**भाषा।** नई दिल्ली

**बिजली** बाजार इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही अपैल-जून में 47 प्रतिशत बढ़कर 62.10 करोड़ रुपए रहा। मुख्य रूप से आय बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। आईएक्स ने एक बयान में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में उसे 42.09 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय जून 2021 को समाप्त पहली तिमाही में 102.88 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 81.09 करोड़ रुपए थी। आईईएकस के अनुसार आलोच्य तिमाही के दौरान कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए कई राज्यों में लगाई गई पाबंदियों के बावजूद बिजली खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

**मानसून में देरी के असर का आकलन करना जल्दबाजी : तोमर**

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि खरीफ फसलों पर मानसून में देरी के प्रभाव का आकलन करना जल्दबाजी होगी क्योंकि बुवाई अभी जारी है। तोमर ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 21 जुलाई तक की अवधि के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून की बारिश सामान्य बारिश से पांच प्रतिशत कम है।

# पेज 1 का शेष

## हंगामे की भेंट चढ़ा...

राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने उच्च सदन में लगातार हो रहे हंगामे और व्यवधान पर क्षोभ प्रकट करते हुए, सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथों से एक विपक्षी सदस्य द्वारा बयान की प्रति छीन उसके टुकड़े हवा में लहराने की घटना को 'संसदीय लोकतंत्र पर हमला' करार दिया। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी की विभीषिका के बीच यह सत्र आयोजित हुआ है और जनता से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जानी है। उन्होंने सदस्यों के सामने कई सवाल भी उठाए ओर उनसे इर पर चिंतन करने को कहा।

सभापति ने बृहस्पतिवार को सदन में हुए हंगामे और इस दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्य शांतनु सेन सहित अन्य विपक्षी नेताओं के आचरण का जिक्र किया और इसे अशोभनीय बताया। सभापति ने कहा कि कल जो कुछ हुआ, निश्चित रूप से उससे सदन की गरिमा प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं से विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की गरिमा ही प्रभावित होती है। नायडू ने कहा कि उन्होंने पहले भी इस बात पर जोर दिया है कि संसद राजनीतिक संस्थाओं से बहुत बड़ी है क्योंकि उसके पास संवैधानिक अधिकार हैं। उन्होंने कहा, ''लेकिन ऐसा लगता है कि संसद की गरिमा और संविधान के प्रति नाम मात्र का सम्मान है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।'' राज्यसभा के सभापति ने कहा कि जब देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है तो ऐसे समय में सदन की कार्यवाही में व्यवधान अच्छा संदेश नहीं देता। उन्होंने सदस्यों से आग्रह किया कि वह सदन की गरिमा धूमिल न होने दें। उन्होंने सदस्यों को याद दिलाया कि वे संसदीय लोकतंत्र के संरक्षक हैं और उन्हें अपने-अपने राज्यों के और वहां की जनता के मुद्दे उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''सदन में व्यवधान न्याय का कोई तरीका नहीं है।''उच्च सदन में आज विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेगासस जासूसी विवाद का मुद्दा उठाना चाहा और कहा कि उन्होंने नेताओं, उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों, पत्रकारों और अन्य लोगों की जासूसी संबंधी आरोपों के बारे में एक नोटिस दिया है। पीठासीन अध्यक्ष भुवनेश्वर कालिता ने कहा कि इस बारे में सरकार की तरफ से पहले ही बयान दिया जा चुका है। इसी बीच, राज्यसभा में उपनेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि इस मुद्दे को उठाया जा चुका है ओर इस पर सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री का बयान आ चुका है। उन्होंने कहा, ''इस दौरान किस तरह का व्यवहार विपक्ष के कुछ लोगों ने उनके साथ किया था, यह देश ने देखा है। नकवी बोल ही रहे थे कि कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ अन्य विपक्षी दलों ने हंगामा प्रारंभ कर दिया। इसके तुरंत बाद ही कालिता ने सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा में सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और प्रश्नकाल शुरू कराया। इसके बाद कुछ विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के निकट पहुंच गए। कुछ सदस्यों के हाथों में तख्तियां थी जिन पर पेगासस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग के बारे में लिखा हुआ था। सदन में हंगामे के बीच ही स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने अपने मंत्रालयों से संबंधित पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। बिरला ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कोविड दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा, ''कोविड संक्रमण और टीकाकरण की स्थिति पर बात हो रही है। आप लोगों ने मास्क नहीं लगा रखे हैं। कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हुआ है। आप जन प्रतिनिधि हैं। अगर आप खुद संक्रमण फैलाएंगे तो फिर क्या संदेश जाएगा।'' लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, ''कोविड दिशानिर्देशों का पालन करिए। आप मास्क निकालकर नारेबाजी कर रहे हैं और तख्तियां दिखा रहे हैं, यह उचित नहीं है। आप लोग अपनी सीट पर जाइए, आपको चर्चा करने का मौका दूंगा।'' हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने करीब 11.15 बजे सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## राहुल ने फोन टैपिंग...

हमारे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने भारत के संस्थाओं और लोकतंत्र के खिलाफ इसका उपयोग किया। मेरा फोन टैप किया। यह मेरी निजता का मामला नहीं है। मैं विपक्ष का एक नेता हूं और मैं जनता की आवाज उठाता हूं। यह जनता की आवाज पर आक्रमण है।'' उन्होंने दावा किया, ''राफेल मामले की जांच रोकने के लिए पेगासस का उपयोग किया गया। नरेंद्र मोदी जी ने इस हथियार का उपयोग हमारे देश के खिलाफ किया। इसके लिए सिर्फ एक शब्द है 'राजद्रोह'।'' राहुल गांधी ने कहा, ''गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और नरेंद्र मोदी की भूमिका उच्चतम न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच होनी चाहिए क्योंकि इसके उपयोग का आदेश प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही दे सकते हैं।'' उन्होंने दावा किया कि उनके फोन को टैप किया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने सवाल किया, ''अगर भारत सरकार ने पेगासस का उपयोग नहीं किया तो किसी दूसरी सरकार ने किया होगा क्योंकि पेगासस को सिर्फ सरकार को बेचा जा सकता है। प्रधानमंत्री क्यों नहीं कहते कि इसकी जांच कराई जाएगी ? इसका भी जवाब दें कि उन्होंने इसे खरीदा है या नहीं ?'' राहुल गांधी ने दावा किया, ''मेरा फोन टैप किया गया है। मेरे सुरक्षा में लगे लोगों ने बताया कि मेरा फोन टैप किया गया। ऐसा तीन-चार बार किया गया। मेरे दोस्तों को फोन किया जाता है और बताया जाता है कि राहुल गांधी का फोन टैप किया जा रहा है।''

## राहुल गांधी अपना...

राहुल गांधी ने इससे पहले कहा था कि उनके सभी फोन टैप किए गए हैं। राठौर ने पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी का बयान ''गैर-जिम्मेदाराना'' है और कहा कि लोकतंत्र में अगर कोई कुछ कहना चाहता है, तो उसे कहने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को अपना फोन जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए और भारतीय दंड संहिता के तहत जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''हम अब इंतजार करेंगे कि राहुल गांधी अपना फोन जांच को आगे बढ़ाने के लिए कब जमा करेंगे।'' लोकसभा में राहुल गांधी की अनुपस्थिति पर तंज कसते हुए राठौर ने कहा, ''हम सभी संसद में उनके रिकार्ड से अवगत हैं।'' राहुल गांधी केरल के वायनाड संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## हर मंडल मुख्यालय

कार्यक्रम में सैनिक स्कूल के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रावासों समेत 16 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 187.51 करोड़ रुपये है। गोरखपुर का सैनिक स्कूल 50 एकड़ में बनेगा और इसके निर्माण पर 154 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

## सरकारी विभागों में खेल

इसके साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विभाग में भर्ती में लम्बे समय से निलंबित पड़े स्पोर्ट्स कोटा को बहाल करने का निर्देश दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि सभी सरकारी विभाग की भर्ती में पहले की तरह ही खिलाड़ियों के लिए दो प्रतिशत का कोटा रखें। उन्होंने कहा कि जिस भी विभाग में भर्ती होनी हैए उनमें स्पोटर्स कोटा का ध्यान रखें। हर जगह पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करें। इस संबंध में विस्ततृ कार्ययोजना कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सभी जरूरी प्रयास करने के लिए संकल्पित है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बीते बुधवार को ही मेरठ में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना को हरी झंडी दी थी। इसके दो दिन बाद खिलाडियों को नौकरी का तोहफा दिया है।

## नवजोत सिद्धू ने पंजाब...

अमृतसर (पूर्व) से विधायक सिद्धू ने कहा, पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और राज्य इकाई प्रमुख के बीच कोई अंतर नहीं है। पंजाब का हर कांग्रेस कार्यकर्ता आज से पार्टी की प्रदेश इकाई का प्रमुख बन गया है। पंजाब कांग्रेस के नए कार्यकारी अध्यक्षों संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा ने भी यहां पार्टी के मुख्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब मामलों के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रभारी हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा और लाल सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## महाराष्ट्र में बारिश से...

अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि कोंकण के पर्वतीय क्षेत्रों से निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह कोल्हापुर जिले में एक बस के एक नदी में बहने से ठीक पहले उस पर सवार 11 लोगों को बचा लिया गया। राज्य में लोगों को बारिश से कोई राहत मिलती नहीं नजर आ रही है क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने छह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जो पहले से बारिश से सराबोर हैं। आईएमडी ने अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और एहतियाती उपायों की सिफारिश की है। अगले 24 घंटों के लिए तटीय कोंकण इलाके में रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के साथ ही पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। बृहस्पतिवार शाम रायगढ़ जिले में महाड तहसील के तलाई गांव में भूस्खलन हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, भूस्खलन के स्थान से 36 शव बरामद किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने बारिश से जुड़ी घटनाओं में लोगों की मौत होने पर दुख जताया है। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार ने भूस्खलन में मरने वाले लोगों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की शुक्रवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक ट्वीट में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने रायगढ़ में भूस्खलन से अपनी जान गंवाने वाले प्रत्एक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। घायलों को 50,000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

# रैंकिंग राउंड में भारतीय तीरंदाजों का मिश्रित प्रदर्शन

**●दीपिका कुमारी व्यक्तिगत रैंकिंग में नौवें स्थान पर रहीं**

**भाषा**। टोक्यो

**दुनिया** की नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी शुक्रवार को यहां युमेनोशिमा पार्क में ओलंपिक रैंकिंग राउंड में अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई लेकिन पुरुष तीरंदाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जिससे भारत को मिश्रित युगल जोड़ी में फेरबदल करने के लिए बाध्य होना पड़ा। कोरियाई तीरंदाज ने दबदबा बनाया जो 2019 के बाद से ओलंपिक की तैयारियों के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर रहे थे जिसमें महिलाओं के वर्ग में शीर्ष तीन स्थान के अलावा युवा एन सान ने 25 साल का ओलंपिक रिकार्ड भी तोड़ा। अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरूष टीम हालांकि अच्छा स्कोर नहीं बना सकी और टीम रैंकिंग में बस किसी तरह से शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रही। दीपिका 663 अंक से नौंवे स्थान पर रहीं जो, उनके सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग स्कोर 686 से काफी कम है। दीपिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती अंतिम आठ में आ सकती है, जहां उनका सामना ओलंपिक में पदार्पण कर रही सान से होने की संभावना है। दो साल पहले इसी स्थान पर सान से हारी दीपिका का इरादा बदला चुकता करने का होगा। तीरंदाजी में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाने की कोशिश में जुटे भारतीयों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। जिसमें पुरुष और मिश्रित युगल जोड़ी के क्वार्टरफाइनल में कोरिया से भिड़ने की संभावना है।

भारत ने पुरुष और मिश्रित टीम रैंकिंग में एक समान नौंवा स्थान हासिल किया। वहीं दीपिका मिश्रित युगल स्पर्धा में अपने पति और अनुभवी तीरंदाज अतनु दास की बजाय प्रवीण जाधव के साथ उतरेंगी। शुक्रवार को क्वालीफिकेशन दौर के प्रदर्शन के आधार पर यह फैसला लिया गया। पदार्पण कर रहे प्रवीण जाधव अनुभवी तीरंदाज दास (35वें स्थान) और राय (37वें स्थान) से आगे रहे। जाधव और दास का स्कोर समान 329 था, पर महाराष्ट्र का तीरंदाज अंतिम छह सेट में उनसे आगे निकल गया और उसने 720 में से 656 अंक जुटाए। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता राय अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं, वह 64 तीरंदाजों में 37वें स्थान पर रहे।



## रियो की कसक दूर करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज



इलावेनिल वालारिवन

**टोक्यो**। रियो ओलंपिक में नाकामी के बाद से लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे भारतीय निशानेबाज टोक्यो में पदकों के साथ उस मलाल को मिटाने की कोशिश करेंगे और इस बार भारतीय दल से एक या दो नहीं बल्कि चार पदकों की उम्मीद है। यूं तो भारत के 15 निशानेबाजों में से सभी पदक जीतने में सक्षम हैं लेकिन कुछ को सबसे प्रबल पदक उम्मीद माना जा रहा है। इनमें से एक सौरभ चौधरी हैं जिनका सामना ओलंपिक और विश्व चैम्पियनों से होना है। पहले दिन पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में चौधरी और अभिषेक वर्मा भारत की चुनौती पेश करेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कल अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवन की तकदीर का भी फैसला होगा। भारत के पास यह पदकों का खाता खोलने का भी मौका रहेगा। दुनिया की नंबर एक इलावेनिल देश के सर्वश्रेष्ठ राइफल निशानेबाजों में से है और ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग पिछले सात साल से उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। चौधरी ने अपने छह साल के कैरियर में इतनी कामयाबी पाई है कि वह टोक्यो में पदक की उम्मीदों में से है। दूसरे दिन भारत की मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल दस मीटर एयर पिस्टल में उतरेंगी। पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार और दीपक कुमार चुनौती पेश करेंगे। निशानेबाजी स्पर्धा के आखिरी दौर में राही सरनोबत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अंजुम मुद्गिल, तेजस्विनी सावंत, संजीव राजपूत और दो स्कीट निशानेबाज मैराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा उतरेंगे।

## हाकी में आज न्यूजीलैंड से भिड़ेगा भारत

**टोक्यो**। गौरवशाली अतीत की धरोहर और पिछले कुछ अर्से के शानदार प्रदर्शन से मिले आत्मविश्वास के दम पर चार दशक बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने की कवायद में जुटी भारतीय हॉकी टीम के सामने शनिवार को ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के रूप में पहली चुनौती होगी। रियो से टोक्यो तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने परिपक्वता का एक लंबा सफर तय किया है।

ओलंपिक की सबसे कामयाब टीम भारत ने आठ बार स्वर्ण पदक जीता लेकिन आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था। पिछले चार साल में हालांकि भारत ने एशिया कप (2017), एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (2018) और एफआईएच सीरिज फाइनल (2019) अपने नाम किए। भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप में मनप्रीत सिंह की टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। रियो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम में इस बार 10 ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका यह पहला ओलंपिक है। इनमें अधिकांश जूनियर हॉकी विश्व कप 2016 में सफलता का स्वाद चख चुके हैं और उसे सीनियर स्तर पर दोहराने को बेताब हैं। भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शुमार पी आर श्रीजेश, अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह और रूपिंदर पाल सिंह है। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह पर दारोमदार होगा तो मिडफील्ड में कप्तान मनप्रीत सिंह का अनुभव काम आएगा जो अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं और भारतीय दल के ध्वजवाहक भी हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने 1976 मांट्रियल ओलंपिक में खिताब जीता था। उसके पास स्टीफन जेनेस और हुजो इंगलिस जैसे बेहतरीन स्ट्राइकर हैं जबकि केन रसेल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हैं।

दो साल पहले कोरिया को ओलंपिक क्वालीफायर में हराकर न्यूजीलैंड ने टोक्यो का टिकट कटाया। ग्रुप ए में भारत को गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन से पार पाना होगा। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और दोनों ग्रुप से शीर्ष चार टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। ग्रुप बी में बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं।

### जीतने के लिए उतरेगी महिला हाकी टीम

**नई दिल्ली**। पुरुष हॉकी टीम की तरह भारतीय महिला हॉकी के पास ओलंपिक में कोई गौरवशाली इतिहास नहीं है और 36 बरस बाद रियो ओलंपिक में उतरने के बाद एक भी मैच नहीं जीत पाने की टीस वह तोक्यो में यादगार प्रदर्शन के जरिए दूर करना चाहेगी हालांकि पहले ही कदम पर उसे दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से खेलना है। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ अर्से में अपने प्रदर्शन से उम्मीद जगाई है। रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज रानी रामपाल की टीम का पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में प्रवेश होगा। मॉस्को ओलंपिक 1980 के 36 साल बाद रियो ओलंपिक खेलने वाली भारतीय टीम पांच में से चार मैच हार गई थी और उसने 19 गोल गंवाए। एकमात्र ड्रा जापान के खिलाफ खेला और पूरे टूर्नामेंट में टीम तीन ही गोल कर सकी।

### मुक्केबाजी में अभियान की शुरूआत करेंगे विकास

**टोक्यो**। अनुभवी विकास कृष्ण (69 किग्रा) शनिवार को यहां स्थानीय प्रबल दावेदार सेवोनरेट्स क्विंकी मेनसाह ओकाजावा के खिलाफ भारत के मुक्केबाजी ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। विकास रयोगोकू कोकुगिकान एरीना में होने वाली मुक्केबाजी स्पर्धाओं के शुरूआती दिन रिंग में उतरने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज होंगे। इसी वजह से उन्होंने उद्घाटन समारोह में नहीं जाने का फैसला किया।

भारतीय मुक्केबाजों को पदक दौर तक पहुंचने के लिए कई चुनौतीपूर्ण बाधाओं को पार करना होगा। 29 वर्षीय विकास अपने तीसरे और शायद अंतिम ओलंपिक में पदक जीतने के लिए बेताब होंगे। विकास के प्रतिद्वंद्वी ओकाजावा ने 2019 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था और इसी साल विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भी पहुंचे थे।

## सिंधु से भारत को स्वर्ण पदक की आस



**टोक्यो**। ओलंपिक पदार्पण में पांच साल पहले रजत पदक जीतने वाली मौजूदा विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु शनिवार को यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन स्पर्धा में भारत की स्वर्ण पदक हासिल करने की मुहिम की अगुवाई करेंगी। रियो में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में वह कड़े मुकाबले में हार गईं। यह भारतीय इस बार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए बेताब होगी। वह अपना अभियान ग्रुप जे में शुरू कर रही हैं जिसमें हांग कांग की चेयुंग एनगान यि (34वीं रैंकिंग) और इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा (58वीं रैंकिंग) शामिल हैं। सिंधु रविवार को अपना शुरूआती मैच खेलेंगी जबकि हमवतन खिलाड़ी बी साई प्रणीत और चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी की पुरूष जोड़ी शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। सिंधु से रियो ओलंपिक से पहले उलटफेर करने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उन्हें पदक का दावेदार नहीं माना जा रहा था। सिंधु के प्रीक्वार्टरफाइनल में मिया ब्लिचफेल्ट से और क्वार्टर में दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से भिड़ने की उम्मीद है। पुरुष एकल में प्रणीत ओलंपिक में स्वप्निल पदार्पण करना चाहेंगे जो अपना अभियान इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन के खिलाफ शुरू करेंगे। ग्रुप डी में शीर्ष पर रहने के लिए 13वें वरीय भारतीय को नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ को हराना होगा और फिर वह ग्रुप सी के विजेता से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में चिराग और सात्विक को मुश्किल ड्रा मिला है जिन्हें शनिवार को चीनी ताइपे के लीग यांग और वांग चि लिन की तीसरी रैंकिंग की जोड़ी से भिड़ना है।

## टेनिस खिलाड़ियों को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन



**टोक्यो**। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों को पदक दौर के करीब जाने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा क्योंकि सानिया मिर्जा और ओलंपिक में पदार्पण कर रही अंकिता रैना को उक्रेन की टीम के रूप में कड़ी चुनौती मिली है जबकि एकल वर्ग में सुमित नागल की राह भी आसान नहीं है। रिकॉर्ड चौथा ओलंपिक खेल रही सानिया और पहली बार उतरी रैना ने इस साल एक भी प्रतिस्पर्धी मैच साथ नहीं खेला है। खेलों के महासमर के लिए उनकी तैयारी किसी लिहाज से पुख्ता नहीं कही जा सकती। पिछली बार दोनों मार्च 2020 में बिली जीन किंग कप में साथ खेली थी। उनका सामना पहले दौर में उक्रेन की नादिया और युडमाइला किचेनोक बहनों से होगा। सानिया के पास हालांकि अपार अनुभव है और वह ऐसे जोड़ीदार के साथ उतरी है जो दिलेर प्रदर्शन करने का दम रखती है। इस जोड़ी के लिए हालांकि बहुत कुछ सानिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा जो अभी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है।। सानिया और रैना पहले दौर में जीत जाते है तो उनका सामना अगले दौर में अमेरिका की निकोल मेलिचार और एलिसन रिस्के से हो सकता है। पुरुष एकल में नागल भाग्यशाली रहे कि उन्हें ओलंपिक खेलने का मौका मिला। 14 जून की समय सीमा के भीतर उनकी रैंकिंग 144 थी और वह कट में प्रवेश के करीब भी नहीं थे।

## ओसाका का मैच एक दिन के लिए टला

**ओलंपिक डायरी**

**टोक्यो**। ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट में नाओमी ओसाका के शुरूआती मैच को शनिवार से रविवार तक के लिए टाल दिया गया है। आयोजकों ने हालांकि इसका कारण नहीं बताया है लेकिन उन्होंने केवल इतना कहा कि यह कदम टूर्नामेंट रेफरी की ओर उठाया गया है। ओसाका को मूल रूप से शनिवार सुबह सेंटर कोर्ट पर खेलों की पहली प्रतियोगिता में चीन की 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग साइसाई के खिलाफ अपने अभियान को शुरू करना था। ओसाका जापान की शीर्ष खिलाड़ियों में एक है और इस फैसले के पीछे एक कारण शुक्रवार की शाम को उद्घाटन समारोह में उनका भाग लेना हो सकता है। फ्रेंच ओपन के पहले दौर के बाद टेनिस से विश्राम लेने वाली ओसाका लगभग दो महीने बाद प्रतिस्पर्धा में वापसी कर रही है।



ओलंपिक टार्च प्रज्जवलित करने के बाद नाओमी ओसाका

### उक्रेन के विरोध के बाद बदला नक्शा

**टोक्यो**। ओलंपिक की वेबसाइट पर दिया गया एक नक्शा उक्रेन के विरोध के बाद बदलना पड़ा चूंकि इसमें क्रीमिया प्रायद्वीप से सटी एक सीमा को शामिल किया गया था। यह नक्शा ओलंपिक वेबसाइट पर चीयर जोन का हिस्सा था जिसमें दुनिया भर के प्रशंसक तोक्यो ओलंपिक में अपनी अपनी टीमों का समर्थन कर रहे हैं। गुरूवार को नक्शे पर क्रीमिया के शीर्ष पर काली रेखा थी जो राष्ट्रीय सीमा की तरह ही थी। शुक्रवार को इस पर कोई रेखा नहीं थी। क्रीमिया को 2014 में रूस ने अपने कब्जे में ले लिया लेकिन उक्रेन इसे अभी भी अपना क्षेत्र मानता है। जापान स्थित उक्रेन दूतावास ने बताया कि उन्होंने आईओसी के समक्ष विरोध दर्ज कराया और अब नक्शे में बदलाव करदि या गया है।

### रूस की तीरंदाज टोक्यो की गर्मी में बेहोश हुई

**टोक्यो**। रूसी तीरंदाज स्वेतलाना गोम्बोएवा शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक में प्रतियोगिता के दौरान भीषण गर्मी में बेहोश हो गई। रूसी ओलंपिक समिति द्वारा जारी बयान में कोच स्टानिस्लाव पोपोव ने कहा कि क्वालीफाइंग दौर पूरा करने के तुरंत बाद गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई। इसके बाद चिकित्सा कर्मचारियों ने उनकी मदद की। रूस के कोच ने कहा, मेरे सामने पहली बार ऐसा कुछ हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे पहले व्लादिवोस्तोक में जहां हम अभ्यास कर रहे थे वहां भी ऐसी ही गर्मी थी लेकिन यहां नमी बहुत ज्यादा है। टीम की उनकी साथी केन्सिया पेरोवा ने कहा कि वह एक अन्य खिलाड़ी के साथ अपने नतीजे पर चर्चा कर रही थीं जब उन्हें पता चला कि गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई थी। पेरोवा ने कहा कि यह शायद हीटस्ट्रोक (लू लगने जैसी स्थिति) के कारण हुआ। गोम्बोएवा शुक्रवार को 64 महिला तीरंदाजों के क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रही।

### पुर्तगाली सर्फर कोविड-19 जांच में पाजिटिव

**टोक्यो**। पुर्तगाली सर्फर फ्रेडरिको मोराइस ने घोषणा की कि वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं और वह जापान में ओलंपिक पदार्पण नहीं कर पाएंगे। मोराइस टोक्यो ओलंपिक में यूरोप के सर्वश्रेष्ठ सर्फर माने जा रहे थे। उन्होंने शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया पर यह बयान जारी किया। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि यह मेरा सबसे दुख देने वाला वीडियो होगा। 2019 में मैंने 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिन्हें कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया। और अब इस वायरस की वजह से मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा और अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा।

### स्वप्न पूरा करने के लिए पीछे नहीं हटीं जाजा

**टोक्यो**। सीरिया की 12 साल की टेबल टेनिस खिलाड़ी हेंड जाजा युद्ध से अपने गृह नगर के बर्बाद होने के बावजूद अपने ओलंपिक स्वप्न को पूरा करने के लिए पीछे नहीं हटीं। जाजा टोक्यो ओलंपिक में सबसे युवा ओलंपियन के तौर पर युद्ध से तबाह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह अपने देशवासियों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान वापस ला सकती हैं। सीरियाई शहर हामा की रहने वाली जाजा ने कहा कि मैं सीरियाई लोगों को खुश करना चाहती हूं, सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि हमारे सभी खेल ऐसा चाहते हैं। हम उन्हें बताएंगे कि हम इसके लिए तैयार हैं और हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। जाजा ने कहा कि युद्ध से मिले दर्द और परेशानियों से बचने के लिए टेबल टेनिस उनका सहारा बना जिसने उन्हें जिंदगी की चुनौतियों से लड़ने की ताकत दी। वह शुक्रवार को ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में सीरिया की ध्वजवाहक थीं। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस ने मुझे सबकुछ दिया और मुझे आत्मविश्वास से भरा मजबूत इंसान बनना सिखाया।

## चानू को पदक जीतने की उम्मीद



**टोक्यो**। पूर्व विश्व चैम्पियन मीराबाई चानू से यहां टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद लगी है और यह भारतीय भी रियो ओलंपिक के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर देश के भारोत्तोलन इतिहास में नया अध्याय लिखना चाहेगी। चानू भारत के लिए 49 किग्रा वर्ग में पदक की निश्चित दावेदार मानी जा रही हैं क्योंकि आठ महिलाओं भारोत्तोलकों में उनका 205 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन केवल चीन की होऊ जिहुई के 213 किग्रा के बाद दूसरे नंबर है। हालांकि उनके पदक को लेकर हाइप बिलकुल ऐसी है जैसी पांच साल पहले रियो में थी जिसमें चानू छह प्रयासों में केवल एक ही बार वजन उठा सकी थीं जिससे उन्हें महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में ओवरऑल स्कोर नहीं मिल सका था। मणिपुर की यह भारोत्तोलक इस बार निश्चित रूप से नया अध्याय लिखना चाहेंगी जिसमें पदक शामिल हो। कर्णम मल्लेश्वरी एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक हैं जिनके नाम ओलंपिक पदक है। उन्होंने 2000 सिडनी ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था, जब भारोत्तोलन एरीना पहली बार महिलाओं के लिए खोला गया था। उम्मीद है कि चानू क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के अपने विश्व रिकार्ड को बेहतर करने की कोशिश करेंगी।

## खराब प्रदर्शन करने वाले एथलीटों पर कार्रवाई करेगा एएफआई

**नई दिल्ली**। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर और 20 किमी पैदल-चाल के एथलीट केटी इरफान की फॉर्म में गिरावट के बावजूद उन्हें ओलंपिक दल से बाहर नहीं करने के फैसला किया, लेकिन इन खेलों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ शुक्रवार को कार्रवाई की चेतावनी दी।



एम श्रीशंकर

एएफआई की चयन समिति ने एक आपात बैठक में दो एथलीटों को 26 सदस्यीय टीम से बाहर नहीं करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बेंगलुरु में हाल ही में आयोजित ट्रायल में खराब प्रदर्शन के बाद कुछ सदस्यों का मत था कि इन दोनों खिलाड़ियों टीम से बाहर किया जाए लेकिन समिति ने कहा कि महासंघ ने ट्रायल का आयोजन फिटनेस का आकलन करने के लिए किया था,लय के लिए नहीं। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि दोनों एथलीटों के कोचों से ट्रायल में उनकी खराब फॉर्म के बारे में बात की गई थी। उन्होंने कहा कि कोचों ने वादा किया है कि उनके संबंधित एथलीट टोक्यो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। सुमरिवाला ने कहा कि अगर एथलीट ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो हम उनके खिलाफ कार्वाई करेंगे। यह संदेश उन सभी एथलीटों के लिए है जो टोक्यो खेलों में भाग ले रहे है।

## अविश्वसनीय प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं टेबल टेनिस खिलाड़ी

**भाषा**। टोक्यो

**भारतीय** टेबल टेनिस दल ने एशियाई खेलों में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था, जिसे खिलाड़ी मिनी ओलंपिक भी मानते हैं और अब तीन साल बाद क्या वे टोक्यो ओलंपिक में भी कोई कमाल कर सकते हैं, यह देखना होगा। पिछले हफ्ते जब टेबल टेनिस खिलाड़ी टोक्यो पहुंचे तो थोड़ी सी उम्मीद मिश्रित युगल वर्ग में थी लेकिन शुरूआती मुकाबले में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ मुकाबले ने शरत कमल और मनिका बत्रा के लिए चुनौती और कठिन कर दी है। यह स्टार जोड़ी हालांकि पहुंचने के बाद नियमित अभ्यास सत्र कर रही है और उम्मीद कर सकते हैं कि शरत और मनिका शनिवार की सुबह से पहले अपनी योजनाओं को पुख्ता कर लें। शरत और जी साथियान को पुरुष एकल स्पर्धा में कठिन ड्रा मिला है।

## श्रीलंका ने तीसरे एकदिवसीय मैच में भारत को सात विकेट से हराया

**भाषा**। कोलंबो

**भारत** के अनुभवहीन बल्लेबाजों के खिलाफ बारिश के बाद स्पिनरों के दिखाए गए कमाल तथा अविष्का फर्नांडो और भानुका राजपक्षा की शतकीय साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में यहां तीन विकेट से जीत दर्ज की। भारत इस तरह से क्लीन स्वीप नहीं कर पाया और उसने श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। पहले दो मैच जीतने के बाद भारतीय टीम पांच नए चेहरों और छह बदलाव के साथ मैदान पर उतरा। भारत ने बारिश के व्यवधान तक 23 ओवर में 147 रन बनाए थे लेकिन दोबारा खेल शुरू होने पर जब मैच 47 ओवर का कर दिया गया तो भारत ने 68 रन के अंदर बाकी सात विकेट गंवा दिए। भारतीय टीम 43.1 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई।

श्रीलंका को इस तरह से डकवर्थ लुईस पद्धति से 47 ओवर में 227 रन का लक्ष्य मिला। फर्नांडो (98 गेंदों पर 76 रन) और राजपक्षा (56 गेंदों पर 65 रन) ने दूसरे विकेट के लिए 109 रन जोड़े। भारतीयों ने पांच कैच छोड़े जिसका फायदा श्रीलंका को मिलना स्वाभाविक था। श्रीलंका ने 39 ओवर में सात विकेट पर 227 रन बनाए। भारत की तरफ से पृथ्वी सॉव (49 गेंदों पर 49 रन), अपना पहला मैच खेल रहे संजू सैमसन (46 गेंदों पर 46 रन) और सूर्यकुमार यादव (37 गेंदों पर 40 रन) ने प्रभावशाली शुरुआत की लेकिन तीनों बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। सॉव और सैमसन ने दूसरे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी की। श्रीलंका की तरफ से लेग स्पिनर अकिला धनंजय (44 रन देकर तीन) और और बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा (59 रन देकर तीन) ने भारतीय पारी समेटने में अहम भूमिका निभाई। भारतीय स्पिनरों में राहुल चाहर (54 रन देकर तीन) ने प्रभावित किया। भारत ने भी पांचवें ओवर से दोनों छोर चाहर और कृष्णप्पा गौतम (49 रन देकर एक) के रूप में स्पिन आक्रमण लगा दिया था। यह इन दोनों का पदार्पण वनडे मैच था। गौतम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पहले ओवर में ही मिनोद भानुका (सात) का विकेट लिया। पदार्पण कर रहे एक अन्य गेंदबाज चेतन सकारिया (34 रन देकर दो) ने उनका कैच लिया।




टोक्यो में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान सेल्फी लेते भारतीय खिलाड़ी

# पेगासस के दुरुपयोग के आरोपों की समीक्षा करेगा इजराइल

● चौतरफा उठ रहे विवाद के बीच इजराइल ने उठाया कदम

● कंपनी प्रमुख ने कहा गोपनीयता मुद्दों के चलते अनुबंधों का ब्योरा नहीं होगा सार्वजनिक

**भाषा।** यरूशलम




**पेगासस** जासूसी मामले में चौतरफा आलोचना के बीच इजराइल ने एनएसओ समूह के निगरानी सॉफ्टवेयर के दुरुपयोग के आरोपों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित करने के साथ साथ लाइसेंस देने के पूरे मामले की संभावित समीक्षा का संकेत दिया है। भारत समेत अन्य देशों में पत्रकारों, मानवाधिकार समर्थकों, नेताओं और अन्य की जासूसी करने के लिए पेगासस सॉफ्टवेयर के कथित उपयोग ने निजता से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंता खड़ी कर दी है।

अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ के मुताबिक, इजराइली कंपनी द्वारा विभिन्न सरकारों को बेचे गए फोन स्पाईवेयर (जासूसी सॉफ्टवेयर) के जरिए नेताओं, अधिकार कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को निशाना बनाया गया। नेसेट (इजराइली संसद) के विदेश मामलों एवं रक्षा समिति के प्रमुख रैम बेन बराक ने बृहस्पतिवार को आर्मी रेडियो को बताया, रक्षा प्रतिष्ठान ने कई निकायों की मदद से बनी एक समीक्षा समिति नियुक्त की है। पूर्व में इजराइल की मोसाद जासूसी एजेंसी के उपप्रमुख रह चुके बेन बराक ने कहा, वे जब अपनी समीक्षा पूरी कर लेंगे, हम परिणाम देखने की मांग करेंगे और इस बारे में विचार मंथन करेंगे कि क्या हमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इजराइल की प्राथमिकता लाइसेंस दिए जाने की इस पूरी प्रक्रिया की समीक्षा करना है। एनएसओ के पूर्व कार्यकारी शेलेव हुलियो ने इस कदम का स्वागत किया और आर्मी रेडियो से कहा कि वह बहुत खुश होंगे अगर जांच होती है तो... ताकि हम खुद पर लगे इल्जामों को हटा सकें। हुलियो ने दावा किया कि पूरे इज़राइली साइबर उद्योग पर धब्बा लगाने का प्रयास किया जा रहा है। बेन बराक ने कहा कि पेगासस ने कई आतंकवादी प्रकोष्ठों का भंडाफोड़ करने में मदद की है लेकिन अगर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है या इसे गैर-जिम्मेदार निकायों को बेचा जा रहा है तो यह कुछ ऐसा है जिसकी जांच जरूरी है। एनएसओ प्रमुख ने आर्मी रेडियो से कहा कि गोपनीयता के मुद्दों के चलते उनकी कंपनी अपने अनुबंधों के ब्योरों का खुलासा नहीं कर सकती लेकिन वह अधिक जानकारी मांगने वाली किसी भी सरकार को पूर्ण पारदर्शिता प्रदान करेंगे।

## भारत के इस्तेमाल पर पाकिस्तान ने जताई चिंता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मीडिया में आई उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है जिनमें कहा गया है कि भारत ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान सहित विदेशियों की इजराइल के स्पाईवेयर पेगासस के जरिए कथित तौर पर जासूसी की है। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र से मामले की जांच कराने का अनुरोध भी किया है। मीडिया में आई खबरों के अनुसार खान इजराइल की कंपनी एनएसओ द्वारा निर्मित स्पाईवेयर पेगासस के जरिए निशाने पर थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारत के कथित जासूसी मामले में मीडिया के सवालों पर जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने अंतरराष्ट्रीय मीडिया की उन खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है जिनमें भारत सरकार द्वारा अपने नागरिकों, विदेशी नागरिकों तथा प्रधानमंत्री इमरान खान की इजराइल के स्पाईवेयर के जरिए जासूसी अभियान चलाने का भंडाफोड़ किया गया है। बयान में कहा गया, हम इस खुलासे पर करीब से नजर रख रहे हैं और वैश्विक मंच का ध्यान भारत के इस कृत्य की ओर आकर्षित करेंगे। पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र की संबंधित इकाइयों से मामले की गहन जांच करने की भी मांग की और तथ्यों को सामने लाने और दोषियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की। वहीं भारत ने सोमवार को पेगासस जासूसी से जुड़े सभी आरोपों को खारिज किया था और कहा था कि भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

# मध्य चीन में बाढ़ से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 56 हुई

**बीजिंग (भाषा)।** मध्य चीन में सदियों की सबसे भारी बारिश के बाद आई बाढ़ में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है, जबकि पांच लोगों के लापता होने की खबर है और 10 अरब डॉलर के नुकसान का अनुमान जताया गया है। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपात प्रबंधन विभाग ने बताया कि करीब 1000 वर्षों में हुई सबसे भारी बारिश के कारण हेनान प्रांत में करीब 30 लाख लोग प्रभावित हुए और कुल 3,76,000 स्थानीय निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि मध्य चीन के हेनान प्रांत में मूसलाधार बारिश से मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है, जबकि पांच लोगों के लापता होने की खबर है। सरकारी चाइना डेली अखबार ने स्थानीय प्राधिकारियों के हवाले से बताया कि आर्थिक नुकसान बढ़कर 10 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। करीब 1.2 करोड़ की आबादी वाले झेंगझोउ शहर में जनजीवन सामान्य हो रहा है और बचावकर्मी बाढ़ में फंसे हजारों लोगों की मदद कर रहे हैं। अस्पतालों के बाढ़ में डूबने के कारण बृहस्पतिवार को अधिकारी मरीजों को बचाने के लिए रवाना हुए।

हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, झेंगझोउ ने अपनी आपात प्रतिक्रिया का स्तर कम कर दिया है लेकिन हेनान प्रांत के अन्य हिस्सों में अब भी बारिश कहर बरपा रही है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि शहर में 8,000 से अधिक सैन्य कर्मियों ने 10 अलग-अलग खतरे वाले क्षेत्रों में काम किया। आवश्यक सामान की आपूर्ति के लिए शहर में दान केंद्र बनाए गए हैं। इस बीच, पांच बचाव दल बाढ़ में फंसे लोगों या घायलों की मदद करने के लिए आसपास के गांवों का दौरा कर रहे हैं।

# शांति समझौते पर पहुंचने के लिए राष्ट्रपति गनी को सत्ता छोड़नी होगी: तालिबान

**भाषा।** इस्लामाबाद

**तालिबान** ने कहा कि वह सत्ता पर एकाधिकार नहीं चाहता ,लेकिन अफगानिस्तान में तब तक शांति नहीं हो सकती जब तक राष्ट्रपति अशरफ गनी सत्ता से नहीं हट जाते और देश में बातबीच के जरिए नई सरकार नहीं बन जाती।

तालिबान के प्रवक्ता सुहेल शाहीन ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ साक्षात्कार में यह बात कही। शाहीन वार्ता दल के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा कि तालिबान उस वक्त हथियार डाल देगा जब गनी की सरकार चली जाएगी और ऐसी सरकार सत्ता संभालेगी जो संघर्ष में शामिल सभी पक्षों को मंजूर हो। शाहीन ने कहा, मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम सत्ता पर एकाधिकार में विश्वास नहीं रखते क्योंकि कोई भी सरकार, जिसने अतीत में अफगानिस्तान में सत्ता पर एकाधिकार रखने मंशा की, वह सफल सरकार साबित नहीं हुई। उन्होंने इस आकलन में प्रत्यक्ष तौर पर तालिबान के खुद के पांच वर्ष के कार्यकाल को भी शामिल किया। साथ ही कहा, इसलिए हम वही फॉर्मूला दोहराना नहीं चाहते। तालिबान प्रवक्ता ने इस दौरान गनी को युद्ध को उकसाने वाला करार दिया और आरोप लगाया कि बकरीद के पर्व पर मंगलवार को उन्होंने जो भाषण दिया था उसमें उन्होंने तालिबान के खिलाफ कार्वाई का वादा किया था। पिछले सप्ताह सरकार में नबंर दो की हैसियत रखने वाले अब्दुल्ला अब्दुल्ला ने दोहा में तालिबान नेताओं के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की। इस वार्ता में बातचीत जारी रखने और नागरिकों की सुरक्षा तथा देश के ढांचे को सुरक्षित रखने पर जोर दिया गया था। शाहीन ने इस वार्ता को अच्छी शुरूआत बताया, साथ ही कहा कि सरकार का लगातार संघर्ष विराम की मांग करना, वह भी गनी के सत्ता में रहते हुए, तालिबान से आत्मसमर्पण की मांग करने के बराबर है। उन्होंने कहा, वे सामंजस्य नहीं चाहते, वे आत्मसमर्पण चाहते हैं। उन्होंने कहा , संघर्ष विराम से पहले नई सरकार पर सहमति बने जो हमें और अन्य अफगानियों को स्वीकार्य हो और फिर कोई युद्ध नहीं होगा। शाहीन ने कहा कि इस नई सरकार के तहत महिलाओं को काम करने, स्कूल जाने और राजनीति में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन उन्हें हिजाब या सिर पर स्कार्फ लगाना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को घरों से निकलने के लिए अपने साथ किसी पुरुष रिश्तेदार की आवश्यकता नहीं होगी, और तालिबान कमांडरों के आदेश हैं कि नए कब्जे वाले जिलों में विश्वविद्यालय, स्कूल और बाजार पहले की तरह संचालित हों।

## ब्लिंकन भारत यात्रा के दौरान पीएम मोदी जयशंकर से मिलेंगे

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले हफ्ते अपनी पहली भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उनके प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि नई दिल्ली की अपनी यात्रा के अलावा, ब्लिंकन 26 से 29 जुलाई तक अपनी विदेश यात्रा के दौरान कुवैत शहर की भी यात्रा करेंगे। प्राइस ने कहा है कि उनकी आगामी यात्रा साझेदारी को मजबूत करने और उनकी साझा प्राथमिकताओं पर सहयोग को रेखांकित करने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। प्राइस ने कहा, नई दिल्ली में 28 जुलाई को, ब्लिंकन विदेश मंत्री एस जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे।



मध्य चीन में आई बाढ़ के बाद बचाव कार्य में जुटे राहत दल के लोग

## पाक में कोरोना के मामले 10 लाख के पार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 1,425 नए मामले सामने आने के देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 10 लाख के पार चली गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा मंत्रालय ने बताया कि देश में अब संक्रमण के मामले बढ़कर 10,00,034 हो गए हैं। वहीं, एक दिन में 11 और लोगों की संक्रमण से मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर 22,939 हो गई। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पाकिस्तान में संक्रमण के कुल मामले अब 10,00,034 और मृतक संख्या 22,939 है। धिकारियों ने पिछले 24 घंटे में 25,215 नमूनों की कोविड-19 संबंधी जांच की और नमूनों के संक्रमित आने की दर 5.56 प्रतिशत है। एक दिन पहले नमूनों के संक्रमित आने की दर 6.31 प्रतिशत थी।पाकिस्तान इस समय वैश्विक महामारी की चौथी लहर का सामना कर रहा है, जिसका कहर इस माह की शुरुआत में शुरू हुआ था।

# अमेरिका ने की मोदी सरकार की तारीफ

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका ने** भारत में कोविड-19 वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बीच स्वच्छ ऊर्जा को लगातार बढ़ावा देने की मुहिम पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की है। जलवायु परिवर्तन पर विशेष राजदूत जॉन केरी के वरिष्ठ सलाहकार जोनाथन परशिंग ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस की समति के समक्ष कहा कि अमेरिका और भारत जलवायु परिवर्तन पर एक प्रतिबद्ध सहयोगी हैं। परशिंग ने सांसदों से कहा, हम कोविड-19 संकट से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद भारत में स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा निरंतर ध्यान देने का स्वागत करते हैं। परशिंग ने कहा कि अप्रैल में दोनों सरकारों ने भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 साझेदारी पर हस्ताक्षर किए। साझेदारी के तहत दोनों पक्षों ने स्वच्छ प्रौद्योगिकियों और जलवायु कार्वाई के लिए 2030 के एजेंडे की पहचान की। जलवायु परिवर्तन एवं सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय सैन्य परिषद की महासचिव शेरी गुडमैन ने सांसदों को बताया कि परमाणु सम्पन्न पड़ोसियों भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच तनावपूर्ण संबंधों में जलवायु भी अहम कारक रहे हैं।

इससे पहले काउंसिल ऑन स्ट्रैटेजिक रिस्क और वुडवेल क्लाइमेट रिसर्च सेंटर द्वारा इस साल की शुरुआत में प्रकाशित एक संयुक्त अध्ययन में भारत और चीन के बीच विवादित सीमा के पास जलवायु परिवर्तन से संबंधित एक प्रवृत्ति का अनुमान लगाया गया था, जहां लगभग 1,00,000 भारतीय और चीनी सैनिक 15,000 फुट की उंचाई पर तैनात हैं। गुडमैन ने कहा, इस बीच जिस जगह से ब्रह्मपुत्र नदी भारत में प्रवेश करती है, वहां चीन दुनिया की सबसे बड़ी पनबिजली परियोजना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। श्री गोरजेस डैम के आकार से तीन गुना बड़ी यह नई बांध परियोजना भी भूकंपीय रूप से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। उन्होंने कहा, इसने भारत के निचले इलाकों के लिए चिंता पैदा कर दी है। इस बात की भी चिंता है कि कहीं नए चीनी बांध का इस्तेमाल भारत में बाढ़ग्रस्त हिस्सों से या उनके लिए पानी को रोकने के लिए तो नहीं किया जा सकता है। वास्तव में यह बताना मुश्किल होगा कि चीनी परियोजना भविष्य में बाढ़ का कारण होगी या नहीं, या फिर यह जलवायु परिवर्तन से संबंधित कारक होगा। अपने पड़ोसियों को प्रभावित करने वाली बांध परियोजनाओं पर चीन की पारदर्शिता की कमी केवल भारत के अविश्वास को बढ़ाती है। गुडमैन ने कहा, चीन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी बांधों की एक श्रृंखला का निर्माण कर रहा है, जिस पर भारत आपत्ति जताता है। अनुमानित हिमनदों के पिघलने के तरीके के कारण, बांध निर्माण के बाद सदी के अंत तक जलवायु परिवर्तन के लिए कारक बने रहेंगे।

## बाढ़ के कारण रेलवे को 1.5 अरब डॉलर का नुकसान

**बर्लिन ।** जर्मनी के राष्ट्रीय रेलवे संचालक ने शुक्रवार को कहा कि उसके अनुमान मुताबिक, पिछले सप्ताह आई भीषण बाढ़ से उसके नेटवर्क को 1.3 अरब यूरो (1.5 अरब अमेरिकी डॉलर) का नुकसान हुआ है। पश्चिमी जर्मनी और पूर्वी बेल्जियम में आई भीषण बाढ़ से हुए नुकसान का अधिकारी अभी भी आकलन कर रहे हैं। जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने इस सप्ताह कहा कि बाढ़ के कारण संपत्ति को भारी नुकसान हुआ है, जिसको ठीक करने में काफी समय लगेगा। गौरतलब है कि बाढ़ के कारण जर्मनी में कम से कम 177 लोगों की मौत हुई है जबकि बेल्जियम में इसके कारण 31 लोगों की जान गई। जर्मनी के रेलवे संचालक डॉयचे बान ने कहा कि बाढ़ के कारण 50 से अधिक पुल, 180 लेवल क्रॉसिंग, लगभग 40 सिग्नल बॉक्स आदि का नुकसान हुआ है।

# संरा परिषद ने बोस्निया के उच्च प्रतिनिधि को हटाने के रूस के प्रस्ताव को खारिज किया

● सिर्फ रूस और चीन ने ही किया प्रस्ताव के पक्ष में मतदान

**एपी।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने रूस और चीन की तरफ से पेश एक प्रस्ताव को खारिज कर दिया है जो बोस्निया में विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने वाले 1995 के शांति समझौते के कार्यान्वयन की देखरेख करने वाले अंर्तष्ट्रीय उच्च प्रतिनिधि की शक्तियों को तुरंत छीन लेता और एक वर्ष के भीतर इस पद को पूरी तरह से समाप्त कर देता।

मसौदा प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के लिए बृहस्पतिवार को उसके पक्ष में न्यूनतम नौ मत नहीं पड़े। प्रस्ताव के पक्ष में महज दो मत पड़े जो रूस और चीन के थे और परिषद के 13 अन्य सदस्यों ने मतदान नहीं किया। खारिज किए गए प्रस्ताव में कहा गया था कि 1997 में डेटन शांति समझौते को लागू करने के लिए एक सम्मेलन में उच्च प्रतिनिधि को दी गई शक्तियों की अब जरूरत नहीं है क्योंकि बोस्निया पक्षों ने प्रगति हासिल कर ली है। इसमें जर्मनी के उच्च प्रतिनिधि क्रिश्चियन शिमट की नियुक्ति 31 जुलाई, 2022 तक ही किए जाने के साथ उच्च प्रतिनिधि कार्यालय को बंद किए जाने का भी समर्थन किया।

मतदान से पहले, संयुक्त राष्ट्र में रूस के उपराजदूत दिमित्री पोलिएंस्की ने उच्च प्रतिनिधि पर उत्तर औपनिवेशिक शक्तियों के साथ जार (सर्वोच्च शासक) की तरह बनने का आरोप लगाया और कहा कि सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना शिमट का चुनाव वैध नहीं है। अमेरिका की मध्यस्थता से हुआ डेटन समझौता ने बोस्निया में दो अलग-अलग इकाइयां स्थापित की थी - एक जिसे बोस्निया के सर्ब चलाते हैं और दूसरा जिसपर देश के बोस्नियाकों,जो ज्यादातर मुस्लिम हैं और इसके क्रोट्स (नस्ली समूह) का वर्चस्व होगा।

उच्च प्रतिनिधि की शक्तियों की बोस्निया के सर्ब आलोचना करते हैं जिनके रूस के साथ नजदीकी संबंध हैं। उनका आरोप है कि उच्च प्रतिनिधि की उन शक्तियों के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती जो तत्काल प्रभाव वाली होती हैं। उच्च प्रतिनिधि के कार्यालय ने अपनी स्थापना के बाद से न्यायाधीशों, सिविल सेवकों और संसद सदस्यों सहित दर्जनों अधिकारियों को बर्खास्त किया है।



भारतीय नौसेना का जहाज तबर पांच दिवसीय सद्भावना यात्रा पर रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचा

## म्यांमार की जेल में सेना के खिलाफ प्रदर्शन

**बैंकॉक।** म्यांमार की सबसे कुख्यात जेल में बंद कैदियों ने सत्तारूढ़ सेना के खिलाफ शुक्रवार को प्रदर्शन किया। सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कैदी लोकप्रिय देशभक्तिपूर्ण गाने गा कर और राजनीतिक नारेबाजी कर सत्तारूढ़ सैन्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यंगून की इनसीन जेल में बंद कैदी एक वीडियो में निर्वासित नेता आंग सान सू की और अपदस्थ राष्ट्रपति विन मियंत के समर्थन में नारेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। कुछ कैदियों के एक वकील ने पहचान गुप्त रखे जाने की शर्त पर बताया कि प्रदर्शन कर रहे कैदी राजनीतिक आरोपों के मामले में गिरफ्तार किए गए सभी लोगों को रिहा करने के अलावा बीमार कैदियों को बेहतर इलाज मुहैया कराने और जेल के नियमों को लचीला बनाने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि म्यांमार इन दिनों कोविड-19 महामारी की भयावह लहर का सामना कर रहा है और देश में प्रति दिन संक्रमण के रिकॉर्ड नए मामले सामने आ रहे हैं।

# लंगर उखड़ने से कराची के सीव्यू तट पर फंसा मालवाहक जहाज

**भाषा।** कराची

**कराची** के सीव्यू समुद्र-तट के पास एक मालवाहक पोत खराब मौसम के चलते लंगर उखड़ जाने के कारण तट के करीब आ गया। कोविड-19 वैश्विक महामारी और मॉनसून के मौसम के कारण अधिकारियों द्वारा इलाके को बंद किए जाने के बावजूद उत्सुक लोगों की भीड़ इस पोत को देखने के लिए उमड़ रही है।

पोत एमवी हेंग टोंग बुधवार को किनारे पर आ गया। हांगकांग की एक कंपनी के स्वामित्व वाला यह पोत 98 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा है और इसकी क्षमता 3,600 डैडवेट टनेज (डीडब्ल्यूटी) है। इसका निर्माण 2010 में हुआ था। बृहस्पतिवार सुबह तक इस पोत को हटाया नहीं जा सका है। कराची पोर्ट ट्रस्ट (केपीटी) के एक अधिकारी ने बताया कि मालवाहक पोत शंघाई से तुर्की के इस्तांबुल जा रहा था और कराची बंदरगाह में पूरी तरह प्रवेश करने से पहले ही इसका लंगर उखड़ गया और यह किनारे जा लगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के चलते लंगर उखड़ जाने के कारण यह पाकिस्तानी जलक्षेत्र में आ गया। साथ ही कहा यह संभवत: पर चालक दल के सदस्य बदले जाने की प्रतीक्षा कर रहा है। अधिकारी ने बताया कि केपीटी ने पाकिस्तान समुद्री सुरक्षा एजेंसी (पीएसएमए) को जानकारी दी लेकिन वह भी ज्यादा मदद नहीं कर पाई। उन्होंने कहा, पोत को निकालना पोत के मालिकों की जिम्मेदारी है हालांकि केपीटी और पीएसएमए पाकिस्तान के जलक्षेत्र में किसी भी तरह की परिचालन एवं सामरिक मदद के लिए उपलब्ध रहेगा। सामान्य तौर पर, सभी पोत देश के जलक्षेत्र में प्रवेश करने पर पाकिस्तान का झंडा फहराते हैं। लेकिन एमवी हेंग टोंग पनामा का ध्वज लहरा रहा था क्योंकि आपातकालीन स्थिति में उसने इस बदलाव के बारे में सोचा नहीं होगा। टीवी पर पोत की खबर देखने के बाद कराची के कई निवासी तट पर पहुंच गए।

## ब्रिटेन में रिलीज नहीं होगी द ग्रीन नाइट

**लंदन ।** हॉलीवुड अभिनेता देव पटेल की आगामी फिल्म द ग्रीन नाइट फिलहाल ब्रिटेन में रिलीज नहीं होगी। फिल्म की निर्माता कंपनी ए24 ने ब्रिटेन में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के मद्देनजर यह फैसला लिया है। समाचार वेबसाइट इंडीवायर ने यह जानकारी दी। फिल्म के रिलीज होने की अगली तारीख का ऐलान नहीं किया गया है। अमेरिका में यह फिल्म तय समय के मुताबिक 30 जुलाई को ही रिलीज होगी।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 19 जुलाई को देश में फ्रीडम डे की घोषणा करते हुए इंग्लैंड को पूरी तरह से खोलने के साथ सिनेमाघरों को भी दोबारा खोलने की अनुमति दी थी। लेकिन देश में प्रति दिन कोविड-19 के नए मामलों में इजाफा हो रहा है और जॉनसन स्वयं पृथकवास में हैं। ब्रिटेन में 22 जुलाई को कोविड-19 के 39 हजार नए मामले सामने आए। द ग्रीन नाइट का निर्देशन डेविड लॉरी ने किया है। फिल्म में देव पटेल सर गवैन की भूमिका में दिखाई देंगे।



कर्मचारी बर्नआउट अर्थात काम के बोझ से अत्यधिक थकान और सेहत बिगड़ना कर्मचारियों की भावनात्मक और शारीरिक ऊर्जा को अस्वस्थ तरीके से समाप्त करने का परिणाम है। व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रस्तुत है सीमा रेखा की रिपोर्ट :

# काम का बोझ

## अत्यधिक थकान बिगड़ती सेहत

शरण्या (बदला हुआ नाम), अपने मिश्रित दृष्टिकोण, प्रक्रिया और लोगों के लिए जानी जाती हैं। वह 2000 से 12000 एफटीई तक के कई प्रमुख खातों को अकेले ही संभाल रही हैं। वह पहले से ही समस्याओं का पूर्वानुमान लगाती है और पहले से ही एक समाधान ढांचा तैयार करती है। काम पर अत्यधिक संगठित और लचीला, उसे महत्व दिया गया है, मान्यता प्राप्त है, अत्यधिक भुगतान किया गया है, उद्देश्य से प्यार करता है लेकिन बर्नआउट की एक बड़ी शुरुआत का सामना करना पड़ा। लगातार 19 महीने तक। वह टूट कर बिखर गई। हम जिस दुनिया में रहते हैं, उसे देखते हुए, अधिकांश कर्मचारियों के लिए कई बर्नआउट का सामना करना सामान्य है। महामारी के प्रकोप ने केवल सभी के लिए मामले को बदतर बना दिया है। कर्मचारी तनाव, चिंता और भावनात्मक ट्रिगर के अलावा व्यक्तिगत सीमाओं के उल्लंघन, लंबे काम के घंटे, थकाऊ सप्ताहांत के लिए कॉर्पोरेट दबाव से पीड़ित हैं।

बर्नआउट कई तरह की परिस्थितियों के कारण होता है, जिसमें लोग अपने निजी जीवन के साथ-साथ कॉर्पोरेट भूमिकाओं को संतुलित करते हुए अपनी नौकरी रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे दिन-ब-दिन और अधिक चिंतित होते जा रहे हैं क्योंकि वे कई जिम्मेदारियों को निभाते हैं और खेल में शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करते हैं। वातावरण विषाक्त हो रहा है और महामारी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है, कर्मचारियों को विशेष रूप से उनकी भावनात्मक और ऊर्जा से संबंधित भलाई से संबंधित मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। यह आम तौर पर धीरे-धीरे कैसे खेलता है, कर्मचारियों को गार्ड से पकड़ता है और एक गहन प्रभाव पैदा करता है जिसे केवल सही प्रकार के दृष्टिकोण से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

### आंकड़े गवाह हैं

दरअसल, 2021 में करीब 52 फीसदी कर्मचारी बर्नआउट के शिकार हो जाएंगे। वास्तव में पूर्व-महामारी सर्वेक्षण में उसी तरह प्रतिक्रिया करने वाले 43 प्रतिशत से ग्राफ काफी बढ़ गया है। महामारी से पहले, मिलेनियल्स अपने संतृप्ति बिंदु पर पहुंच गए थे और अपनी भावनात्मक भलाई को खत्म कर रहे थे, उनमें से 53 प्रतिशत से अधिक बर्नआउट का अनुभव कर रहे थे, इसके बाद जनरल-जेड, जिन्होंने 2020 में 47 प्रतिशत से 2021 में 58 प्रतिशत की राशि में वृद्धि की। बूमर 1940 और 1960 के बीच पैदा हुए लोगों के रूप में पहचानी जाने वाली पीढ़ी में बर्नआउट में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। बेबी-बूमर पीढ़ी के बीच बर्नआउट काफी बढ़ गया है, जो 2020 में 24 प्रतिशत से इस वर्ष 31 प्रतिशत हो गया है। जनरेशन एक्स के बीच बर्नआउट दर 40 प्रतिशत से बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है, जो 14 प्रतिशत की वृद्धि है।

अधिकांश लोगों के अनुसार, कोविड -19 ने बीमार होने की दर बढ़ा दी है और जीवन को और अधिक कठिन बना दिया है। यह राय लेबल के लिए काम करने वालों में से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों द्वारा साझा की जाती है।

यह हमारे लिए, एक समुदाय के रूप में, मदद के आह्वान का जवाब देने और बर्नआउट दरों को कम करने के उपाय करने और भविष्य की आपदाओं को टालने के लिए पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है।

### कर्मचारी बर्नआउट को प्रभावित करने वाले कारक और जुड़े जोखिम

तत्काल परिवेश पर नियंत्रण की कमी, कम मानसिक संसाधन, खराब कार्यस्थल संबंध, कार्य-जीवन असंतुलन, अक्षम प्रबंधन प्रतिनिधि, अनुचित कार्य उद्देश्य, व्यक्तिगत प्रेरणा, और कई अन्य कारक बर्नआउट और इससे जुड़े खतरों को प्रभावित करते हैं।

परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण, ये सभी कारक बर्नआउट और कंपनी के बेहतरीन कर्मियों के नुकसान में योगदान करते हैं। कर्मचारी शक्तिहीन और अव्यवस्थित महसूस करते हैं, जिससे असंतोष होता है। यह उनके कार्यस्थल के साथ उनकी भलाई और भावनात्मक जुड़ाव को खतरे में डालता है, साथ ही साथ उनकी नौकरियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले उत्साह को भी खतरे में डालता है।

उद्योग जगत के नेताओं को उस पैटर्न को समझने और एक स्वस्थ कार्यस्थल बनाने के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए पारंपरिक संरचना में बदलाव करना चाहिए। नई व्यवस्था की रणनीति बनाकर ही जहरीले कार्य-संविधान के हृदय को तोड़कर प्रतिस्थापित किया जा सकता है। एक स्वस्थ वर्तमान और समृद्ध भविष्य का मार्ग एक नई कार्य संस्कृति का निर्माण करना है जो मूल रूप से कल्याण पर केंद्रित है और जिसका उद्देश्य बर्नआउट को रोकना है।

### बर्नआउट से बचाव

व्यवसायों के लिए सामूहिक विकास की दिशा में कदम उठाना और अपने कर्मियों के पक्ष में एक मजबूत मोर्चा बनाना महत्वपूर्ण है। दो प्राथमिक संकेतक हैं जिनका उपयोग आधुनिक और स्वस्थ कार्यस्थल संस्कृति की नींव के रूप में किया जा सकता है। नई विधि अधिक पेशेवरों को पोषण से संलग्न करेगी और अपने विशेष संगठनों में रहने और महत्वाकांक्षी रूप से विकसित करने के उनके संकल्प को मजबूत करेगी, जो कर्मचारियों के लिए सफलता और अभिभावक शुल्क के लिए सामग्री के रूप में सेवा करेगी। निम्नलिखित दो उपयोगी उपाय हैं :

### एल संगठन में कल्याण कार्यक्रमों की प्रभावकारिता और दक्षता सुनिश्चित करना

एल टीमों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना ताकि उनकी आंतरिक ड्राइव को समझ सकें और उसे बढ़ा सकें।

सीएक्सओ सुइट वह जगह है जहां संस्कृति का सी शुरू होता है। यह पानी की तरह ऊपर से नीचे की ओर बहती है। व्यावसायिक अधिकारियों के रूप में, हम लंबे समय से मानते हैं कि बड़े संगठनों के लिए कनेक्शन स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। दूसरी ओर, 10 से 50 लोगों वाले संगठनों में कुछ कनेक्टिविटी समस्याएं हैं। पदानुक्रम को मानसिक श्रेष्ठता से मुक्त करने और रैंक की परवाह किए बिना सभी कर्मचारियों के साथ सम्मिश्रण की ओर उन्मुख होने का यह पिछला समय है।

ग्राहक की पहुंच शुरू करने या बाहरी उद्देश्यों का पीछा करने से पहले, सभी संगठनों को अपने कर्मचारियों के साथ अपनी भावना से मेल खाना चाहिए और एक ही पृष्ठ पर होना चाहिए, चाहे उनका आकार या स्थिति कुछ भी हो। यदि कार्यस्थल के दिल में सामंजस्य हो, साथ ही स्वस्थ वातावरण भी हो तो कर्मचारी अधिक कुशलता से प्रदर्शन करेंगे।

### अद्वितीय समस्याएं अद्वितीय समाधान की मांग करती हैं

एक समूह के रूप में कॉल करना हिमशैल की नोक को संबोधित करने का पहला कदम है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि हम यह पहचानें कि हर कोई अपनी विशेषताओं के साथ एक अद्वितीय व्यक्तित्व है जो उनके जलने में योगदान देता है। इसके लिए भी एक-एक तरह के जवाब की जरूरत है।

समित (बदला हुआ नाम), एक नया व्यक्ति, उसी सकारात्मक माहौल में अपने प्रबंधक पर उसे पहले से सूचित नहीं करने के लिए अपना गुस्सा निकालता है और वह काम की अचानक आमद को संभाल नहीं सकता है। उनका प्रबंधक उनके साथ 10 मिनट तक बैठा रहा, और उनकी मुख्य समस्या की पहचान करने में उनकी मदद की। समित ने खुद को बहिष्कृत महसूस किया क्योंकि वह सिस्टम में नया है और अन्य नए कर्मचारी एक हफ्ते पहले शामिल हुए थे, इसलिए वे अच्छी तरह से बंधे और समित को छोड़ दिया गया। समित को शामिल करने की जरूरत थी।

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) को अधिक व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाने और प्रत्येक कर्मचारी के साथ सहानुभूति रखने और उनके मुद्दों (ईएपी) को संबोधित करने के लिए प्रतिक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकांश व्यवसाय और कर्मचारी उन लाभों को कम आंकते हैं जो विभिन्न कर्मचारी सहायता कार्यक्रम समाज को प्रदान कर सकते हैं। परिणामस्वरूप, ईएपी सेवाओं का उपयोग .01 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत हो गया है, फिर भी इसका अभी भी कम उपयोग किया जा रहा है।

आज के कार्यस्थल में मानसिक और भावनात्मक थकान अपरिहार्य है; एक नए अध्ययन के अनुसार, बर्नआउट की महत्वपूर्ण डिग्री वाले व्यक्तियों को अपनी कार्य परिस्थितियों को मौलिक रूप से बेहतर बनाने में सहायता की आवश्यकता होती है। इस तथ्य के बावजूद कि व्यवसायों ने कंपनी की सफलता और सुरक्षा के लिए व्यापक कल्याण कार्यक्रम लागू किए हैं, लचीलापन में बदलाव अप्रभावी रहा है। व्यवसायों के लिए वेलनेस सॉल्यूशंस के किमोनो को खोलने का समय आ गया है, और डिजिटल रूप से ईंधन वाली पहल इस समय चार्ज का नेतृत्व कर रही हैं। कर्मचारियों की खुशी उत्पादकता को बढ़ाती है, इस प्रकार ऐसे समाधानों में निवेश करना कंपनी की दीर्घकालिक सफलता और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए महत्वपूर्ण है।

एक व्यवस्थित कल्याण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया उन अंतरालों को पहचानने के साथ शुरू होती है जिनके लिए सिल्वर लाइनिंग की आवश्यकता होती है। एक वेलनेस कंसल्टेंट की सिफारिश की जाती है, जो एक संपूर्ण आवश्यकता विश्लेषण करता है, जिसे आसान मूल्यांकन द्वारा पूरा किया जा सकता है जो मानव पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले वेलनेस समाधानों की योजना बनाते हैं। हमारे लिए कार्यक्रमों के व्यापक प्रभाव को समझना और एक अच्छे प्रभाव के लिए तैयार किए गए नए तरीकों के साथ खुद को संरेखित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

### त्वरित सुधार और प्राथमिक उपचार

कार्यक्रमों, विस्तारित दृष्टिकोणों और संरचना को आकार लेने में कुछ समय लग सकता है, फिर भी, पहले छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बर्नआउट से बचने का एक तरीका यह है कि हाथ में प्राथमिक चिकित्सा किट रखें।

किसी संगठन में माइंडफुलनेस का अभ्यास करना और सेल्फ-केयर भागफल को बढ़ाना दो तकनीकें हैं जिनका उपयोग बर्नआउट को कम करने के लिए किया जा सकता है। कई संगठन अपने दिमागीपन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दिन में तीन बार 20 मिनट की कसरत का उपयोग करते हैं। लक्ष्य सहकर्मियों और दोस्तों के साथ आराम करना है। यह कर्मचारियों को अपने कार्यदिवसों की योजना बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है जब वे सबसे अधिक उत्पादक महसूस करते हैं और जब उनका उत्पादन घटने लगता है तो ब्रेक लेने के लिए।

कार्यस्थल के विवादों को हल करने और कल्याण का अभ्यास करने के लिए एक और तेज़ इलाज कर्मचारियों के लिए कल्याण नियम का पालन करना है। इसकी शुरुआत सब प्लानिंग कर रही है। यह सुबह के पहले 10 मिनट योजना बनाने और प्राथमिकता देने के साथ-साथ टीम को सौंपने और शामिल करने के लिए समर्पित करने की आवश्यकता है। कर्मचारियों को यह समझना चाहिए कि समय को प्रभावी ढंग से साझा करने के लिए एक समूह के रूप में एक सीमित संसाधन है। इसके बाद मानसिक मानचित्रण होता है, जो तनाव को अधिक विस्तार से सूचीबद्ध करेगा; यह एक ग्राहक, एक निश्चित टीम सदस्य, एक किशोर, एक विशिष्ट प्रकार की नौकरी, मौद्रिक चिंताएं, या कोई अन्य संस्था हो सकती है। समस्या को पहचानने और फिर से देखने के लिए, परिदृश्य के लिए सभी व्यवहार्य उत्तरों और विधियों को रेखांकित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह समाधान को और अधिक स्पष्ट कर देगा और विचार पारदर्शिता को बनाए रखेगा, जो कठिनाइयों और संभावित उत्तरों के मानसिक पुनर्गठन में सहायता करेगा। अगला कदम यह स्वीकार करना है कि आप भ्रमित हैं और सहायता चाहते हैं। इस प्रक्रिया में आत्म-जागरूकता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको तनाव से संबंधित व्यवहार का एक पैटर्न देखने और जरूरत पड़ने पर मदद लेने की अनुमति देता है। कल्याण कार्यक्रम सीमाओं के विकास को भी प्रोत्साहित करेगा; लक्ष्य दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध होने से बचना है। अगला कदम पूरे दिन विराम का अभ्यास करना है - एक मिनट की सचेत सांस लेने से मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अपने परिवार और टीम के साथ एक सचेत संबंध बनाने से कर्मचारियों को अपनी सच्ची भावनाओं और कमजोरियों के बारे में बात करने और व्यक्त करने की अनुमति देकर समग्र उत्पादकता को बढ़ावा मिल सकता है।

### सही तरीका

संगठन रुक जाएंगे यदि उन्हें - कर्मचारी बर्नआउट से निपटने के लिए सबसे अच्छा तरीका क्या है- के सवाल का समाधान करने के लिए मजबूर किया गया था? वास्तव में, हर कोई और हर कोई हैरान होगा, जबकि पूछताछ व्याकरणिक रूप से सही हो सकती है, यह सही सवाल नहीं है। कोई सही दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि भलाई, विशेष रूप से भावनात्मक और मानसिक कल्याण, व्यक्तिपरक है। एक व्यक्ति को जो आकर्षक लगता है वह दूसरे के लिए प्रतिकारक हो सकता है। नतीजतन, जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दे से निपटने के लिए एक अनुकूलित पद्धति का उपयोग करना समझ में आता है, जो कंपनी की शैली और कर्मचारी आवश्यकताओं (श्रमिकों के व्यक्तित्व प्रकार की ओर इशारा करते हुए) के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, जब एक जानने की आवश्यकता के आधार पर एक वेलनेस रेजिमेन और परामर्श सत्रों के साथ जोड़ा जाता है, तो कर्मचारी बर्नआउट को कम करने और व्यक्तिगत कर्मचारी और कंपनी दोनों के लिए समग्र उत्पादकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। दूसरी ओर, प्रत्येक कंपनी का संयुक्त उद्देश्य किसी के स्वास्थ्य को खतरे में डाले बिना सामूहिक विकास हासिल करना होना चाहिए।

लेखक बिजनेस/लीडरशिप कोच, मैनेजमेंट कंसल्टेंट और सोशल एंटरप्रेन्योर हैं





# आप डाइट के मूड में हैं?



## मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक हिमांशु तनेजा अच्छे भोजन और एक बेहतर मूड के अंतर्निहित संबंधों पर क्रिस्टी वर्गीस के साथ चर्चा कर रहे हैं

महामारी से प्रेरित पहले लॉकडाउन के एक साल से अधिक समय के बाद, अधिकांश लोग अपने घरों की सुरक्षा के बीच काम करने का विकल्प चुनते हुए घर के अंदर रहना जारी रखते हैं। इस बड़े बदलाव की पृष्ठभूमि में, खाने और सोने की दिनचर्या में एक विशिष्ट बदलाव आया है, जिसमें बनता-बिगड़ता मिजाज एक ध्यान देने योग्य दुष्प्रभाव है।



पहले, लॉकडाउन को स्वस्थ आदतें अपनाने के अवसर के रूप में माना गया, फिर भी, हम में से अधिकांश लोग, अब अपनी आहार संबंधी प्राथमिकताओं में आराम से भोजन, स्वस्थ भोजन और जब तब तनावपूर्ण खानपान के संतुलन को अपनाकर आत्मसंतुष्ट हो गए हैं।



इस प्रवृत्ति को देखते हुए, मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक, हिमांशु त्रेहन ने एक 'मूड डाइट' मेनू पेश किया, जो उपभोक्ताओं की पोषक तत्वों संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ व्यक्ति के मूड को भी उन्नत बनाता है। एक त्वरित संवाद के दौरान, हिमांशु मेनू से संबंधित बारीकियों के माध्यम से हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

हिमांशु ने बताया, ''पिछले एक साल में, हम सभी ने तनावग्रस्त होने के दौरान पूर्ण भोजन करने के बावजूद असामयिक भोजन की लालसा का अनुभव किया है। इस पैटर्न का अध्ययन करने के बाद, विशेष रूप से क्यूरेटेड 'मूड डाइट' को, दैनिक पोषक तत्वों की आवश्यकताओं को उतार-चढ़ाव वाले स्वभाव से उत्पन्न अचेतन भोजन-लालसाओं के साथ मिलाने की अवधारणा के आसपास, डिजाइन किया गया। गुणवत्ता और जो तत्व स्वाद कलियों को आकर्षित करता है, के बीच भोजन हमारे मूड को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि दोनों का वैज्ञानिक और भावनात्मक संबंध है। हमारे पास क्यूरेटेड रेसिपी हैं जिनमें ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं जो मूड को बेहतर बनाने और बढ़ावा देने में मदद करते हैं। ''

जब हमने हिमांशु से मेनू की अवधारणा के बारे में पूछा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए हमें मेनू के पीछे के विज्ञान के बारे में बताते हुए कहा,''आपका आहार मूड की संतुष्टि को सही ठहराने में अनिवार्य भूमिका निभाता है क्योंकि आप जो खाते हैं वह आपके दिमाग को शांत करने और पोषण संबंधी असंतुलन को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, यदि आप क्रोधित या चिड़चिड़े हैं, तो नट्स, बादाम, अखरोट और चिकन जैसे डोपामिन युक्त संसाधन आपकी नसों को शांत करने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसी तरह, यदि आप अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड को बढ़ाना चाहते हैं, तो स्थानीय रूप से खट्टे अंजीर और हरी शतावरी सलाद इस पल से मेल खाने के मूड को बनाने में मदद कर सकते हैं। ''

उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि अपने मन और शरीर पर महामारी के प्रभाव को स्वीकारने के लिए मेनू को एक साथ रखा गया।

हिमांशु ने बताया, ''इसके पीछे का मूल मकसद मूड को बेहतर बनाने वाले खाद्य प्रस्तावों के साथ दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं को संतुलित करना है। कुछ खाद्य पदार्थ जिन्हें हमारे आहार में शामिल किया जा सकता है उनमें वसायुक्त मछली, डार्क चॉकलेट, नट और बीज, जामुन और खमीरयुक्त भोजन शामिल हैं। इन्हें या तो सीधे खाया जा सकता है या घर पर आसानी से उपलब्ध सामग्री के साथ रेसिपी तैयार करने हेतु संयोजन में जोड़ा जा सकता है। ये प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और आपके शरीर में मूड को नियंत्रित करने वाले हार्मोन सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाकर तुरंत मूड को बेहतर बनाने वाला प्रभाव डालते हैं।''

व्यक्ति जब घर के अंदर कैद या अन्यथा स्थिति में रहता है तो वह विभिन्न मनोदशाओं को जगाने के बारे में महसूस कर सकता है तो 'मूड डाइट' मेनू में ऐसे व्यंजन होते हैं जिसमें नसी गोरेंग से लेकर, तंदूरी चिकन से लेकर हॉट मेज्जे बॉक्स तक के व्यंजन शामिल होते हैं।

(मैरियट बॉनवॉय ऑन व्हील्स का मूड डाइट मेनू पूरे भारत में 13 होटलों में उपलब्ध है।)

## टेली कथा

# छोटी सरदारनी की नई पीढ़ी



कलर्स के लोकप्रिय शो छोटी सरदारनी ने समय के साथ मेहर और सरबजीत (अवनीश रेखी द्वारा अभिनीत) और उनके बच्चों सेहर, परम और करण की मार्मिक कहानी के साथ दर्शकों को आकर्षित किया है। बहुत अधिक सफलता प्राप्त करने के बाद, शो अब एक नया अध्याय खोलने के लिए तैयार है जिसमें एक पीढ़ी की छलांग कहानी में और अधिक ड्रामा और ट्विस्ट जोड़ रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, मेहर और सरबजीत की मुलाकात अचानक और दुखद दुर्घटना से होती है जिसमें उनकी जान चली जाती है। लेकिन वे अपने पीछे छोड़ जाते हैं, सहर जो अब एक मजबूत इरादों वाली लड़की बन गई है। उसका व्यक्तित्व मेहर के लचीलेपन और सरब की ईमानदारी और साहस का मिश्रण है क्योंकि वह अपना टैटू दिखाती है जिसमें लिखा है - महरब। सहर कौर गिल के किरदार में कदम रखते ही निमृत कौर अहलूवालिया बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगी।

एक वयस्क के रूप में, सहर कनाडा में एक स्वतंत्र जीवन व्यतीत करती है और अपनी पढ़ाई का समर्थन करने के लिए गिद्दा और दंकरा कार्यशालाओं का आयोजन करती है। सहर करण और परम के बीच का सेतु है जो अभी भी अपने बचपन की प्रतिद्वंद्विता को जारी रखे हुए हैं और हमेशा आपस में भिड़ते रहते हैं लेकिन सेहर उनके पागल पारिवारिक जीवन में विवेक लाता है। वे दोनों अपनी बहन से बहुत प्यार करते हैं और सहर के लिए सबसे अच्छा दूल्हा खोजने के लिए इसे अपने ऊपर ले लिया है। जैसा कि नियति में होगा, सहर दो सुंदर पुरुषों राजवीर और कुणाल के साथ रास्ते को पार करता है जो उसके जीवन के पाठ्यक्रम को बदल देगा और एक सुंदर नई कहानी की ओर ले जाएगा। जहां अभिनेता माहिर पांधी राजवीर के रूप में नजर आएंगे, वहीं वरुण तोर्की कुणाल का किरदार निभाएंगे। सहर की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निमृत कौर अहलूवालिया ने कहा : ''सहर एक परिपक्व लड़की है जिसे अपने माता-पिता की विशेषताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। वह मजबूत, स्वतंत्र है और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सहर का किरदार निभाने की सबसे खास बात यह है कि मेरा पूरा मेकओवर होने जा रहा है जो दर्शकों के लिए सरप्राइज होने वाला है। यह पूरी तरह से एक नया अवतार है और मैं इस खूबसूरत नई यात्रा पर निकलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।''

# केबीसी पर लघु फिल्में




कौन बनेगा करोड़पति के 13वें सीजन के लिए, लॉन्च संचार एक विज्ञापन अभियान से ब्रांडेड मनोरंजन बनने तक विकसित हुआ है। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता नितेश तिवारी द्वारा संकल्पित, लिखित और निर्देशित, पहली बार, एक लंबे प्रारूप वाली फिल्म की खोज की गई है जिसे तीन किस्तों में प्रस्तुत किया जाएगा।

मध्य प्रदेश के बेरछा में विशेष रूप से फिल्माई गई, फिल्म में अभिनेता ओंकार दास मानिकपुरी को उनके मंच और फिल्म प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। स्थानीय प्रतिभाओं के साथ कथा की प्रामाणिकता को जोड़ने के साथ, फिल्म एक इमर्सिव सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। इस फिल्म की शूटिंग बेरछा जैसे असली गांव में करने का विचार दोहराता है कि कैसे केबीसी देश के लोगों के साथ, यहां तक कि अपने सबसे दूरस्थ कोनों में भी गूंजता है। फिल्म एक प्रासंगिक परिदृश्य के साथ खुलती है, संबंधित पात्र और कथा, हास्य के साथ अभिनीत, दर्शकों को सबसे अप्रत्याशित तरीके से संलग्न करती है। कहानी कैसे सामने आती है यह जानने के लिए देखते रहें!

हर गुजरते साल के साथ, केबीसी ने एक अनोखे विचार के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो तुरंत ही आम बोलचाल का हिस्सा बन गया। अपनी कहानी कहने के लिए जाने जाने वाले, नितेश तिवारी इस साल सम्मान नामक तीन-भाग वाली लघु फिल्म के माध्यम से मानवीय भावनाओं और आकांक्षाओं पर एक दिलचस्प चित्रण को जीवंत करते हैं। आगामी लघु फिल्म के बारे में बात करने पर : ''इसे हम सम्मान कहते हैं जो सम्मान है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, आपको एहसास होगा कि कभी-कभी सम्मान के कई आयाम होते हैं और ऐसा ही हमारा शो केबीसी भी करता है। कभी-कभी, सम्मान किसी व्यक्ति से संबंधित होता है और कभी-कभी कोई व्यक्ति सम्मान को आयाम में ला सकता है। उदाहरण के लिए, खिलाड़ी और महान उपलब्धि हासिल करने वाले जो हमारे देश का सम्मान करते हैं। सम्मान बहुआयामी है और ऐसी ही यह फिल्म है। हम सभी जानते हैं कि यह हमारे जीवन का कितना महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए, यह ऐसा कुछ है जिसे हम सभी ने इसका वर्णन करने का सबसे उपयुक्त तरीका माना है।''

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 271
लखनऊ, शनिवार, 24 जुलाई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर




सिंधु से होगी भारत को स्वर्ण पदक दिलाने की उम्मीद
स्पोर्ट्स-11


www.dailypioneer.com


# महाराष्ट्र में बारिश से तबाही भूस्खलन में 36 की जान गई

● राज्य में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कुल 42 लोगों की हुई मौत



**भाषा। मुंबई**

**महाराष्ट्र के** तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने के कारण 36 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह हादसा महाड तहसील के तलाई गांव में बृहस्पतिवार शाम को हुआ। इस हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, भूस्खलन वाली जगह से अब तक 36 शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), स्थानीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ, पुलिस और जिला प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव अभियान में जुटी हुई हैं। रायगढ़ की जिलाधिकारी निधि चौधरी ने कहा कि बृहस्पतिवार देर शाम भूस्खलन की घटना की सूचना मिली थी।

जिलाधिकारी ने कहा, बाढ़ और कीचड़ के कारण घटनास्थल की ओर जाने वाले रास्ते अवरुद्ध हो गए थे, इसलिए राहत एवं बचाव दल को घटनास्थल तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। आज सुबह राहत एवं बचाव अभियान दोबारा शुरू किया और अपराह्न तक शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक गांव में करीब 30 घर इस हादसे के कारण वे पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

महाराष्ट्र में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से 36 लोगों की मौत तटीय रायगढ़ जिले में एक गांव के नजदीक भूस्खलन होने से हुई। वहीं, राज्य में लगातार भारी बारिश होने के साथ रत्नागिरी जिले में भूस्खलन होने के बाद 10 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि कोंकण के पर्वतीय क्षेत्रों से निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह कोल्हापुर जिले में एक बस के एक नदी में बहने से ठीक पहले उस पर सवार 11 लोगों को बचा लिया गया। राज्य में लोगों को बारिश से कोई राहत मिलती नहीं नजर आ रही है क्योंकि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने छह जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जो पहले से बारिश से सराबोर हैं। आईएमडी ने अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है और एहतियाती उपायों की सिफारिश की है। अगले 24 घंटों के लिए तटीय कोंकण इलाके में रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों के साथ ही पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे, सतारा और कोल्हापुर जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। बृहस्पतिवार शाम रायगढ़ जिले में महाड तहसील के तलाई गांव में भूस्खलन हुआ।

## प्रधानमंत्री ने दो-दो लाख मुआवजे की घोषणा की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के तटीय जिले रायगढ़ में भूस्खलन होने के कारण हुए जान-माल के नुकसान पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की और घायलों को 50,000 रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में भारी बारिश से उत्पन्न हुई स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है। रायगढ़ जिले में महाड तहसील के तलाई गांव में बृहस्पतिवार शाम भूस्खलन होने के कारण 36 लोगों की मौत हो गई है।



पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरीकॉम हाथों में तिरंगा लेकर भारतीय दल की अगुवाई करते हुए

# महामारी के बीच टोक्यो ओलंपिक का रंगारंग शुभारंभ

**भाषा। तोक्यो**

**पिछले एक** साल से भी अधिक समय से दुनिया को अपनी गिरफ्त में लेने वाली कोविड-19 महामारी के भय के बीच 32वें ओलंपिक खेलों की एक साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद शुक्रवार को यहां जापानी संस्कृति और परंपराओं की झलक दिखाने वाले रंगारंग उद्घाटन समारोह के साथ शुरुआत हो गई। जापान के सम्राट नारूहितो खेलों का उद्घाटन करने के लिए वहां उपस्थित थे। एक महीने पहले ही उन्होंने ओलंपिक के दौरान कोरोना वायरस फैलने को लेकर चिंता जताई थी।

दर्शकों के बिना आयोजित किए जा रहे ओलंपिक खेलों के उदघाटन समारोह में भी भावनाओं का ज्वार उमड़ता दिखा और ऐसे में भावनाओं से एकजुट की इसकी विषय वस्तु भी कार्यक्रम के अनुकूल रही। तोक्यो में जब रात घिर आई थी तब यहां का ओलंपिक स्टेडियम दमक रहा था जिससे उठी नई उम्मीद की धमक पूरे विश्व में सुनाई दे रही थी। महामारी के कारण सभी देशों के कम खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट में हिस्सा लिया। कुछ खिलाड़ियों के अगले दिन प्रतियोगिताएं होने और बीमारी के संक्रमण से बचने के लिए समारोह में भाग नहीं लिया। भारत 25वीं बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रहा है और इस बार उसने अपना सबसे बड़ा दल उतारा है। ओलंपिक मार्च पास्ट की शुरुआत हमेशा की तरह यूनान से हुई जहां पहले ओलंपिक खेल हुए थे। भारतीय दल जापानी वर्णमाला के अनुसार 21वें नंबर पर आया।

# तृणमूल कांग्रेस के शांतनु सेन निलंबित पेगासस विवाद पर विपक्ष का हंगामा

**भाषा। नई दिल्ली**

**तृणमूल** कांग्रेस सदस्य शांतनु सेन को शुक्रवार को राज्यसभा के मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। सरकार की ओर से इस संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया गया था जो ध्वनि मत से पारित हो गया।

सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही दो दिवंगत सांसदों को श्रद्धांजलि दी गई और फिर सभापति एम वेंकैया नायडू ने कुछ आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने सेन के निलंबन के संबंध में एक प्रस्ताव पेश किया जिन्होंने कल सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव के हाथों से एक बयान की प्रति छीन उसके टुकड़े हवा में लहरा दिए थे। ध्वनि मत से इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद सभापति ने सेन को सदन से बाहर जाने को कहा।

नायडू ने कहा, प्रस्ताव मंजूर किया गया, डॉक्टर शांतनु सेन सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किए गए हैं। उन्होंने कहा, शांतनु सेन अब आप सदन से बाहर चले जाएं। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। उन्होंने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह प्रस्ताव अचानक लाया गया है जबकि आज की कार्य सूची में इसका कोई जिक्र नहीं है। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखेंदु शेखर रॉय ने कहा, यह प्रस्ताव कार्यसूची का हिस्सा नहीं है। हमें इस पर बोलने का कोई मौका नहीं मिला। हमें इसकी तनिक भी जानकारी नहीं थी कि सरकार ऐसा प्रस्ताव लेकर आ रही है। यह सूची में शामिल नहीं था। तृणमूल कांग्रेस के अन्य सदस्यों ने एक मंत्री की ओर से सेन को कथित तौर पर धमकी दिए जाने का जिक्र किया जिस पर सभापति ने कहा कि यह सदन की कार्यवाही स्थगित किए जाने के बाद हुआ। तृणमूल के डेरेक ओब्रायन ने जब इस मामले को उठाना चाहा तो सभापति ने कहा, सदन में मेरी उपस्थिति में यदि कुछ हो रहा है तो उसका संज्ञान लिया जाता है। सदन में जो हुआ था उसके बारे में मेरे ध्यान में नहीं लाया गया है।

# राहुल गांधी ने कहा मेरा फोन हुआ टेप

**भाषा। नई दिल्ली**

**कांग्रेस के** पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने इजरायली स्पाइवेयर पेगासस का उपयोग करके भारत के कई प्रमुख व्यक्तियों की कथित तौर पर जासूसी किए जाने को राजद्रोह करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेगासस का उपयोग भारतीय राज्य और संस्थाओं के खिलाफ किया गया तथा यह जनता की आवाज पर आक्रमण है। राहुल गांधी ने संसद भवन के निकट विजय चौक पर संवाददाताओं से कहा, पेगासस एक हथियार है जिसका उपयोग आतंकवादियों और अपराधियों के खिलाफ किया जाता है। हमारे प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने भारत के संस्थाओं और लोकतंत्र के खिलाफ इसका उपयोग किया। मेरा फोन टैप किया। यह मेरी निजता का मामला नहीं है। मैं विपक्ष का एक नेता हूं और मैं जनता की आवाज उठाता हूं।

## जांच एजेंसी को अपना फोन सौंपे राहुलः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी को यदि लगता है कि उनका फोन टैप किया गया है तो उन्हें इसे (फोन) जांच एजेंसी को सौंप देना चाहिए। भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए दावा किया कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अवैध तरीके से किसी का भी फोन टैप नहीं किया है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कोई जूनियर कॉपी राइटर भी उनके फोन में मौजूद विषय वस्तु को कॉपी करना नहीं चाहेगा क्योंकि कांग्रेस नेता के पास कुछ भी मौलिक नहीं है।

## चार जिलों के एसपी सहित सात आईपीएस अफसरों के तबादले

**पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ**

**योगी सरकार** ने बृहस्पतिवार की देर रात 4 जिलों के एसपी सहित सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जालौन के एसपी यशवीर सिंह को सिद्धार्थनगर का एसपी नियुक्त किया गया है। वहीं प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को जालौन का नया एसपी बनाया गया है। आगरा के एएसपी सिटी बोत्रे रोहन प्रमोद को कासगंज का एसपी नियुक्त किया गया है। गोरखपुर में तैनात एसपी आर अभिसूचना कमलेश कुमार दीक्षित को हमीरपुर का कप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं सिद्धार्थनगर में एसपी का कार्यभार देख रहे राम अभिलाष त्रिपाठी को गोरखपुर में कमलेश कुमार दीक्षित के पद पर भेजा गया है। कासगंज के एसपी डॉ. मनोज सोनकर को फतेहपुर की 12वीं वाहिनी पीएसी का सेनानायक बनाया गया है। हमीरपुर के एसपी नरेंद्र कुमार सिंह को आगरा में 12वीं वाहिनी पीएसी में भेजा गया है।

# हर मंडल मुख्यालय पर खुलेंगे सैनिक स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार के बजट में देश मे 100 नए सैनिक स्कूल खोलना प्रस्तावित कर रखा है। इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार हर कमिश्नरी में सैनिक स्कूल खोलने की योजना पर तेजी से कार्य कर रही है। गोरखपुर में बनने जा रहा सैनिक स्कूल पूर्वी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों को सैन्य प्रशिक्षण के साथ योग्यतम शिक्षा देने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि गोरखपुर के खाद कारखाना परिसर में सरकार स्किल डेवलपमेंट का बड़ा केंद्र भी खोलेगी। यहां प्रशिक्षण प्राप्त के लिए देश और दुनियां में कहीं भी बेहतर शर्तों पर रोजगार मिल सकेगा।



● सीएम ने गोरखपुर में सैनिक स्कूल का किया शिलान्यास, डिप्टी सीएम डॉ. दिनेश शर्मा भी रहे मौजूद

सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर खाद कारखाना परिसर में उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा के साथ मिलकर सैनिक स्कूल का शिलान्यास कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कर विद्यालय की आधारशिला रखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सैनिक स्कूल एक बड़ी उपलब्धि है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को देश के कई क्षेत्रों में आगे बढ़नेए उच्च पदों पर सेवा करने का अवसर प्राप्त होगा। यहां के सैनिक स्कूल में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैनिक स्कूलों का अपना इतिहास है। प्रदेश में पहला सैनिक स्कूल 1960 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ संपूर्णानंद ने स्थापित किया था। कारगिल विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन मनोज पांडेय ने भी इसी सैनिक स्कूल से शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त किया था। 2017 में भाजपा की सरकार यूपी में आई तो सरकार ने लखनऊ सैनिक स्कूल का नामकरण शहीद कैप्टन मनोज पांडेय के नाम कर दिया।

सीएम योगी ने कहा कि 1990 में खाद कारखाना बंद हो जाने के बाद 26 साल तक केंद्र व पिछली राज्य सरकारों ने यहां के खाद कारखाने की सुधि नहीं ली। 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका नए सिरे से शिलान्यास किया। 2017 में यूपी में बीजेपी की सरकार आई तो खाद कारखाना परिसर विकास की गतिविधियों का केंद्र बन गया। खाद कारखाना बनकर तैयार हो रहा हैए इसे अक्टूबर तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इससे नौजवानों को नौकरी व किसानों को सस्ती खाद मिलेगी। इसी परिसर में सैनिक स्कूल बन रहा है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,975 | ↑ | 139 | |
| निफ्टी | 15,85{ | ↑ | 32 | |
| सोना | 46,698 | ↓ | 256 | /10g |
| चांदी | 66,111 | ↑ | 662 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कल्याण सिंह की हालत नाजुक

**लखनऊ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कल्याण सिंह के स्वास्थ्य में कोई सुधार नही देखने को नही मिल रहा है। उनकी सेहत नाजुक बनी हुई है। उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर विशेषज्ञ भी बारीकी से नजर रख रहे हैं। पीजीआई निदेशक डॉ आर के धीमान के अनुसार कल्याण सिंह की स्थिति पूर्ववत है। उन्हें जीवन रक्षक संयंत्र ;वेंटीलेटर पर रखा गया है। वह क्रिटिकल केयर मेडिसिन, नेफ्रोलाजी, न्यूरोलाजी, एन्डोक्रिनालाजी एवं कार्डियालाजी विभागो के वरिष्ठ चिकित्सकों की देखरेख में हैं। उनके स्वास्थ्य से संबंधित सभी पहलुओं पर बारीकी से नज़र रखी जा रही हैं। कल्याण की हालत गंभीर है।

# आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण

**भाषा। बालासोर**

**भारत ने** ओडिशा के अपतटीय क्षेत्र में चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र (आईटीआर) से शुक्रवार को सतह से हवा में मार करने वाली नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल (आकाश-एनजी) का सफल परीक्षण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने यह परीक्षण तीव्र गति वाले एक मानवरहित हवाई लक्ष्य को निशाना बनाकर किया जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।डीआरडीओ के सूत्रों ने बताया कि मिसाइल का परीक्षण आईटीआर के लॉंच पैड-3 से किया गया जिसके लिए बहुकार्य रडार, कमान, नियंत्रण, संचार प्रणाली और प्रक्षेपक सहित समूची प्रणाली तैनात की गई।संगठन के प्रवक्ता ने कहा, रेडियो फ्रीक्वेंसी यंत्र से लैस मिसाइल ने तीव्र गति वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। सूत्रों ने कहा कि दो दिन पहले 21 जुलाई को भी चांदीपुर स्थित



आईटीआर के इसी लॉंच पैड से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया गया था, लेकिन इसमें रेडियो फ्रीक्वेंसी यंत्र का इस्तेमाल नहीं किया गया था। इस दौरान मिशन के सभी मानक प्राप्त कर लिए गए थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना और संबंधित उद्यम को तीन दिन के भीतर आकाश-एनजी के दूसरे सफल परीक्षण पर बधाई दी। यह मिसाइल प्रणाली डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के सहयोग से रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल), हैदराबाद ने विकसित की है। परीक्षण खराब मौसम में किया गया जिससे मिसाइल के सभी मौसम परिस्थितियों में काम करने की क्षमता साबित हुई है।

## सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यभार संभाला अमरिंदर भी हुए शामिल

**चंडीगढ़।** नवजोत सिंह सिद्धू ने शुक्रवार को पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह भी मौजूद थे जिनसे हाल के दिनों में सिद्धू के टकराव की खबरें आ रही थीं। मुख्यमंत्री सिंह ने कहा कि वे राज्य के कल्याण के लिए मिलकर काम करेंगे। पंजाब कांग्रेस के नए कार्यकारी अध्यक्षों संगत सिंह गिलजियां, सुखविंदर सिंह डैनी, पवन गोयल और कुलजीत सिंह नागरा ने भी यहां पार्टी के मुख्यालय में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब मामलों के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रभारी हरीश रावत, पूर्व मुख्यमंत्री राजिंदर कौर भट्टल, वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा और लाल सिंह सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कार्यभार संभालने के बाद सिद्धू ने कहा कि पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता और प्रदेश इकाई के प्रमुख में कोई अंतर नहीं है।

# जम्मू में आईईडी सामग्री ले जा रहे ड्रोन को पुलिस ने मार गिराया

**भाषा। जम्मू**

**जम्मू-कश्मीर** पुलिस ने जम्मू जिले के सीमावर्ती इलाके में पांच किलोग्राम वजन की विस्फोटक सामग्री (आईईडी) ले जा रहे ड्रोन को मार गिराया और सीमा पार की, एक बड़ी आतंकी घटना की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के साथ कानाचक की सीमा पर एक ड्रोन के उड़ने की सूचना के बाद पुलिस की एक त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने ड्रोन विरोधी रणनीति का इस्तेमाल करते हुए उसे मार गिराया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने यहां पत्रकारों को बताया, देर रात करीब एक बजे एक ड्रोन को बेहद करीब से उड़ते देखा गया जो आईईडी गिराने ही वाला था लेकिन उसे मार गिराया गया। उन्होंने बताया कि ड्रोन में लगभग तैयार अवस्था में पांच किलोग्राम आईईडी सामग्री थी जिसमें विस्फोट से पहले सिर्फ तारों को जोड़ना बाकी था।

## बारामूला जिले में मुठभेड़ लश्कर के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर इलाके में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को सोपोर के वारपोरा इलाके में घेराबंदी कर तलाश अभियान चलाया।

## अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन 27 से 28 तक भारत की यात्रा पर आएंगे

**भाषा। नई दिल्ली/वाशिंगटन**

**अमेरिकी** विदेश मंत्री एंटनी जे ब्लिंकन 27 जुलाई से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आएंगे। इस दौरान दोनों पक्ष कोरोना वायरस महामारी से उबरने और अफगानिस्तान तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित कई मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी विदेश मंत्री का पद संभालने के बाद ब्लिंकन की यह पहली भारत यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्लिंकन 28 जुलाई को विदेश मंत्री एस जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात करेंगे। उसने कहा कि ब्लिंकन की यात्रा उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता को जारी रखने और भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने का एक अवसर है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्ष मजबूत और बहुआयामी भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों और उन्हें और मजबूत करने की क्षमता की समीक्षा करेंगे।

# वसूली गैंग के लिए खाली करवा रखी हैं यूपी की जेलें

## बेसिक शिक्षा विभाग में 69,000 शिक्षक भर्ती संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदितयनाथ ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में जब भी कहीं भर्ती निकलती थी तो कुछ गैंग ऐसे थे जो वसूली के लिए निकल पड़ते थे। कुछ खानदान और कुछ परिवार ऐसे थे, जिनके लिए भर्तियों में वसूली, आजीविका का जरिया हो गया था लेकिन अब इन्हें मालूम हैं कि यह झोला लेकर निकलेंगे तो हमारी एजेंसियां सतर्क हैं और इनके लिए हमने जेलें भी खाली करवा रखी हैं।

सीएम योगी शुक्रवार को लोकभवन में बेसिक शिक्षा विभाग के चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि इन चार वर्षों में इन लोगों की अवैध कमाई बंद हो गई है तो अब यह लोग युवाओं को गुमराह करने में लग गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती की



शुचिता को कलंकित करने वालों के खिलाफ कठोरता पूर्वक कार्रवाई की गई और उसके परिणाम सामने हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही हम एक और परीक्षा कराने जा रहे हैंए जिसमें आवेदकों की संख्या 30 लाख है। देश की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रही है और विश्वास रखें कोई तिनका नहीं हिलेगा।

सीएम ने पूर्ववर्ती सरकारों को शिक्षा की उपेक्षा करने पर तंज भी कसा। सीएम ने कहा कि आज जब उत्तर प्रदेश के बेसिक विद्यालयों की पर फॉर्मेंस ग्रेडिंग के राष्ट्रीय मानकों पर श्रेष्ठतम होती जा रही है तो कुछ लोगों को यह सुहा नहीं रहा। कहने को तो 2017 से पहले 1,35000 परिषदीय विद्यालय थे, लेकिन हालत दयनीय थी। स्कूल थे तो शिक्षक नहीं, शिक्षक थे तो छात्र नहींए छात्र थे तो पढ़ाई का नाम नहीं। पूरा विभाग ट्रांसफर.पोस्टिंग की अनियमितता में ग्रस्त था लेकिन सरकार ने दशा सुधार का संकल्प लिया और तब जिन स्कूलों के भवनों पर पीपल और बरगद के पेड़ उगा करते थे आज वहां अक्षर के फूल खिल रहे हैं। बच्चों को दो यूनिफॉर्म मिल रहे हैं, बैग, स्वेटर, पाठ्य सामग्री सब मिल रहा है। गरीब का बच्चा भी अब जूता.मोजा पहन के स्कूल जा रहा है। योगी ने कहा कि बेहतर हुई इन स्थितियों से परेशान विपक्ष जानता है कि अगर गरीब का बच्चा पढ़.लिख लेगा तो इनकी जातिवादी.वंशवादी राजनीति बंद हो जाएगी। यह लोग इसी से दु:खी है।

सीएम ने शिक्षक के रूप में उनकी महती जिम्मेदारी का भान भी कराया। उन्होंने कहा कि हर शिक्षक अपने ग्राम के एक.एक घर की जानकारी रखें। किसका बच्चा स्कूल आ रहा हैए किसका नहीं, यह जानें, उनका मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा का बजट 53 हजार करोड़ प्रतिवर्ष का है। इसका लाभ जनता को मिलना चाहिए, ताकि हमारे स्कूल किसी पब्लिक या कांवेन्ट स्कूल की बराबरी कर सकें।

बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए बीते सवा चार सालों में विभाग में हुए 1,30000 शिक्षक भर्ती के शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न होने के लिए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमेशा से मेरिट, शुचिता और पारदर्शिता की नीति अपनाई है, यह व्यवस्था एक मानक के रूप में उभर कर आई है।

इससे पहले, उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने बेसिक, माध्यमिक, प्राविधिक, व्यावसायिक और उच्च शिक्षण संस्थानों में हुई डेढ़ लाख से अधिक पदों पर नियुक्तियों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा दीपक कुमार ने विभागीय गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कियाए जबकि आभार ज्ञापन विभागीय सचिव अनामिका सिंह ने किया।

# 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को भी मिलेगा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 40 लाख से अधिक अंत्योदय कार्ड धारकों को सरकार प्रतिवर्ष मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख रुपये का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराएगी। अंत्योदय कार्ड धारकों को यह लाभ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य की भांति उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अंत्योदय कार्ड धारकों के नाम योजना से जुड़ने पर 40,79598 परिवारों के 1,30,55,710 लाभार्थियों को इसका लाभ मिलने लगेगा।

शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित मीडिया सेंटर में मीडिया से मुखातिब चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रदेश में आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना



का शुभारम्भ 23 सितम्बर 2018 को किया गया था। आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची में चिन्हित 1.18 करोड़ परिवारों को मिल रहा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के अन्तर्गत एसईसीसी.2011 की पात्रता सूची से वंचित लगभग 8.43 लाख परिवारों को भी आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ दिया जाना संभव हो सका। अब तक दोनों योजनाओं को मिलाकर प्रदेश के 6.32 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सूचीबद्ध सरकारी एवं निजी अस्पतालों में सेकेण्डरी एवं टर्शियरी स्तर की बीमारियों के नि:शुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। अब अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों का भी डाटा जुड़ने से प्रदेश के 1.67 करोड़ परिवारों के लगभग 7.62 करोड़ लाभार्थियों को 5 लाख रूपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि गरीबों के लिये राज्य सरकार द्वारा लिये गये इस ऐतिहासिक निर्णय से प्रदेश के लगभग 40,79598 परिवारों के 1,30,55,710 लाभार्थियों को भी आयुष्मान भारत.प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत अनुमन्य सभी प्रकार के लाभ मिल सकेंगे। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों की सूची को हर 6 माह पर अद्यतन किया जायेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व सीएम योगी ने गुरु पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभकामना सन्देश में राज्यपाल ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु पूर्णिमा व गुरु.पूजन का पर्व विशेष महत्व है। ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु.शिष्य की परम्परा अति प्राचीन है। गुरु के आशीर्वाद से ही ज्ञान के साथ साथ सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति में ज्ञान प्राप्ति के लिए गुरु शिष्य की सुदीर्घ परम्परा है। बिना गुरु के ज्ञान प्राप्त करना सम्भव नहीं है। गुरु के आशीर्वाद से सभी सिद्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। शास्त्रों के अनुसार गुरु पूर्णिमा पर महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था। इसलिए गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान बताया गया है। गुरु शिष्य को रचता है, इसलिए वह ब्रह्मा है। गुरु, शिष्य की रक्षा करता है इसलिए वह विष्णु है। गुरु शिष्य के सभी दोषों का संहार करता है इसलिए वह साक्षात महेश्वर है।

## भाजपा विधि विभाग के प्रदेश संयोजक बने रवि सिंह सिसोदिया

**लखनऊ ( विसं )।** भाजपा के कानूनी एवं विधिक विषय विभाग का वकील रवि सिंह सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने विभिन्न विभागों की सूची जारी की। वकील सिसौदिया को प्रदेश संयोजक नियुक्त किए जाने पर वकीलों ने हर्ष जताया और उन्हें बधाई दी। पिछले 20 साल से हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में वकालत कर रहे सिसौदिया भाजपा की अवध क्षेत्र के विधि प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में कार्यरत थे।

# जेल वार्डरों की तैनाती की प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से पूर्ण किए जाने के निर्देश

● पुलिस भर्ती बोर्ड ने नवचयनित 3638 जेल वार्डरों की सूची कारागार महकमे को सौंपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जेल वार्डर पुरुष के 3012 एवं जेल वार्डर महिला के 626 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन करके चयन सूची कारागार मुख्यालय को उपलब्ध करा दी गई है। सूची में अंकित नवचयनित जेल वार्डरों को नियुक्ति पत्र जारी करने तथा विभिन्न कारागारों पर उनकी तैनाती की प्रक्रिया को समयबद्ध तथा पारदर्शी तरीके से पूर्ण किए जाने के निर्देश डीजी जेल आनंद कुमार ने दिए।

निर्देशों के अनुपालन में कारागार महकमे ने नवचयनित अभ्यर्थियों की तैनाती एवं नियुक्ति प्रक्रिया निर्धारित कर दी है। जिसके अनुसार 6 अगस्त 2021 तक मुख्यालय स्तर पर गठित समिति नवचयनित अभ्यर्थियों को जेल आवंटित करने का कार्य मंडलवारए कारागारवार पूर्ण कर लेगी। 7 अगस्त से 14 अगस्त 2021 तक नवचयनित बंदी रक्षक अपनी आवंटित जेल की मंडल कारागारों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक के समक्ष समस्त मूल अभिलेखों तथा प्रमाण पत्रों के साथ रिपोर्ट करेंगे। 16 अगस्त से 24 अगस्त 2021 तक मंडल जेलों के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रिपोर्ट कर चुके नवचयनित बंदी रक्षकों का मेडिकल परीक्षण कराकर मेडिकल रिपोट सहित अन्य अभिलेखों को चेक करके नियुक्ति पत्र जारी करेंगे। जेल वार्डर इस आशय का सेल्फ एफिडेविट देंगे कि यदि उनके अभिलेखों, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, शैक्षिक अभिलेखों, जाति प्रमाण पत्र, पुलिस सत्यापन, चरित्र सत्यापन रिपोर्ट में किसी प्रकार की प्रतिकूलता पाई जाती है तो उनका चयन तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी।

# विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने का अंतिम अवसर 2022 है। उत्तर प्रदेश में चुनाव की जनप्रतिक्रिया शुरू हो चुकी है। भाजपा ने राज्य की जनता का चार वर्ष से अधिक समय बर्बाद कर दिया है। भाजपा की चालों से सावधान रहना है। भाजपा राग.द्वेष से सरकार चला रही है। विधानसभा चुनाव आने तक भाजपा कई रंग दिखाएगी।

अखिलेश यादव शुक्रवार को समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश कार्यालय लखनऊ के डा. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठा से सक्रिय रहे। यूपी में 350 सीट का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए रात.दिन काम करना पड़ेगा। केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार का चरित्र जनविरोधी है। किसान बिल के द्वारा भाजपा किसानों का भविष्य खराब



कर पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाना चाहती है। काले कृषि कानून से खेत का मालिकाना अधिकार किसानों के हाथ से निकल जाएगा। भाजपा सुविधा के नाम पर असुविधा की व्यवस्था करती है। सरकार ने मण्डी व्यवस्था की उपेक्षा की है। अन्नदाता को उसकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) नहीं मिला। किसानों की आय दूर-दूर तक दोगुनी होने की कोई सम्भावना नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा जनता को तात्कालिक लालच में फंसा कर लोकतंत्र की हत्या का इंतजाम कर रही है।

## सरकारी विभागों में खेल कोटा बहाल करने का फैसला

**लखनऊ।** लम्बे अर्से से बंद चल रही खिलाडी कोटे की भर्तियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से बहाल किये जाने का बडा फैसला लिया है। जापान के टोक्यो में ओलंपिक खेलों से उद्घाटन से पहले सीएम के इस निर्णय को खिलाडियों को तोहफा माना जा रहा है। सीएम योगी ने शुक्रवार को लोक भवन में टीम-9 के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को खेल कोटे के रिक्त पदों को बहाल किये जाने के निर्देश दिये। सीएम ने कहा कि सभी सरकारी विभागों में भर्ती में निलंबित स्पोर्ट्स कोटा को तत्काल ही बहाल करके इन्हे भरे जाने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को इस प्रक्रिया को शीघ्र ही शुरू करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस देश की सिविल पुलिस का विशालतम बल है। इसमें खेल कोटा के तहत प्रतिभावान खिलाड़ियों की सेवाएं लिया जाना उपयोगी होगा। पुलिस विभाग में खेल कोटा सृजित कर योग्य खिलाड़ियों की यथोचित पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाए।

**बनारस रेल इंजन कारखाना,वाराणसी-221004**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर,अनुरक्षण, बरेका वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्र.सं. 1, निविदा सं0:-** वि./1032/कार्य-1134 आर-1, **कार्य का नाम:-** मैन्डेटरी एनर्जी आडिट आफ बी.एल.डब्लू.वाराणसी, **अनुमानित लागत रू: 3,53,688/-, कार्य अवधि:-** 04 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 13.08.2021 समय 15:30 बजे। **क्र.सं. 2, निविदा सं0:-** वि./916/कार्य-1131 आर, **कार्य का नाम:-** रिनोवेशन आफ सिविल, मांडर्नाइजेशन डिपार्टमेन्ट एण्ड आफिसेस आफ फाईनेन्स एण्ड स्टोर डिपार्टमेन्ट एट वेस्ट विंगस् फर्स्ट फ्लोर आफ एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, **अनुमानित लागत रू:- 69,45,368.57, कार्य अवधि:-** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 17.08.2021 समय 15:30 बजे। **क्र.सं. 3, निविदा सं0:-** वि./1003/कार्य-1147, **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिकल अरेन्जमेन्ट फार प्रपोस्ड न्यूली कन्स्ट्रक्टेड पाण्ड इन कंचनपुर कालोनी, **अनुमानित लागत रू:- 15,99,889.40, कार्य अवधि:-** 06 माह, **निविदा खुलने की तिथि व समय:-** 20.08.2021 समय 15:30 बजे। **नोट-** कृपया उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण प्राप्त करने हेतु एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

ज.स.अ./बरेका/एम-06 दिनांक - 22.07.2021 जिला विद्युत इंजीनियर/अनुरक्षण

/blwvaranasi" वेबसाइट :- www.blw.indianrailways.gov.in"

**कार्यालय ग्राम पंचायत खैरपुर वि0ख0 चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक : मेमो/सा0 आ0/2021-22 दिनांक : 23.07.2021

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरपुर "विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां-पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है जिसके लिए निम्नवत्त निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | |
|---|---|
| 1. कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0 टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
| 3 निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय – |
| 6 निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 2.8.2021 को पूर्वा/अप्रा0 12:00 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 200000 रु0 (दो लाख) का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0 /बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत-खैरपुर
चोपन-सोनभद्र

# धान खरीद की नई नीति बनाएगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किसानों** को उनकी उपज के दाने-दाने का भुगतान कराने के लिये योगी सरकार नयी धान खरीद नीति लाने जा रही है। इसके लिये सरकार के स्तर पर काम शुरू हो गया है। सीएम योगी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिये हैं। सितम्बर माह से शुरु होने वाली धान खरीद के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाने पर भी सरकार का जोर है। मुख्यमंत्री सत्ता संभालने के बाद से लगातार किसानों को लाभ देने का काम किया है। इस साल सरकार ने गेहूं खरीद में अविश्वसनीय बदलाव लाते हुए ई-मंडियों की स्थापना की। किसानों को उनके खेत से 10 किमी के दायरे में गेहूं खरीद की सुविधा दी। किसानों ने जिन सुविधाओं की कभी कल्पना नहीं की थी उन व्यवस्थाओं को देकर लाभान्वित करने का बड़ा काम किया है। ई.पॉप मशीनों से गेहूं खरीद कर पारदर्शिता लाने वाली योगी सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास को तेजी से आगे बढ़ाया है। कोरोना काल में खेती-खलिहानी को जारी रखते हुए बड़ी मात्रा में किसानों को लाभ देने का काम किया है। खरीद के 72 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया। जिसका नतीजा है कि आज तक के इतिहास में रबी विपणन वर्ष 2021-22 में उसने 1288461 किसानों से 56.25 लाख मेट्रिक टन गेहूं खरीद की गई है। किसानों को अधिक लाभ देने वाली योगी सरकार ने इसी तर्ज पर खरीफ की फसल में धान खरीद की तैयारी शुरु कर दी है। सीएम योगी ने किसानों के हित को दृष्टिगत रखते हुए अधिकारियों से धान खरीद की नीति तैयार करने को कहा है।

# शोषित, वंचित समाज को नौकरियां नहीं देना चाहती भाजपा सरकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में ओबीसी की जातिवार सूची ना जारी किए जाने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले के विरुद्ध आंदोलनरत व पुलिसिया बर्बरता के शिकार घायल ओबीसी अभ्यर्थियों के साथ योगी सरकार द्वारा किया गया आरक्षण घोटाला उनके अधिकारों को हड़पने की साजिश है। पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा आरक्षण घोटाले की जांच के बाद आयी रिपोर्ट को दरकिनार कर सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जाना यह बात प्रमाणित करता है कि सरकार की आरक्षण घोटाले का सच स्वीकार करने के बजायए शोषित वंचित समाज को नौकरिया नहीं देना चाहती। उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि सहायक शिक्षक भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग व अनुसूचित जातियों के अधिकार हड़प लिए गए। अपने अधिकारो के लिये संघर्षरत पिछड़ी जातियों के बेरोजगर युवाओं पर पुलिसिया बर्बरता व लाठीचार्ज होते देखकर पिछड़ी जातियों के कथित भाजपा नेताओं की आत्मा भी नही जागी। अगर आरक्षण घोटाला नहीं हुआ तो अभ्यर्थियों की मांग के अनुरुप पिछड़ी जातियों के कुल कोटे के चयनित अभ्यर्थियों की जातिवार सूची सरकार क्यों नहीं जारी कर रही है।

## चालू सत्र में ही तीन कृषि कानूनों को रद्द करे केंद्र: मायावती



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सरकार पर किसान आंदोलन को लेकर एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमला बोला है। साथ ही मायावती ने केन्द्र सरकार से तीन कृषि कानूनों को चालू सत्र में ही रद्द करने की मांग की है। शुक्रवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि किसानों के प्रति सरकारों को अहंकारी ना होकर बल्कि संवेदनशील व हमदर्द होना चाहिए। किन्तु दु:ख यह है कि तीन कृषि कानूनों को रद्द करने को लेकर काफी लंबे समय से किसान यहां आंदोलित है अब ये जंतरमंतर पर किसान संसद लगाए हैं। केन्द्र चालू सत्र में ही इनको रद्द करें। बीएसपी की यह माँग है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि form C No. 0030392, 0030393, 0030394, 0030395, 0030396 वास्तव में कहीं खो गये हैं। मेडी शील्ड हेल्थकेयर स्थित-8, बी0एन0 रोड, लालबाग, लखनऊ। दूरभाष :- 0522-4042576, 9889770559

**सूचना**

**सूचना**

**बीटीसी (DLED) में अल्पसंख्यक कोटे में सीधे प्रवेश लें सत्र-2021**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एच.एम. शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पीवाताल मऊ (कोड-500027) में प्रवेश हेतु संस्थान की वेबसाइट hmspmau.in पर बिना काउन्सलिंग के सीधे प्रवेश हेतु सम्पर्क करें। योग्यता NCTE एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित **प्रबंधक, Mb. 9839607894**

**सूचना**

मेरे पति के नौकरी सेवा (एनटीपीसी) के अभिलेखों में मेरा नाम सुमन यादव दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम सुमन दर्ज है, जो सत्य व सही है। अत: मुझे सुमन नाम से ही जाना, पहचाना व समझा जाए। सुमन पत्नी श्री मोतीलाल यादव निवासी - टाईप तृतीय - 97 एनटीपीसी कालोनी ऊंचाहार - रायबरेली

# चन्द्रशेखर आजाद की कुर्बानी से कुछ सीखें युवा: डॉ. दर्शन लाल

● जयंती पर किया गया वीर सपूत को नमन

## विवि के चित्रकला विभाग में प्रदर्शनी का आयोजन

संवाददाता। मेरठ

**देश** हमें सब कुछ देता है हम भी तो कुछ देना सीखें। अपने लिए तो सब करते हैं देश के लिए भी कुछ करें। आज का दिन बहुत ही गौरव का दिन है चंद्र शेखर आजाद ने स्वयं के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना शरीर न्योछावर कर दिया। सबको साथ लेकर चलना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी यह बात आजादी के अमृत महोत्सव की सं या में आयोजित चित्रकला प्रदर्शनी के दौरान मु य अतिथि चौव चरण सिंह विश्वविद्यालय की कार्य परिषद के सदस्य डॉ दर्शन लाल अरोड़ा ने कही।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर वाई विमला ने कहा कि क्रांतिकारियों की कुर्बानी से हमारा रोम-रोम ऋणी हैं जिनके कारण हम



आज स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आजाद करा कर शहीदों ने स्वर्ग बना दिया ए उनके बलिदान को शत.शत नमन है। कहा कि शहीदों के कार्य महान थे। हमारे संस्कारों में है क्रांतिकारियों की वीर गाथाएं हैं।

आज के युग में हम बेशक कह रहे हैं कि हम आगे बढ़ रहे हैंए लेकिन इन शहीदों की कुर्बानी को याद किए बिना हमारे विकास का कोई अर्थ नहीं है। यदि हम अपने गौरव को याद नहीं कर पा रहे हैं तो मानो हम सिर्फ अपने आप को दिखा रहे हैं। कहा कि हमारा अस्तित्व शहीदों का ऋणी रहेगा। चित्रकला प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि शिक्षकों का बहुत बड़ा कार्य है विद्यार्थियों को संस्कारित करना और यह देखना कि उनके जीवन में क्या अच्छे कार्य हो सकते हैं। इसके लिए उन को प्रेरित करना होगा। उन्होंने कहा कि अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करना यह हमारी प्रवृत्ति है लेकिन इससे बड़ी प्रवृत्ति सामाजिक सरोकार व देशहित की होनी चाहिए। इससे राष्ट्रीय व मानव जीवन अधिक धनात्मक रूप से प्रभावित होते हैं। प्रोफेसर नरेंद्र कुमार तनेजा ने कहा कि बलिदान और त्याग के कारण ही आज चंद्र शेखर आजाद को हम स्मरण कर रहे हैं नमन कर रहे हैं। कहा कि भारतीय चिंतन में प्रारंभ से ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और विचारों की भिन्नता को प्रमुखता प्रदान की गई है। कुलपति प्रोफेसर तनेजा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस के नेतृत्व के कारण ही अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश होना पड़ा। उस समय देश में दो दल थे एक नरम दल और एक गरम दल । नरम दल का सोचना था कि देश को आजाद कराने के लिए अहिंसा ही सबसे बड़ा हथियार है जबकि गरम दल का सोचना था कि जो हमारे देश पर शासन कर रहे हैं इन ताकतों को परास्त करने के लिए सर्वस्व बलिदान करना ही पड़ेगा । उन्होंने कहा कि यह देश उन तमाम बलिदानों के प्रति कृतज्ञ हैं जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सबकुछ समर्पित कर दिया । प्रोफेसर तनेजा ने कहा कि शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेते हुए युवा सोचें कि देश के लिए क्या कर सकते हैं ।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर आराधना गुप्ता ने किया। इस दौरान कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर भूपेंद्र सिंह, कुलानुशासक प्रोफेसर वीरपाल सिंह, कार्यवाहक वित्त अधिकारी प्रोफेसर हरे कृष्णा, प्रोफेसर राकेश गुप्ता, प्रोफेसर नीलू जान गुप्ताए प्रोफेसर बिंदु शर्मा, प्रोफेसर अजय विजय कौर, प्रोफेसर विग्नेश त्यागी, कार्यक्रम की संयोजक डॉ अलका तिवारीए डॉ विवेक कुमार त्यागी डॉ पूर्णिमा वशिष्ठ, डॉ प्रदीप चौधरी, डॉ योगेश मोरल व प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जुगैल वि0ख0 चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक : /सा0 आ0/2021-22 दिनांक : 22.07.2021

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जुगैल विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां-पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | |
|---|---|
| 1. कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0 टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
| 3 निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 28.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय- पंचायत भवन |
| 6 निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 2.8.2021 को पूर्वा/अप्रा0 12 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 5.00 लाख रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0 /बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत जुगैल के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत- जुगैल
चोपन-सोनभद्र

# शिक्षक का नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिल उठे चेहरे

●सोनभद्र में 38 अभ्यर्थियों को लाभ

संवाददाता। सोनभद्र



**69 हजार** शिक्षक भर्ती के तहत जिले में 38 नव नियुक्त अध्यापकों को चुर्क स्थित हरसेवानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को नियुक्ति पत्र जनप्रतिनिधियों ने वितरित किया। नियुक्ति पत्र मिलते ही नव नियुक्त अध्यापकों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त शिक्षकों को वितरण करने के बाद सोनभद्र जिले में नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल व विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया। इस दौरान नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार हर स्तर पर लोगों की मदद कर रही है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा की सबका साथ सबका विकास तथा सबका विश्वास के तहत भाजपा काम कर रही है। उन्होंने सरकारी की जनकल्याण कारी योजनाओं का बखान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बताया कि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत रिक्त पदों के सापेक्ष सफल 38 नव नियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित जनप्रतिनिधियों ने किया। बीएसए ने बताया की किस विद्यालय में नियुक्ति की जाएगी इसका चयन अभी नहीं किया गया है। शासन से निर्देश मिलते ही विद्यालयों में ऑन लाइन तैनाती दी जाएगी। उन्होंने कहा की नव नियुक्त शिक्षक से निश्चित तौर पर जिले का छात्र शिक्षक अनुपात सुधरेगा। इस मौके पर सीडीओ अमित पाल शर्मा पूर्व विधायक तीरथराज अपना दल जिलाध्यक्ष सत्यनारायण पटेल खंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रताप सहाय आलोक यादव रमाकांत राम मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन शिक्षक मनीष पटेल ने किया।

## बनारस के 22 शिक्षकों को जनपद स्तर पर नियुक्ति पत्र दिया गया



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 69000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया के अंतिम चरण में अवशेष 6696 शिक्षकों को लखनऊ में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए। कमिश्नरी सभागार में विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह,भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, शैलेंद्र पांडेय, पवन कुमार चौबे,योगेश सिंह द्वारा जनपद के 22 शिक्षकों सर्वश्री विष्णु प्रकाश मिश्रा, मोहना गुजराती, रितु मिश्रा, दिव्या मिश्रा, रजनीश मणि, अनूप तिवारी, विनय चौबे, आनंद कुमार द्विवेदी,सुमंत कुमार राय, मदन गोपाल अवस्थी, राम चन्दर पटेल, विकास कुमार पटेल, रघुवीर यादव, शशि प्रकाश, श्याम बाबू जायसवाल, अतुल कुमार मौर्या, मनीष कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश दुबे, मीनाक्षी, प्रतिमा भारतीय कुमारी नीलम देवी एवं वीरेंद्र कुमार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कमिश्नरी सभागार में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार द्वारा पारदर्शी, ईमानदारी से शिक्षक भर्ती हुई है। शिक्षा विभाग में गत 4 वर्ष 4 माह में डेढ़ लाख शिक्षकों की भर्ती हुई है। इस अवधि में सरकार ने सवा चार लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। समस्त भर्ती प्रक्रिया ईमानदारी व पारदर्शी हुई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि बेसिक शिक्षा का बजट 53 हजार करोड़ रुपए से अधिक है वर्ष का इसका पूरा लाभ प्रदेश को मिले। प्राइमरी स्कूल किसी प्राइवेट कान्वेंट से कमतर नहीं रहेंगे। ऑपरेशन कायाकल्प से प्राइमरी स्कूलों की स्थिति अच्छी बनी है।

## क्विक न्यूज

### बीएचयू के शिक्षकों का किया गया सम्मान



**वाराणसी।** गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर प्रो हरिहर नाथ त्रिपाठी फ ाउंडेशन द्वारा विश्विद्यालयों के उत्कृष्ट शिक्षकों और समाज़ सेवियों का सम्मान बीएचयू स्थित जोधपुर कालोनी में डा.क्षेमेन्द्र त्रिपाठी के आवास पर किया गया। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्रो आर पी पाठक निवर्तमान डीन सोशल साइंस, प्रो मल्लिकार्जुन जोशी, भूतपूर्व डीन विज्ञान संस्थान बी एच यूए प्रो एन के दुबे, प्रो एन के अग्रवाल, प्रो जे पी त्रिपाठी,प्रो एस के पांडे, प्रो राजेश कुमार, प्रो सदानंद शुक्ला, संस्कृत विश्विद्यालय, डॉ डी के सिंह, डॉ अजय त्यागी, श्री प्रजानाथ शर्मा सम्मिलित थे। स्वागत श्री संजीव सिंह व देवेंद्र सिंह आदि ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ क्षेमेंद्र मणि त्रिपाठी ने किया। योगेश संत, अजय कुमारए शांतनु त्रिपाठी इत्यादि का सहयोग रहा।।

### भाजपा कार्यालय पर स्वागत



**मऊ।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डा. संजय गोंड़ का स्वागत भाजपा पदाधिकारियों, जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं जनपद के व्यापारियों द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष जनजाति मोर्चा मुन्ना राजभर के नेतृत्व में किया गया। स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉण् संजय गोंड़ ने कहा कि भाजपा देश की एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमें केन्द्र सरकार में 16 मंत्री जनजाति समाज से है। इससे सिद्ध होता है भाजपा सबका साथ सबका विकास के सिद्धान्तों को साकार कर रही है।इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार गुप्ता ने कहा कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की सिद्धान्त पर चल कर आज भाजपा समाज के अन्तिम व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुॅचा रही है। तद्क्रम में व्यापार मण्डल के जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण बरनवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज को प्रदेश में भयमुक्त व्यापारिक वातावरण बनाने हेतु एवं जिलाधिकारी एवं पुलिसअधीक्षक को प्रत्येक जिले में प्राथमिकता के आधार पर व्यापारी समस्याओं के निदान हेतु निर्देशित करनें पर धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वागत समारोह में मुख्यरूप से जिला अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता , मुन्ना खरवार, आनन्द प्रताप सिंह, गोपाल कृष्ण बरनवाल,अखिलेश मद्धेशिया, जिला उपाध्यक्ष युवा व्यापार मण्डल जिला मंत्री भाजपा नुपुर गर्ग, संतोष कश्यप, जितेन्द्र गोड़, रामनिवास जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा, प्रमोद , घनश्याम, जितेन्द्र, संजय, केशव, प्रेम कुमारए आदि लोग उपस्थित रहे।

### सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव का किया गया स्वागत



**मऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता राजीव का जिले में आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस क्रम में समाजवादी छात्र सभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष एडण्दिलीप कुमार पाण्डेय ने अपने साथियों के साथ माल्यर्पण करके मिठाई खिलाकर व अराध्य भगवान परशुराम की प्रतिमा भेट किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकारे आती जाती है अधिकारी नैतिकता के आधार पर कार्य करे। स्वागत कर्ता में मुख्य रूप से कृष्णा यादव निण् जिला उपाध्यक्ष समाजवादी छात्र सभाएफैयाज अहमद पुस्तकालय मंत्री,अबू नासिर,सूर्यमणि भारती, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री सुनील भराला का स्वागत



**सोनभद्र।** श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष व प्रदेश के राज्य मंत्री सुनील भराला का जनपद आगमन पर शुक्रवार को जनपद मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री श्री भराला ने भाजपा पदाधिकारियों से पार्टी को और मजबूत करने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि जिस तरह से जिला पंचायत अध्यक्ष एवं क्षेत्र पंचायत प्रमुख चुनाव में पार्टी की जीत हुई है उसी तरह से आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित कराएं स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्ता यमुनापार भाजपा प्रभारी ओंकार केसरी सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत विनोद पटेल वरुण त्रिपाठी दिलीप चौबे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके बाद श्री सुनील भराला नगर पंचायत पिपरी में आयोजित लोकमान्य गंगाधर तिलक जयंती के मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।

### नाले में मिली लाश से क्षेत्र में सनसनी

**चंदौली।** जनपद में लाशों के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है । पिछले तीन दिनों की बार करें तो जिले में चार लाशें मिल चुकी है। वहीं बबुरी थाना क्षेत्र के पांडेपुर बाजार स्थित सड़क किनारे नाले में शुक्रवार को शव उतराया मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । दरअसल बबुरी थाना क्षेत्र के पांडेपुर क्षेत्र के लोग जब अलसुबह टहलने के लिए निकले इसी दौरान पांडेपुर बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप सड़क किनारे नाले में शव उतराया देख इलाके के लोगों में सनसनी फैल गई। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर बबुरी पुलिस पहुँच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । नाले में मिले शव लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति की बताई जा रही है । मृतक के शरीर पर काला धारीदार शर्ट तथा पैण्ट व गले में गमछा लपेटे हुआ था ।

### टैंकर की चपेट में आने से महिला की मौत

**चन्दौली।** एनएच-2 के निर्माणधीन पुल हादसों का सबब बन गए। जिसके चलते आए दिन सड़क हादसे में लोग अपनी जान गवां रहे है। अलीनगर थाना क्षेत्र के चकिया मोड़ के समीप टैंकर की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । बता दें कि बिहार के भभुआ निवासी सच्चिदानंद सिंह अपनी पत्नी आरती देवी -56 के साथ वाराणसी के लंका मे रहकर ठेकेदारी का काम पिछले तीन दशक से कर रहे हैं। शुक्रवार को सच्चिदानंद सिंह अपने पत्नी आरती के साथ गांव के लिए स्कूटी पर सवार होकर जा रहे थे जैसे ही चकिया मोड़ बाईपास पहुंचे कि पीछे से एथेनाल लदी टैंकर की चपेट में आ गए जिससे पीछे बैठी आरती टैंकर की चपेट में आ गई और घटनास्थल पर ही तत्काल मौत हो गई । घटना के मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वही पुलिस टैंकर सहित चालक को पुलिस गिरफ्तार कर अगली कार्रवाई में जुट गई है ।

### बंधी प्रखंड के अधिकारियों को किसानों ने किया घेराव

**सकलडीहा,चन्दौली।** बंधी प्रखंड विभाग द्वारा ड्रेन की खोदाई के दौरान रिष्टी गांव में ड्रेन की मुख्य पुलिया तोड़ दिये जाने से लगभग पांच सौ बीघा दर्जनों गांव के किसानों की फसल जलमग्न हो गयी है। जिसे लेकर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया है। शुक्रवार को बंधी विभाग के पहुंचे एसडीओ और जेई का घेरॉव कर जमकर भड़ास निकाला। इस दौरान पुलिया निर्माण होने तक किसानों ने अधिकारीद्वय को धरना स्थल पर बैठाये रखा। अधिकारियों द्वारा शीध्र पुलिया निर्माण कराने व जलनिकासी के लिये पाइप लगाने का आश्वासन देने पर किसानों ने अधिकारियों को छोड़ा। इस दौरान किसानों ने अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाला। शासन के निर्देश पर हेड से टेल तक पानी पहुंचाने के लिये बंदी प्रखंड द्वारा मई माह में जेसीबी लगाकर ड्रेन की खोदाई शुरू कराया गया था। इसके साथ ही जर्जर पुलिया की मरम्मत कराने का निर्देश रहा। लेकिन विभागीय ठेकेदार और अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते रिष्ट्री गांव की ड्रेन की मुख्य पुलिया तोड़कर छोड़ दिया गया। बारिश के कारण लेहरा मनिहरा ड्रेन में तेज बहाव से पानी भर जाने किसानों की पांच सौ बीघा रोपी गयी धान की नर्सरी जलमग्न होगयी। आक्रोशित किसानों ने बंधी प्रखंड के अधिकारी और ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पहुंचे एसडीओ माजिद खां और जेई शशांक को किसानों ने धरना स्थल पर बैठा दिया।

## कोविड प्रोटोकॉल के तहत सावन माह में होगा दर्शन पूजन : सीओ

संवाददाता। सकलडीहा, चन्दौली

**शासन** के निर्देश पर सावन माह में कावर यात्रा पर पूर्ण रूप से पाबंदी का निर्देश है। जिसे लेकर शासन प्रशासन के लोग गंभीर है। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश सीओ सकलडीहा शेषमणी पाठक कॉलेश्वर मंदिर में संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर आदेश से अवगत कराया। वहीं विभिन्न संस्था के लोगों ने लिखित तौर पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सहमति दिया।

आगामी 26 जुलाई से सावन माह का पहला सोमवार है। चतुर्भुजपुर स्थित कॉलेश्वर महादेव मंदिर, जामडीह स्थित जामेश्वर महादेव मंदिर और कस्बा के शिवमंदिर पर महिलाओं के साथ शिवभक्त जलाभिषेक करते है। कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए शासन की ओर से कावर यात्रा पर पूर्ण रूप से पाबंदी है। कांवर यात्रा के दौरान किसी प्रकार की डीजे बजाने पर रोक है। इसके साथ ही मंदिर में पांच लोगों को एक साथ दर्शन पूजन करने की जानकारी दी गयी। मंदिर के पुजारी को हर दर्शनार्थियों को कोविड प्रोटोकॉल के तहत मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंस का पालन कराने के बारे में निर्देशित किया गया। अंत में सभी सभ्रांत नागरिकों ने लिखित तौर पर शासन द्वारा कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का सहमति जताया। इस मौके पर कोतवाल अवनीश राय, कमला पांडेय, राजेश पांडेय, अरविंद यादव, राजीव दीक्षित, पुनवासी यादव, सिंटू यादव, त्रिभुवन राम आदि मौजूद रहे।



### कोविड–19 का पालन करते हुए 11 यादव बन्धु करेगें पहले सोमवार को बाबा का जलाभिषेक

**वाराणसी।** चन्द्रवंशी गोप सेवा समिति एवं जिला पुलिस–प्रशासन के बीच शुक्रवार को चेतगंज स्थित डीसीपी कार्यालय में सावन के प्रथम सोमवार को यादव बंधुओं द्वारा वर्ष 1932 से बाबा विश्वनाथ सहित नौ शिवालयों में जलाभिषेक करने की परम्परा है। इस पर एडीएम सिटी गुलाबचंद्र एवं एडीसीपी विकास चन्द्र तिवारी ने बैठक में यादव बंधुओं को कोविड–19 का पालन करते हुए ज्यादा भीड़ जुटाने की इजाजत न देते हुए काशी की परम्परा का निर्वाह करते हुए 11 यादव बंधुओं को जलाभिषेक की इजाजत दी। यादव बंधुओं के साथ संस्था की प्रतीक चिन्ह पीतल के ध्वज, डमरू एवं ग्यारह यादव बंधु साथ में कलश लेकर बाबा का जलाभिषेक करने का इजाजत दी। बैठक की अध्यक्षता एडीएम सिटी गुलाब चन्द्र एवं एडीसीपी विकास चन्द्र तिवारी ने किया। यादव बंधुओं की बैठक में कोतवाली उपायुक्त प्रवीण सिंह, दशाश्वमेध उपायुक्त अवधेश कुमार पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली एवं दशाश्वमेध के अलावा समिति के प्रदेश अध्यक्ष लालजी यादव, शालिनी यादव, दुर्गा सरदार, राजू सरदार, आयुष्मान चन्द्रवंशी, पार्षद मनोज यादव, बल्ली सरदार, महानगर अध्यक्ष विनय यादव, मनीष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

### गायघाट स्थित ऊं साईनाथ का स्थापना दिवस आज

**पायनियर समाचार सेवा, वाराणसी।** गायघाट स्थित ऊं साईनाथ बाबा का स्थापना दिवस शनिवार को सायं काल साढ़े बजे मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण को अशोक की पत्ती, गुलाब का माला, बेला, चमेली, नीलकंठ, गेंदा आदि सुगन्धित माला से सजाया तथा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों मिष्ठान, फ्ल–फूल, मेवा आदि भोग के रूप में चढ़ाया जाएगा। तूलिका बैजनाथ आर्ट गैलरी के संस्थापक एवं मंदिर के सेवईत सिन्धु वर्मा ने बताया कि गुरू पूर्णिमा के दिन इस साई बाबा मंदिर का स्थापना किया गया था इसलिए कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं के दर्शन–पूजन के लिए मंदिर की कपाट छह बजे सायं काल खुल जाएगा जो देर रात तक दर्शन–पूजन चलेगा।

### अजीरेश्वर धाम में जलाभिषेक ही कर पाएंगे श्रद्धालु मेले की अनुमति नहीं

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहां के अजीरेश्वर धाम में इस वर्ष सावन महीने में वैश्विक महामारी कोरोना के कारण श्रद्धालुगण केवल शंकर भगवान की मूर्ति पर जलाभिषेक ही कर पाएंगे। मंदिर परिसर में मेले की अनुमति नही रहेगी। अति प्राचीन अजीरेश्वर धाम मंदिर में बाबा भोलेनाथ के जलाभिषेक की अनुमति जिला प्रशासन से मिली है। सावन महीने में यहाँ लगने वाले विशाल मेले पर रोक लगाई गई है। बताते चले कि कोरोना महामारी को देखते हुए जिला प्रशासन ने निर्देश जारी कर कहा है कि मंदिर में प्रवेश के दौरान कोरोना गाइड लाइन को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालु भक्त बाबा को जलाभिषेक कर सकते हैं। इसके अलावा परिसर में लगने वाले मेले पर रोक लगाया गया है। गौरतलब हो कि आगामी शनिवार से पवित्र सावन महीना शुरू होने जा रहा है सावन का पहला सोमवार 26 जुलाई को होगा। इस बाबत मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह बघेल ने मीडिया को उक्त आशय की जानकारी देते हुए सभी श्रद्धालु भक्तों से आग्रह किया है कि मंदिर में प्रवेश के समय सरकार के निर्देशानुसार कोरोना गाइड लाइन के तहत भक्त एक दूसरे से आवश्यक दूरी का ख्याल रखते हुए जलाभिषेक कर बाबा भोलेनाथ के दरबार मे दर्शन पूजन कर पुण्य के भागीदार बने तथा सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन और मंदिर निर्माण समिति को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

### सावन के सोमवार को देखते हुए प्रशासन ने बैरिकेटिंग लगाने का दिया निर्देश

**वाराणसी।** श्रावण मास रविवार को चढ़ रहा है। इसलिए बाबा विश्वनाथ में दूर दराज से आने वाले कांवरियां श्रद्धालुओं को देखते हुए बांस–बल्ली लगाने का काम शुक्रवार को सुबह से ही मजदूर ज्ञानवापी से लगायत गोदौलिया चौराहे तक बांस–बल्ली लगाते हुए देखे गये। हॉलकि मुख्यमंत्री द्वारा सावन में कांवर यात्रा को ब्रेक लगा दिया गया है उसके बावजूद प्रशासन ने बाबा के श्रद्धालुओं को दर्शन–पूजन के दौरान कोई दिक्कत न हो इसलिए बांस–बल्ली से बैरिकेटिंग किया जा रहा है।

## सशक्त महिलाओं से ही होंगी परिवार व समाज की उन्नति : अनीता सिंह

संवाददाता। सोनभद्र

कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता सिंह डीएम अभिषेक सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह व जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम ने बताया की महिलाओं को विधिक रूप से जागरूक करने की आवश्यकता है ताकि वे अपनी लड़ाई स्वयं लड़ सके तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला परक योजनाओं का लाभ उठा सकें कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता सिंह ने बताया की जब महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार व समाज की उन्नति होगी तथा महिलाओं की जनभागीदारी से सरकार की नीतियों का सफल क्रियान्वयन संभव हो सकेगा। कार्यक्र म को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर नेम सिंह ने महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया तथा उपस्थित महिलाओं को संस्थागत प्रसव तथा महिलाओं की बीमारियों का इलाज बेहतर ढंग से उपलब्ध

## यातायात जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक



संवाददाता । मुग़लसराय,चन्दौली

**सड़क** सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन यातायात पुलिस चन्दौली द्वारा जागरूकता रैली कस्बा पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर में निकाली गई। वहीं चकिया तिराहे पर नवागत टीएसआई दुर्गादत्त यादव द्वारा ऑटो ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गया।

बताते चलें की रैली चकिया तिराहे के पास से शुरू होकर नगर भ्रमण करने के बाद पुन: चकिया तिराहे पर पहुँच कर समाप्त हुआ। इस बाबत यातायात पुलिस द्वारा लोगों को बताया जा रहा था कि यातायात नियमों का पालन करें अपने वाहनों को सड़कों पर ना खड़ा करें सदैव हेलमेट लगाकर व दो सवारी ही मोटरसाइकिल पर चलें अन्यथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि क्या लोग यातायात नियमों का पालन करते हैं या स्थिति जस की तस रहती है। जागरूकता रैली में हेका अशोक पांडेय,गुल्लू राम, बृजेश तिवारी,नन्हेलाल मौजूद रहे।

## मीडिया के ऊपर फर्जी मुकदमे के सम्बन्ध में कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाजा। मीरजापुर

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश की बीजेपी सरकार के इशारे पर देश के चौथे स्तंभ मीडिया के लोगों को उनके मालिकों को डराना धमकाना बंद करें । जनता सच्चाई को जान गई है।

श्री चौधरी ने कहा कि इस सरकार के खिलाफकोई भी आवाज उठाता है तो यह सरकार उसे दबाने की कोशिश करती है यह घोर निंदनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव कुमार पटेल ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह सरकार तानाशाही कर रही है, जो इस सरकार के खिलाफआवाज उठाता है उसके खिलाफ यह सरकार कार्रवाई करती है यह घोर निंदनीय है। सरकार ने कहा कि ऑक्सीजन की कमी से एक भी लोग नहीं मरे जबकि मीडिया के लोगों ने अखबारों में दिखाने का काम किया। प्रदेश की सरकार तिल मिलाई है और मीडिया के ऊपर मुकदमा कर रही है। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने बीजेपी के केंद्र प्रदेश सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है यह सरकार सिर्फ उद्योगपतियों की है कोई भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है यह बीजेपी की सरकार उनके खिलाफकार्रवाई करती है यह घोर निंदनीय है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता छोटे खान ने कहा बीजेपी सरकार की आलोचना की।

### मीडिया की आजादी कोई छीन नहीं सकता : शिवशंकर

**मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने प्रेस मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक चैनलों के पत्रकारों के साथ सरकार द्वारा किये जा रहे दुर्व्यव्यवहार की घोर निन्दा की है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में हुई करारी हार से बौखला कर सत्ता एवं सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग कर लोकतंत्र का गला घोटते हुए जनता के मंसुबे पर पानी फेरने का हर सम्भव प्रयास किया। जब निष्पक्ष मीडिया ने जनता की आवाज उठानी चाही तो दैनिक भाष्कर एवं भारत समाचार के यहां ईडी एवं आईटी द्वारा छापे डलवाकर लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में खड़ी मीडिया एवं पत्रकारों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

### वायु प्रदूषण व बेरोजगारी से निपटने को सौर ऊर्जा का लें सहयोग

पायनियर समचार सेवा। वाराणसी

**पराड़कर** भवन में सूरज से समृद्ध उप्र अभियान के अंतर्गत प्रेस वार्ता को मुख्य रूप से क्लाइमेट एजेंडा की सानिया अनवर और शहर के जाने माने सामाजिक कार्यकर्ता और सर्वोदय विकास समिति के अध्यक्ष सतीश सिंह ने अभियान की ओर से उत्तर प्रदेश विस चुनाव 2022 के लिए सौर ऊर्जा के विषय पर लाखों लोगों के समर्थन से तैयार हुए जन घोषणा पत्र को भी जारी किया गया। सौर ऊर्जा के विषय पर जारी इस जन घोषणा पत्र के प्रमुख बिन्दुओं के बारे में बताते हुए क्लाइमेट एजेंडा की अभियानकर्ता सुश्री सानिया अनवर ने कहा कि यह जन घोषणा पत्र वाराणसी समेत चार अन्य शहरों में योजना के कुशल और समयबद्ध अनुपालन की मांग करता है।

**मोहिनी बी मनवाणी गर्ल्स डिग्री कालेज**
(अल्पसंख्यक संस्थान)
आवास विकास नं.-3, पनकी कल्यानपुर रोड, कल्यानपुर, कानपुर - 208017

**डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) सत्र 2021-23 हेतु ऑन-लाइन आवेदन**

अल्पसंख्यक संस्थान में प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) 2021 में प्रवेश हेतु ऑन–लाइन आवेदन आमंत्रित है, ऑन–लाइन आवेदन हेतु शैक्षिक अर्हता, आयु एवं अन्य मानक व शर्तें उत्तर प्रदेश शासन के नियमानुसार होगी। प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेंगे तथा प्रवेश प्रक्रिया व चयन उ.प्र. शासन के मानकानुसार किये जायेगें। ऑन–लाइन आवेदन महाविद्यालय की वेबसाइट **www.mbmgdc.in** पर दिनांक **24.07.2021** से **12.08.2021** तक कर सकते है। अल्पसंख्यक समुदाय के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी।

**प्रबंधक**

DHFL
राष्ट्रीय कार्यालय : एचडीआईएल टावर्स, बी–विंग, छठा तल, अनंत कानेकर मार्ग, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400051
शाखा कार्यालय : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, डीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां डीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) | (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) | (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 00041514) सतेन्द्र सिंह (कर्जदार) सुंदर सिंह (सह–कर्जदार 1) संजय पाल (सह–कर्जदार 2) |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) | (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) | (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 00000450) गुरमीत सिंह (कर्जदार) राजिन्दर कौर (सह–कर्जदार 1) |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) | (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) | (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 00002907) ए के सिंह (कर्जदार) विक्रम सिंह (सह–कर्जदार 1) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 2) |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 00001073) विनोद कुमार सिंह (कर्जदार) सुनीता सिंह (सह–कर्जदार 1) |
| (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) | (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) | (ग्रेटर नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000200) योगेश्वर सिंह मैत्री (कर्जदार) सोनाली मैत्री (सह–कर्जदार 1) |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) | (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) | (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : 00000407) शिव कुमार (कर्जदार) सुनीता (सह–कर्जदार 1) |
| (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) | (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) | (नई दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : 00004733) धीरज सिंह (कर्जदार) मीनाक्षी (सह–कर्जदार 1) |

यदि उक्त कर्जदार डीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, डीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण डीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा।

हस्ता./–
(प्राधिकृत अधिकारी)
दीवान हाउसिंग फाइनैंस कार्पोरेशन लिमिटेड

तिथि : 24–07–2021
स्थान : उत्तर प्रदेश

## उन्नाव में 107 सहायक अध्यापकों को दिए गए नियुक्ति पत्र

**उन्नाव।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में निराला प्रेक्षागृह मे 69000 सहायक अध्यापक भर्ती प्रक्रिया के रिक्त पदों पर तृतीय चरण की भर्ती में सफल 107 अभ्यर्थियों को जनपद उन्नाव में नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल सिंह विधायक पुरवा तथा श्रीकांत कटियार विधायक बांगरमऊ उपस्थित रहे। विधायक पुरवा तथा विधायक बांगरमऊ ने जनपद उन्नाव में नियुक्ति प्राप्त करने वाले 81 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। शेष 26 अभ्यर्थियों को लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

# विधायक व डीएम ने बांटे नियुक्ति पत्र



संवाददाता। कानपुर देहात

**69000** शिक्षक भर्ती के तहत अवशेष पद नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में आज कानपुर देहात के इको पार्क में आयोजित कार्यक्रम में 74 के सापेक्ष 68 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र अकबरपुर रनिया विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त भी उपस्थित रहे, इस मौके पर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि आप एक नए जीवन की शुरुआत करने जा रहे हैं लेकिन अपनी इस शुरुआत को ही पूर्णता मत मान लीजिएगा क्योंकि पूर्णता आदमी के आगे बढ़ने के रास्ते को बंद कर देता है शिक्षक बनने के बाद भी आपके समक्ष चुनौतियों का सामना करना है, साथ ही साथ अपने दायित्वों का निर्वाहन निष्ठा और लगन के साथ करना है, मेरी उम्मीद है कि आप इस दायित्व का निर्वहन पूरी लगन के साथ करेंगे, आप की नियुक्ति जिस विद्यालय में हुई है वहां आप एक मानक स्थापित करें, अपने छात्रों को केवल साक्षर ना बनाएं बल्कि शिक्षित बनाकर उसे संपूर्ण मनुष्य बनाने का प्रयास करें, जिससे वह राष्ट्र और समाज दोनों के लिए उपयोगी साबित हो सके, इस मौके पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि सरकारी सेवा में आने का लक्ष्य हर किसी युवा का होता है क्योंकि इसमें स्थायित्व होता है, आप इस सेवा के लिए चयनित हुए हैं आपके लिए अत्यंत हर्ष का विषय है परंतु इस सेवा में सेवा भाव और समर्पण और दोनों की जरूरत है तभी आप न्याय कर सकेंगे, इस सेवा में आने के लिए आपने जो परिश्रम किया है और साथ ही साथ उन शर्तों को भी पूरा किया है जिसके आधार पर आप का चयन इस सेवा के लिए हुआ है, इसके लिए मैं आपको बधाई देता हूं, आपके हाथ में बच्चों का भविष्य है जरूरी है कि आप उनको उचित शिक्षा दें जिससे वह आगे बढ़े, मैं भी आज इस पद पर अगर पहुंचा हूं तो इसके पीछे एक शिक्षक का ही योगदान है। आप अगर स्वयं यहां तक पहुंचे हैं तो निश्चित रूप से किसी गुरु या शिक्षक का ही आशीर्वाद आपको प्राप्त है, अपने दायित्वों का निर्वाहन समुचित तरीके से करें, यही मेरी अपेक्षा है, साथ ही इस मौके पर जिलाधिकारी ने उन बालिकाओं की विशेष रुप से सराहना की जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान रंगोली का निर्माण किया था, इस कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रतिभा शुक्ला, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी आदि ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

### वितरित किया नि:शुल्क राशन

**कानपुर देहात।** सदर विधायक प्रतिभा शुक्ला ने आज प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नि:शुल्क राशन वितरण के साथ-साथ उनको ले जाने के लिए साथ में बैग का वितरण भी किया गया।

## लम्बे समय एक ही हल्के में जमे डेढ़ दर्जन लेखपालों का तबादला

संवाददाता घाटमपुर

**तहसील**दार बिनीत कुमार ने लम्बे समय से एक ही हल्के में जमे डेढ़ दर्जन से अधिक लेखपालों के हल्के बदल दिया है, तबादले में जहाँ कई लेखपालों को कमाई वाले गांवों में चार्ज दिया गया है वही कुछ को बीहड़ वाले गावों में भेजा गया हैं, बड़े स्तर पर हल्का बदलने से लेखपालों में हड़कम्प मचा हुआ है। तहसीलदार बिनीत कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी आलोक तिवारी के अनुमोदन के बाद अनिल पांण्डेय को स्योदी ललईपुर से अकबरपुर बीरबल बांगर, आशीष श्रीवास्तव को अकबरपुर बीरबल बांगर से पतारा प्रथम, आयूष यादव को पतारा प्रथम से पतारा द्वितीय, पुत्तनलाल को जहाँगीराबाद से स्योदी ललईपुर, अनुकूल को अमिरतेपुर से प्रभारी क्षेत्र कटरी, आलोक सिंह को गूजा से जहाँगीरा-बाद, चंद्र शेखर को सीहूपुर से गूजा, अनिलकुमार को भदवारा से रामसारी, शेखर कुमार को काटर से भदवारा, श्रीप्रकाश को बीहूपुर से काटर, गगन को मकरंदपुर से बीहूपुर, सुरेश चंद्र को कुऑखेड़ा से मकरंदपुर इसी प्रकार अनूप सचान को ककरैया से बारा दौलतपुर, कमलेश बर्मा को बारा दौलतपुर से ककरैया, नरेंन्द्र को सजेती से नदना, शिवम् बर्मा लहुरीमऊ काशिमपुर से प्रभारी क्षेत्र सजेती, आशुतोष बर्मा को मखौली से कोरो, शैलेश भारती को रेवना से इछौली, प्रेम शंकर तिवारी को पड़री लालपुर से तिलसड़ा, तथा आलोक तिवारी को तिलसड़ा से पड़री लालपुर किया गया है तहसील दार के मुताविक ये सभी लेखपाल बीते तीन साल से एक ही हल्के में तैनात थे। तहसीलदार के हल्का बदलने की इस कार्यवाही से कई लेखपाल नाराज दिखे। उधर आरोप है कि तहसीलदार ने अपने चहेतों को कमाई वाले गांवों में तैनात किया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सरैया मिश्र
### विकास खण्ड-कप्तानगंज जनपद-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सरैया मिश्र विकास खण्ड कप्तानगंज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/राज्य वित्त/14वां वित्त/15वां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों पर इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वाछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती हैं तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0-5000 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्तें :-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा यह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष आयकर क्लीरीयेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा मार्टेज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. आपूर्ति कर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, सदस्य बी0डी0सी0 जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मानक के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृति होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रुपये है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
16. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत सरैया मिश्र**
**विकास खण्ड-कप्तानगंज**
**जनपद-बस्ती**

**ग्रा0पं0अ0/ग्रा0वि0अ0 कमलेश शाह**
**ग्राम पंचायत सरैया मिश्र**
**विकास खण्ड-कप्तानगंज**
**जनपद-बस्ती**


## भोगनीपुर में करंट से वृद्ध की मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव में शुक्रवार को करंट लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के गदाईखेड़ा गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि उसके पिता श्री नारायण (70) बारिश के दौरान घर की छत की सफाई कर रहे थे। मकान के बगल से निकले बिजली के हाईटेंशन लाइन से टकरा गए। आनन-फानन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां लाया गया। जहां पर डा. मनोज कुमार ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## नाले में पड़ा मिला जरदोजी कारीगर का शव

**फर्रुखाबाद।** दोपहर नाले में जरदोजी कारीगर का शव पड़ा मिला। पुलिस नें शव कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की।शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटकपुरा इज्जत खां निवासी 20 वर्षीय नदीम अंसारी पुत्र नसीम अंसारी जरदोजी का कारीगर था। शुक्रवार दोपहर उसका शव आवास विकास लकूला मार्ग पर बने नाले में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर चौकी इंचार्ज विशेष कुमार मौके पर पंहुचे और शव को नाली से निकलवा कर कब्जे में ले लिया। लेकिन उसकी शिनाख्त नही हो सकी।जिसके बाद मृतक के कुछ मोहल्ले के युवक लोहिया अस्पताल अपना उपचार करानें पंहुचे तो उसकी शिनाख्त नदीम के रूप में कर परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर मृतक नदीम की माँ मुन्नी आदि परिजन आवास विकास चौकी पंहुचे। मुन्नी नें बताया कि नदीम गुरुवार को सुबह लगभग 8 बजे घर से निकला था। जिसके बाद घर वापस नही पंहुचा।

# बारिश में गिरा निष्प्रयोज्य विद्यालय भवन, खेल रहे बच्चे बाल-बाल बचे



संवाददाता। पुखरायां,कानपुर देहात।

**विकास खंड** मलासा के प्राथमिक विद्यालय प्रह्लादपुर के बगल में बना दूसरा भवन शुक्रवार को हुई थोड़ी ही बारिश में भरभराकर गिर गया। वहां परिसर में बारिश के पानी में नहा रहे कई बच्चे बाल बाल बच गए।

प्रहलादपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय जहां लगभग लगभग 150 बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। विद्यालय भवन से गांव से सटा है और बगल में विद्यालय का पुराना भवन बना है। जिसे निष्प्रयेज्य घोषित कर दिया गया है लेकिन उसे गिराया नहीं गया था। कोविड-19 के चलते बिद्यालय बंद था। रिमझिम बारिश में गांव के छोटे-छोटे कई खेल रहे थे। इसी दौरान पुराने भवन का कमरा व उसकी छत धराशाई हो गई । प्रहलाद पुर निवासी भूप सिंह, दीवान सिंह ,आलम सिंह रवि नायक ने बताया कि भवन गिरने से पहले उसमें बहुत जोर से धुआं उठा था। देखते ही देखते कुछ मिनटों में भव धराशाई हो गया। धूल गुबार उठते ही बच्चे शोर मचाकर भागे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरछा
### वि0ख0 चोपन, सोनभद्र

पत्रांक : 02/सा0 आ0/2021-22 दिनांक : 22.07.2021

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुरछा विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां-पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 30.7.201 को को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय -पंचायत भवन- मो.नं. 6393797844 |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 02.8.2021 को पूर्वा0 8.00 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि | 100000 एक लाख मात्र रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ.डी.आर./बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत कुरछा के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :-** निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-कुरछा**
**चोपन-सोनभद्र**


# सीएम के नियुक्ति पत्र वितरण का हुआ लाइव टेलीकास्ट

संवाददाता। फतेहपुर

**बेसिक शिक्षा** 69000 भर्ती के तीसरे चरण में प्रदेश सरकार 6696 को अध्यापकों नियुक्ति पत्र दिए गए। इस क्रम में जनपद के 32 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिये गये। मुख्यमंत्री ने 6696 नवनियुक्त शिक्षकों को 69000 के अंतर्गत नियुक्ति पत्र वितरित किए जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में देखा गया। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कुल 6696 शिक्षकों/शिक्षिकाओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नियुक्ति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जनपद में तीसरे चरण में 6696 के सापेक्ष 32 सहायक अध्यापको को नियुक्ति पत्र विधायक बिन्दकी करण सिंह पटेल, विधायक श्रीमती कृष्णा पासवान, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा प्रदान किये गए।

विधायक बिन्दकी ने कहा कि अपने कार्य को समाज एवं राष्ट्र के लिए ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ करें। कहा कि योगी सरकार का मुख्य उद्देश्य मिशन रोजगार है। युवाओं के साथ प्रदेश सरकार खडी है। भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के लिए शिक्षा व्यवस्था को बेहतर से बेहतर बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। विधायक खागा ने कहा एक शिक्षक पर देश, परिवार का विश्वास होता है अच्छे शिक्षक से ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है इसलिए सभी ईमानदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना की।

## 26 जुलाई से चलेगा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**प्रधानमंत्री** जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने के लिए 26 जुलाई से 9 अगस्त तक विशेष आयुष्मान पखवाड़ा चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सतीश चंद्रा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान कार्ड विहीन परिवारों को लक्षित करते हुए पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लक्षित परिवारो को योजना के प्रति जागरूक करते हुए आयुष्मान कार्ड शिविर तक लाने एवं अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने का हर संभव प्रयास किया जायेगा। इस अभियान में ऐसे परिवारों को लक्षित किया जायेगा जिनमें एक भी आयुष्मान कार्ड उपलब्ध नहीं है। अब आयुष्मान कार्ड के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। अभियान में पंचायती राज, ग्राम्य विकास विभाग और आईसीडीएस विभाग आदि का सहयोग भी लिया जायेगा।किसी सार्वजानिक स्थान पर शिविर का आयोजन किया जायेगा जहाँ लोग आसानी से पहुँच सकेंगे।

आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉ0 दीपक कटारिया ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बेहद ही फायदेमंद योजना है। इस योजना का उद्देश्य गरीबों व वंचित तबके को हर हाल में स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है । पहले भी लोगों को इस योजना के बारे में काफी जागरूक किया गया है। सरकार द्वारा चलाई गयी यह योजना समाज के गरीब परिवारों के स्वास्थ्य के लिए सुरक्षा कवच साबित हुयी है । धन के अभाव में बीमारियों का इलाज नहीं करा पाते थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर
### विकास खण्ड-कप्तानगंज जनपद-बस्ती

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर विकास खण्ड कप्तानगंज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना/राज्य वित्त/14वां वित्त/15वां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजना अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों पर इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं द्वारा दिनांक 05.08.2021 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वाँछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 23.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती हैं तथा समस्त औपचारिकतायें पूर्ण की जायेगी। धरोहर राशि मु0-5000 (पांच हजार रुपये) होगी।

**नियम व शर्तें :-**

1. जिस आपूर्ति कर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्सटैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। तथा यह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। तथा तीन वर्ष आयकर क्लीरीयेंस संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा मार्टेज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेश पर की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।
9. आपूर्ति कर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान सचिव, सदस्य बी0डी0सी0 जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी व रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मानक के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडी एवं एन0एस0सी0/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृति होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500 रुपये है पर ही स्वीकार किया जायेगा।
16. सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान कलावती**
**ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर**
**विकास खण्ड-कप्तानगंज**
**जनपद-बस्ती**

**ग्रा0पं0अ0/ग्रा0वि0अ0 योगेन्द्र नाथ द्विवेदी**
**ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर**
**विकास खण्ड-कप्तानगंज**
**जनपद-बस्ती**



## कार्यालय ग्राम पंचायत अदलगंज
### वि0ख0 चोपन, सोनभद्र

पत्रांक : 02/सा0 आ0/2021-22 दिनांक : 22.07.2021

### निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अदलगंज विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां-पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं अन्य शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिए जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रु0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 24.7.2021 से दिनांक 30.07.2021 को अप्रा0 2 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय- पंचायत भवन मो0नं0-9695740045 |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 03.8.21 को पूर्वा 10 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय। |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि पंचायत अदलगंज | 10,0000/- एक लाख रु0 का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से एफ0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है। |

**नोट :-** निविदा की शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते है।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत- अदलगंज
चोपन-सोनभद्र


## विद्युत चेकिंग अभियान से मचा हडकम्प

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लाइन लॉस रोकने के लिए एसडीओ के नेतृत्व में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। विद्युत विभाग की टीम द्वारा अभियान के दौरान नौ लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। शुक्रवार को एसडीओ कुलदीप सिंह राजपूत ने जेई विकास कुमार सहित विद्युत कर्मियों के साथ नगर में विद्युत चोरी रोकने के लिए नगर के मोहल्ला सुभाष नगर, राम किशन नगर, किदवई नगर, अफसरी मोहल्ला, चावल मंडी में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें नौ लोगों को विद्युत चोरी करते हुए पाया गया। जिस पर विद्युत विभाग द्वारा सभी के विरुद्ध विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। वही एसडीओ कुलदीप सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नियम अनुसार मीटर से ही विद्युत का प्रयोग करें।

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने किया गांव का निरीक्षण

संवाददाता। कन्नौज

**जिला पंचायत** राज अधिकारी नें कन्नौज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत महाबलीपुर में सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होनें खामियां पाये जानें पर नाराजगी व्यक्त करते हुये समय रहते कमियों को दुरूस्त करवाये जानें के कडे निर्देश दिये।शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र नें अधीनस्थों के साथ विकास खंड कन्नौज के ग्राम पंचायत महाबलीपुर में नवनिर्मित सामुदायिक शौचालय और पंचायत भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाई गई कमियों पर उन्होनें असंतोष व्यक्त करते हुये ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए गए हैं कि दस दिवस के अंदर कमियो को दूर करते हुए एवं पंचायत भवन तत्काल निमार्ण पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के समय जिला कंसलटेंट, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कन्नौज संबंधित एवं ग्राम के निवासी उपस्थित थे।

### दो किशोरिया हुई लापता

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते दिन उसकी पुत्रियां मलिकपुर स्थित टेलर्स की दुकान पर सिलाई सीखने गई हुई थी। जब शाम तक अपने घर वापस नहीं आई। तो परिजनों ने टेलर की दुकान पर जाकर जानकारी ली। तो दुकानदार द्वारा बताया गया कि दोनों किशोरियों उसकी दुकान पर नहीं आई थी। जिस पर परिजनों ने रिश्तेदारी सहित आस-पड़ोस में काफी खोजबीन की। लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग सका।

## एएसपी ने लंबित विवेचनाओं पर लगाई फटकार

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** सभी उपनिरीक्षक अपने अपने क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए कड़ी नजर बनाए रखें एवं अधिक से अधिक लोगों से बेहतर सम्बन्ध स्थापित कर गैर कानूनी गतिविधियों की जानकारी एकत्र कर अपराध होने से पहले उस पर अंकुश लगाने का कार्य करें। कहा कि प्रत्येक फरियादी से सहानुभूति पूर्ण वार्ता कर उनकी समस्याओं के निस्तारण करने का कार्य करें।यह बात शुक्रवार को एएसपी डॉ. अरविंद कुमार ने कोतवाली में उपनिरीक्षकों की बैठक के दौरान कहीं। इससे पूर्व उन्होंने लंबित विवेचनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उप निरीक्षकों को समय रहते विवेचना पूर्ण करने के कडे निर्देश दिए। कहा कि बेहतर पुलिसिंग एवं मित्र पुलिस के आचरण से जनता की समस्याओं को दूर कर उनके अंदर कानून के प्रति विश्वास जगाए।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 जुलाई, 2021



# आजाद की शहादत स्थली तीर्थ से कम नहीं: केशव

## ● विद्यालयों में मनाई गई क्रान्तिकारी चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती

**नैनी प्रयागराज।** देश के स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद और महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जन्मतिथि तमाम शिक्षण संस्थानों और विद्यालयों में आज धूमधाम से मनायी गयी। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद एवं शहीद ए आजम भगत सिंह स्मारक समिति और अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में आजाद शहादत स्थली आजाद पार्क में 115वीं जयन्ती पर आदमकद प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर भावपूर्ण स्मरण किया। प्रान्तीय स्तर के गायक आशुतोष श्रीवास्तव और उनके सार्थियों द्वारा राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत गीत सुनायी। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रयागराज में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की शहादत स्थली किसी तीर्थ से कम नही। उन्होंने आज ही के दिन स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है के नायक बाल गंगाधर तिलक के जयन्ती पर नमन वंदन भावपूर्ण स्मरण किया।

मण्डलायुक्त प्रयागराज मण्डल संजय गोयल ने अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के 115वीं जयन्ती राष्ट्र की ओर से आप सभी को बधाई दी। अध्यक्षता राजू जायसवाल मरकरी तथा संचालन महासचिव राजबहादुर गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन प्रो श्रीबल्लभ ने किया। कार्यक्रम में गणेश केसरवानी आर सी मिश्रा डा एस पी सिंह विशाल गुप्ता डा अर्चना साहू आदि रहे। माधव ज्ञान केन्द्र इण्टर कालेज नैनी प्रयागराज में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा विन्ध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य डा त्रिपाठी ने कहा कि माँ भारती के वीर सपूत आजीवन स्वतंत्र रहते हुए मातृभूमि की सेवा में लगे रहे। प्रधानाचार्य ने कहा कि वह भारत भूमि धन्य है जहाँ ऐसे क्रान्तिकारी आत्मबलिदानी श्रेष्ठ महापुरूषों ने जन्म लेकर उसे अपने रक्त से सींचा है।




चंद्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि देते शिक्षक

विद्यालय के शिक्षक राधे श्याम तिवारी सुरेश्वर प्रसाद मिश्र संजय कुमार मिश्र राज कुमार पाल सभाजीत पाल आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार ज्वाला देवी इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स में चन्द्रशेखर आजाद की जयन्ती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से हुई। वरिष्ठ आचार्य जितेन्द्र कुशवाहा ने चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं लोकप्रिय स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद 14 वर्ष की आयु में बनारस गए। वहां एक संस्कृत पाठशाला में पढ़ाई की। कार्यक्रम का संचालन सन्तोष पाण्डेय ने किया।

# व्यापारियों ने डिप्टी सीएम से तम्बाकू उत्पाद अधि. 2003 के प्रावधानों को वापस लेने की मांग

**प्रयागराज।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट एवं पान सामग्री विक्रेता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से सर्किट हाउस में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों को वापस लेने संबंधी पत्र डिप्टी सीएम को सौंपा। कैट प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र गोयल के नेतृत्व में कन्फेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं पान सामग्री विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन दिया।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन देते हुए ट्रेडर्स महेंद्र गोयल एवं अन्य

डिप्टी सीएम से प्रदेश के 17 नगर निगमों में लागू किये जा रहे सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के प्रावधानों से अवगत कराते हुए इसे वापस लिए जाने की माँग की है। व्यापारियों ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि ये दुकान केवल तम्बाकू उत्पाद ही नहीं बेचती बल्कि उन खुद्दार लोगों को छोटी सी पूंजी में जीविकोपार्जन के साधन उपलब्ध कराती है। जो शैक्षिक रूप से पिछड़े हैं और शारीरिक श्रम के कार्य नहीं कर सकते। महेन्द्र गोयल एवं संदीप जायसवाल ने उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि तम्बाकू उत्पाद का हिस्सा दुकानों पर बिक्री का दस फीसद से अधिक नहीं होता है। अशोक अग्रवाल एवं घनश्याम वैश्य ने कहा कि कोल्डड्रिंक का 65 प्रतिशत एवं बोतल बंद पानी का 75 प्रतिशत इन्हीं दुकानों से बिकता है। यदि यह प्रावधान लागू हो जाता है तो प्रदेश के 17 नगर निगमों के 40 हज़ार से अधिक व्यापारियों के समक्ष जीवकोपार्जन की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। राकेश रस्तोगी एवं जय किशन चौरसिया ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि प्रदेश में 75 जिले हैं तो फिर 17 नगर निगमों में ही इसे क्यों लागू किया जा रहा है। इसका दुष्प्रभाव सिर्फ 17 नगर निगम के क्षेत्र में हो ऐसा तो नहीं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस संबंध में व्यापारियों के हित में जो भी होगा वह सरकार में बात करके ही कदम उठाएंगे। उप मुख्यमंत्री से मिलने वालों में कैट से महेन्द्र गोयल विभु अग्रवाल अनु पांडेय अजय अग्रवाल मनोज अग्रवाल अशोक अग्रवाल आशीष केसरी पान सामग्री विक्रेता संघ से संदीप जायसवाल घनश्याम वैश्य राकेश रस्तोगी जय किशन चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

# कोरोना महामारी के बाद की दुनिया में तेजी से बदली जीवनशैली

**प्रयागराज।** विशेषज्ञों ने उन चुनौतियों पर विचार विमर्श किया। जिन्हें भारतीयों को महामारी के बाद की दुनिया में इष्टतम पारिवारिक स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए पार करने की आवश्यकता है। आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफ़ोर्निया ने आज महामारी के बाद की दुनिया में तेजी से बदलती जीवनशैली के बीच पारिवारिक स्वास्थ्य सुनिश्चित करने में चुनौतियाँ विषय पर एक वर्चुअल परिचर्चा आयोजित की। जिसमें भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। अच्छा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए अपने परिवार की योजना के हिस्से के रूप में हम रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाते हैं। बादाम एक स्वस्थ और पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता हैं। इसे कच्चा खाया जा सकता है या फिर ओट्स स्मूदी और शेक में मिलाया जा सकता है। नियमित रूप से खाने से मेरी और मेरे परिवार का प्रतिरक्षण तंत्र मजबूत करने में मदद मिलती है। परिचर्चा में वक्ताओं ने गंभीर आहारीय और जीवन शैली मध्यवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया।

# भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न

**भीटी अम्बेडकरनगर।** भाजपा किसान मोर्चा अंबेडकरनगर की एक आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय अटल भवन पर संपन्न हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रामप्रकाश यादव एवं प्रथम बार समु पस्थित क्षेत्रीय महामंत्री रामा मौर्य का जिला अध्यक्ष द्वारा पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। बैठक में भाजपा सरकार द्वारा किसानों के लिए किए जा रहे हितकारी कार्य को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बताते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि अन्नदाता भारतीय कृषि की रीढ़ हैं भाजपा सरकार किसानों के हित के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

किसान जिस प्रकार से विभिन्न आपदाओं को सहता हुआ देश के लोगों का भरण पोषण करता रहता है इसलिए उसका सम्मान सर्वोपरि है किंतु विपक्षी दलों द्वारा किसानों के सामने ऐसी रणनीति बना कर परोसी जा रही है कि किसानों को लगे कि भाजपा उनके हित के लिए गंभीर नहीं है ऐसे में किसानों को सावधान रहना चाहिए भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिले का नाम अंबेडकर नगर तो रख दिया गया।

सदर तहसील अकबरपुर ही रह गई जबकि इसी धरती से प्रखर समाजसेवी राम मनोहर लोहिया ने समाजवाद की जो मसाल जलाया वह अपने आप में एक उदाहरण है इसलिए भाजपा किसान मोर्चा अंबेडकरनगर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को पत्र लिखकर तहसील सदर जोकि अकबरपुर के नाम से है उसे राम मनोहर लोहियाअथवा किसी महापुरुष के नाम से रखा जाना चाहिए। जोकि स्थानीय किसानों की पुरजोर मांग है। क्षेत्रीय महामंत्री ने नमो ऐप कार्यकर्ताओं को लोड करा कर जनपद के किसान मोर्चा के सभी मंडलों से लगभग एक हजार संख्या की अपेक्षा की गई है साथ ही कार्यक्रम को संचालित करने के लिए मंडलों के अनुसार प्रभारी भी नियुक्त किए गए। बैठक में प्रमुख रूप से घनश्याम वर्मा सुरजीत मद्धेशिया अमरनाथ विनोद तिवारी प्रमोद दिवाकर कृष्ण कुमार मिश्र अंशुमान अजय कुमार सिंह घनश्याम सिंह राधे वर्मा बलवंत आदि उपस्थित रहे।

# दबंगई से परेशान परिवार ने कहा न्याय नहीं मिला तो करेंगे आत्मदाह

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**दबंगो की** दबंगई से परेशान एक परिवार ने कही से भी न्याय न मिलने के आसरे को देखते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है। अहिरौली पुलिस के लचर रवैये के कारण ही ऐसे हालात पैदा हुए है। अहिरौली थाना अन्तर्गत स्टेशन रोड कटेहरी में आम प्रकाश विश्वकर्मा अपना पुस्तैनी व्यवसाय चलाते है। बकौल ओमप्रकाश उनके पिता के करीब पांच दशक पूर्व अपने घर के बगल पहने वाले बजरंगबली के पिता को अपनी आबादी भूमि सक कुछ भूमि मकान बनाने के लिए दिया था।

वर्षो से दोनो परिवार अलग बगल आबाद में बजरंगली का कहना है कि उनकी काफी जमीन पर ओम प्रकाश के परिवार का कब्जा है वो उसी को अपने कब्जे में लेना चाहते है। एक जुलाई को बजरंगबली के परिवार वाले एकजुट होकर ओम प्रकाश के घर की बाउन्ड्रीवाल को गिराने लगे, मामला अहिरौली पुलिस के पास पहुंचा जहां पुलिस ने साधारण धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दोनो पक्षों को शांति भग के अंदेशे में 151 की कार्यवाही करके अपने काम की इतिश्री कर ली। दस जुलाई को एक बार दो पक्ष फिर आमने सामने आ गये बजरंगी बली के परिवार ने ओमप्रकाश के परिवार पर लाठी डण्डों व सरिया से वार करना शुरू कर दिया नतीजतन ओमप्रकाश परिवार के आधा दर्जन लोगों गंभीर चोटे आयी, ओम प्रकाश की पत्नी का हाथ भी टूट गया जो अभी तक अस्पताल में भर्ती है। ओमप्रकाश की पुत्री रजनी का आरोप है कि इतना सब हो जाने के बाद भी अहिरौली पुलिस द्वारा किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

# भाजयुमो क्षेत्रीय अध्यक्ष का अयोध्या आगमन पर स्वागत

**संवाददाता।** अयोध्या

**भाजपा युवा मोर्चा** के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र नितिन मित्तल का अयोध्या आगमन पर कई स्थानों पर स्वागत हुआ। पार्टी कार्यालय पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा व जिलाध्यक्ष संजीव सिंह की मौजूदगी में उनका स्वागत किया।

युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष नितिन मित्तल ने कहा कि यूपी में निवेश बढ़ने से रोजगार की सम्भावनाएं भी बढ़ी है। सरकार उद्योगो को बढ़ावा देने की नीति पर काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने काफी सराहनीय कार्य किये है। नौकरी दिलाने के नाम पर भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार ने कड़े कदम उठाये है। जिसके कारण प्रतिभाओं को अवसर मिल रहा है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि सम्पर्क व संवाद के माध्यम से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता में अपनी उपस्थिति




दर्ज कराता है। सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी भाव लाना हमारी प्राथमिकता है।

सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्रों को मिल रहा है। इस अवसर पर विशाल सिंह, शिवम सिंह, देवेश तिवारी, रवि शर्मा, आकाश सोमवंशी, सार्थक तिवारी, नितिन पाण्डेय, उपेन्द्र शुक्ला, भूपेन्द्र शुक्ला, प्रेम अग्रहरि, अभिषेक दास, आशीष शर्मा, दिव्यांश सिंह, कुलदीप मौर्या, कमरवीर सिंह, विकास यादव, विश्वनाथ तिवारी, पिंटू यादव, पवन चौरसिया, दीपक पाण्डेय, अनुराग त्रिवाठी मौजूद रहे।

# दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अंबेडकरनगर।** नाली निकालने के विवाद में दलित महिलाओं की पिटाई के मामले में दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा को भेजी है। मामला टाण्डा नगर के मोहल्ला मीरानपुरा का है। वादी चुन्नीलाल पुत्र राम विशुन ने आरोप लगाते हुए बताया कि मोहल्ले के विपक्षी संतोष राकेश पुत्रगण हीरालाल संजय पुत्र कंचन, विशाल पुत्र राम केवल,लक्ष्मण पुत्र रामजी नाली निकालने के विवाद को लेकर एकराय होकर लाठी डंडे व असलहा लहराते हुए परिवार पर बीते मंगलवार की रात्रि में 8रू30 बजे हमला बोल दिया और ईंट पत्थर चलाने लगे और मारने पीटने लगे जिसमे वादी की पत्नी छोहारा देवी व पुत्री सोनम को काफी चोटें आई है। पत्नी को जिला अस्पताल रिफर किया गया है। विपक्षी जाती सूचक शब्दों में गाली गलौज व धमकी दे रहे थे। टाण्डा कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा संतोष कुमार को भेज दी हैं।

# तेज रफ्तार डीसीएम ने मारी टक्कर, एक घायल

**संवाददाता।** भीटी अंबेडकरनगर

**महरुआ थाना** क्षेत्र अंतर्गत दुर्गपुर जमालपुर निवासी अमरजीत यादव 45 पुत्र कुन्नू लाल यादव शुक्रवार की सुबह लगभग 5 बजे सुखारी गंज बाजार में स्थित अपनी पान की दुकान खोलने पहुंचे थे कि पीछे की तरफसे आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उनकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और वह गंभीर अवस्था में घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलावस्था में निजी वाहन से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिए। तथा डीसीएम चालक गाड़ी लेकर भागने में सफल रहा। आनन- फानन में लोगों ने की जानकारी डायल 112 नंबर दिया। मौके पर अकबरपुर व महरुआ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई जांच में घटना अकबरपुर कोतवाली का निकला इसके बाद अकबरपुर कोतवाली पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं कोतवाली पुलिस डीसीएम की पहचान करने के लिए सीसीटीवी फुटेज खँगालने की कोशिश कर रही है।

# तहसील के सभी पटलों पर नागरिकों से की जा रही है अवैध वसूली

**संवाददाता।** टाण्डा अम्बेडकरनगर

**मुख्यमंत्री** का सुशासन तहसील टाण्डा में खोखला साबित हो रहा है। भ्रष्टाचार का आलम यह है कि टाण्डा तहसील के सभी पटल पर आम नागरिकों से जमकर अवैध वसूली की जा रही है और ऐसा नही है कि इसकी जानकारी अधिकारियों को नही है, लेकिन सबकुछ जानते हुए भी अधिकारी चुप बैठे हुए हैं। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तहसील परिसर में एसडीएम कार्यालय और एसडीएम की अदालत पर देखने को मिलता है। यहां खुले आम पत्रावलियों के निरीक्षण, नकलों के बनवाने, तारीख पेशी लेने और पत्रावली में पारित होने वाले आदेशों के लिए फरियादियों से जमकर उगाही की जाती है। अगर किसी ने इस परंपरा का विरोध किया तो बदले में उसका काम तो होने से रहा, बल्कि तहसील के चक्कर लगाते लगाते फरियादियों के चप्पल घिस जाएंगे, लेकिन उसका काम नही होने वाला।

लोगों को बताया जाता है कि तहसील में स्टाफ की कमी है और इस वजह से एक एक बाबू को कई पटल की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। एसडीएम कार्यालय में क्रिमनल अहलमद का काम देख रहे एक बाबू के पास तहसील के नकल नवीश, नजारत, आईजीआरएस का भी अतिरिक्त कार्यभार है। इतना ही नही जिलाधिकारी के नवीन तैनाती के आदेश में इस बाबू को राजस्व अहलमद का भी अलग से चार्ज मिल गया है। जिसका परिणाम यह है कि उसने अपने साथ लगभग आधा दर्जन प्राइवेट कर्मचारियों को रखकर न सिर्फ अवैध रूप सेअपने लिए धन उगाही करा रहा है, बल्कि इन प्राइवेट कर्मियों की दिहाड़ी आम जनता की जेब से प्रतिदिन निकाली जा रही है।

# तकनीक पर किसानों का क्षमता निर्माण शुरू

**प्रयागराज।** ग्लोबल एग्रीकल्चर कंपनी कॉर्टेवा एग्रीसाईस एवं वर्ल्ड बैंक समूह द्वारा होस्टेड दो हजार तीस वाटर रिसोर्सेस ग्रुप दो हजार तीस डब्लूआरजी ने उत्तर प्रदेश में सतत चावल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक परियोजना पर हस्ताक्षर किए। यह परियोजना चावल की खेती की डायरेक्ट सीडेट राईस डीएसआर तकनीक पर किसानों के क्षमता निर्माण के लिए शुरू की गई है। ताकि किसानों के लिए सतत आजीविका संभव हो सके। कोर्टेवा डीएसआर के टेक्नॉलॉजी एवं नॉलेज पार्टनर के रूप में परियोजना का नेतृत्व करेगा।



# कार्यालय—नगर पंचायत मूसानगर कानपुर देहात
## पता—खालेशहर भोगनीपुर मार्ग मूसानगर
## ई—निविदा सूचना

संख्या—166 / एन0पी0एम / 15वॉ / रा0वि0आ0 / 2021—2022 दिनांक 23—07—2021

नगर पंचायत मूसानगर के द्वारा स्वायत्त निकाय में उपयुक्त श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई—टेण्टरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये 15वाँ वित्त आयोग वित्तीय वर्ष 2020—21 की (Tied Grant) एवं (Tied Grant की प्राप्त द्वितीय किश्त की प्रेषित कार्ययोजना को जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत प्रदान किये जाने के फलस्वरूप 15वाँ वित्त आयोग से कराये जाने वाले कार्यों एवं राज्य वित्त आयोग के कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1— कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है:—

| क्र0 सं0 | मद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु0 में) | बिड सिक्योरिटी (ई0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (यदि आवश्यक हो) रु0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15वॉ वित्त आयोग (Tied Grant) | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मोहल्ला—खालेशहर में मिनी नलकूप, 10000 लीटर पानी की टंकी (प्लेटफार्म सहित) के अधिष्ठापन एवं नलकूल के रूम का निर्माण कार्य। | 12,06,414,00 | 24,128.00 | 1350.00 | 45 दिवस |
| 2 | | नगर पचायत मूसानगर अन्तर्गत मोहल्ला—खालेशहर, गढ़ एवं तकिया में विभिन्न स्थानों पर (100 एम0एम0, 90 एम0एम0, 75 एम0एम0) पी0वी0सी0 पाइप लाइन अधिष्ठापन का कार्य। | 16,16,776.00 | 32,336.00 | 2000.00 | 45 दिवस |
| 3 | 15वॉ वित्त आयोग (United Grant) | नगर पचायत मूसानगर के अन्तर्गत आश्रम रोड पर लाल सिंह के मकान से मुकेश निषाद के मकान तक एवं मुलायम सिंह के मकान से प्रेम कुमार के मकान तक इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सडक एवं नाली निर्माण कार्य। | 11,43,044.00 | 22,860.00 | 1,344.00 | 45 दिवस |
| 4 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत राजेन्द्र निषाद के मकान से सूरजपुर मेन रोड तक नाली एवं इण्टलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य । | 5,05,033.00 | 10,101.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 5 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत फत्तेपुर एवं रसुलपुर आदि में स्ट्रीट लाइट केबलिंग का कार्य। | 13,15,933.00 | 26,318.00 | 1,512.00 | 45 दिवस |
| 6 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत गौसगंज एवं मूसानगर (बांगर) में स्ट्रीट लाईट केबलिंग का कार्य। | 14,21,907.00 | 28,438.00 | 1,680.00 | 45 दिवस |
| 7 | 15वॉ वित्त आयोग प्रथम किश्त पुनः प्रकाशन। | 25 एच0पी०/2, सिलेण्डर, वाटर कूल्ड, पावर स्टेरियंग, ट्रैक्टर मय आर०टी०आर0 रजिस्ट्रेशन, बीमा सहित आपूर्ति कार्य। | 4,23,472.00 | 8,469.00 | 560.00 | 45 दिवस |
| 8 | राज्य वित्त आयोग | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत राजा सिंह के मकान के बगल से अशोक के मकान के पास नाली एवं इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 22,31,513.00 | 44,630.00 | 2,576.00 | 45 दिवस |
| 9 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मुगल रोड पर छात्रावास से घाटमपुर रोड तक इण्टरलाकिंग टाइल्स द्वारा सड़क निर्माण कार्य। | 21,02,418.00 | 42,048.00 | 2,352.00 | 45 दिवस |
| 10 | | नगर पंचायत मूसानगर के अन्तर्गत मुगलरोड पर छात्रावास से रसूल मिस्त्री की दुकान तक नाली निर्माण कार्य । | 12,41,437.00 | 24,829.00 | 1,456.00 | 45 दिवस |

1. वेबसाइट पर विड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 16—08—2021
2. ई—निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्त के लिए अंतिम तिथि/समय 16—08—2021 को दोपहर 3:00 बजे तक
3. ई—निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 16—08—2021 को दोपहर 3:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रणकर्ता को आई0टी0वी0 के क्लॉज—9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।
   सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई—निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
5. निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में देखी जा सकती है।
6. उक्त कार्य अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन नगर विकास अनुभाग—9, लखनऊ द्वारा दिनांक 30 जून 2021 को जारी शासनादेश (सं0—1339/नौ—9—21—45ज/21) में प्रावधानित निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
   अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।
7. निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैक मूसानगर में संचालित खाता स6—52010100026568, आई0एफ0एस0सी० कोड BARBOBUPGBX में जमा कर उसकी प्रति अपलोड की जायेगी, विशेष परिस्थिति में कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर में नगद जमा कर उसकी प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मूसानगर के नाम बैंक ड्राफ्ट तैयार कर संलग्न करना अनिवार्य होगा, एवं उसकी मूल प्रति निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय में जमा की जायेगी। बिना निविदा शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की धनराशि जमा किये निविदा डाली जायेगी तो उसे स्वतः निरस्त समझा जायेगा एवं प्रत्येक कार्य के लिए पृथक—प्रथक जमानत घनराशि एवं निविदा शुल्क जमा की जायेगी एक साथ कई निविदाओं की जमानत धनराशि अथवा निविदा शुल्क जमा किये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मूसानगर

# विपक्षी एकता

## ममता का प्रयास

**ममता** बनर्जी विपक्षी नेताओं से मिलने की योजना बना रही हैं ताकि भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा तैयार किया जा सके। यदि संसद सत्र के समय कोई मुख्यमंत्री पांच दिन दिल्ली यात्रा करता तो लोगों की त्यौरियां चढ़ जातीं, लेकिन ये पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। देश की राजधानी में उनकी यात्रा का उद्देश्य विपक्ष को तैयार करने का आह्वान है ताकि वह एकजुट होकर 2024 में भाजपा का मुकाबला कर सके। अप्रैल में एक रैली में ममता ने कहा था, 'मैं एक पैर से बंगाल जीतूंगी और दो पैरों से दिल्ली।' निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल की सत्ता में वापसी के बाद उनकी पहली दिल्ली यात्रा ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने अपने लिए, देश में भाजपा-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का लक्ष्य रखा है, हालांकि यह काम आसान नहीं है। इस दिशा में उनका पिछला प्रयास विफल हुआ था। याद किया जा सकता है कि 19 जनवरी, 2019 के ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक विशाल रैली आयोजित की थी जिसमें 25 राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विपक्षी राजनीतिक दलों ने भाग लिया था और उन्होंने वहां संभावित 'महागठबंधन' की नींव डाली थी। लेकिन यह विचार ज्यादा लंबा नहीं चला और आम चुनाव में शानदार विजय के साथ नरेन्द्र मोदी की सत्ता में वापसी हुई। ममता बनर्जी की अपनी विजय ने उनमें अब एक नई प्रतिबद्धता पैदा की है। गुरुवार को उनके वर्चुअल संबोधन को अनेक विपक्षी नेताओं ने देखा जिसमें ममता बनर्जी ने एक संयुक्त मोर्चे की कल्पना की है। उनका नारा है '2024 में खेला होबे' और अब वे कोलकाता के बजाय दिल्ली में अपने कदम बढ़ाएंगी। उनसे पहले चंद्रबाबू नायडू और स्वर्गीय जयललिता ने राज्य की राजधानियों से निकल कर राष्ट्रीय मामलों में भूमिका निभाने का प्रयास किया था, पर उन्होंने कभी सामने आकर उस तरह नेतृत्व नहीं किया था जैसा ममता बनर्जी करना चाहती हैं।



लेकिन विपक्ष को अपने आंतरिक मतभेदों से बाहर निकलना है जो निकट अतीत की तुलना में अधिक हैं। पेगासस मामले ने उनको आश्चर्यचकित कर दिया है कि कोई उनके सारे कामकाज पर नजर रख सकता है। कोविड-विरोधी टीकाकरण नीति की अधूरी प्रगति ने भी राज्यों के नेताओं को परेशान किया है। केन्द्र ने जोर दिया है कि वैश्विक महामारी के दौरान आक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई थी। इसने राज्यों को अजीब स्थिति में डाल दिया है क्योंकि वे इसके विपरीत कोई प्रमाण नहीं दे पा रहे हैं। बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति ने सत्ता-विरोधी लहर को हवा दी है। ऐसे में ममता बनर्जी की सत्ता में वापसी अंधेरे में बिजली चमकने की तरह है। उनकी विजय ने विपक्षी नेताओं को उनके चारों ओर एकजुट किया है। 2019 के उलट इस बार उनके पास तीन साल का समय है और 2024 की तैयारी करने के लिए उनके सामने 2022 के उत्तर प्रदेश चुनाव तथा राष्ट्रपति चुनाव के रूप में दो चुनौतियां हैं। संयुक्त विपक्ष उत्तर प्रदेश में भाजपा को परेशान कर सकता है और राष्ट्रपति चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में बेहतर प्रदर्शन न केवल प्रभुत्व के दृष्टिकोण से जरूरी होगा, बल्कि इससे सहयोगी विकल्प तलाशने से भी विरत होंगे। इससे अगले राष्ट्रपति के रूप में अपना उम्मीदवार चुनने के लिए काफी वोट भी मिलेंगे। लेकिन ममता बनर्जी संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार के रूप में एक वरिष्ठ नेता चुनना चाहती हैं जिसका राष्ट्रीय कद हो और वह उनको क्षेत्रीय पहचान से मुक्ति दिला कर सभी क्षेत्रों से समर्थन दिला सके जिसमें तटस्थ रहने वाले क्षेत्रीय क्षत्रप भी शामिल हैं।

# नेपाली प्रधानमंत्री के समक्ष चुनौतियां

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने के साथ ही ओली की गलतियां सुधारना तथा भारत के संबंधों में आई समस्यायें दूर करना देउबा के लिए जरूरी है।



ऋषि गुप्ता
(लेखक जेएनयू में शोधार्थी हैं)



नेपाली राजनीति में आये अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तनों के बाद आखिरकार नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को 13 जुलाई को लोकतांत्रिक नेपाल के तेरहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। नेपाली सर्वोच्च न्यायालय ने इससे एक दिन पहले पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली द्वारा 21 मई को संसद भंग करने को असंवैधानिक घोषित करते हुए रद्द कर दिया था। न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 76-5 के अंतर्गत 24 घंटे में विपक्षी नेता देउबा को प्रधानमंत्री नियुक्त करने का आदेश दिया था। देउबा को 275 सदस्यों के सदन में 165 मत प्राप्त हुए हैं और वे स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल हुए हैं। माओवादियों और जनता समाजवादी पार्टी ने सरकार का समर्थन किया है। इसके साथ ही ओली की यूएमएल पार्टी के नेपाल-खनल गुट के 22 सदस्यों ने देउबा के पक्ष में वोट दिया। उनका समर्थन करने वालों में ओली के आठ समर्थक भी शामिल हैं। यह घमंडी ओली की आंखें खोलने वाला एक और प्रकरण है जो अपने पद पर बने रहने के लिए संविधान के दुरुपयोग तथा राष्ट्रपति से मिलीभगत का लाभ उठा रहे थे।

नेपाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना जरूरी है। अपने डेढ़ साल के शासनकाल में शेर बहादुर देउबा को राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ ही अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा तथा कोविड-19 के कारण पैदा बेरोजगारी की स्थिति में सुधार लाना होगा। हालांकि, संविधान के अंतर्गत दो साल तक देउबा सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है, पर उनको अपनी आंतरिक व्यवस्था ठीक करनी होगी क्योंकि तीन बड़ी पार्टियां सरकार का समर्थन कर रही हैं। फिलहाल पांच सदस्यों वाली एक कैबिनेट का गठन किया गया है तथा अभी महत्वपूर्ण मंत्रालयों का वितरण किया जाना बाकी है जिनमें विदेश मंत्रालय भी शामिल है। देउबा को माओवादियों को शांत रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर प्रचंड का लक्ष्य सर्वोच्च पद पर पहुंचना है। उल्लेखनीय है कि माओवादियों ने 2017 के संसदीय चुनाव तथा स्थानीय निकाय चुनाव में यूएमएल के साथ इस तथ्य के बावजूद गठबंधन किया था कि वे नेपाली कांग्रेस के साथ सरकार में थे। इसलिए आने वाले महीनों में प्रचंड के साथ सत्ता की साझेदारी बनाए रखना नेपाल सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण आयाम होगा।

नेपाल के लिए भारत के साथ संबंधों को पुनर्जीवित करना भी जरूरी है। 19 जुलाई को विश्वास मत प्राप्त करने के फौरन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनको बधाई संदेश ट्वीट करते हुए कहा था कि 'मैं आपके साथ सभी क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट साझेदारी को बढ़ाने तथा दोनों देशों की जनता के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करने की उम्मीद कर रहा हूं।' इस ट्वीट के बाद दोनों नेताओं में टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। भारत में बहुत से लोगों की नजर में यह नेपाल के साथ संबंध सुधारने की अच्छी शुरुआत हो सकती है क्योंकि ओली के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंध सबसे निचले स्तर तक पहुंच गए थे। पिछले साल ओली ने राजनीतिक लाभ उठाने के लिए, भारत-विरोधी रणनीति अपनाई थी। उन्होंने एकपक्षीय रूप से कालापानी क्षेत्र में भारत के संप्रभु क्षेत्रों को नेपाल के आधिकारिक राजनीतिक मानचित्र में शामिल कर दिया था। हालांकि, ओली ने दावा किया था कि भारत के साथ मुद्दों का समाधान कर लिया गया है, पर सीमा विवाद दोनों देशों के बीच विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। देखना होगा कि देउबा इसका समाधान करना चाहते हैं या नहीं।

नेपाली कांग्रेस ने ओली द्वारा उस संविधान संशोधन का समर्थन किया था जिसमें भारतीय क्षेत्रों को नेपाल के राजनीतिक मानचित्र में शामिल किया गया था। इसलिए भारत को नेपाल के साथ राजनयिक पहल करने में सावधानी बरतनी होगी क्योंकि सीमा विवाद के मामले पर नेपाली कांग्रेस का दृष्टिकोण संभवत: ओली के दृष्टिकोण से अलग न हो। इसके साथ ही नेपाली राजनीति में भारत-विरोधी व अति-राष्ट्रवादी तत्व एक प्रेरक की भूमिका अदा करते हैं और ये जनादेश को प्रभावित करते हैं। आशंका है कि देउबा भी इसी रास्ते पर चल सकते हैं। हालांकि, ओली की विदाई के बाद भारत के प्रसन्न होने के अनेक कारण हैं। लेकिन नेपाल के प्रति भारत की नीति अधिक सक्रिय होनी चाहिए और इसमें केवल वहां की घटनाओं को दर्ज करने से आगे बढ़ने की जरूरत है। भारत-नेपाल के बीच वर्तमान व्यापार घाटा अक्सर भारतीय सद्भावना के खिलाफ काम करता है। इसके साथ ही नेपाल में भारत का निवेश चीन से प्रतियोगिता में कम नहीं होना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देउबा के साथ टेलीफोन वार्ता में नेपाल को कोविड-19 टीके देने का वादा किया है। भारत में अप्रैल में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी की दूसरी लहर आने के बाद भारत ने नेपाल को भेजे जाने वाले टीकों पर रोक लगा दी थी। अत: इसे चुनौतीपूर्ण समय में नेपाल के साथ भारत की नीति में स्वागत योग्य परिवर्तन के रूप में देखा जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को गठबंधन की मजबूरियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, देउबा के सामने नेपाल के राजनीतिक व विदेशी मामलों में चीन की भारी दखलंदाजी से मुक्ति पाने का रास्ता है और वे भारत के संबंध बेहतर बना सकते हैं। जनता में ओली की छवि चीन के ऐसे मित्र की थी जो तिब्बत और भारत संबंधी मामलों में बीजिंग के हित साध रहे थे। लेकिन देउबा पर कम्युनिस्ट विचारधारा का कोई बोझ नहीं है। इसलिए वे भारत के साथ सहयोग के रास्ते पर चल कर नेपाल का विकास सुनिश्चित कर सकते हैं। लेकिन उनके गठबंधन साझीदार प्रचंड का झुकाव चीन की ओर है।

2017 में नेपाली कांग्रेस के साथ ऐसे ही गठबंधन के समय प्रचंड ने देउबा को चीन की बेल्ट एंड रोड पहल पर हस्ताक्षर के लिए मना लिया था जिससे भारत बहुत गुस्सा था। 6 जुलाई को प्रचंड ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और विश्व राजनीतिक पार्टियों के सम्मेलन में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी तथा उसके नेता शी जिनपिंग के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। यह आयोजन चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया था। प्रचंड ने चीन को क्लीन चिट देते हुए दावा किया था कि वह बहुत उदार देश है। उन्होंने कहा था कि चीन 'वैश्विक समृद्धि और शांति में योगदान कर रहा' है तथा वह 'नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, टकरावों के शांतिपूर्ण समाधान तथा वैश्विक समानता और न्याय में योगदान के साथ ही नेपाल समेत विकासशील देशों में अत्यधिक प्रशंसा प्राप्त कर रहा है।' ऐसी स्थिति में प्रधानमंत्री देउबा के सामने अपने कार्यकाल में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करने की चुनौती का सामना करना होगा। उनके सामने प्रचंड का विश्वास बनाए रखने, नई दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में सुधार, भारत से कोविड वैक्सीनों की समुचित प्राप्ति सुनिश्चित करने तथा नेपाल की आंतरिक राजनीति में हस्तक्षेप करने वाले चीनी तत्वों से मुक्ति पाने की भी कठिन चुनौतियां हैं।

# देश में रणनीतिक अध्ययनों का महत्व

राजेश खरात
(लेखक मुंबई विश्वविद्यालय में मानविकी के संकायाध्यक्ष हैं)



कोविड-19, आतंकवाद, सीमा विवाद, राजनीतिक अस्थिरता, धार्मिक अतिवाद, जलवायु परिवर्तन आदि की चुनौतियों का सामना कर रही एक अशांत विश्व व्यवस्था में, हो सकता है दुनिया पिछले दशकों की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण प्रतीत होती हो। फिर भी, वर्तमान में राष्ट्रों के बीच और उनके बीच तनाव कहीं अधिक है। दो विश्व युद्धों से लेकर शीत युद्ध, वैश्वीकरण से लेकर महान मंदी तक, विश्व व्यवस्था में भारी परिवर्तन हुए हैं। हालांकि, शीर्ष खिताब के लिए मुकाबला जस का तस बना हुआ है। यद्यपि चल रहे दशक ने अब तक विश्व स्तर पर युद्ध जैसी स्थिति से बचा है, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दुनिया के अन्य हिस्सों में संघर्षों ने वैश्विक समुदाय को एक या दूसरे तरीके से प्रभावित किया है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं से कोई भी अलग नहीं है, चाहे वह व्यक्ति हो या देश, वैश्विक राजनीतिक व्यवस्था को समझना समय की अत्यधिक आवश्यकता है। राजनीतिक वैज्ञानिकों ने समकालीन अंतरराष्ट्रीय राजनीति की अपनी समझ के अनुसार राजनीति, राज्य, सत्ता, व्यवस्था और शासन को सिद्धांत, अवधारणा, तर्क और परिभाषित किया है। इस बीच, इसने बाकी दुनिया के साथ लगभग हर देश के द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। कूटनीति, विदेश नीति, रणनीति, भू-राजनीतिक विश्लेषकों और स्थिति की रणनीतिक समझ के माध्यम से इसकी बारीकी से जांच की जरूरत है। जबकि राजनयिक समुदाय के सदस्य, खुफिया एजेंसियां, राजनीतिक नेता/प्रवक्ता और पत्रकार स्थिति का आकलन करने में सबसे आगे रहते हैं, समर्पित संस्थान इन एजेंसियों या व्यक्तियों को मुद्दों से निपटने के लिए बेहतर तैयार करने में मदद करते हैं।

20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध तक, भारत ने खुद को दक्षिण एशिया क्षेत्र के केंद्र के रूप में पाया, जो भूमि से घिरे देशों (भूटान और नेपाल), छोटे द्वीप राष्ट्रों (मालदीव और श्रीलंका) और राजनीतिक रूप से अस्थिर म्यांमार और पाकिस्तान से घिरा हुआ था। अगले दरवाजे चीन का रूप। इस पृष्ठभूमि के बीच, भारत ने विश्व मामलों के लिए भारतीय परिषद, इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की स्थापना की, जिसके बाद कई अन्य स्वतंत्र थिंक टैंक अंतरराष्ट्रीय राजनीति की घटनाओं को समझने और राष्ट्रीय हित का पीछा करते हुए शामिल जोखिमों का आकलन करने में सरकार की मदद करने के लिए काम कर रहे थे। तब से, सरकार ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति के मुद्दों और भारत-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ संबंधों के अध्ययन और शोध के लिए विद्वानों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक थिंक टैंक और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। चीन के पुनरुत्थान के साथ, अपनी क्षेत्रीय शक्ति को स्थिति को मजबूत करने और एशिया में विशेष रूप से भारत-प्रशांत क्षेत्र में अपनी रणनीतिक उपस्थिति को मजबूत करने के लिए भारत की चुनौती दोगुनी हो गई है। सहयोग करने के लिए सामान्य आधार की विफलता के कारण क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गठबंधनों के टूटने का जोखिम है। इस स्थिति में, विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की जोखिमों का आकलन करने और संभावित समाधानों के साथ आने में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका होती है जो राष्ट्रीय उद्देश्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं। हाल ही में एक भाषण में, मुंबई विश्वविद्यालय में नए स्थापित स्कूल ऑफ इंटरनेशनल रिलेशंस एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज का उद्घाटन करते हुए, भारतीय सेना प्रमुख, जनरल मनोज मुकुंद नरवने ने कहा कि एक गौरवशाली अतीत के स्वदेशी विचारों को आत्मसात करने में नए सिरे से रुचि है। यह, आज की गतिशील वैश्विक विश्व व्यवस्था में हमारे देश के बढ़ते कद के साथ, हमें भारत के वैश्विक रणनीतिक विचारों और विचारकों की एक प्राचीन विरासत से मूल्यवान सबक लेने की इच्छा रखता है।



जबकि भारत के राजनयिक और रक्षा समुदाय भारत के विकास, प्रगति, सुरक्षा और सुरक्षा के लिए एक अभेद्य रणनीतिक योजना तैयार करने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं, भारत को भी अंतरराष्ट्रीय और रणनीतिक अध्ययनों में युवा दिमाग पैदा करने की जरूरत है। हालाँकि, इस विषय को पूरे भारत के विश्वविद्यालयों में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलता है। जैसा कि सेना प्रमुख ने कहा था कि भारत महान रणनीतिक विचारकों और विद्वानों की भूमि है, और चाणक्य, मनु, तिरुवल्लुर जैसे विचारकों और आधुनिक समय में के सुब्रमण्यम के साथ, भारत को इस ज्ञान को विकसित करने और वापस लेने की जरूरत है।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध और रणनीतिक अध्ययन संघ लोक सेवा आयोग, राज्य सेवा आयोग या कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों और कैरियर उन्मुख परीक्षाओं के महत्वपूर्ण घटक हैं। उत्तर भारत में जेएनयू, पूर्व में जादवपुर विश्वविद्यालय और दक्षिण में पांडिचेरी विश्वविद्यालय, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन के स्कूलों की मेजबानी करता है, मुंबई भारतीय नौसेना के पश्चिमी नौसेना कमान का मुख्यालय है और मुंबई विश्वविद्यालय, पुणे मुख्यालय से संबद्ध नौसेना युद्ध कॉलेज है। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग, मुंबई विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संबंध और सामरिक अध्ययन स्कूल की स्थापना, भारत में रणनीतिक अध्ययन का भविष्य सशक्त बलों, विचारकों, शोध विद्वानों, शिक्षाविदों और पत्रकारों को अध्ययन और चर्चा करने के लिए एक साथ लाता है। मनोहर पर्रिकर इंस्टीट्यूट फॉर डिफेंस स्टडीज एंड एनालिसिस, आईडीएसए, नई दिल्ली, यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) और सेंटर फॉर एयरपावर स्टडीज जैसे प्रमुख थिंक टैंक के केंद्र के रूप में भारत के साथ, विश्वविद्यालय स्तर पर एक सक्रिय बुनियादी ढांचा सामरिक समुदाय की भावी पीढ़ियों को पढ़ाने और प्रशिक्षण देने में भारत को अपने राष्ट्रीय हितों की तलाश करने और उन्हें सुरक्षित करने में मदद मिलेगी। भारत में भी अच्छी पत्रकारिता है, और वैश्विक घटनाओं का बुनियादी ढांचा उनके प्रिंट और विजुअल रिपोर्टिंग का एक अभिन्न अंग है। इसलिए, इस संबंध में विशेष रूप से मुंबई जैसे शहरों में पेशेवर प्रशिक्षण समय की मांग है। साथ ही, निकट भविष्य में भारत को और अधिक महत्वाकांक्षी राजनयिकों और रणनीतिक विचारकों की आवश्यकता होगी। इस रिक्तता को विश्वविद्यालय स्तर पर आने वाले ऐसे और केंद्रों से भरा जा सकता है।

## आप की बात

### मीडिया को डराने का प्रयास

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर में जो भी विसंगतियां तथा लापरवाहियां हुईं, भास्कर ने साहस के साथ रिपोर्टिंग कर राष्ट्र को अवगत कराया। चाहे अहमदाबाद हो या दिल्ली, जयपुर हो या यूपी, सभी दूर की जो असलियत थी, जिसकी जांबाज रिपोर्टिंग की। प्रसिद्ध पत्रकार रवीश कुमार ने भी अपने प्राइमटाइम कार्यक्रम में दैनिक भास्कर तथा गुजरात के दिव्य भास्कर की रिपोर्टिंग का हवाला देकर, अखबार की द्वारा की गई साहसिक रिपोर्टिंग की तारीफ की थी। जिसका खामियाजा भास्कर समूह पर आयकर के छापे हैं, जो बदले की भावना तथा सच्चाई की आवाज को दबाने वाला कदम है। सांच को आंच नहीं, अब इस कहावत को बदलकर, हमारे लोकतंत्र में सांच बोलेगा / लिखेगा, उस पर छापे पड़ेंगे। क्योंकि जनता मरे तो मरे, लेकिन सरकार की छवि खराब ना हो! चाहे जो तकलीफ आए भास्कर समूह को अपना साहसिक पत्रकारिता का अभियान दूने उत्साह के साथ जारी रखना चाहिए। एक अखबार का कर्तव्य है कि जनता के हित में उसकी धार ऐसे छापों से कुंद ना हो। भले ही सरकार छापे मारकर डराए, अगर कोई गलत काम नहीं किया तो फिर क्या डरना !

- **विषधर खरा**, उज्जैन

### सिंधु सीमा से जंतर-मंतर

26 जनवरी पर दिल्ली की बॉर्डर पर बैठे किसानों ने जो कुछ लाल किले पर जाकर किया था उसे सारा देश शर्मिंदा हुआ था इन किसानों ने लाल किले की प्राचीर पर जहां देश का तिरंगा शान से लहराता है वहां सिख धर्म का झंडा फहरा कर देश का एवं संविधान का अपमान किया था क्योंकि किसी धर्म विशेष का झंडा राष्ट्रीय झंडे के आगे फैहराना उसका अपमान करना है अत: ऐसा नहीं होना चाहिए इसके कारण पूरा ही देश किसान आंदोलन पर थू-थू करने लगा था वे तथाकथित किसान जिन्होंने वहां पुलिस पर ट्रैक्टर चढ़ाने की कोशिशें की थी एवं पुलिस जवानों को वहां मौजूद खाई में गिरा दिया था वही किसान अब एक बार फिर संगठित होकर देश की संसद पर प्रदर्शन करने के बहाने देश का माहौल फिर से खराब करने की योजना बना रहे हैं। अत: एक बात और कह दूं इस किसान आंदोलन में अधिकतर पंजाब एवं हरियाणा के किसान है जो तथाकथित खालिस्तान आंदोलन से जुड़े हुए हैं जो एक अलग राष्ट्र की मांग काफी समय से कर रहा है यह किसान 23 से 9 अगस्त तक यहां आंदोलन प्रदर्शन करने की मांग सरकार से कर रहे हैं। पिछले समय इन नकली किसानों ने जो हंगामा लाल किले पर किया था वहीं अब जंतर मंतर पर करना चाहते हैं।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### प्रकृति से सबक

**यह** हमेशा से कहा जाता है, भौतिक दुनिया में विकास और समृद्धि के लिए, प्रकृति का विनाश हमें कड़ी टक्कर देगा। यहां तक कि, भारतीय राष्ट्रपिता ने भी उचित ठहराया, प्रकृति हमारी जरूरत को पूरा करने के लिए पर्याप्त देती है, हमारे लालच को नहीं। चीन, कैलीफोर्निया ने जो बीज बोया है, वह अब तबाही और संकट की फसल काट रहा है। अधिक विकसित और शक्तिशाली बनने की दौड़ में हम अपने विनाश की पटकथा लिख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर मुद्दे हमेशा सुर्खियों में रहे हैं, लेकिन उस पर किए गए वादे कभी काम में नहीं आए। चाहे वह कैलिफोर्निया की आग हो या चीन में बाढ़, असामयिक प्राकृतिक घटनाओं ने अपनी शक्ति दिखाई है। न्यूटन ने गति के तीसरे नियम को सही ढंग से रेखांकित किया गया है हर क्रिया की समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। भारत भी जलवायु परिवर्तन की इन अभूतपूर्व समस्याओं से अछूता नहीं है। क्या इसे हम अपने कर्मों का परिणाम कहें या सिर्फ एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराएं।

- **अमन जायसवाल**, दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते हैं।


## फरमाया




**भाजपा** कोरोना से बड़ा वायरस लेकर चल रही है जिसका उद्देश्य लोकतंत्र के तीन स्तम्भों यथा, चुनाव, न्यायपालिका और मीडिया को खत्म करना है।

**ममता बनर्जी**-
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल

**किसी** भी राज्य ने आक्सीजन से होने वाली मरीजों की मौतों का आंकड़ा नहीं भेजा। केंद्र का जवाब राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा भेजे गए आंकड़ों पर आधारित है।



**- संबित पात्रा**
भाजपा प्रवक्ता



**आक्सीजन** आपूर्ति के अभाव को लेकर अस्पतालों, मरीजों व उनके परिवारों की ओर से शिकायतों की बाढ़ सी आ गई थी।

**-मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री दिल्ली

बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों की नहीं अखरेगी कमी...

# सीतापुर को मिले 226 नए शिक्षक, मिले नियुक्ति पत्र


नियुक्ति पत्र दिखाती चयनित अभ्यर्थी


सीतापुर-नियुक्त वितरित करते विधायक सुरेश राही, महेन्द्र यादव, रामकृष्ण भार्गव, डीएम विशाल भारद्वाज


अभ्यर्थी उपेन्द्र नियुक्त पत्र देते विधायक शशांक त्रिवेदी व बीएसए


सीतापुर-नियुक्त पत्र पाने के बाद मौजूद अभ्यर्थीगण

## ● चयनित शिक्षकों बांटे गए नियुक्ति पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर** के बेसिक शिक्षक विभाग में अब शिक्षकों की कमी अखरेगी नहीं, क्योंकि योगी सरकार ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में सीतापुर जिले को 226 नए शिक्षकों की सौगात दी। शुक्रवार को विभाग में चयनित सभी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। ये नियुक्ति पत्र वितरण अलग-अलग आयोजित समारोहों के जरिए प्रदान किये गए। सीएम और माननीयों के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवनियुक्ति शिक्षक फूल नहीं समा रहे थे। बोले, वो अब मेहनत और लगन से नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का कार्य करेंगे। आपको बता दें कि बेसिक शिक्षा विभाग में 69 हजार शिक्षक भर्ती प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे है। जबकि विसंगतियों के चलते तमाम चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र मिल नहीं पाए थे। जिस कारण वो नियुक्ति पत्र पाने से वंचित थे। शुक्रवार को राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीतापुर के 70 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। जबकि कलेक्ट्रेट सभागार में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, बिसवां विधायक महेंद्र सिंह यादव, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, हरगांव विधायक सुरेश राही ने संयुक्त रूप से 40 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटे। नियुक्ति पत्र वितरण के समय जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज भी मौजूद रहे। नियुक्ति पत्र वितरण के दौरान मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव व महोली विधायक शशांक त्रिवेदी ने अभ्यर्थियों को बधाई दी। नियुक्ति पत्र पाने के बाद गदगद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आई इंडिया से अपनी खुशी का इजहार किया। इसके अलावा शहर के राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में भी आयोजित समारोह में भी 116 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। इस समारोह में बीएसए अजीत कुमार, लेखाधिकारी समेत अन्य खंड शिक्षाधिकारी आदि उपस्थित थे।

सिधौली इलाके में इंसानियत हुई तार तार...

## दो मासूम बच्चियों संग रेप से फैली सनसनी

संवाददाता। सीतापुर

**सिधौली थाना** इलाके मैं घर के बाहर खेल रही दो मासूम बच्चियों के साथ गांव के ही 2 लड़कों द्वारा दरिंदगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित बच्चियों के परिजन जहां रेप किए जाने का आरोप लगा रहे हैं वही पुलिस इसे रेप का प्रयास बता रही है घटना की सूचना पाकर एसपी आरपी सिंह और एसपी दक्षिणी एनपी सिंह भी देर रात ही मौके पर पहुंचे जांच पड़ताल की घटना गुरुवार रात की है जानकारी के अनुसार 5 और 3 साल उम्र की दो मासूम सगी बहने रात में घर के बाहर खेल रही थी तभी गांव का ही एक 19 वर्षीय युवक तथा एक 15 वर्षीय किशोर वहां पहुंचे और दोनों को बहला-फुसलाकर गांव के बाहर सड़क पर खड़ी ट्रक में ले गए जहां दरिंदगी की हदें पार करते हुए मासूमों संग दुष्कर्म कर डाला दर्द से बेहाल बच्चियों ने घर पहुंचकर जो बताया उसे सुनकर परिजनों के होश उड़ गए इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया रात भर मचे रहे हड़कंप और पुलिसिया भागदौड़ के बीच पुलिस इसे रेप का प्रयास किया जाना बता रही है और घटना के नाबालिग आरोपी की गिरफ्तारी स्वीकार कर रही है।

### ● दो आरोपियों में एक नाबालिग किशोर भी शामिल, एसपी, एएसपी पहुंचे मौके पर

## जागरूकता के साथ अमल में भी लाए जल संरक्षण: डा. योगेश चंद्र दीक्षित

### ● नौनिहालों युवाओं शिक्षकों ने ली जल संरक्षण की शपथ, सम्पन्न हुईं प्रतियोगिताएं




**सीतापुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में जिला विज्ञान क्लब सीतापुर के तत्वाधान में 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया गया। ''जल संरक्षण है एक संकल्प-नहीं है इसका कोई विकल्प'' के विचार बिंदु पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें न केवल छात्र-छात्राओं, युवाओं ने बल्कि नौनिहालों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और जल संरक्षण की भावना हेतु जागरूकता के साथ-साथ अमल में लाने की भी शपथ ली। जिला विज्ञान क्लब के जिला समन्वयक डॉ योगेश चंद्र दीक्षित के निर्देशन में तथा संयोजक नवीन शुक्ला की देखरेख में आयोजित भूजल सप्ताह में नारा लेखन, निबंध प्रतियोगिता, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन, भाषण प्रतियोगिता, वीडियो शूट तथा चित्रकारी की प्रतियोगिताएं ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन होने के कारण जिला सीतापुर के बाहर के जनपदों के भी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के आयोजन में बेसिक शिक्षा विभाग की शुचिता शर्मा, प्राची सिंह, एलपीएस के पीयषू शुक्ला, डीपीएस की दीक्षा अग्रवाल, सैक्रेड हार्ट कॉलेज की सुश्मिता श्रीवास्तव तथा कैरियर पब्लिक स्कूल की सुधांशिव अग्निहोत्री अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

सीतापुर हरदोई शाहजहांपुर से लखीमपुर तक करीब पौन घंटे रहा असर...

## सीतापुर समेत पड़ोसी जिलों में ब्लैकआउट से मचा हड़कंप

### ● मेन विद्युत ग्रिड फेल होने से ब्लैकआउट के बने हालात, भरी दुपहरी बिजली अफसर हुए पसीना पसीना



संवाददाता। सीतापुर

**विद्युत विभाग** की मुख्य आपूर्ति लाइन में अचानक सुबह 11:45 पर आई फाल्ट के चलते सीतापुर ही नहीं वरन पड़ोसी जिला शाहजहांपुर लखीमपुर हरदोई तक में ब्लैकआउट के हालात बन गए, अचानक मेन ग्रिड फेल होने से संबंधित जिलों से लेकर लखनऊ के शक्ति भवन में बैठे अफसरों तक में हड़कंप मच गया, आनन-फानन में लाइन दुरुस्त करने का भागीरथ प्रयास शुरू किया गया जिसके बाद करीब पौन घंटे से ठप्प आपूर्ति कुछ हद तक ही नॉर्मल हो सकी, बात सीतापुर की करें तो यहां रिकॉर्ड समय 19 मिनट में ही 220 केवी बहाल कर ली गई थी लेकिन 132 से 11 केवीए तक लाइने नार्मल करने में काफी समय लग गया जिससे चिलचिलाती गर्मी में विद्युत उपभोक्ता खासे परेशान रहे। मेन ग्रिड में आई खराबी ने जहां पारेषण से जुड़े अफसरों कर्मचारियों को भरी दुपहरी पसीना बहाने को मजबूर कर दिया वही वितरण से जुड़े अफसर उपभोक्ताओं के सवालों की बौछार से पूरा दिन दो चार रहे जिला मुख्यालय पर तो 12:50 पर जैसे तैसे कुछ फीडर चालू कर लिए गए थे लेकिन हुसैनगंज ग्रामीण फीडर पर बंदर कूदने के चलते आई खराबी को दुरुस्त करने का काम लगातार जारी है वहीं जिले के ग्रामीण इलाकों में भी आपूर्ति बेपटरी बनी हुई है।

## 153 शिक्षकों को मिले नियुक्ति पत्र



**लखीमपुर-खीरी।** बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती के तहत शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में तृतीय चरण में चयनित सहायक अध्यापकों का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया, सीडीओ अरविंद सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, दीपक तलवार, अंबरीश सिंह व जितेंद्र त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय ने कहा कि नियुक्ति पत्र वितरण के तृतीय चरण में आज जिले के 153 व्यक्तियों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे। जिनमें 60 शिक्षकों को लखनऊ में, 93 शिक्षकों को कलेक्ट्रेट में नियुक्ति पत्र दिया जा रहा। डीएम अरविंद कुमार चौरसिया ने बधाई देते हुए सभी से अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा से पालन करने की अपील की। ज्ञान के प्रसार को आगे बढ़ाने को कहा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश गुप्ता, बीएसए लक्ष्मी कांत पांडेय व सभी खंड शिक्षा अधिकारी सहित मौजूद रहे।

## सपा नेता का अंतिम संस्कार



**मोहम्मदी-खीरी।** समाजवादी नेता व पूर्व प्रधान की हादसे में मौत हो गई। लोगों ने नम आंखों से विदाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव व पूर्व प्रधान मोहम्मद जावेद खान कलमोहनजी से अपने गांव किरियारा जा रहे थे। रास्ते में मोटरसाइकिल टकरा गयी। आनन-फानन में शाहजहांपुर ले जाया गया। जहां जावेद खां ने अंतिम सांस ली। आज उनके गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## निराश्रित बच्चों के भरण-पोषण, शिक्षा व सुरक्षा के लिए बनी टीम: स्वाति

**मोहम्मदी-खीरी।** शासन से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार एसडीएम स्वाति शुक्ला ने गाइड लाइन के आधार पर काम करना शुरू कर दिया है। कोरोना से निराश्रित बच्चों के लिए वह लगातार काम करती दिख रही हैं। उपजिलाधिकारी ने बताया कि तहसील क्षेत्र में जिन बच्चों के पिता या माता कोरोना काल में नहीं रहे। शासन की मंशा के अनुरूप उस पर काम लगातार जारी है। इसको शत-प्रतिशत असली जामा पहनाने के लिए तहसील के सभी कानूनगो और लेखपालों को लगाया गया है। किसी प्रकार की ढील या लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में मोहम्मदी और पसगवां के खंड शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया गया है। कोरोना काल में निराश्रित बच्चों के लिए जो सरकार द्वारा योजना लागू की गई है। उसका शत-प्रतिशत पालन कर अवगत कराने का कष्ट करें। वही उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बताया कि 24 परिवारों की अभी तक वरासत की गयी है। जो भूमिहीन परिवार हैं उन परिवारों को पट्टे दिए जा रहे हैं। विधवाओं के भरण पोषण के लिए भी सभी गंभीर हैं। वहीं निराश्रित बच्चों के पालन पोषण के लिए सीधे खाते में 4000 रुपए की निधि भेजी जाएगी। शिक्षा के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा ऐसे कार्य में निराश्रित बच्चों के लिए भरण पोषण, शिक्षा और सुरक्षा पूर्ण रूप से शासन और प्रशासन के माध्यम से दी जाएगी। हर बच्चे के आंसू पोछने का काम शासन-प्रशासन से जुड़े लोग करने का प्रयास कर रहे हैं। हमारी पूरी टीम इस मिशन को शत प्रतिशत पालन कराने का प्रयास करेगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस को लेकर डीएम ने जारी किया रोस्टर

**लखीमपुर-खीरी।** डीएम डा. अरविंद कुमार चौरसिया ने संपूर्ण समाधान दिवस कोविड-19 प्रोटोकाल के साथ प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित डीएम एवं एडीएम की अध्यक्षता वाले संपूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी किया। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव उप्र शासन द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस प्रत्येक माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को तहसील मुख्यालयों पर प्रात: 10 बजे से अपराहन 2 बजे तक आयोजित करने के निर्देश प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। यदि निर्धारित दिवस पर अवकाश हो तो यह आयोजन अगले कार्य दिवस में किया जाएगा। साथ ही अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) खीरी द्वारा भी संपूर्ण समाधान दिवसों की अध्यक्षता की जाएगी।

## तेज रफ्तार बस की टक्कर में दो बाइक सवार की मौत

### ● तीसरे की हालत गंभीर




संवाददाता। बेहजम-खीरी

**नीमगांव** कोतवाली क्षेत्र के शिवाला तिराहा के नजदीक स्थित एक ईंट भट्ठे के निकट तेज रफ्तार बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। अन्य एक युवक गंभीर रुप से घायल है जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने घायलों को इलाज हेतु बेहजम सीएचसी भेजा पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। बस चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, तेज रफ्तार बस कस्ता की तरफ से आ रही थी। अनियंत्रित बस यूपी78सीएन8131 ने शिवाला तिराहा ईंट भट्ठे के निकट बाईक सवार रेहान पुत्र मोईन (18), जीसान पुत्र मोईन (22) निवासी हफीजपुर कोतवाली गोला व साजिद निवासी ऊंचीभूड़ अपनी रिश्तेदारी में मितौली की ओर जा रहे थे। तभी बस ने सामने से जोरदार टक्कर मारी दी। जिससे रेहान, जीसान व साजिद गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची नीमगांव पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु बेहजम सीएचसी भेज दिया। जहां डाक्टरों ने गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जीसान पुत्र मोईन की मौके पर ही मौत हो गई। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान साजिद की भी मौत हो गयी। घटना में गम्भीर रुप से घायल रेहान का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। दुर्घटना में लिप्त बस चालक मौके से फरार बताया जाता है।

## विधायक ने किया बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का दौरा

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** मगदापुर परगना में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद गिरी को सूचना मिली कि शारदा नदी का किनारे बिल्हा सिकटिया, करसौर, गुज़ारा, मेहंदी आदि ग्राम सभाओं में दर्जनों गांव अत्याधिक पानी छोड़े जाने के कारण जलमग्न हो गए। सड़कें बह जाने के कारण गांव से संपर्क टूट गया।

वह नाव से झटपुरवा पहुंचे। उन्होंने गंभीरता दिखाते हुए लेखपाल, तहसीलदार, उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियंता बाढ़ एवं लोकनिर्माण विभाग व खंड विकास अधिकारी आदि की युद्ध स्तर पर राहत ग्रामीणों को राहत पहुचाने हेतु निर्देशित व निवेदन किया। ब्लॉक प्रमुख बिजुआ, असाढ़ी न्याय पंचायत के प्रभारी वेद दीक्षित, बिजुआ मंडल के महामंत्री विजेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार मिश्रा, ओमप्रकाश भार्गव, फुटहा पूर्व प्रधान गुप्ता, बिजुआ के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर भार्गव व संजय सिंह आदि सैकड़ों प्रमुख साथियों सहित अपने भाई अजय गिरि को पीड़ितों की हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कहा।

## खीरी में हुआ प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज



**लखीमपुर-खीरी।** मुख्य सचिव से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिला खीरी में 28 जुलाई तक प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा। गुरुवार को सप्ताह के प्रथम दिवस विधायक कस्ता सौरभ सिंह सोनू ने जिला मुख्यालय स्थित मूसाराम आटो एजेंसी से कोविड की सुरक्षा व सावधानियां के साथ सड़क जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर सप्ताह का शुभारम्भ किया।

यह सड़क जागरूकता रथ सप्ताह भर ज़िले के विभिन्न मार्गों पर भ्रमणशील रहकर स्लोगनों, पम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित कर जन सामान्य को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह, माल व यात्रीकर अधिकारी श्रीराम कश्यप, टीएसआई सूर्यमणि यादव, मूसाराम आटो एजेंसी के दिनेश अग्रवाल देशदीपक अग्रवाल, अमित बाजपेई, देवेश मिश्रा व परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शुक्रवार को सप्ताह के द्वितीय दिवस अपरान्ह 12 बजे कोविड.19 की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परिवहन कार्यालय के रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में ज़िले के बस, ट्रक, आटो, ईरिक्शा व टैक्सी चालकों के यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम का संचालन एआरटीओ (प्रशासन) आलोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे, माल/यात्रीकर अधिकारी श्रीराम कश्यप व कार्यालय के समस्त कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

# क्विक न्यूज

## सौंदर्यीकरण से बदलेगी प्रावि तरीनपुर द्वितीय की सूरत

**सीतापुर।** सीतापुर पालिका कायाकल्प योजना में शहर के बदहाल प्राथमिक विद्यालय तरीनपुर द्वितीय का सौंदर्यीकरण कराकर उसकी रंगत बदलेगी। ये कार्य पालिका के चौदहवें वित्त आयोग की निधि से कराए जाएंगे। शुक्रवार को पालिका चेयरमैन, पूर्व विधायक राधे श्याम जायसवाल ने सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। आपको बता दें कि शहर के तरीनपुर मोहल्ला में प्राथमिक विद्यालय तरीनपुर द्वितीय संचालित है। पर रखरखाव सही न होने की वजह से इसकी सूरत बदरंग हो गई थी। भवन और बाउंड्रीवाल जर्जर होने से हर वक्त असुरक्षा बनी रहती थी। इसे देखते हुए शासन ने कायाकल्प योजना से जीर्णशीर्ण प्राथमिक विद्यालयों को दुरूस्त कराने का फैसला लिया। शासन के फरमान पर सीतापुर में भी कई प्राथमिक विद्यालय चयनित किए गए थे। चालू बजट साल यानी 2021-22 की अवशेष ब्याज की धनराशि से प्राथमिक विद्यालय तरीनपुर द्वितीय की मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा शौचालय, बाउंड्रीवॉल एवं टाइल्स आदि लगेंगे। शुक्रवार को पालिका चेयरमैन ने सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान चेयरमैन जायसवाल ने कहा कि मेरी हमेशा से ही यही प्राथमिकता रहती है कि जनहित के हर क्षेत्र में कार्य करते रहना चाहिए, जिससे हर वर्ग के लोगों को उसका फायदा मिल सके। जब इस विद्यालय में सभी कार्य पूर्ण हो जाएंगे तो इससे यहां आने वाले बच्चों को जरूर साफसुथरा वातावरण मिलेगा। इस अवसर पर नगर पालिका के सभासद राकेश सक्सेना, पूर्व सभासद जैनुल आबेदीन उर्फटैक्सी, परवेज खान, श्याम सुन्दर दीक्षित आदि मौजूद थे।

## .. तो डाक्टर की लापरवाही से गई नवजात की जान !

**सीतापुर।** अक्सर धन उगाही को लेकर चर्चाओं में रहने वाला जिला महिला अस्पताल एक बार फिर से गंभीर आरोपो के घेरे में है। इस मर्तबा एक नवजात के पिता ने चिकित्सीय स्टाफ पर रिश्वत लेने के बावजूद सही से देखभाल न होने के कारण बच्चे की मौत हो जाने जैसा आरोप लगाया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के पुराना सीतापुर निवासी पिंकू कनौजिया ने प्रसव हेतु पत्नी को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया था, जन्म के बाद नवजात बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, इस पर उसने सघन चिकित्सा में रखने की बात कर स्टाफद्वारा दो बार में दो हजार रूपये वसूल किए गए बावजूद इसके बच्ची की मौत हो गयी। इस मामले में जब सीएमएस सुषमा कर्णवाल से पायनियर ने बात करनी चाही तो वह इमरजेन्सी में बेस्त होने की बात कही।

## आक्रोशित पत्रकारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**संडीला (हरदोई)।** आयकर विभाग द्वारा मीडिया समूहों पर की गयी छापेमारी को लेकर पत्रकारों ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। केन्द्र सरकार के इशारे पर दो प्रमुख मीडिया समूहो पर सीबीडीटी की छापेमारी को लेकर पत्रकारों ने बैठक कर तीखी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि सरकार द्वारा लोकतंत्र के इस चौथे स्तम्भ पर सीधा हमला है पत्रकारिता को भारतीय संविधान के मूल अधिकारों में से सवैधानिक अधिकार प्रदान किये गये हैं। सरकार मीडिया सवैधानिक अधिकार को नहीं छीन सकती। मीडिया समूहों तथा पत्रकारों के साथ इस प्रकार का व्यवहार घोर निन्दनीय तथा अशोभनीय है। बैठक के बाद वरिष्ठ पत्रकार वी पी सिंह के नेतृत्व में तमाम पत्रकारों ने एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव से मिलकर उन्हें भारत के महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मीडिया समूहों पर छापेमारी की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निन्दा की गयी है।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**संडीला (हरदोई)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कंछल गुट के पदाधिकारियों ने रेलवे क्रासिंग से बस स्टाप तक नगर पालिका परिषद द्वारा किये जा रहे मार्ग निर्माण को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ प्रदेश मंत्री एवं नगर प्रभारी प्रदीप जायसवाल के नेतृत्व में महेन्द्र गुप्ता, अतुल जायसवाल, मुकेश गुप्ता, चरण सिंह, गयाधर तिवारी, संकल्प गुप्ता आदि ने एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव से भेंट की तथा उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि नपाप द्वारा रेलवे क्रासिंग से बस स्टाप तक सड़क बनाने का कार्य हो रहा है जिसमें डिवाइडर का निर्माण भी शामिल है। डिवाइडर के बनने से सड़क की चौड़ाई जो पहले से कम है और अधिक कम हो जायेगी। जिससे यातायाद में बाधा उत्पन्न हो गयी तथा लोगों को आवागमन की गंभी समस्या का सामना करना पड़ेगा। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा पन्द्रह दिन के लिए आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है इस कारण भी लोगों को गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में एक तरफका रास्ता खोल दिया जाये। जिससे आवागमन सुचारु रुप से हो सके। एसडीएम ने ज्ञापन पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## सर्पदंश से डेढ़ वर्षीय बालक की मौत

**संडीला (हरदोई)।** सर्पदंश से एक डेढ वर्षीय बालक की मौत हो गयी। बताया जाता है कि कोतवाली बेनीगंज के अर्न्तगत् ग्राम अलीपुर निवासी मनीष शुक्ला के डेढ़ वर्षीय पुत्र डब्बू को सांप ने काट लिया तथा जब तक उसे डाक्टर के पास ले जाया जाता उसकी मौत हो गयी।

## युवक की हत्या कर नदी किनारे फेंकी लाश

**बरेली।** रात के समय मोहल्ले के लड़कों के साथ घर से निकले एक युवक की लाश घर से कुछ ही दूरी पर नदी के किनारे मिली स पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।किला थाना क्षेत्र के मोहल्ला छावनी निवासी बब्बू के बेटे दर्शन की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर किला थाना इलाके में किला नदी के किनारे काली मंदिर के पास पाई गई सपोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि दर्शन बीती रात लगभग 9:30 बजे मोहल्ले के ही रहने वाले कुछ लड़कों के साथ घर से बाहर गया था और वापस नहीं लौटा । उसके ना लौटने पर उसे तलाशने की कोशिश की गई । लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला स सुबह होते ही घर पर लोग उसे फिर से तलाश मिलने में जुट गए ।इसी दौरान उन्हें पता चला कि चला की किला नदी के किनारे एक युवक की लाश पाई गई है वह तुरंत मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त कर ली । मृतक की लाश के पास से कुछ ही दूरी पर एक चाकू भी पाया गया । समझा जाता है कि किसी ने चाकू से उसकी उसकी हत्या करने के बाद लाश को किला नदी के किनारे फेंक दिया । सुबह होने पर स्थानीय लोगों ने उसकी लाश को नदी के किनारे देखा और घटना की सूचना पुलिस को दे दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने चाकू को कब्जे में ले लिया और मृतक के घर वालों को सूचना दी सपुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर हत्यारों को तलाश शुरू कर दी।

## निर्माणाधीन मकान में ऊंचाई से गिरकर ठेकेदार की मौत

**बरेली** । एक निर्माणाधीन मकान का लेंटर डालने के बाद ऊंचाई से गिरकर घायल हुए एक ठेकेदार की इलाज के दौरान बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई । पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।सीबी गंज थाने के गांव खना गोटिया निवासी 32 वर्षीय मुनव्वर खान पुत्र रहमत खान की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई । उसे 21 जुलाई को दिन में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था । पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुनव्वर मकान आदि निर्माण कार्य कराने का ठेका लेता था और पिछले काफी समय से इज्जत नगर थाना क्षेत्र में आनंद विहार निवासी जुनैद के मकान का निर्माण कार्य करा रहा था । जहां कल दिन में लेंटर डालने का काम समाप्त होने के बाद वह बल्ली खोल रहा था ।तभी अचानक पैर फिसलने से वह काफी ऊंचाई से नीचे गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया । घटना के बाद मकान मालिक जुनैद ने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की सूचना उसके घर वालों को दे दी । जो अस्पताल पहुंच । यहीं पर बीती रात मुनव्वर खान की मौत हो गई । पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## चोरी की सरिया समेत 10 लोग गिरफ्तार

**बरेली।** सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य मे कार्यस्थल से चुराई गई सरिया के साथ पुलिस ने ठेकेदार बाराबंकी के धूनदसेर क्षेत्र के रामनगर निवासी अखिलेश कुमार पुत्र बालक राम, बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के भवन टोला निवासी सुबोध कुमार सिंह पुत्र सुदामा सिंह, बरेली के फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के बाकरगंज निवासी वीरू पुत्र कल्लू, यही के हनीफउर्फबड़े पुत्र लतीफ, मिथुन पुत्र कल्लू, बुध पाल पुत्र भूप राम, अमरजीत उर्फ अमन पुत्र सुखलाल, राधा कृष्ण पुत्र रामदास, केशव कुमार पुत्र होरीलाल, फरीदपुर थाने के रेशम बाग निवासी मुरली पुत्र महिपाल को पुलिस ने कल गिरफ्तार कर लिया । पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर निर्माण स्थल से चोरी की गई एक ट्रैक्टर ट्राली में लदी 24 कुंतल 20 किलो सरिया भी पुलिस ने बरामद कर ली । सरिया चोरी की रिपोर्ट मैनपुरी के करहल निवासी राज कारपोरेशन लिमिटेड के लाइजनिंग मैनेजर अरविंद कुमार पुत्र शिशुपाल ने 20 जुलाई को थाना फरीदपुर में कराई थी । तब पुलिस ने कल दिनभर कार्रवाई के बाद सभी 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

# भारत को महान बनाना है तो शिक्षा ग्रहण कराना बहुत आवश्यकः राज्यमंत्री

- शिक्षक कुम्हार के रूप में बच्चों के अंदर दे सकते हैं अच्छा स्वरूपः डीएम
- नवनियुक्त अध्यापकों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

**संवादाता।** चित्रकूट



नवनियुक्त अध्यापकों को नियुक्ति पत्र बांटते राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय व डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल पायनियर

**बेसिक** शिक्षा में 69000 सहायक अध्यापक भर्ती के रिक्त पदों पर चयनित नवनियुक्त अध्यापकों की नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे, सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की उपस्थिति में सीतापुर चित्रकूट में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तथा जनपद में 76 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा की किसी के जिंदगी में नई शुरुआत होती है वह दिन बहुत अच्छा लगता है आज आप लोगों को यह नियुक्ति पत्र मिला। कहा कि भारत को महान बनाना है तो उसमें हर व्यक्ति का योगदान जरूरी है सभी विभाग अपना अपना दायित्व निर्वहन करते हैं लेकिन शिक्षक व्यक्ति के जिंदगी का निर्माण करते हैं छोटे बच्चों को आप लोग अच्छी शिक्षा ग्रहण कराकर ऊंची मुकाम तक पहुंचाएं मेरी यही सभी लोगों से अपील है, कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा कल जो कोविड-19 महामारी के तहत जिनके माता पिता की मृत्यु हो गई है उनके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का शुभारंभ किया गया है वह बच्चे भी आपके विद्यालयों पर पढ़ाई करने आएंगे उन्हें अच्छी शिक्षा दें आप लोग अच्छे टापर शिक्षक हैं। कहा कि पहले हम लोग विद्यालयों में टाट पट्टी में बैठकर पढ़ाई की है पहले की शिक्षण व शिक्षा जो मिलती थी वह बहुत अच्छी थी और विद्यालयों में सुविधाएं भी नहीं होती थी लेकिन आज विद्यालयों में काफी सुविधाएं हैं लेकिन शिक्षा के स्तर पर सुधार नहीं हुआ है । आप लोग शिक्षा के स्तर को सुधारें अन्य नौकरियों से भिन्न है कहा कि अगर किसी बच्चे के अंदर शिक्षण की कमी रह गई तो उसके जीवन में कमी रह जाएगी भारत को महान बनाना है तो शिक्षा ग्रहण कराना बहुत आवश्यक है, शिक्षा विभाग का बहुत ही महत्त्व हमारे जीवन में है आज से आप लोग समाज को जोड़ने का कार्य करें अगर आप लोग बच्चों की नींव को मजबूत करेंगे तो बच्चों के जीवन में सुधार अवश्य होगा यह बहुत ही पुण्य का कार्य है जिस विद्यालय में आपकी नियुक्ति हो उसमें अच्छा माहौल खड़ा करके बच्चों को अच्छी शिक्षा दें कहा कि शिक्षा व शिक्षक हमारी परंपरा में महत्वपूर्ण रहे हैं, शिक्षा में रोड़ा न बने आप लोगों का जीवन सुखमय रहे। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आज का दिन आपके जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है जो छात्र अध्ययन से अध्यापन के जीवन से आगे शिक्षक के जीवन में आ गए हैं आप लोगों को नियुक्ति जनपद के सुदूर क्षेत्रों के विद्यालयों में भी मिलेगी जो बड़ा रूचिकर व चौलेंजिंग भी है, दृष्टिकोण बदलकर शिक्षण के कार्य को शुरू करें बच्चों की जो मनोभावना है उसे समझ कर प्रशिक्षित करें अच्छे समाज का निर्माण करना होगा तभी हम अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकेंगे उसी आधार पर बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराएं यह शिक्षा आप लोग जो देंगे तो उन बच्चों के जीवन भर काम आएगी आपका बचपना के बाद युवा व इस अवस्था पर आए हैं शिक्षण कार्य में शौक पैदा करें स्वभाव में बच्चों पर देखें कि किस तरह से वह बच्चा सीखता है गांव में बच्चों के प्रति अच्छा माहौल कायम करके शिक्षा ग्रहण कराएं, पूरा खेल आपके मनो भावना पर है कुम्हार के रूप में बच्चों के अंदर अच्छा स्वरूप दे सकते हैं बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है सुंदर मूर्ति के रूप में आपको स्थापित करना है शिक्षक वही भूमिका समाज के लिए निभाए पठन-पाठन के कार्य को रुचिकर बनाएं तभी बच्चे आपके पास आएंगे और शिक्षा ग्रहण करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव रंजन मिश्र ने राज्यमंत्री तथा जिलाधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया, तथा नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि आप लोग बहुत सौभाग्यशाली हैं जो आज इस कार्यक्रम के दौरान आप लोगों को नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। कहा कि आज हमारे जनपद में 76 नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, जनपद में हमारे विद्यालयों का कायाकल्प के माध्यम से अच्छे कार्य हुए हैं आप लोग शिक्षा के स्तर को बढ़ाएं उत्साह व उमंग के साथ बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराएं मेरी यही सभी से अपील है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। कार्यक्रम के दौरान एलसीडी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा नवनियुक्त शिक्षकों के नियुक्ति पत्र के वितरण के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री अश्वनी कुमार अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कर्बी गुलाब सिंह, भाजपा के रामेद्र गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खंड शिक्षा अधिकारी चंद्र मोहन सिंह , मानिकपुर प्रमोद कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारी तथा नवनियुक्त शिक्षक मौजूद रहे।

## मारपीट कर वृद्धा को घर से निकाल दिया, पुलिस से शिकायत

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में युवक ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर दुकान को किराये पर लगाकर जीवकोपार्जन कर रही वृद्ध वेवा मां को मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिस पर अपने रिश्तेदार के यहां रह रही वृद्धा ने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पठानपुरा मोहल्ला निवासी विधवा उर्मिला देवी (65) पत्नी अमृतलाल पाटकार ने बताया कि उसका कस्बे के गायत्री नगर पठानपुरा इलाके में रिहायशी मकान है। जिस पर कब्जा करने को लेकर उसका पुत्र पंकज उर्फ चंद्रकांत व उसकी पत्नी शिल्पी आए दिन उसके साथ मारपीट कर उसे प्रताड़ित करते हैं। जबकि उसने अपने पुत्र पंकज को अलग मकान देकर उसे अलग कर दिया था तथा वह मकान के एक कमरे में रहकर एवं मकान के बाहर स्थित दुकान के किराये पर देकर अपना गुजारा करती थी। लेकिन इस सब के बाद भी उसके पुत्र व पुत्र बहु की खराब नियत होने के चलते वे उसे मिलने वाला किराया भी छीन लेते हैं। उसके द्वारा किराये का रुपया देने से मना करने पर उसके पुत्र व बहु ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया है।

# लोकतंत्र के चौथे खंभे पर हमला करना सरकार को पड़ेगा महंगाः प्रेस क्लब अध्यक्ष

**संवाददाता।** हमीरपुर



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारी पायनियर

**सरकार** द्वारा मीडिया समूहों पर ताबड़तोड़ छापामारी करने के विरोध में आज जिला प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप कर विरोध व्यक्त किया है। क्लब के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा है कि सरकार द्वारा जिस प्रकार से लोकतंत्र के चौथे खंभे की गला घोटा जा रहा है यह इतिहास में हमेशा सनद रहेगा।

जानकारी के मुताबिक भारत समाचार के एडीटर इन चीफ व भास्कर समूहों के दफ्तरो में में सरकार के इशारे पर आईटी द्वारा की जा रही छापेमारी से मीडिया कर्मियो में रोष देखा जा रहा है, जिला प्रेस क्लब के संरक्षक लक्ष्मी नारायण दिवेदी ने कहा कि भारत की मीडिया निष्पक्ष समाचारो के लिये देश दुनिया में अपनी पहिचान बनाये हुये है मगर यह सरकार को अच्छा नही लग रहा है, सरकार की सच्चाई जनता के सामने लाने के बाद सरकार ने सरकारी एजेसियों के माध्यम से जिस प्रकार उत्पीडन शुरु किया है इससे पूरी दुनिया में बहुत ही गलत संदेश गया है। जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि कभी भी सच को आच नही आती है,मीडिया अपना काम निष्पक्षता से करेगी सरकार के दबाव में आने वाली नही है। इस मौके पर भारत समाचार असद खान गोलू ने कहा कि सरकार द्वारा मीडिया समूहो पर किये जा रहे अप्रत्यक्ष हमलो को रोकना चाहिये अन्यथा जिला प्रेस क्लब अपने पत्रकार साथियो के साथ सडक पर उतरकर आन्दोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी केंद्र व राज्य सरकार की होगी। उन्होने कहा कि मीडिया जो समाज व देश का दर्पण होती है सरकार उसी को समाप्त करने की साजिश रच रही है इसे वर्दाश्त नही किया जायेगा। प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष विनोद शुक्ला ने कहा कि यदि समय रहते सरकार नही चेती तो देश के नागरिक उसे सबक सिखायेगे। मीडिया समूहो पर हमला करना देश के इतिहास में पहली मर्तवा हो रहा है इससे सभी लोग भौचक्के रह गये है। इस मौके पर श्रीप्रकाश शुक्ला, नीरज शर्मा,सैय्यद अतहर,सुभाष साहू, रुपेशकुमार,अमित मिश्र, कन्हैया,रिजवान,नाहिद अंसारी,तन्मय समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकारों पर हो रहे अत्याचार को लेकर पत्रकार महासंघ ने की घोर निंदा

**संवाददाता।** चित्रकूट




बैठक करते भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी पायनियर

**भारतीय** राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ जनपद इकाई की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक के दिशा-निर्देशों पर जिलाध्यक्ष अखिलेश दीक्षित की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में सरकार द्वारा भारत समाचार एवं दैनिक भास्कर कार्यालय एवं आवासों में आयकर द्वारा छापेमारी की गई जिसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा मीडिया की आवाज को दबाने का कार्य किया गया जो निंदनीय है। भारत समाचार एवं दैनिक भास्कर ने निष्पक्ष तरीके से जनता की आवाज उठाई सरकार ने चैनलों एवं अखबारों के दफ्तरों घरों में छापेमारी कर स्वतंत्र मीडिया की आवाज बंद करने का कार्य किया गया है जो अत्यंत निंदनीय दुर्भाग्यपूर्ण है। वरिष्ठ पत्रकार शिवमूरत द्विवेदी ने कहा सरकार की अन्याय पूर्ण रवैया का जवाब जनता आने वाले समय में देगी। बुन्देलखण्ड कनेक्ट पत्रिका के पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने कहा कि ग्रामीण अंचलों से लेकर उच्च शिखर तक जनता की आवाज उठाने वाले मीडिया को सरकार द्वारा आवाज को कुचलने एवं दबाने का प्रयास किया गया। संगठन के महासचिव अशोक कुमार नामदेव ने कहा कि जिस तरह से मीडिया ने निष्पक्ष तरीके से जनता की आवाज उठाई है। तथा सरकार द्वारा भारत समाचार एवं दैनिक भास्कर के आफिस मे छापामारी कर अपना नजरिया सामने लाकर रख दिया। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है पत्रकार संगठन निंदा करता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विराग पाण्डेय ने कहा जनता एवं मीडिया की आवाज दबाने का जो दुस्साहसिक कूट रचित कार्य किया गया खेद जनक निंदनीय है। देश में क्या हो रहा है आम जनता देख रही है जान रही है चौथे स्तंभ द्वारा आम जनता की आवाज उठाए जाने पर सरकार द्वारा छापेमारी कर गलत कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार शिवमंगल अग्रहरि द्वारा किया गया। इस मौके पर महासचिव अशोक कुमार नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिला मीडिया प्रभारी बंशीलाल साहू, उपाध्यक्ष विराग पांडेय, जिला प्रवक्ता शिवमूरत द्विवेदी, जिला सचिव सौरभ द्विवेदी, पत्रकार दिनेश सिंह कुशवाहा, मुख्य महासचिव रामनारायण साहू सहित दर्जनों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मठ मंदिरों में सादगी से मनेगी गुरू पूर्णिमा

**चित्रकूट।** कोरोना काल में ज्यादातर मठ, मंदिरों के साधु संत आस्थावान श्रद्वालुओं की चित्रकूट आने के लिये मना कर रहे हैं यह भी कहा गया है कि ज्यादातर अपने घरों में रहकर गुरूओं की पूजा करें। धारकुंडी आश्रम में कोविड मामले के चलते इस बार गुरू पूर्णिमा जयंती नही मनायी जायेगी। सती अनुसुइया आश्रम प्रबंधन ने भी निर्णय लिया है कि वह अपने शिष्यों को रोक देगी। सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट रघुवीर मंदिर ने कोविड 19 का पालन करते हुए गुरू पूर्णिमा सादगी से मनायी जायेगी। गुरू पूर्णिमा शनिवार को पड रही है इस दिन भारी संख्या में श्रद्वालुओं के चित्रकूट पहुंचने की संभावना है पिछले कोरोना काल में भी नहीं मनाया गया था इस बार भी आश्रम प्रबंधकों ने न मनाने का निर्णय लिया है। पुरानी लंका आचार्य आश्रम, कामदगिरि प्रचार मुखारबिन्द मंदिर, राममोहल्ला, सनकादिक, पंजाबी, रघुवीर मंदिर, कांच मंदिर, रावतपुरा सरकार, संतोषी अखाडा, गायत्री शक्तिपीठ, राममंदिर, भरत मंदिर, स्वर्गाश्रम, सती अनुसुइया, रामायणी कुटी, फ्लाहारी, वेदांती, सुतीक्षा, सरभंग आदि ने सादगी से मनाने का निर्णय लिया है।

### टीएसआई ने पंपलेट बांट लोगों को किया जागरूक

**चित्रकूट।** जिलेभर मे मनाये जा रहे सडक सुरक्षा सप्ताह के दौरान टीआई और टीएसआई ने लोगों को पंपलेट बांटकर जागरूक किया। यातायात प्रभारी घनश्याम पाण्डेय, टीएअसाई योगेश कुमार यादव ने शहर के ट्राफिक्क चौराहा, पुरानी कोतवाली मे वाहन चालको समेत आम जनमानस को सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत जानकारी दी। उन्होने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, हेलमेट, सीटबेल्ट, तेज गति और शराब का सेवन करके वाहन न चलाये। ओवरटेक करते समय सावधानी बरते। कोविड 19 महामारी को ध्यान मे रखते हुए मास्क अवश्य लगाये। वाहन चेकिंग के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट, प्रेशर हार्न एवं यातायात नियमों का पालन न करने वाले 56 वाहनो से 56 हजार रूपये पेडिंग ई-चालान किया गया। 22 व्यक्तियों से मास्क न लगाने पर 4 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया।

### बरसाती सीजन में ग्राम प्रधान ने गांव में चलाया सफाई अभियान

**रामपुरा ( जालौन )।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत टीहर में शुक्रवार को प्रधान प्रदीप गौरव के नेतृत्व में पूरे गांव में साफसफाई कराकर सैनिटाइजिंग का कार्य कराया गया। बताते चलें कि दो दिनों पूर्व गांव में कोरोना के 26 मरीज पाये गये थे। विकास खण्ड अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी के आदेशानुसार ग्राम पंचायत टीहर व पचोखरा में सचिव जगदम्बा प्रसाद की मौजूदगी में सफाई कर्मियों द्वारा साफसफाई कराई गई। वही टीहर के प्रधान प्रदीप ने बताया कि गांव में बरसात को देखते हुए जल निकासी के लिए पहले से तैयारी कर ली हैं। बरसात के पानी के भराव से गांव में संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता हैं। उसी लिहाज से गांव में कही भी गंदगी न रहे। इसलिए संम्पूर्ण गांव में साफसफाई कराई जा रही हैं। साथ ग्रामवासियों से कहा जा रहा हैं कि अपने घरों के बाहर अनावश्यक कचरा न फेंके। ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वो मुझ से संपर्क करें। जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सकें। इस मौके पर ग्राम प्रधान टीहर प्रदीप गौरव, सचिव जगदम्बा प्रसाद के साफसफाई कर्मी मौजूद रहें।

### घरेलू बंटवारे को लेकर दो भाइयो में मारपीट

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खनुवां में मकान के बंटवारे को लेकर भाईयों में गाली गलौज कर मारपीट हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। खनुवां निवासी महेश प्रसाद ने पुलिस को बताया कि मकान के बंटवारे को लेकर उनके भाई से विवाद हो गया था। इसी को लेकर हुकुम ने उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को कोंच चौराहे से गिरफ्तार कर लिया है तथा शांति भंग की कार्रवाई की है।

# राज्यमंत्री चन्द्रिका का अभिनंदन कर व्यापारी नेता रामबाबू गुप्ता ने जताया सीएम योगी का आभार

**संवाददाता।** चित्रकूट



अभिनंदन करते रामबाबू पायनियर

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डीएम -एसपी को महीने में एक दिन व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए गये निर्णय का व्यापारियों ने स्वागत किया है।वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यापारी नेता रामबाबू गुप्ता ने यूपी सरकार के लोक निर्माण राज्यमंत्री चन्द्रिका उपाध्याय का अभिनंदन कर सीएम योगी का आभार जताया है।आपको बता दे कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीती मंगलवार को लखनऊ में उच्चाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है।इस फैसले के तहत महीने में एक दिन जिले के डीएम और एसपी छोटे-बड़े व्यापारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे।सीएम योगी की इस अनोखी पहल का चित्रकूट के व्यापारियों ने स्वागत किया है।जिले के प्रमुख व्यापारी नेता राम बाबू गुप्ता ने गुरुवार को प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय और भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे का बस स्टैंड कर्वी स्थित कार्यालय में अभिनन्द कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।व्यापारी नेता श्री गुप्ता ने बताया कि सरकार की इस पहल से प्रदेश के व्यापारियों के जमीन विवाद, नए उपक्रम को चालू करने के लिए जमीन की जरूरत, कानून-व्यवस्था, अराजक तत्वों के मामले, बिजली, पानी, साफसफाई के साथ उनकी सभी शिकायतों की सुनवाई होगी। जिससे व्यापारियों को सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। कहा है कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों की परेशानियों पर ध्यान देते हुए अधिकारियों को सुनवाई के निर्देश देकर सरहानीय पहल की है। योगी सरकार ने कोरोना काल में भी व्यापारियों का साथ दिया और उनके साथ मुश्किल समय में खड़ी रही। सीएम के इस निर्णय से व्यापारियों का विश्वास बढ़ेगा। इस मौके पर राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि संवाद कार्यक्रम से सीधे तौर पर व्यापारियों को लाभ मिलेगा। सीएम के आदेश के बाद डीएम व एसएसपी सीधे तौर पर समस्याओं को निस्तारण करेंगे।वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने सीएम योगी की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार व्यापारियों के साथ है।सरकार लगातार व्यापारियों के हित में ऐतिहासिक कार्य कर रही है।इस मौके पर समाजसेवी केशव शिवहरे,वरिष्ठ भाजपा नेता रामसागर चतुर्वेदी, नरेश केशरवानी,राजकुमार बौरिया आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# महिला के तीन शादियां रचाने का खुला भेद, पुलिस जांच में जुटी

**जालौन ( उरई )।** एक महिला ने तीन शादियां कर लीं। पहला पति तो काफी समय पूर्व ही अलग हो गया। वर्तमान में महिला दो पतियों के साथ अलग अलग रह रही थी। यह बात जब उनके पतियों को पता चली तो दोनों के बीच महिला को अपने साथ रखने को लेकर झगड़ा हो गया। जिसके बाद मामला कोतवाली पहुंचा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को कोतवाली में एक अलग ही तरह का मामला सामने आया। फतेहपुर जनपद के खागा के रहने वाली महिला लक्ष्मी उर्फ सावित्री की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व सूरत में काम करने वाले एक व्यक्ति के साथ हुई थी। किसी कारणवश दोनों के बीच अनबन होने पर दोनों के बीच संबंध विच्छेद हो गए और महिला अपने मायके आकर रहने लगी। इसके बाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी बरजोर उसके संपर्क में आए। दोनों के बीच जब शादी की बात चली तो महिला ने अपना एक बच्चा होने की बात कही जिसके लिए बरजोर ने 90 हजार रुपये महिला को दे दिए। जिसके बाद महिला ने उससे सावित्री नाम से कोर्ट मैरिज कर ली। कुछ माह रहने के बाद वह मायके जाने की बात कहकर गांव से अपने घर चली गई। वहीं मध्यप्रदेश के दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा निवासी ध्यानेंद्र के किसी परिचित ने उसकी शादी सावित्री उर्फ लक्ष्मी से कराने की बात कही। जिसमें उसने बताया कि लक्ष्मी का परिवार गरीब है। पहले पति ने उसे छोड़ दिया है। जिसके एक बच्चा भी है। वह उनकी शादी करा देगा लेकिन उसे कुछ रुपये परिवार के लोगों को देना होंगे। जिसके बाद ध्यानेंद्र ने लगभग ढाई लाख रुपये कर्जा लेकर एकत्रित किए और महिला को दे दिए। जिसके बाद महिला ने लक्ष्मी नाम से ध्यानेंद्र के साथ कोर्ट मैरिज कर ली। इस दौरान महिला लगभग एक साल तक बारी बारी से दोनों पतियों के साथ रही और इसके बारे में उनके पतियों को भनक तक नहीं लगी।

# 46 वर्षों से बंद चीनी सहकारी मिल पुनः चालू कराने की मांग

**संवाददाता।** उरई (जालौन)

- माधौगढ़ क्षेत्र के डिकौली गाँव में वर्ष 1970 में स्थापित गन्ना मिल 1975 में हुई बंद
- सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री ने मिल शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**माधौगढ़** तहसील क्षेत्र के डिकौली गांव की बंद चीनी मिल शुरू होने की बाट जोहते करीब आधी सदी बीत गयी और किसानों को मायूसी मिली है। क्षेत्र की काली मिट्टी में भरपूर पैदावार हो सकने के बावजूद किसान गन्ने की फसल कम उगा रहे हैं। जो किसान गन्ना उत्पादन कर रहे हैं, वे फसल बेचने पड़ोसी जिले जाने को मजबूर हैं। सहकार भारती उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास और बदहाल किसानों की बेहतरी की दिशा में उठाये जा रहे कदमों की कड़ी में यह मिल पुन: शुरू कराने की मांग की है।

सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस आशय का पत्र भेजा है। जालौन निवासी डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने बताया कि जिले के माधौगढ़ इलाके में गन्ना के भरपूर उत्पादन को देखते हुए वर्ष 1970 में डिकौली ग्राम में एक चीनी मिल स्थापित की गयी थी, जिससे किसानों को गन्ना बेचने के लिए माधौगढ़ क्षेत्र से बाहर न जाना पड़े। दिल्ली के एक उद्योगपति ने खांडसारी नाम से मिल को स्थापित कराया था। सन 1972 में इस खांडसारी मिल को तत्कालीन प्रदेश सरकार ने आधिपत्य में लेकर 18 लाख रुपये की लागत से इसे चीनी मिल बना दिया था। इसके बाद इस मिल में माधौगढ़ इलाके के साथ अन्य क्षेत्रों के किसान भी अपना गन्ना पिराने लगे थे, जिससे उनकी आमदनी भी बढ़ने लगी और यह क्षेत्र चीनी उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र बन गया। क्षेत्र के किसान गन्ने की पैदावार बढ़ाने में लग गये, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता और यहाँ के कर्मचारियों की लापरवाही की कारण मिल में गन्ने की पिराई कम होने लगी। लगभग तीन वर्षों तक इस मिल को खूब मुनाफा हुआ लेकिन किसानों को भुगतान नहीं मिला। मात्र पाँच वर्ष बाद ही वर्ष 1975 में तत्कालीन प्रदेश सरकार की उदासीनता के कारण यह चीनी मिल बंद हो गयी। इससे पूरे क्षेत्र का गन्ना किसान परेशान है। किसान निरन्तर गन्ना उत्पादन कम करते गये। जो किसान यहाँ गन्ना उत्पादन करता भी है, वह अपनी फसल बाहर बेचने पर विवश है और उसे सही मुनाफा नहीं मिल पाता है।

महामंत्री डॉ. प्रवीण सिंह जादौन बताते हैं कि माधौगढ़ क्षेत्र की मिट्टी काली है और अच्छा फसल उत्पादन करती है। यहाँ गन्ना इसीलिए अच्छा होता है क्योंकि यहाँ की काली मिट्टी है और कम उर्वरक लगता था और गन्ने को बाँधना नहीं पड़ता। अभी भी क्षेत्र में जहाँ तक नजर जाएगी, वहीं कई खेतों में गन्ने की फसल खड़ी दिखायी देगी। हालाँकि इस इलाके में पहले व्यापक स्तर पर गन्ने की पैदावार होती थी लेकिन अब यहाँ लोग गन्ने की खेती कम करने पर मजबूर हो गये हैं, क्योंकि 46 साल पहले इलाके की एकमात्र चीनी मिल बंद हो गयी और यह अभी तक बन्द पड़ी है, जबकि क्षेत्र में दूसरी कोई चीनी मिल नहीं है। इसी कारण किसानों ने गन्ने की फसल को अब कम कर दिया है। अनेक स्थानीय किसान गन्ने का उत्पादन करते हैं मगर वे पड़ोसी जनपद कानपुर नगर के घाटमपुर और कानपुर देहात के क्षेत्रों में गन्ना बेचने जाते हैं और उन्हें सही लाभ नहीं मिल पाता है। यह गन्ना मिल शुरू हो जाये तो उन्हें बाहर अपना गन्ना बेचने नहीं जाना पड़ेगा और खूब फायदा भी होगा।

जालौन जिला गन्ना उत्पादन का बड़ा हब है। यहां गन्ने का खूब उत्पादन होता था और वर्तमान में भी पर्याप्त उत्पादन होता है। यह चीनी मिल चालू थी तो किसान यहीं गन्ना देता था और अच्छे लाभ में रहता था। अब मिल बन्द होने से वह नुकसान झेल रहा है। बुजुर्ग किसान बताते हैं कि कभी इस चीनी मिल के चलने से अच्छा परिणाम आ रहा था और इसीलिए किसान भी हाड़तोड़ मेहनत करता था। यहाँ खूब गन्ना उत्पादन होता था और बैलगाड़ियों से आस-पास के इलाकों का गन्ना आता था। तत्कालीन सरकारों की उदासीनता से यह मिल बंद हो गयी। यदि यह मिल चलती रहती तो शासन को भी लाभ होता और यहाँ का किसान भी खुशहाल होता लेकिन मिल बंद होने से किसानों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। इस पर पहले की किसी भी सरकार ने ध्यान नहीं दिया। कई बार चर्चा हुई कि यह मिल चालू हो रही है लेकिन नतीजा सिफर रहा। अब मिल खंडहर जैसी हालत में है। यहाँ की मशीनें लापता हैं और यह नीलाम की स्थिति में आ गयी है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर दिये निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण समिति, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों व कार्य पुस्तिकाओं आदि की ढुलाई के संबंध में समिति तथा विद्यालय डेस्क बेंच आदि की आपूर्ति हेतु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन अध्यापक अपने कार्य में रूचि लेंगे तभी बच्चों की पढ़ाई अच्छी होगी नहीं तो किसी क्लास में बच्चों से पूछ लिया जाए तो पाचध्छह बच्चों से ज्यादा बच्चे अपने टीचर का नाम नहीं बता पाएंगे। उन्होंने कहा कि तीन चीज शिक्षक, छात्र, और किताब, ये तीनों चीजें आवश्यक होती है जिस दिन ए तीनों मिल जाएंगे तो पढ़ाई अच्छी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की दक्षता अच्छी होनी चाहिए और आप उन्हें और बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यहां शिक्षा का स्तर बहुत खराब है। शिक्षक का मुख्य कार्य शिक्षण में रुचि हो, उन्होंने कहां की सरकार का शिक्षा के क्षेत्र में काफी अभिनव प्रयास है। लेकिन इसमें शिक्षकों को रुचि लेनी होगी।

# 48 सहायक अध्यापकों को मिले नियुक्ति पत्र

संवाददाता। रायबरेली



**सरकारी** की प्राथमिकता भर्ती प्रक्रियाओं को पूरी ईमानदारी, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराना.रायबरेली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने लखनऊ से मिशन रोजगार के अंतर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में चयनित 6696 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति वितरण नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से दस नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। जिसमें जनपद रायबरेली की सुमन देवी को भी मुख्यमंत्री के करकमलों के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में एमएलसी दिनेश प्रताप सिंह व बछरावां विधायक राम नरेश रावत जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक गोयल ने मुख्यमंत्री श्री योगी के नियुक्ति पत्र वितरण महोत्सव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद रायबरेली के 48 नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार के 19 मार्च को चार वर्ष पूर्ण होने पर लगभग 4 लाख से अधिक लोगों को नौकरी मुहैया करवाने के साथ वर्तमान में 4.5 लाख से अधिक लोगों को नौकरियां निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के दौरान उपलब्ध कराई जा चुकी है। कार्यो व नियुक्ति के सम्बन्ध में पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में अवगत कराया और कहा कि समस्त जनपदों में वितरित किये गये मेहनत करने वालों ने भर्ती प्रक्रिया में हिस्सा लेकर कामयाबी हासिल की है। जो कि अपने में एक उपलब्धी है उत्तर प्रदेश सरकार ने परीक्षा/नियुक्ति प्रक्रियाओं को समय से त्वरित गति से पूर्ण कराकर और समय से उसका रिजल्ट भी जारी कराया गया जो भी एक उपलब्धी है। सरकारी की प्राथमिकता है जो भी भर्ती प्रक्रिया हो पूरी ईमानदारी व निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की जाए। उन्होने कहा कि सीखने की कोई सीमा नही होती है कोई भी व्यक्ति हरचीजों में पारंगत रही होता है व पाठ्न पाठन के साथ ही सरकार की नितियां उपलब्धियां लाभ-परक कल्याणकारी योजनाओं को जाने और विद्यार्थियों के साथ-साथ आमजनमानस को भी लाभ परक योजनाओ का लाभ दिलवाये। जो भी नियुक्ति पत्र प्राप्त कर रहे है उनमें आत्मबल व आत्मविश्वास दिखाई पड़ रहा है। जो कि प्रदेश के विकास के लिए एक ताकत है। उन्होंने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण प्रक्रिया को शत-प्रतिशत पालन किया गया है। आज के अवशेष नियुक्ति पत्रों के साथ ही सरकार द्वारा 69000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर दिया गया है। नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण के नियमों का पालन किया गया है सरकार समाज के वचित लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य करती रहेगी। आयोजित कार्यक्रम को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये।

# श्रावस्ती को मिले 22 नवनियुक्त शिक्षक




संवाददाता। श्रावस्ती

## ● नियुक्ति पत्र पाकर खिले नवनियुक्त शिक्षकों के चेहरे

**शुक्रवार** को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव नियुक्ति शिक्षको को नियुक्ति पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिले को 22 नवनियुक्त शिक्षक मिले हैंए जिनको विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर नवनियुक्त शिक्षकों को जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे कच्चे घड़े के समान हैए इन्हें जैसे एक कुम्हार घड़े को तराश कर बेहतर घड़ा बनाता है ठीक उसी प्रकार बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनकी जिंदगी सवारना गुरुजनों की जिम्मेदारी है। इसलिए अध्यापकगण अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनके भविष्य को संवारे ताकि वह बड़े होकर उच्च पदों पर आसीन हो सके। उन्होने नवनियुक्त शिक्षको से कहा कि वे नई शिक्षा नीति का अध्ययन अवश्य करेंए और जिले में आपरेशन कायाकल्प योजना चलाकर स्कूलो को बेहतर और सुन्दर बनाया गया हैए और सभी सुविधायें मुहैया कराई गई है। ताकि बच्चों को विद्यालय में कोई दिक्कत न होने पावें। जिलाधिकारी ने कहा इस जनपद में शिक्षा का प्रतिशत अन्य जनपदों की तुलना में बहुत कम है जो चिंता का विषय है इसलिए सभी नवनियुक्त अध्यापकों के फर्ज बनता है कि वह अपने तैनाती स्थलों पर समय से पहुंचकर अपने बच्चों को बेहतर तालीम देगेंए और यह भी ध्यान रखेगें कि उनके क्षेत्र में कोई भी बच्चा शिक्षा के उजियारे से वंचित ना रहने पाए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान ने कहा कि बच्चों का पठन.पाठन प्रारम्भ होने पर युवा शिक्षक एवं शिक्षिकाये अपने बच्चों को बेहतर तालीम देकर उनके भविष्य को संवारें ताकि वह पढ़.लिखकर आगे बढ़े और उच्च पदों पर आसीन होकर समाज और जिले का नाम रोशन कर सकें।

## क्विक न्यूज

### चेयरमैन ने बछरावां में तीन सरकारी खरीद केंद्र लगाने की मांग की



**बछरावां रायबरेली।** किसानों की समस्या को देखते हुए बछरावां नगर के लोकप्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने गत वर्षों में किसानों की धान खरीद व गेहूं खरीद में दुर्दशा को देखते हुए पूर्व से ही मीडिया के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग किया है कि पूर्व की भांति बछरावां में तीन सरकारी खरीद केंद्रों को संचालित किया जाए। जिससे अधिकाधिक किसानों की उपज सरकारी खरीद केंद्रों में बिक्री हो सके और किसानों को अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो सके। पूर्व में बछरावां में एफसीआई का खरीद केंद्र, एग्रो का खरीद केंद्र व इसके साथ ही साथ एसएफसी का खरीद केंद्र संचालित होता था। जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता था। जिससे खरीद केंद्रों पर बहुत अधिक भीड़ भी नहीं रहती थी। आसानी से उनको अपनी फसल का मूल्य मिल जाता था। किसानों की इस भीषण समस्या को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने जिलाधिकारी रायबरेली से मीडिया के माध्यम से करबद्ध निवेदन किया है कि कम से कम तीन खरीद केंद्रों का संचालन पूर्व की भांति करवा दिया जाए तो काफी हद तक किसानों को अपनी उपज बेचने से होने वाली समस्या से निजात मिल सकता है। आम जनमानस की समस्याओं को लेकर हमेशा सोचने वाले नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी किसानों की इस समस्या की निजात के लिए पहल कर दी है। इस मौके पर उनके साथ नगर पंचायत बछरावां के सभासद रामकिशोर चौधरी व सभासद प्रतिनिधि मयंक रंजन द्विवेदी भी मौजूद रहे।

### युवा किसान धनंजय के हत्यारों की हो तुरन्त गिरफ्तारी

**रायबरेली।** सरेनी थाना छेत्र मे चार दिन पहले एक मजदूर द्वारा दबंग का ट्रेक्टर चलाने से मना करने पर दबंग द्वारा उसकी हत्या के बाद कल नाली का गंदा कचरा अपने खेत मे डालने से मना करने पर जगतपुर थाना छेत्र के ग्राम बिछियावादी मजरे दौलतपुर मे दबंग भाजपा नेता द्वारा युवा किसान धनंजय की अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या करने की घटना बताती है कि रायबरेली मे दबंगों का सत्ता के संरक्षण मे नंगा नाच चल रहा है। यह बात भाकपा माले नेता कामरेड विजय विद्रोही ने कही, उन्होनें कहा पुलिस दबंगों के खिलाफ कार्यवाही करने के बजाय अपराधियों को बचाने मे लगी है। बल्कि अभी हुए ब्लाक प्रमुख , जिला पंचायत चुनाव मे पुलिस प्रशासन ने जिस तरह भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम किया उसने भाजपा से जुडे अपराधियों का मनोबल बढाया है, इसी बढे मनोबल की देन है धनंजय की हत्या।कामरेड विजय विद्रोही ने कहा धनंजय के हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार किया जाये, भाकपा माले जिले मे सत्ता संरक्षण मे चल रहे अपराधी राज के खिलाफ जन आन्दोलन चलाएगी।

### बीडीओ व सचिव का वेतन सीडीओ ने रोका

**ऊंचाहार।** विभागीय लापरवाही बरतने पर जहां खंड विकास अधिकारी का वेतन तो वहीं ग्राम पंचायत मे आवास आपात्रो को देने मे सचिव का वेतन रोकने का कार्यवाही सीडीओ ने किया है।जिसको लेकर विभाग मे हडकंप मचा हुआ है। बताते चले कि सीडीओ ने ऊंचाहार ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी विजयंत सिंह का चुनावी दौरान व अन्य लापरवाही बरतने पर वेतन रोकने की कार्यवाही किया है जबकि ऊंचाहार ब्लाक के अन्तर्गत तैनात सचिव मो ईशा का भी वेतन रोका है जिनके खिलाफ आपात्रो को आवास देने की पुष्टि होने पर कार्यवाही करने की बात कही जा रही है।

# प्रभारी मंत्री ने नवनियुक्त परिषदीय विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

## ● अमेठी में 65 सहायक अध्यापकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

संवाददाता। अमेठी


अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए प्रभारी मंत्री पायनियर

**उत्तर** प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ से मिशन रोजगार के अंतर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों में चयनित 6696 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति वितरण नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए अपने कर कमलों से पांच नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में जनपद अमेठी में प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा जनपद अमेठी के नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। विकासखंड बहादुरपुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को लगातार रोजगार देने का कार्य कर रही हैए प्रदेश में पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। आप लोग पूरी लगन व ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाएंए उनको अच्छी शिक्षा प्रदान करेंए इसी के साथ उन्होंने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डाण् अंकुर लाठर ने भी नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित किया एवं उनको शुभकामनाएं दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि जनपद अमेठी में आज 65 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है।

## प्रभारी मंत्री ने निशुल्क खाद्यान्न के साथ बैग का किया वितरण

संवाददाता। अमेठी



लाभार्थी को खाद्यान्न बैग देते हुए प्रभारी मंत्री व सीडीओ पायनियर

**शासन** द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क खाद्यान्न वितरण के साथ राशन रखने के लिए बैग वितरित करने का निर्णय लिया गया है। दरअसल सरकारी राशन की दुकानों पर लाभार्थियों को राशन बांटते समय उसे रखने तथा ले जाने की समस्या को देखते हुए प्रदेश सरकार ने इस बार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत निशुल्क राशन के साथ बैग देने का निर्णय लिया है। इससे लाभार्थियों को राशन रखने तथा उसे अपने घर तक ले जाने में सुविधा होगी। इसी क्रम में आज विकासखंड बहादुरपुर तथा तिलोई में मा. प्रभारी मंत्री मोहसिन रजा ने लाभार्थियों को निशुल्क खाद्यान्न वितरण करने के साथ ही बैग का भी वितरण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठर, जिला विकास अधिकारी प्रदीप कुमार पांडे, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार, खंड विकास अधिकारी, लाभार्थीगण तथा जन सामान्य मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय एम्बुलेंस कर्मचारी संघ का धरना

## ● मांगे न माने जाने पर काम न करने की चेतावनी

**अमेठी।** जिला एम्बुलेंस कर्मचारी संघ प्रदेश संघ के निर्देश पर जिला अस्पताल में अपनी पांच सूत्रीय मांगो को लेकर तीन दिवसीय धरने पर बैठ गया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यदि तीन दिन के अन्दर उनकी मांगे न मानी गयी। तो 26 जुलाई से सभी कर्मी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ जायेंगे। विदित हो कि जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 108ए 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश एंबुलेंस पर कार्यरत एएलएस कर्मचारियों को समायोजित करने की मांग की गयी है। प्रशासन की ओर से अपर श्रम आयुक्त कार्यालय लखनऊ मे 2 जुलाई को एंबुलेंस सघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जीवीके ईएमआरआई एंबुलेंस संचालनकर्ता कंपनी के पदाधिकारीयो के मध्य श्रम विभाग मे मीटिंग हुई। जिसमें जीवनदायिनी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हनुमान पांडे और प्रदेश महामंत्री बृजेश कुमारए प्रदेश कोषाध्यक्ष सुशील पांडेए राष्ट्रीय पदाधिकारी दिनेश कुमार कौशिक जी के द्वारा श्रम विभाग के समक्ष एंबुलेंस कर्मचारियों का पक्ष रखते हुए कहा कि एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस जिस का संचालन जीवीके ई एम आर आई के द्वारा किया जा रहा है। लेकिन अब नेशनल हेल्थ मिशन के द्वारा टेडर जिगित्सा हेल्थ लिमिटेड कंपनी को दिया गया है। जिसके कारण लगभग 1200 कर्मचारियों की नौकरी के ऊपर तलवार लटक गई हैं। पुरानी कंपनी की तरफ से आए एचआर हेड के द्वारा पक्ष रखते हुए श्रम विभाग को भ्रमित किया गया। कि कंपनी ने अभी तक किसी भी कर्मचारी का टर्मिनेशन नहीं किया है।

### एनटीपीसी महिला क्लब की अध्यक्षा का स्वागत करती हुईं महिला पदाधिकारी

**रायबरेली।** इनर व्हील क्लब के सदस्यों द्वारा शहर के वृद्धा आश्रम के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना।परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार, फूलदार और औषधि के 17 पेड़ रोपित किये गए।इनर व्हील के सदस्यों ने वृक्षारोपण के साथ साथ वहाँ पर रहने वाले बुजुर्गों के साथ समय भी व्यतीत किया। उनके लिए घर से विभिन्न प्रकार का ताज़ा नाश्ता भी बना कर ले गये। बुजुर्गों को बैठा कर नाश्ता भी करवाया। इसके अलावा उनके लिए उनकी जरूरतों का सामान जैसे पानी की बोतल, चप्पलें,छातें और फल, बिस्कुट आदि भी वितरित किये गए । इस कार्यक्रम में वृद्धा आश्रम की अधीक्षक नीतू वर्मा, सऽअधीक्षक कृष्णकान्त यादव,सुधांशु सिंह एवं समस्त स्टाफ वृद्धजन का सहयोग रहा।

# प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा के रूप में अनु सोनी ने पदभार संभाला

## ● अभिनंदन के लिए महिला क्लब की ओर से समारोह का आयोजन

संवाददाता। ऊंचाहार



**एनटीपीसी** की महिला संस्था प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा के रूप में अनु सोनी ने पदभार संभाला। उनके अभिनंदन के लिए महिला क्लब की ओर से समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नव मनोनीत अध्यक्षा अनु सोनी ने दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह में श्रीमति सोनी के सम्मान में रंगारंग सांस्कृतिक गीत-संगीत की गतिविधियों में महिला क्लब की सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इस अवसर पर केक काटकर सभी का मुंह मीठा करवाया गया। अध्यक्षा का पदभार संभालने पर अनु सोनी ने कहा कि प्रियदर्शिनी महिला क्लब के लोक कल्याणकारी कार्य पहले से ही प्रेरणादायी रहे हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि इस क्लब के माध्यम से सामाजिक विकास की गतिविधियों को और बढ़ाया जाए। ताकि आसपास के गांवों में रहने वाले ग्रामीणों में इस क्लब के प्रति विश्वसनीयता और प्रगाढ़ हो सके। इसके अलावा लिटिल नेस्ट स्कूल के छात्र-छात्राओं को कोरोना से बचाते हुए घरों में रखकर ही बेहतर शिक्षा देना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर महिला क्लब की पदाधिकारी विद्या झा, प्रवेश बादसीवाल, वर्षा बुरलावर, कामना दत्ता और सविता शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने नवागत अध्यक्षा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

# प्रशासन तटबंध को बचाने में नाकाम,करीब सौ मीटर तटबन्ध नदी में समाहित

संवाददाता। श्रावस्ती,जमुनहा

## धारा बदलने के कारण नदी तेजी से कर रही कटान

**जमुनहा** तहसील क्षेत्र के रघुनाथपुर के मजरा विसम्भरपुर गांव के करीब दो किलोमीटर मीटर उत्तर राप्ती नदी बह रही थी। इस वर्ष राप्ती अपनी धारा को बड़ी तेजी से बदल रही है। जिसकी वजह से राप्ती नदी विसम्भरपुर व भिनगा तहसील क्षेत्र के रेहरापुरवा गांव की ओर तेजी से कटान करती हुई बढ़ रही है। इसी के साथ विशम्भरपुर के पास कटान करती हुई नदी की धारा टकराने के बाद दूसरे छोर पर बसे परसिया गांव के पास कटान करती है। ग्रामीणों की माने तो राप्ती नदी ने अपने दोनों तरफ करीब 500 बीघा से ऊपर कृषि योग्य भूमि को अपनी धारा में विलीन कर लिया। वही प्रशासन का कहना है कि तटबन्ध बचाने के लिए तेजी से कार्य चल रहा है। काफी मात्रा में मजदूर रात दिन कार्य कर रहे हैं। पल पल की मॉनिटरिंग की जा रही है। जल्द ही सफलता मिल जाएगी।

**राप्ती नदी** के उग्र तेवर शांत होता नही दिखाई दे रहा है। करीब 6 सौ बीघा जमीन को आगोश में लेने के बाद नदी के किनारे बने तटबंध का करीब 100 मीटर हिस्सा अपनी धारा में विलीन कर लिया। वही प्रशासन कटान रोकने में विफल होता नजर आ रहा है। जमुनह तहसील क्षेत्र के भवानीनगर के मजरा परसिया गांव के पास रही राप्ती नदी का कहर थमने नाम नही ले रहा है। कटान रोकने के लिए बाढ़ खंड की ओर से पेड़ो की टहनियां व ईंट के टुकड़ों से भरी बोरिया डाली जा रही। लेकिन कटान थमने का नाम नही ले रहा है। प्रशासन की सुस्ती के कारण गुरुवार तक करीब 100 मीटर तटबंध नदी की धारा में विलीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया की 20 जुलाई को तटबंध का कटान शुरू हुआ । तटबंध को बचाने के लिए बाढ़ खंड की ओर से कटान रोकने के लिए कार्य शुरू किया गया कार्य की गति सुस्ती के चलते करीब सौ मीटर तटबंध नदी में समाहित हो गया है। तटबंध को बचाने के लिए यदि समय से प्रशासन ठोस कदम उठता तो शायद तटबंध न कटता। ग्रामीण शिवकुमारए मातबर प्रसादएकेदार वर्माएबदलू राम बताते हैं कि तटबंध को बचाने के लिए समय के कार्य नही शुरू किया गया।जब तटबंध का कटान शुरू हो गयाए तब प्रशासन की नींद खुली। तब तक काफी देर हो चुकी थी। जिसका नतीजा यह है कि तटबंध नदी में समाहित हो रहा है। तटबन्ध के कट जाने के बाद मुहाने पर बसे परसियाएभवानीनगर व नीबाभारी गांव के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। ग्रामीण बताते हैं यदि राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ा तो उनका घर तबाह हो जायेगा। राप्ती की कटान व बाढ़ में तबाही की आशंका से देख ग्रामीण काफी भयभीत दिखाई दे रहे हैं।

# एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

संवाददाता। अमेठी


शिविर की अध्यक्षता करती हुई आयोग की सदस्या पायनियर

**महिलाओं** को उनके अधिकारए घरेलू हिंसा से पीडित महिलाओं को जागरूक करने व शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को जानकारी देने के उद्देश्य से आज जनपद में राज्य महिला आयोग की सदस्या अनीता सचान की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर के दौरान आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचारए यौन उत्पीडनए दहेज उत्पीडनए मानव तस्करीए भारत में महिलाओं की सम्पत्ति और भरण.पोषण अधिकारए व घरेलू हिंसा तथा कन्या भ्रूण हत्या आदि जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। आयोग की सदस्या ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उक्त समस्त प्रकार की हिंसा को रोकने व उनकी समस्याओं के समाधान व उन्हे न्याय दिलाने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर व थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गयी है जहां पर महिलाओं द्वारा शिकायत की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिला हेल्पलाइन नम्बर 1090ए पुलिस हेल्पलाइन नम्बर 112 तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर 1076 आदि पर किसी भी समय अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इसके साथ ही आयोग की सदस्या ने शिविर में उपस्थित आशाए आंगनवाडी कार्यकत्रियोंए स्वयं सहायता समूह की महिलाओंए शिक्षिकाओं व स्वस्थ्य कार्यकत्रियों आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अन्दर आने वाले क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलम्बलए उनके अधिकारए योजनाओं व शासन द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में जागरूक करना सुनिश्चित करेंगी। आयोग की सदस्या ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार द्वारा निरन्तर कार्य किया जा रहा है। समाज में हो रही महिलाओं पर हिंसाए अत्याचारए घरेलू हिंसा आदि की शिकायत प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही की जाती है जिससे महिलाओं को डरने व घबराने की कोई जरूरत नहीं है। आयोग की सदस्या ने कहा कि यदि महिलाओं पर किसी भी प्रकार की कोई हिंसा होती है तो उसकी सूचना महिला थाना अथवा हेल्पलाइन नंबर व उन्हें भी बिना डरे अवगत कराये जिससे कि त्वरित कार्यवाही के साथ.साथ सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। उक्त शिविर के दौरान डीसी एनआएलएम सुनील तिवारी, बाल संरक्षण अधिकारी अजय यादवए प्रचार सहायिका सूचना विभाग ज्योति गौतम, महिला थानाध्यक्ष कंचन सिंह, वरिष्ठ लेखाकार साहबदीन, प्रधानाचार्या जीजीआईसी अमेठी डा. फूलकली गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### सपाइयों ने किया सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**मुसाफिरखाना अमेठी।** सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ राजपाल कश्यप के सुल्तानपुर जाते समय क्षेत्र के पावर हाउस के पास सपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

एमएलसी डॉ राजपाल कश्यप के स्वागत समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा एमएलसी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार किसान गरीब मजदूर विरोधी है। भाजपा सरकार में हर वर्ग आम जनता महंगाई के चलते त्राहि.त्राहि कर रही है । योगी सरकार सिर्फ सपा सरकार के कार्यों का फीता काटकर अपनी पीठ थपथपा रही है। इन्होंने कहा कि गरीब मजदूर किसान युवा बेरोजगार सभी एकजुट होकर भाजपा की अहंकारी सरकार को हटाकर अखिलेश यादव को पुनः एक बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने में अपना सहयोग करें । इस अवसर पर जयसिंह प्रताप यादवए हर्ष यादवए मुकेश यादवए विजय यादवए सुभाषए शत्रुघ्न यादव सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस्ती में 95 सहायक अध्यापकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

संवाददाता। बस्ती



**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में 6696 सहायक अध्यापको को लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में बस्ती में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में 95 सहायक अध्यापको को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। मिशन रोजगार के तहत युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने के क्रम में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में सहायक अध्यापको की नियुक्ति की गयी है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार के सवा चार साल के कार्य काल में 04 लाख 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी गयी। उन्होने कहा कि 01 लाख 35 हजार परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प का काम शुरू किया गया। उन्होने कहा कि प्राइमरी स्कूलों को भी कानवेण्ट स्कूलों की भॉति सुसंज्जित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मानव सम्पदा पोर्टल पर शिक्षको का डाटा फीड किया जा रहा है, जिससे फर्जी रूप से भर्ती शिक्षक पकड़े जा रहे है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों की जानकारी दिया। उन्होने बताया कि हाईस्कूल एंव इण्टर की नकलबिहीन परीक्षा सम्पादित करायी गयी। कोरोना काल में आनलाइन शिक्षा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी गयी। उन्होने निष्पक्ष एवं पारदर्शी नियुक्ति प्रक्रिया की सराहना किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि इन तैनातियों के बाद प्रदेश का कोई विद्यालय शिक्षक बिहीन नही रहेंगा। उन्होने कहा कि मिशन कायाकल्प के तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में फर्स पर टाइल्स दिख रहे है। सभी स्कूलों में बाउण्ड्री, दरवाजे, खिड़की, पेयजल, बिजली, बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय भी बनाये गये है।

जनपद में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी प्रेक्षागृह में बेसिक शिक्षा में चयनित नवनियुक्त अध्यापको के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में जिलाध्यक्ष महेश शुक्ला, विधायक संजय प्रताप जायसवाल, जिलाधिकारी श्रीमती सौम्या अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति, डायट प्राचार्य, विधायक प्रतिनिधि राजकुमार शुक्ल, सुनील पाण्डेय ने चयनित अध्यापको को नियुक्ति पत्र वितरित किया। विधायक रूधौली संजय प्रताप जायसवाल ने नवनियुक्ति शिक्षको को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी चयनित शिक्षक अपनी जिम्मेदारी का अच्छे से निर्वहन करते हुए बेहतर शिक्षा प्रदान करें, जिससे की बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके। जिला अध्यक्ष महेश शुक्ला ने कहा कि प्राइमरी शिक्षा मूल शिक्षा है। शिक्षक बच्चों को पढाई-लिखाई के साथ-साथ आचरण की भी शिक्षा दे, जिससे की बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

## संतकबीरनगर में भी वितरित हुए नियुक्ति पत्र

**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शुभारम्भ के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में सदर विधायक जय चौबे ने दिया नियुक्ति पत्र**

संवाददाता। संतकबीरनगर



नियुक्ति पत्र प्रदान करते विधायक — पायनियर

**केन्द्र** व प्रदेश की सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में आम जनमानस को योजनाओं से लगातार लाभान्वित करते हुए आगे बढ़ाने का काम किया। हर वर्ग के उत्थान और समाज के विकास के लिए शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। आज सभी शिक्षकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। आप अपनी कर्मठता के माध्यम से ऐसे निराश्रित बच्चों या फिर निम्न वर्ग के बच्चों और स्कूलों में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान करें। समाज की बहुत बड़ी जिम्मेदारी आप पर है। ये बातें आज कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बेसिक शिक्षा में 69 हजार भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत रिक्त पदों (तृतीय चरण) पर चयनित नव नियुक्त शिक्षकों के नियुक्त पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कही। उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ 69 हजार शिक्षक भर्ती में प्रक्रिया सम्पन्न हुई है। ऐसे में आप सभी शिक्षकों के ऊपर जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि पहले सरकारी विद्यालयो की स्थिति दयनीय थी लेकिन प्रशासनिक मानीटरिंग से व्यवस्थाये सुधरी है। जब से कायाकल्प हुआ है तब से स्कूलों का स्वरूप बदल गया है। उन्होंने कहा कि हमारे जो सरकारी स्कूलों के शिक्षक है उनकी योग्यता प्राइवेट स्कूलों से बहुत ज्यादा है। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों से कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें जिससे कि ये सभी विद्यार्थी आने वाले समय राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि आनंद त्रिपाठी, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि हरिबक्श सिंह व अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इसके पूर्व सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके नियुक्त पत्र वितरण समारोह का उद्घाटन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक/प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि नव नियुक्त शिक्षकों में नियुक्त पत्र वितरित किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन व्यायाम शिक्षक इन्द्रेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के सभी खण्ड शिक्षा अधिकारीगण, डीसीएमडीएम धीरेन्द्र प्रताप सिंह, बजरंगी लाल विश्वकर्मा, सुशील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों ने जताया हत्या की आशंका

**बस्ती।** गौर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत बभनान वार्ड नम्बर 3 लोहिया नगर मे 22 वर्षीय एक युवक का कमरे के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में शव बरामद हुआ है। युवक के शरीर और हाथ, पैर में चोट के निषान मिले हैं जिससे उसकी हत्या की आषंका जताई जा रही है। सूचना बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की छानबीन कर रही है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के नन्दापुर गांव निवासी 22 वर्षीय दीपक अभी एक माह पूर्व बभनान आया था और यहां किराए पर कमरा लेकर रह रहा था। शुक्रवार को दिन में उसका शव कमरे में पंखे से फंदे के सहारे लटकता मिला। युवक के शव को फंदे से लटकता देख इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजे जाने की कार्रवाई की। युवक की मां गायत्री देवी ने बेटे की हत्या कर उसे फंदे से लटकाने की आषंका जताया है। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया की शव को पीएम के लिए भेजा गया है। हर पहलू को ध्यान में रखकर जाँच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। यदि मृत युवक के परिजनों की ओर से इस सम्बन्ध में कोई तहरीर मिलती है तो उस अनुसार भी विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### एडीजी जोन के निर्देश पर बीपीओ सिस्टम की हुई शुरूआत

**संतकबीरनगर।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर के आदेश के क्रम में पुलिस की सहायता आमजन तक सहजता से पहुंचाने तथा जनता की समस्याओ को जल्द निस्तारण कराने के क्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन में जनपद के समस्त थानो पर भी बी0पी0ओ0 सिस्टम का उद्धाटन किया। इस अभियान के तहत पुलिस की सबसे छोटी एवं महत्वपूर्ण इकाई बीट आरक्षी को प्रमुखता देते हुए बीट पुलिस अधिकारी को उनके बीट का चार्ज दिया जा रहा है। बीट आरक्षी द्वारा बीट क्षेत्र में रहकर आमजन से सम्पर्क स्थापित किया जायेगा तथा बीट क्षेत्र के शिकायती प्रार्थना पत्रो की जॉच बीट आरक्षी द्वारा की जायेगी। इस अभियान के क्रम में बीट पुलिस अधिकारी द्वारा अपने बीट क्षेत्र में जगह-जगह पर फोन नम्बर व फोटो युक्त पोस्टर लगवाये गये है, जिससे आम जनता बीट पुलिस अधिकारी से आसानी से सम्पर्क स्थापित करते हुए अपनी समस्याओं का समाधान करा सके। बीट पुलिस अधिकारी गांव में जाकर जन-मानस से वार्ता/ सूचना एकत्र कर अपराध पूर्ण अंकुश लगाने का कार्य करेंगे व अपराधियों की सूचना संकलित करेंगे। बीट पुलिस अधिकारी आई0जी0आर0एस0 प्रार्थना पत्रों की जांच, चरित्र सत्यापन, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग निरोधात्मक कार्यवाही (107/116), संभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करेंगे तथा समन, वारंट की नोटिस तामिला आदि का कार्य किया जाएगा। बी0पी0ओ0 द्वारा थानों की बीट क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने व जनता के साथ उत्तम व्यवहार कर जनमानस में पुलिस की सकारात्मक छवि बनाने व अपराध नियंत्रण करने मे महत्वपूर्ण योगदान रहा जिसके लिए इन्हें सर्वोत्तम बीट पुलिस अधिकारी माह जून 2021 चुना गया है। समस्त बेस्ट कॉप ऑफ द मन्थ में से जनपद स्तर पर बेस्ट कॉप ऑफ द मन्थ थाना महुली पर नियुक्त बीट पुलिस अधिकारी हे0का0 जितेन्द्र कुमार राव को सम्मानित किया गया।

### पत्नी का हत्यारा गिरफ्तार

**करनैलगंज ( गोंडा )।** पत्नी की हत्या करके फरार चल रहे पति को पुलिस ने आलाकत्ल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपित के पास से पुलिस ने आला कत्ल व डंडा भी बरामद किया है। करनैलगंज कस्बा पुलिस चौकी क्षेत्र के सुक्खा पुरवा में गत मंगलवार की रात आशिक अली पुत्र ऐश मोहम्मद ने अपनी पत्नी की मारपीट कर हत्या कर दी थी। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारा पति मौके से भाग गया था। करनैलगंज पुलिस ने आरोपित पति के खिलाफ अभियोग दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक परशुराम सिंह, उपनिरीक्षक मनीष कुमार, आरक्षी विकास यादव को आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। शुक्रवार को सीओ मुन्ना उपाध्याय ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गुरुवार की देर शाम पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियुक्त को चौरी के पास से गिरफ्तार किया गया है। तथा पूछताछ के दौरान उसने घर के पास ही आलाकत्ल व डंडा जिससे उसने पत्नी की हत्या की थी उसको छिपाया जाना बताया। उसके निशादेही पर आलाकत्ल भी बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### खून के काले कारोबार में संलिप्त दो पर केर दर्ज, जेल रवाना

**गोंडा।** डीएम मार्कण्डेय शाही के आदेश पर खून के अवैध कारोबार में संलिप्त दो संदिग्धों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। दो व्यक्तियों आशीष जायसवाल सीतारामपुर ग्रन्ट, रिसिया सिसई सलोन जनपद बहराइच तथा एक अज्ञात व्यक्ति बीरे के खिलाफ कोतवाली नगर में ब्लड बैंक के पैथालोजिस्ट डा0 चेतन पाराशर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0एस0 चौधरी ने बताया कि यह बात संज्ञान में आई कि ब्लड बैंक में आशीष जायसवाल नाम के व्यक्ति द्वारा लोगों को गुमराह करके खून का काला कारोबार किया जा रहा है। बीरे पुत्र मगन से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया आशीष जायसवाल द्वारा बिना रक्तदान किए ही खून दिलाने का वादा किया गया था। ठोस सूचना के आधार पर उपरोक्त आशीष जायसवाल को बुधवार दोपहर जिला अस्पताल के ब्लड बैंक से पकड़ा गया।

## छापेमारी के बाद विधायक अजय सिंह की मुसीबतें बढ़ीं

**● पैतृक आवास और लखनऊ आफिस में इंकम टैक्स की छापेमारी से उठे सवाल**

संवाददाता। बस्ती

**हर्रैया** के भाजपा विधायक अजय सिंह के आवास और लखनऊ स्थित आफिस पर आयकर के छापे के बाद तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं, कहा जा रहा है कि यही छापा क्यों नहीं विधायक रहने से पूर्व डाला गया, क्या विधायक बनने के बाद अजय सिंह की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत हो गई कि इन्कम टैक्स विभाग को छापेमारी जैसी कार्रवाई करनी पड़ी? यह छापा उस समय पड़ा जब भाजपा कार्यालय में मिषन 2022 को फतह करने की रणनीति बन रही थी। छापेमारी के दौरान इन्कम टैक्स विभाग को क्या मिला और क्या नहीं मिला, यह अलग बात है, मगर इस छापे के बाद विधायकजी की छवि अवष्य खराब हुई है। जानकार कहते हैं कि इसका प्रभाव 2022 के चुनाव पर पड़ सकता है। अजय सिंह के राजनैतिक भविष्य पर ग्रहण लगने की भी आषंका जताई जा रही है। बहरहाल, इसे तो एक बानगी माना जा रहा है, और कहा जा रहा है कि अगर इसी तरह की कार्रवाई हो जाए तो इसके दायरे में कई अन्य जनप्रतिनिधि भी आ सकते है। जिस तरह रातों-रात बाढ़ के पानी से भी तेज जनप्रतिनिधियों का आर्थिक साम्राज्य बढ़ रहा है, उससे सभी अचंभित है। जिस मोदी नामक बियरर चेक से चुनाव की वैतरणी कईयों ने 2017 में पार किया। उसी मोदी को और उसके खिलाफ षंडयत्र करने में लोग चूक नहीं रहे है। सवाल किए जा रहे हैं कि आखिर इन जनप्रतिनिधियों की कौन सी ऐसी कमाई है, जिससे यह लोग माननीय बनने के कुछ समय के भीतर ही महल खड़ा कर देते हैं, और बैंक बैलेंस बढ़ा देते है। जनता उस समय अवाक रह जाती है, जब इन लोगों के यहां कभी ईडी तो कभी आईटी का छापा पड़ता है। कहा जा रहा है कि क्यों नहीं भाजपाई अवैध कमाई करने वाले पिछली सरकारों सपा और बसपा के कर्मो और कुकर्मो से सीख लेती? ठेकेदार और अधिकारी पालना, सिंचाई, पीडब्लूडी, बाढ़ एवं आरईडी जैसे तमाम विभागों में अपनी षर्तो पर काम दिलाकर जनप्रतिनिधि मालामाल होते जा रहे हैं। विधायक अजय सिंह के साथ जो कुछ भी हुआ वह एक बानगी है। अभी संपन्न पंचायत चुनाव में यद्यपि भाजपा ने 12 प्रमुख को निर्विरोध करा लिया, लेकिन अधिकांष षक्ति केंद्र मालामाल भी हुए। प्रमुख और जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में लगभग 15 करोड़ का कारोबार होने का दावा पक्ष और विपक्ष कर रहा है। इसी तरह का अवैध धन होता है, जिससे महल, जमीन, होटल का निर्माण और बैंक बैलेंस के बढ़ने की बाते कही जा रही है। आज तक मतदाताओं को यह बात समझ में नहीं आया कि इतनी कड़ी मेहनत करने और ईमानदारी दिखाने के बाद भी उनका बैंक बैलेंस क्यों नहीं बढ़ रहा है? और उन जनप्रतिनिधियों का बैंक बैलेंस कैसे बढ़ जा रहा हैं, जिनके पास वेतन और अन्य भत्ता सहित अन्य कमाई का साधन नहीं है।

## खाद्यान्न कालाबाजारी पर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित

**गोंडा।** खाद्यान्न की कालाबाजारी में संलिप्त लोग अब डीएम मार्कण्डेय शाही के निशाने पर आ गए हैं। डीएम ने ऐसे लोगों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। ऐसे लोगों के खिलाफ गैंगस्टर, गुण्डा एक्ट व रासुका के तहत कार्यवाही की तैयारी की जा रही है। इस बावत डीएम ने खाद्यान्न की कालाबाजारी में परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही हेतु जांच समिति गठित करते हुए रिपोर्ट मांगी है।

बता दें कि ट्रांसपोर्टर्स की मिलीभगत से जनपद में सरकारी खाद्यान्न की चोरी व कालाबाजारी किये जाने से सम्बन्धित विभिन्न मीडिया माध्यमों में प्रसारित खबरों से माामले का खुलासा हुआ कि ट्रांसपोर्टर व माफिया मिलकर हर माह करीब 800 बोरा अनाज की कालाबाजारी कर रहे हैं। यह भी तथ्य संज्ञान में आया कि झंझरी ब्लाक के दर्जीकुआं के पास संगम ट्रांसपोर्ट की दो ट्रकों से आठ बोरा अनाज की चोरी कर बीच में ही बेच दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रश्नगत प्रकरण प्रथमदृष्ट्या अत्यन्त गंभीर प्रकृति का है।,

## फसल कटाई अवशेष पराली जलाये जाने से रोकने का हुआ निर्देश



**● सचल दस्ते का किया गया गठन**

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जनपद** में पराली, फसल अवशेष एवं अन्य कृषि अपशिष्ट के उचित प्रबंधन हेतु विकास भवन सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें आगामी खरीफ फसल की कटाई के उपरांत फसल अवशेष पराली एवं अन्य कृषि अपशिष्ट के शासन के निर्देशानुसार उचित प्रबंधन की रणनीति के संबंध में विस्तृत चर्चा किया गया। इसमें जनपद स्तरीय समिति एवं तहसील स्तरीय सचल दस्ते के क्रियाशील करने के संबंध में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने निर्देश दिया। जिन ग्राम पंचायतों में गत खरीफ फसल की कटाई के उपरांत फसल अवशेष जलाने की घटनाएं हुई उसमें कृषि, राजस्व, ग्राम विकास एवं पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों एवं अधिकारी बैठक कर किसानों को फसल अवशेष जलाने से हानि, नहीं जलाने से लाभ एवं जलाने की दशा में निर्धारित पर्यावरण क्षतिपूर्ति और अन्य विधिक कार्रवाई के संबंध में अवगत कराया जाए। प्रत्येक ग्राम पंचायत के किसानों को संपर्क कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उनके खेत की पराली को किस पशुशाला में भेजा जाना है, विशेष रणनीति तैयार हो पशुपालन विभाग गौशालाओं पर पराली लेकर आने वाले किसानों को पशुशाला के गोबर की खाद को उपलब्ध कराने के संबंध में रणनीति तैयार कर ले। इसी प्रकार ग्राम पंचायतों को दिए जाने वाले इन सीटू यंत्रों के चयन की कार्रवाई पंचायती राज विभाग शीघ्रता से सुनिश्चित कर लें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देश दिए अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित होने वाला थाना दिवस एवं अन्य कार्यक्रमों में अभी से किसानों के मध्य इसके संबंध मे जागरूकता सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी विकासखंड के कृषि विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत में बैठक के माध्यम से कृषक जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रभावी कार्रवाई करें अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने निर्देश दिया कि राजस्व, पुलिस, कृषि, ग्राम विकास, पशुपालन, पंचायत राज विभाग समन्वित रूप से यह प्रयास करें कि कृषक जागरूक हो कि फसल अवशेष, पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित तो होता ही है साथ-साथ उनकी भूमि की उर्वरा शक्ति एवं उपज पर दुष्प्रभाव पड़ता है। बैठक में जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा, जनपद के तीनो तहसीलो के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागो के विभागाध्यक्ष, थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

### उपकृषि निदेशक कार्यालय के पांच बाबुओं का गैरजनपद हुआ तबादला

**बस्ती।** कई सालों से जमे और अनेक आरोपों का सामना करने वाले उप कृषि निदेषक कार्यालय के पांच बाबुओं का बस्ती से गैर जनपद तबादला हो गया है। इन्हें तत्काल मुक्त करने का आदेष अपर निदेषक प्रषासन की ओर से दिया गया है। अब देखना है कि यह लोग आदेष का कितना पालन करते हैं। जिन बाबुओं का जनहित में तबादला हुआ उनमें संकट हरण पांडेय को उप कृषि निदेषक बलरामपुर, अमृतनाथ षुक्ल को जिला कृषि रक्षा अधिकारी कार्यालय सिद्धार्थनगर, अभिषेक सिंह को उप कृषि निदेषक बहराइच, अजीत कुमार सिंह को भूमि संरक्षण अधिकारी चोपन सोनभद्र और अमित कुमार सिंह को भूमि संरक्षण अधिकारी रावर्टगंज सोनभद्र में किया गया है।

## नवागत ईओ सुरेश ने पद का लिया चार्ज

**संतकबीरनगर।** शासन से स्थानान्तरित होकर आये नवागत अधिशासी अभियन्ता नगर पालिका परिषद खलीलाबाद ने शुक्रवार को कार्यालय में पहुँचकर पद का चार्ज लिया। इस दौरान उन्होंने पटल सहायको से परिचय प्राप्त करते हुए नगर पालिका के कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। नवागत अधिशासी अभियन्ता सुरेश कुमार मौर्या इससे पूर्व जनपद अम्बेडकर अकबरपुर नगर पालिका में तैनात रहे। उनके आगमन पर नगर पालिका के कर्मियो ने बुक्के देकर उनका स्वागत किया। मीडिया से संक्षिप्त वार्ता में नवागत ई0ओ0 सुरेश कुमार मौर्या ने बताया नगर पालिका परिषद खलीलाबाद को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये जाने के लिए उनकी प्रथम प्राथमिकता होगी। नगरवासियो की समस्याओं का समाधान समय से हो और नगर पालिका खलीलाबाद में स्वच्छ सर्वेक्षण प्रथम स्थान प्राप्त किये जाने के लिए पूरा प्रयास किया जायेगा। श्री मौर्या अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से भेंट कर अपनी आख्या रिपोर्ट प्रस्तुत किया है। नगर पालिका में उन्होंने कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव से भेंट किये और लिपिक गोरख यादव, पंकज कुमार, उमेश चौधरी, राधेश्याम से उनके कार्यो के प्रगति की जानकारी ली।

## सड़क सुरक्षा विषय पर संगोष्ठी आयोजित



सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अजय यादव

संवाददाता। गोंडा


**प्रथम** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को संभागीय परिवहन कार्यालय गोंडा के प्रांगण में बस ऑपरेटर एसोसिएशन, टेंपो चालक यूनियन के पदाधिकारियों तथा व्यवसायिक वाहनों के चालकों की एक संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें लोगों को सड़क सुरक्षा के बावत जागरूक किया गया। यह जानकारी देते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) देवीपाटन मंडल उमाशंकर यादव ने बताया कि यह प्रथम सड़क सुरक्षा सप्ताह 22 जुलाई से 28 जुलाई 2021 तक संचालित किया जाएगा। जिसमें विभाग द्वारा बस स्टैंड एवं टैक्सी स्टैंड पर जाकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बाबत जागरूक किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अजय कुमार, एआरटीओ प्रशासन सुश्री बबीता वर्मा, संभागीय निरीक्षक संजय कुमार, यातायात निरीक्षक अभिनव प्रताप सिंह, बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष वसी अहमद, कमाल खान, इरफान अहमद, परिवहन विभाग के लेखाकार सभाजीत त्रिपाठी, वरिष्ठ सहायक अतुल कुमार मौर्य, वरिष्ठ सहायक येतेन्द्र कुमार, वरिष्ठ सहायक सरफराज, लवकुश सिंह, सुशील भट्ट व प्रमोद सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


## भाजपा ने मिशन 2022 फतह करने को बजाया बिगुल

**● बैठक में दिए गए चुनाव जीतने के मंत्र, 11 बिंदुओं पर बनी रणनीति**

**● प्रत्येक विधानसभा में 20 से 25 हजार नये मतदाता जोड़ने का बना लक्ष्य**

संवाददाता। बस्ती





**भाजपा** ने मिशन 2022 को फतह करने के लिए अभी से बिगुल बजा दिया है। इसकी शुरुआत जिला कार्यसमिति की बैठक में जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल की अध्यक्षता में की गई। बैठक में चुनाव जीतने के लिए 11 मंत्र दिए गए, और कहा गया कि अगर इन मंत्रों को पूरी तरह अमल में लाया गया तो भाजपा को पुन: सत्ता में आने से कोई रोक नहीं सकता। सबसे अधिक जोर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 20 से 25 हजार नये मतदाता बनाने पर दिया गया। चुनाव में जाने से पहले गुरु पुर्णिमा के दिन यानि 24 जुलाई को साधू, संत, महात्मा, मठ-मंदिर और पुजारियों को सम्मानित कर उनसे जीतने का आर्षीवाद लिए जाने को कहा गया, और कहा गया कि चुनाव जीतने के लिए साधू-संतों का आर्षीवाद आवष्यक है। इस दिन जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अगंवस्त्र, फल, मिष्ठान एवं माला लेकर जाएगें। राषन की दुकानों के बाहर नि:षुल्क राषन वितरण के लिए मोदी और योगी का धन्यवाद देने वाला होर्डिंग लगाना अनिवार्य है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से कहा गया है कि वह अपने और पार्टी के नाम का थैला बनवाकर उसमें राषन वितरण कर सकते हैं। बूथ समितियों का सत्यापन पांच अगस्त से 15 सितंबर तक करने, सत्यापन कार्य की योजना षक्ति केंद्र के अनुसार बनाए जाने की बात बताई गई। बूथ समिति सत्यापन कार्य के साथ-साथ पन्ना प्रमुख बनाने का भी काम करना है। इसमें बूथ समिति के कार्यकर्ताओं में से मतदाता सूची के एक-एक पन्ने का पन्ना प्रमुख बनाया जाएगा। भाजपा के जीते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रमुखों का अभिनंदन समारोह कार्यक्रम अगस्त में राजधानी में करने की योजना बनी है। इसी तरह भाजपा समर्थक प्रधान, बीडीसी एवं जिला पंचायत सदस्य का सम्मान ब्लॉक मुख्यालय पर 26 से 31 जुलाई तक होगा। मंडल कार्यसमिति की बैठक अगस्त के प्रथम सप्ताह में होगा। टीकाकरण अभियान चलाने को कहा गया है, कहा गया है कि पार्टी कार्यकर्ता टीकाकरण केंद्र पर 23, 24 एवं 25 जुलाई को पहुंचकर हेल्प डेस्क लगाना और अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण कराना होगा। प्रत्येक वार्ड और गांव में एक युवा एवं एक महिला का नाम चयन करना है, स्वास्थ्य स्वंय सेवकों का प्रषिक्षण प्रदेष, जिला एवं मंडल स्तर पर आयोजित होगी। पीएम एवं सीएम गरीब कल्याण योजना के तहत अन्न वितरण पांच से 15 एवं 20 से 30 अगस्त तक होगा। बैठक में सांगठिक एवं राजनैतिक दोनों प्रस्ताव पारित किए गए। कार्यक्रम का उदघाटन जिला प्रभारी चिरंजीव चौरसिया एवं समापन वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा प्रदेष कार्य यमिति के सदस्य राजेंद्रनाथ तिवारी ने किया। इस दौरान अष्टभुजा षुक्ल, गोपेष्वर त्रिपाठी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुषील सिंह, यषंकात सिंह, प्रेमसागर तिवारी, दयाषंकर मिश्र, पवन कसौधन, अजय सिंह गौतम, डा. ममता पांडेय, रुपम मिश्रा, रामचरन चौधरी, विवेकानंद मिश्र, विधायक रवि सोनकर, संजय चौधरी, अखंडप्रताप सिंह एवं भाजपा के ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला कार्यसमिति व मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# रैंकिंग राउंड में भारतीय तीरंदाजों का मिश्रित प्रदर्शन

**●पुरुष टीम और मिश्रित युगल रैंकिंग में नौवें स्थान पर रही**

**भाषा**। टोक्यो



**दुनिया** की नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी शुक्रवार को यहां युमेनोशिमा पार्क में ओलंपिक रैंकिंग राउंड में अपने प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रख पाई लेकिन पुरुष तीरंदाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जिससे भारत को मिश्रित युगल जोड़ी में फेरबदल करने के लिए बाध्य होना पड़ा। कोरियाई तीरंदाज ने दबदबा बनाया जो 2019 के बाद से ओलंपिक की तैयारियों के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से दूर रहे थे जिसमें महिलाओं के वर्ग में शीर्ष तीन स्थान के अलावा युवा एन सान ने 25 साल का ओलंपिक रिकार्ड भी तोड़ा। अतनु दास, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की भारतीय पुरूष टीम हालांकि अच्छा स्कोर नहीं बना सकी और टीम रैंकिंग में बस किसी तरह से शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रही। दीपिका 663 अंक से नौंवे स्थान पर रहीं जो उनके सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग स्कोर 686 से काफी कम है। दीपिका के सामने सबसे बड़ी चुनौती अंतिम आठ में आ सकती है, जहां उनका सामना ओलंपिक में पदार्पण कर रही सान से होने की संभावना है। दो साल पहले इसी स्थान पर सान से हारी दीपिका का इरादा बदला चुकता करने का होगा। तीरंदाजी में देश को पहला ओलंपिक पदक दिलाने की कोशिश में जुटे भारतीयों को आगे कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। जिसमें पुरुष और मिश्रित युगल जोड़ी के क्वार्टरफाइनल में कोरिया से भिड़ने की संभावना है।

भारत ने पुरुष और मिश्रित टीम रैंकिंग में एक समान नौंवा स्थान हासिल किया। वहीं दीपिका मिश्रित युगल स्पर्धा में अपने पति और अनुभवी तीरंदाज अतनु दास की बजाय प्रवीण जाधव के साथ उतरेंगी। शुक्रवार को क्वालीफिकेशन दौर के प्रदर्शन के आधार पर यह फैसला लिया गया। पदार्पण कर रहे प्रवीण जाधव अनुभवी तीरंदाज दास (35वें स्थान) और राय (37वें स्थान) से आगे रहे। जाधव और दास का स्कोर समान 329 था, पर महाराष्ट्र का तीरंदाज अंतिम छह सेट में उनसे आगे निकल गया और उसने 720 में से 656 अंक जुटाए। एशियाई खेलों के पूर्व रजत पदक विजेता राय अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं, वह 64 तीरंदाजों में 37वें स्थान पर रहे।

## रियो की कसक दूर करने उतरेंगे भारतीय निशानेबाज



**टोक्यो**। रियो ओलंपिक में नाकामी के बाद से लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे भारतीय निशानेबाज टोक्यो में पदकों के साथ उस मलाल को मिटाने की कोशिश करेंगे और इस बार भारतीय दल से एक या दो नहीं बल्कि चार पदकों की उम्मीद है। यूं तो भारत के 15 निशानेबाजों में से सभी पदक जीतने में सक्षम हैं लेकिन कुछ को सबसे प्रबल पदक उम्मीद माना जा रहा है। इनमें से एक सौरभ चौधरी हैं जिनका सामना ओलंपिक और विश्व चैम्पियनों से होना है। पहले दिन पुरुषों की दस मीटर एयर पिस्टल में चौधरी और अभिषेक वर्मा भारत की चुनौती पेश करेंगे। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में कल अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवन की तकदीर का भी फैसला होगा। भारत के पास यह पदकों का खाता खोलने का भी मौका रहेगा। दुनिया की नंबर एक इलावेनिल देश के सर्वश्रेष्ठ राइफल निशानेबाजों में से है और ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग पिछले सात साल से उनका मार्गदर्शन कर रहे हैं। चौधरी ने अपने छह साल के कैरियर में इतनी कामयाबी पाई है कि वह टोक्यो में पदक की उम्मीदों में से है। दूसरे दिन भारत की मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल दस मीटर एयर पिस्टल में उतरेंगी। पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार और दीपक कुमार चुनौती पेश करेंगे। निशानेबाजी स्पर्धा के आखिरी दौर में राही सरनोबत, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, अंजुम मुद्गिल, तेजस्विनी सावंत, संजीव राजपूत और दो स्कीट निशानेबाज मैराज अहमद खान और अंगद वीर सिंह बाजवा उतरेंगे।

## हाकी: भारत की पहली भिड़ंत न्यूजीलैंड से

**टोक्यो**। गौरवशाली अतीत की धरोहर और पिछले कुछ अर्से के शानदार प्रदर्शन से मिले आत्मविश्वास के दम पर चार दशक बाद ओलंपिक में पदक जीतने का सपना पूरा करने की कवायद में जुटी भारतीय हॉकी टीम के सामने शनिवार को ग्रुप ए में न्यूजीलैंड के रूप में पहली चुनौती होगी। रियो से टोक्यो तक विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंची भारतीय टीम ने परिपक्वता का एक लंबा सफर तय किया है।

ओलंपिक की सबसे कामयाब टीम भारत ने आठ बार स्वर्ण पदक जीता लेकिन आखिरी पदक 1980 में मॉस्को में मिला था। पिछले चार साल में हालांकि भारत ने एशिया कप (2017), एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी (2018) और एफआईएच सीरिज फाइनल (2019) अपने नाम किए। भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप में मनप्रीत सिंह की टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची। रियो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रही भारतीय टीम में इस बार 10 ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका यह पहला ओलंपिक है। इनमें अधिकांश जूनियर हॉकी विश्व कप 2016 में सफलता का स्वाद चख चुके हैं और उसे सीनियर स्तर पर दोहराने को बेताब हैं। भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में शुमार पी आर श्रीजेश, अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह और रूपिंदर पाल सिंह है। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह पर दारोमदार होगा तो मिडफील्ड में कप्तान मनप्रीत सिंह का अनुभव काम आएगा जो अपना तीसरा ओलंपिक खेल रहे हैं और भारतीय दल के ध्वजवाहक भी हैं। दूसरी ओर न्यूजीलैंड ने 1976 मांट्रियल ओलंपिक में खिताब जीता था। उसके पास स्टीफन जेनेस और हुजो इंगलिस जैसे बेहतरीन स्ट्राइकर हैं जबकि केन रसेल पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हैं।

दो साल पहले कोरिया को ओलंपिक क्वालीफायर में हराकर न्यूजीलैंड ने टोक्यो का टिकट कटाया। ग्रुप ए में भारत को गत चैम्पियन अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया, जापान, न्यूजीलैंड और स्पेन से पार पाना होगा। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और दोनों ग्रुप से शीर्ष चार टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी। ग्रुप बी में बेल्जियम, कनाडा, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और दक्षिण अफ्रीका हैं।

### जीतने के लिए उतरेगी महिला हाकी टीम

**नई दिल्ली**। पुरुष हॉकी टीम की तरह भारतीय महिला हॉकी के पास ओलंपिक में कोई गौरवशाली इतिहास नहीं है और 36 बरस बाद रियो ओलंपिक में उतरने के बाद एक भी मैच नहीं जीत पाने की टीस वह तोक्यो में यादगार प्रदर्शन के जरिए दूर करना चाहेगी हालांकि पहले ही कदम पर उसे दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से खेलना है। लगातार दूसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने पिछले कुछ अर्से में अपने प्रदर्शन से उम्मीद जगाई है। रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज रानी रामपाल की टीम का पहला लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में प्रवेश होगा। मॉस्को ओलंपिक 1980 के 36 साल बाद रियो ओलंपिक खेलने वाली भारतीय टीम पांच में से चार मैच हार गई थी और उसने 19 गोल गंवाए। एकमात्र ड्रा जापान के खिलाफ खेला और पूरे टूर्नामेंट में टीम तीन ही गोल कर सकी।

### मुक्केबाजी में अभियान की शुरूआत करेंगे विकास

**टोक्यो**। अनुभवी विकास कृष्ण (69 किग्रा) शनिवार को यहां स्थानीय प्रबल दावेदार सेवोनरेट्स क्विंकी मेनसाह ओकाजावा के खिलाफ भारत के मुक्केबाजी ओलंपिक अभियान की शुरूआत करेंगे। विकास रयोगोकू कोकुगिकान एरीना में होने वाली मुक्केबाजी स्पर्धाओं के शुरूआती दिन रिंग में उतरने वाले एकमात्र भारतीय मुक्केबाज होंगे, इसी वजह से उन्होंने उद्घाटन समारोह में नहीं जाने का फैसला किया।

भारतीय मुक्केबाजों को पदक दौर तक पहुंचने के लिए कई चुनौतीपूर्ण बाधाओं को पार करना होगा। 29 वर्षीय विकास अपने तीसरे और शायद अंतिम ओलंपिक में पदक जीतने के लिए बेताब होंगे। विकास के प्रतिद्वंद्वी ओकाजावा ने 2019 एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था और इसी साल विश्व चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में भी पहुंचे थे।

## सिंधु से भारत को स्वर्ण दिलाने की उम्मीद



**टोक्यो**। ओलंपिक पदार्पण में पांच साल पहले रजत पदक जीतने वाली मौजूदा विश्व चैम्पियन पीवी सिंधु शनिवार को यहां शुरू होने वाली बैडमिंटन स्पर्धा में भारत की स्वर्ण पदक हासिल करने की मुहिम की अगुवाई करेंगी। रियो में सिंधु ने शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल में वह कड़े मुकाबले में हार गईं। यह भारतीय इस बार स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए बेताब होगी। वह अपना अभियान ग्रुप जे में शुरू कर रही हैं जिसमें हांग कांग की चेयुंग एनगान यि (34वीं रैंकिंग) और इस्राइल की सेनिया पोलिकारपोवा (58वीं रैंकिंग) शामिल हैं। सिंधु रविवार को अपना शुरूआती मैच खेलेंगी जबकि हमवतन खिलाड़ी बी साई प्रणीत और चिराग शेट्टी और सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी की पुरूष जोड़ी शनिवार को अपना अभियान शुरू करेंगे। सिंधु से रियो ओलंपिक से पहले उलटफेर करने की उम्मीद की जा रही थी लेकिन उन्हें पदक का दावेदार नहीं माना जा रहा था। सिंधु के प्रीक्वार्टरफाइनल में मिया ब्लिचफेल्ट से और क्वार्टर में दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से भिड़ने की उम्मीद है। पुरुष एकल में प्रणीत ओलंपिक में स्वप्निल पदार्पण करना चाहेंगे जो अपना अभियान इस्राइल के मिशा जिल्बरमैन के खिलाफ शुरू करेंगे। ग्रुप डी में शीर्ष पर रहने के लिए 13वें वरीय भारतीय को नीदरलैंड के मार्क कालजोऊ को हराना होगा और फिर वह ग्रुप सी के विजेता से भिड़ेंगे। पुरुष युगल में चिराग और सात्विक को मुश्किल ड्रा मिला है जिन्हें शनिवार को चीनी ताइपे के लीग यांग और वांग चि लिन की तीसरी रैंकिंग की जोड़ी से भिड़ना है। उन्हें ग्रुप चरण में इंडोनेशिया की शीर्ष वरीय जोड़ी और इंग्लैंड की 18वीं रैंकिंग की जोड़ी से भिड़ना है। युगल में ग्रुप की दो शीर्ष टीमें क्वार्टर फाइनल तक पहुंचेंगी।

## टेनिस खिलाड़ियों को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन

**टोक्यो**। भारतीय टेनिस खिलाड़ियों को पदक दौर के करीब जाने के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा क्योंकि सानिया मिर्जा और ओलंपिक में पदार्पण कर रही अंकिता रैना को उक्रेन की टीम के रूप में कड़ी चुनौती मिली है जबकि एकल वर्ग में सुमित नागल की राह भी आसान नहीं है। रिकॉर्ड चौथा ओलंपिक खेल रही सानिया और पहली बार उतरी रैना ने इस साल एक भी प्रतिस्पर्धी मैच साथ नहीं खेला है।

खेलों के महासमर के लिए उनकी तैयारी किसी लिहाज से पुख्ता नहीं कही जा सकती। पिछली बार दोनों मार्च 2020 में बिली जीन किंग कप में साथ खेली थी। उनका सामना पहले दौर में उक्रेन की नादिया और युडमाइला किचेनोक बहनों से होगा। सानिया के पास हालांकि अपार अनुभव है और वह ऐसे जोड़ीदार के साथ उतरी है जो दिलेर प्रदर्शन करने का दम रखती है। इस जोड़ी के लिए हालांकि बहुत कुछ सानिया के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा जो अभी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है।। सानिया और रैना पहले दौर में जीत जाते है तो उनका सामना अगले दौर में अमेरिका की निकोल मेलिचार और एलिसन रिस्के से हो सकता है। पुरुष एकल में नागल भाग्यशाली रहे कि उन्हें ओलंपिक खेलने का मौका मिला। 14 जून की समय सीमा के भीतर उनकी रैंकिंग 144 थी और वह कट में प्रवेश के करीब भी नहीं थे। कई खिलाड़ियों के नाम वापिस लेने के कारण उन्हें मौका मिला। नागल ने सत्र की शुरूआत में उन्होंने दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टियन गारिन को हराकर कैरियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी। उनका सामना पहले दौर में एशियाई खेलों के चैम्पियन उजबेकिस्तान के डेनिस इस्तोमिन से होगा।

## ओसाका का मैच एक दिन के लिए टला

**ओलंपिक डायरी**



**टोक्यो**। ओलंपिक टेनिस टूर्नामेंट में नाओमी ओसाका के शुरूआती मैच को शनिवार से रविवार तक के लिए टाल दिया गया है। आयोजकों ने हालांकि इसका कारण नहीं बताया है लेकिन उन्होंने केवल इतना कहा कि यह कदम टूर्नामेंट रेफरी की ओर उठाया गया है। ओसाका को मूल रूप से शनिवार सुबह सेंटर कोर्ट पर खेलों की पहली प्रतियोगिता में चीन की 52वीं रैंकिंग की खिलाड़ी झेंग साइसाई के खिलाफ अपने अभियान को शुरू करना था। ओसाका जापान की शीर्ष खिलाड़ियों में एक है और इस फैसले के पीछे एक कारण शुक्रवार की शाम को उद्घाटन समारोह में उनका भाग लेना हो सकता है। फ्रेंच ओपन के पहले दौर के बाद टेनिस से विश्राम लेने वाली ओसाका लगभग दो महीने बाद प्रतिस्पर्धा में वापसी कर रही है।

### उक्रेन के विरोध के बाद बदला नक्शा

**टोक्यो**। ओलंपिक की वेबसाइट पर दिया गया एक नक्शा उक्रेन के विरोध के बाद बदलना पड़ा चूंकि इसमें क्रीमिया प्रायद्वीप से सटी एक सीमा को शामिल किया गया था। यह नक्शा ओलंपिक वेबसाइट पर चीयर जोन का हिस्सा था जिसमें दुनिया भर के प्रशंसक तोक्यो ओलंपिक में अपनी अपनी टीमों का समर्थन कर रहे हैं। गुरूवार को नक्शे पर क्रीमिया के शीर्ष पर काली रेखा थी जो राष्ट्रीय सीमा की तरह ही थी। शुक्रवार को इस पर कोई रेखा नहीं थी। क्रीमिया को 2014 में रूस ने अपने कब्जे में ले लिया लेकिन उक्रेन इसे अभी भी अपना क्षेत्र मानता है। जापान स्थित उक्रेन दूतावास ने बताया कि उन्होंने आईओसी के समक्ष विरोध दर्ज कराया और अब नक्शे में बदलाव करदि या गया है।

### रूस की तीरंदाज टोक्यो की गर्मी में बेहोश हुई

**टोक्यो**। रूसी तीरंदाज स्वेतलाना गोम्बोएवा शुक्रवार को टोक्यो ओलंपिक में प्रतियोगिता के दौरान भीषण गर्मी में बेहोश हो गई। रूसी ओलंपिक समिति द्वारा जारी बयान में कोच स्टानिस्लाव पोपोव ने कहा कि क्वालीफाइंग दौर पूरा करने के तुरंत बाद गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई। इसके बाद चिकित्सा कर्मचारियों ने उनकी मदद की। रूस के कोच ने कहा, मेरे सामने पहली बार ऐसा कुछ हुआ है। उन्होंने कहा कि इससे पहले व्लादिवोस्तोक में जहां हम अभ्यास कर रहे थे वहां भी ऐसी ही गर्मी थी लेकिन यहां नमी बहुत ज्यादा है। टीम की उनकी साथी केन्सिया पेरोवा ने कहा कि वह एक अन्य खिलाड़ी के साथ अपने नतीजे पर चर्चा कर रही थीं जब उन्हें पता चला कि गोम्बोएवा अचेत होकर गिर गई थी। पेरोवा ने कहा कि यह शायद हीटस्ट्रोक (लू लगने जैसी स्थिति) के कारण हुआ। गोम्बोएवा शुक्रवार को 64 महिला तीरंदाजों के क्वालीफिकेशन में 45वें स्थान पर रही।

### पुर्तगाली सर्फर कोविड-19 जांच में पाजिटिव

**टोक्यो**। पुर्तगाली सर्फर फ्रेडरिको मोराइस ने घोषणा की कि वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं और वह जापान में ओलंपिक पदार्पण नहीं कर पाएंगे। मोराइस टोक्यो ओलंपिक में यूरोप के सर्वश्रेष्ठ सर्फर माने जा रहे थे। उन्होंने शुक्रवार शाम को सोशल मीडिया पर यह बयान जारी किया। उन्होंने इंस्टाग्राम वीडियो में कहा कि यह मेरा सबसे दुख देने वाला वीडियो होगा। 2019 में मैंने 2020 टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जिन्हें कोविड-19 के कारण स्थगित कर दिया गया। और अब इस वायरस की वजह से मैं प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा और अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा।

### स्वप्न पूरा करने के लिए पीछे नहीं हटीं जाजा

**टोक्यो**। सीरिया की 12 साल की टेबल टेनिस खिलाड़ी हेंड जाजा युद्ध से अपने गृह नगर के बर्बाद होने के बावजूद अपने ओलंपिक स्वप्न को पूरा करने के लिए पीछे नहीं हटीं। जाजा टोक्यो ओलंपिक में सबसे युवा ओलंपियन के तौर पर युद्ध से तबाह देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह अपने देशवासियों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान वापस ला सकती हैं। सीरियाई शहर हामा की रहने वाली जाजा ने कहा कि मैं सीरियाई लोगों को खुश करना चाहती हूं, सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि हमारे सभी खेल ऐसा चाहते हैं। हम उन्हें बताएंगे कि हम इसके लिए तैयार हैं और हम उन्हें बहुत प्यार करते हैं। जाजा ने कहा कि युद्ध से मिले दर्द और परेशानियों से बचने के लिए टेबल टेनिस उनका सहारा बना जिसने उन्हें जिंदगी की चुनौतियों से लड़ने की ताकत दी। वह शुक्रवार को ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह में सीरिया की ध्वजवाहक थीं। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस ने मुझे सबकुछ दिया और मुझे आत्मविश्वास से भरा मजबूत इंसान बनना सिखाया।

## नया अध्याय लिखना चाहेंगी चानू



**टोक्यो**। पूर्व विश्व चैम्पियन मीराबाई चानू से यहां टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने की उम्मीद लगी है और यह भारतीय भी रियो ओलंपिक के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर देश के भारोत्तोलन इतिहास में नया अध्याय लिखना चाहेगी। चानू भारत के लिए 49 किग्रा वर्ग में पदक की निश्चित दावेदार मानी जा रही हैं क्योंकि आठ महिलाओं भारोत्तोलकों में उनका 205 किग्रा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन केवल चीन की होऊ जिहुई के 213 किग्रा के बाद दूसरे नंबर है। हालांकि उनके पदक को लेकर हाइप बिलकुल ऐसी है जैसी पांच साल पहले रियो में थी जिसमें चानू छह प्रयासों में केवल एक ही बार वजन उठा सकी थीं जिससे उन्हें महिलाओं की 48 किग्रा स्पर्धा में ओवरऑल स्कोर नहीं मिल सका था। मणिपुर की यह भारोत्तोलक इस बार निश्चित रूप से नया अध्याय लिखना चाहेंगी जिसमें पदक शामिल हो। कर्णम मल्लेश्वरी एकमात्र भारतीय भारोत्तोलक हैं जिनके नाम ओलंपिक पदक है। उन्होंने 2000 सिडनी ओलंपिक में 69 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता था, जब भारोत्तोलन एरीना पहली बार महिलाओं के लिए खोला गया था। उम्मीद है कि चानू क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा के अपने विश्व रिकार्ड को बेहतर करने की कोशिश करेंगी।

## खराब प्रदर्शन करने वालों एथलीटों के खिलाफ कार्रवाई करेगा एएफआई

**नई दिल्ली**। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने लंबी कूद के खिलाड़ी एम श्रीशंकर और 20 किमी पैदल-चाल के एथलीट केटी इरफान की फॉर्म में गिरावट के बावजूद उन्हें ओलंपिक दल से बाहर नहीं करने के फैसला किया लेकिन इन खेलों में अच्छा प्रदर्शन नहीं करने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ शुक्रवार को कार्रवाई की चेतावनी दी।

एएफआई की चयन समिति ने एक आपात बैठक में दो एथलीटों को 26 सदस्यीय टीम से बाहर नहीं करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बेंगलुरु में हाल ही में आयोजित ट्रायल में खराब प्रदर्शन के बाद कुछ सदस्यों का मत था कि इन दोनों खिलाड़ियों टीम से बाहर किया जाए लेकिन समिति ने कहा कि महासंघ ने ट्रायल का आयोजन फिटनेस का आकलन करने के लिए किया था फॉर्म (लय) के लिए नहीं। एएफआई के अध्यक्ष आदिल सुमरिवाला ने कहा कि दोनों एथलीटों के कोचों से ट्रायल में उनकी खराब फॉर्म के बारे में बात की गई थी। उन्होंने कहा कि कोचों ने वादा किया है कि उनके संबंधित एथलीट टोक्यो में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। सुमरिवाला ने कहा कि अगर एथलीट ओलंपिक में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं तो हम उनके खिलाफ कार्वाई करेंगे। यह संदेश उन सभी एथलीटों के लिए है जो टोक्यो खेलों में भाग ले रहे है।

बुधवार को बेंगलुरु में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में आयोजित एक फिटनेस ट्रायल के दौरान श्रीशंकर की सर्वश्रेष्ठ छलांग महज 7.48 मीटर थी। उन्होंने मार्च में फेडरेशन कप के दौरान 8.26 मीटर की छलांग लगाकर टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। एथलेटिक्स से भारत के 18 खिलाड़ियों सहित 28 सदस्यीय दल का पहला जत्था तोक्यो के लिए रवाना हुआ।

### अविश्वसनीय प्रदर्शन को दोहरा सकते हैं टेबल टेनिस खिलाड़ी

**टोक्यो**। भारतीय टेबल टेनिस दल ने एशियाई खेलों में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था जिसे खिलाड़ी मिनी ओलंपिक भी मानते हैं और अब तीन साल बाद क्या वे टोक्यो ओलंपिक में भी कोई कमाल कर सकते हैं, यह देखना होगा। पिछले हफ्ते जब टेबल टेनिस खिलाड़ी टोक्यो पहुंचे तो थोड़ी सी उम्मीद मिश्रित युगल वर्ग में थी लेकिन शुरूआती मुकाबले में चीनी ताइपे की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ मुकाबले ने शरत कमल और मनिका बत्रा के लिए चुनौती और कठिन कर दी है। यह स्टार जोड़ी हालांकि पहुंचने के बाद नियमित अभ्यास सत्र कर रही है और उम्मीद कर सकते हैं कि शरत और मनिका शनिवार की सुबह से पहले अपनी योजनाओं को पुख्ता कर लें। शरत और जी साथियान को पुरुष एकल स्पर्धा में कठिन ड्रा मिला है। 20वें वरीय शरत को अपने चौथे ओलंपिक में पहली बार शुरूआती दौर में बाइ मिली है।

### आज के कार्यक्रम



तीरंदाजी : सुबह 6:00 बजे - मिश्रित टीम अंतिम आठ मुकाबले में दीपिका कुमारी और प्रवीण जाधव बनाम चिया-एन लिन और चिह-चुन तांग (चीनी ताइपे) दोपहर 12:55 बजे - कांस्य पदक मैच। दोपहर 13:15 बजे - स्वर्ण पदक मैच। बैडमिंटन: सुबह 8:50 बजे - पुरुष युगल ग्रुप ए मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी । चिराग शेट्टी बनाम यांग ली ची-लिन वांग (चीनी ताइपे) सुबह 9:30 बजे - पुरुष एकल ग्रुप डी मैच में बी साई प्रणीत बनाम मिशा जिल्बरमैन (इजराइल)। मुक्केबाजी: 69 किग्रा के अंतिम 32 मुकाबले में विकास कृष्णन बनाम सेवोनरेट्स क्विंकी मेनसाह ओकाजावा (जापान)। हॉकी: सुबह 6:30 बजे - पुरुषों के पूल ए मैच में भारत बनाम न्यूजीलैंड। सुबह 5:15 बजे- महिला पूल ए मैच में भारत बनाम नीदरलैंड। जूडो: सुबह 7:30 बजे। दिन का 10वां मुकाबला: महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग के अंतिम 32 मुकाबले में सुशीला देवी लिकमबम बनाम इवा सेरनोविस्की (हंगरी)। रोइंग: सुबह: 7:30 बजे- पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स के दूसरी हीट में अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह। निशानेबाजी: सुबह 05:00 बजे : महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल क्वालीफिकेशन में अपूर्वी चंदेला और इलावेनिल वालारिवन। सुबह 07:15 बजे: महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल फाइनल। सुबह 09:30 बजे: पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल क्वालिफिकेशन में अभिषेक वर्मा और सौरभ चौधरी। दोपहर 12 बजे : पुरुषों का 10 मीटर एयर राइफल फाइनल। टेबल टेनिस: सुबह 8:30 बजे: मिश्रित युगल प्री-क्वार्टर फाइनल मैच में अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा बनाम यूं जू लिन और चिंग चेंग (चीनी ताइपे)। दोपहर 12:15 बजे : महिला एकल के पहले दौर में मनिका बत्रा बनाम टिन-टिन हो (ग्रेट ब्रिटेन)। दोपहर 01:00 बजे : महिला एकल के पहले दौर में सुतीर्थ मुखर्जी बनाम लिंडा बर्गस्ट्रोम (स्वीडन)। टेनिस: सुबह 7:30 बजे दिन का दूसरा मुकाबला: पुरुष एकल के पहले दौर के मैच में सुमित नागल बनाम डेनिस इस्तोमिन (उज्बेकिस्तान)। भारोत्तोलन: सुबह: 10:20 बजे: महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में मीराबाई चानू।

## भारत ने श्रीलंका को दिया 227 रनों का लक्ष्य

**भाषा**। कोलंबो

**युवा** बल्लेबाज पृथ्वी सॉव, संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे जिससे पांच नए खिलाड़ियों के साथ मैदान में उतरी भारतीय टीम श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 43.3 ओवर में 225 रन पर आउट हो गई।

श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर चुके भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन जब उसने 23 ओवर के बाद तीन विकेट पर 123 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई जिसके कारण मैच को 47-47 ओवर का कर दिया गया। श्रीलंका को इस तरह से डकवर्थ लुईस पद्धति से 227 रन का लक्ष्य मिला।बारिश के बाद खेल शुरू होने पर भारत ने 38 रन के अंदर पांच विकेट गंवा दिए। वह नवदीप सैनी (15) और राहुल चाहर (13) के बीच नौवें विकेट के लिए 29 रन की साझेदारी से 200 रन के पार पहुंच पाया। श्रीलंका की तरफ से लेग स्पिनर अकिला धनंजय और और बाएं हाथ के स्पिनर प्रवीण जयविक्रमा ने तीन तीन विकेट लिए।

कप्तान शिखर धवन (13) के तीसरे ओवर में दुशमंत चमीरा (55 रन देकर दो) की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने के बाद सॉव (49 गेंदों पर 49 रन), अपना पहला मैच खेल रहे सैमसन (46 गेंदों पर 46 रन) और सूर्यकुमार (37 गेंदों पर 40 रन) ने प्रभावशाली शुरुआत की लेकिन तीनों बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे।



**कर्मचारी बर्नआउट अर्थात काम के बोझ से अत्यधिक थकान और सेहत बिगड़ना कर्मचारियों की भावनात्मक और शारीरिक ऊर्जा को अस्वस्थ तरीके से समाप्त करने का परिणाम है। व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन दोनों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रस्तुत है सीमा रेखा की रिपोर्ट :**

# काम का बोझ

## अत्यधिक थकान बिगड़ती सेहत

शारण्या (बदला हुआ नाम), अपने मिश्रित दृष्टिकोण, प्रक्रिया और लोगों के लिए जानी जाती हैं। वह 2000 से 12000 एफटीई तक के कई प्रमुख खातों को अकेले ही संभाल रही हैं। वह पहले से ही समस्याओं का पूर्वानुमान लगाती है और पहले से ही एक समाधान ढांचा तैयार करती है। काम पर अत्यधिक संगठित और लचीला, उसे महत्व दिया गया है, मान्यता प्राप्त है, अत्यधिक भुगतान किया गया है, उद्देश्य से प्यार करता है लेकिन बर्नआउट की एक बड़ी शुरुआत का सामना करना पड़ा। लगातार 19 महीने तक। वह टूट कर बिखर गई। हम जिस दुनिया में रहते हैं, उसे देखते हुए, अधिकांश कर्मचारियों के लिए कई बर्नआउट का सामना करना सामान्य है। महामारी के प्रकोप ने केवल सभी के लिए मामले को बदतर बना दिया है। कर्मचारी तनाव, चिंता और भावनात्मक ट्रिगर के अलावा व्यक्तिगत सीमाओं के उल्लंघन, लंबे काम के घंटे, थकाऊ सप्ताहांत के लिए कॉर्पोरेट दबाव से पीड़ित हैं।

बर्नआउट कई तरह की परिस्थितियों के कारण होता है, जिसमें लोग अपने निजी जीवन के साथ-साथ कॉर्पोरेट भूमिकाओं को संतुलित करते हुए अपनी नौकरी रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वे दिन-ब-दिन और अधिक चिंतित होते जा रहे हैं क्योंकि वे कई जिम्मेदारियों को निभाते हैं और खेल में शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करते हैं। वातावरण विषाक्त हो रहा है और महामारी प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रही है, कर्मचारियों को विशेष रूप से उनकी भावनात्मक और ऊर्जा से संबंधित भलाई से संबंधित मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। यह आम तौर पर धीरे-धीरे कैसे खेलता है, कर्मचारियों को गार्ड से पकड़ता है और एक गहन प्रभाव पैदा करता है जिसे केवल सही प्रकार के दृष्टिकोण से ही नियंत्रित किया जा सकता है।

### आंकड़े गवाह हैं

दरअसल, 2021 में करीब 52 फीसदी कर्मचारी बर्नआउट के शिकार हो जाएंगे। वास्तव में पूर्व-महामारी सर्वेक्षण में उसी तरह प्रतिक्रिया करने वाले 43 प्रतिशत से ग्राफ काफी बढ़ गया है। महामारी से पहले, मिलेनियल्स अपने संतृप्ति बिंदु पर पहुंच गए थे और अपनी भावनात्मक भलाई को खत्म कर रहे थे, उनमें से 53 प्रतिशत से अधिक बर्नआउट का अनुभव कर रहे थे, इसके बाद जनरल-जेड, जिन्होंने 2020 में 47 प्रतिशत से 2021 में 58 प्रतिशत की राशि में वृद्धि की। बूमर 1940 और 1960 के बीच पैदा हुए लोगों के रूप में पहचानी जाने वाली पीढ़ी में बर्नआउट में 7 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा रही है। बेबी-बूमर पीढ़ी के बीच बर्नआउट काफी बढ़ गया है, जो 2020 में 24 प्रतिशत से इस वर्ष 31 प्रतिशत हो गया है। जनरेशन एक्स के बीच बर्नआउट दर 40 प्रतिशत से बढ़कर 54 प्रतिशत हो गई है, जो 14 प्रतिशत की वृद्धि है।

अधिकांश लोगों के अनुसार, कोविड -19 ने बीमार होने की दर बढ़ा दी है और जीवन को और अधिक कठिन बना दिया है। यह राय लेबल के लिए काम करने वालों में से 80 प्रतिशत से अधिक लोगों द्वारा साझा की जाती है।

यह हमारे लिए, एक समुदाय के रूप में, मदद के आह्वान का जवाब देने और बर्नआउट दरों को कम करने के उपाय करने और भविष्य की आपदाओं को टालने के लिए पेशेवर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय है।

### कर्मचारी बर्नआउट को प्रभावित करने वाले कारक और जुड़े जोखिम

तत्काल परिवेश पर नियंत्रण की कमी, कम मानसिक संसाधन, खराब कार्यस्थल संबंध, कार्य-जीवन असंतुलन, अक्षम प्रबंधन प्रतिनिधि, अनुचित कार्य उद्देश्य, व्यक्तिगत प्रेरणा, और कई अन्य कारक बर्नआउट और इससे जुड़े खतरों को प्रभावित करते हैं।

परामर्श सेवाओं के बारे में जागरूकता की कमी के कारण, ये सभी कारक बर्नआउट और कंपनी के बेहतरीन कर्मियों के नुकसान में योगदान करते हैं। कर्मचारी शक्तिहीन और अव्यवस्थित महसूस करते हैं, जिससे असंतोष होता है। यह उनके कार्यस्थल के साथ उनकी भलाई और भावनात्मक जुड़ाव को खतरे में डालता है, साथ ही साथ उनकी नौकरियों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने वाले उत्साह को भी खतरे में डालता है।

उद्योग जगत के नेताओं को उस पैटर्न को समझने और एक स्वस्थ कार्यस्थल बनाने के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए पारंपरिक संरचना में बदलाव करना चाहिए। नई व्यवस्था की रणनीति बनाकर ही जहरीले कार्य-संविधान के हृदय को तोड़कर प्रतिस्थापित किया जा सकता है। एक स्वस्थ वर्तमान और समृद्ध भविष्य का मार्ग एक नई कार्य संस्कृति का निर्माण करना है जो मूल रूप से कल्याण पर केंद्रित है और जिसका उद्देश्य बर्नआउट को रोकना है।

### बर्नआउट से बचाव

व्यवसायों के लिए सामूहिक विकास की दिशा में कदम उठाना और अपने कर्मियों के पक्ष में एक मजबूत मोर्चा बनाना महत्वपूर्ण है। दो प्राथमिक संकेतक हैं जिनका उपयोग आधुनिक और स्वस्थ कार्यस्थल संस्कृति की नींव के रूप में किया जा सकता है। नई विधि अधिक पेशेवरों को पोषण से संलग्न करेगी और अपने विशेष संगठनों में रहने और महत्वाकांक्षी रूप से विकसित करने के उनके संकल्प को मजबूत करेगी, जो कर्मचारियों के लिए सफलता और अभिभावक शुल्क के लिए सामग्री के रूप में सेवा करेगी। निम्नलिखित दो उपयोगी उपाय हैं :

### एल संगठन में कल्याण कार्यक्रमों की प्रभावकारिता और दक्षता सुनिश्चित करना

एल टीमों के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित करना ताकि उनकी आंतरिक ड्राइव को समझ सकें और उसे बढ़ा सकें।

सीएक्सओ सुइट वह जगह है जहां संस्कृति का सी शुरू होता है। यह पानी की तरह ऊपर से नीचे की ओर बहती है। व्यावसायिक अधिकारियों के रूप में, हम लंबे समय से मानते हैं कि बड़े संगठनों के लिए कनेक्शन स्थापित करना मुश्किल हो सकता है। दूसरी ओर, 10 से 50 लोगों वाले संगठनों में कुछ कनेक्टिविटी समस्याएं हैं। पदानुक्रम को मानसिक श्रेष्ठता से मुक्त करने और रैंक की परवाह किए बिना सभी कर्मचारियों के साथ सम्मिश्रण की ओर उन्मुख होने का यह पिछला समय है।

ग्राहक की पहुंच शुरू करने या बाहरी उद्देश्यों का पीछा करने से पहले, सभी संगठनों को अपने कर्मचारियों के साथ अपनी भावना से मेल खाना चाहिए और एक ही पृष्ठ पर होना चाहिए, चाहे उनका आकार या स्थिति कुछ भी हो। यदि कार्यस्थल के दिल में सामंजस्य हो, साथ ही स्वस्थ वातावरण भी हो तो कर्मचारी अधिक कुशलता से प्रदर्शन करेंगे।

### अद्वितीय समस्याएं अद्वितीय समाधान की मांग करती हैं

एक समूह के रूप में कॉल करना हिमशैल की नोक को संबोधित करने का पहला कदम है। हालांकि, यह महत्वपूर्ण है कि हम यह पहचानें कि हर कोई अपनी विशेषताओं के साथ एक अद्वितीय व्यक्तित्व है जो उनके जलने में योगदान देता है। इसके लिए भी एक-एक तरह के जवाब की जरूरत है।

समित (बदला हुआ नाम), एक नया व्यक्ति, उसी सकारात्मक माहौल में अपने प्रबंधक पर उसे पहले से सूचित नहीं करने के लिए अपना गुस्सा निकालता है और वह काम की अचानक आमद को संभाल नहीं सकता है। उनका प्रबंधक उनके साथ 10 मिनट तक बैठा रहा, और उनकी मुख्य समस्या की पहचान करने में उनकी मदद की। समित ने खुद को बहिष्कृत महसूस किया क्योंकि वह सिस्टम में नया है और अन्य नए कर्मचारी एक हफ्ते पहले शामिल हुए थे, इसलिए वे अच्छी तरह से बंधे और समित को छोड़ दिया गया। समित को शामिल करने की जरूरत थी।

कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) को अधिक व्यक्तिगत दृष्टिकोण अपनाने और प्रत्येक कर्मचारी के साथ सहानुभूति रखने और उनके मुद्दों (ईएपी) को संबोधित करने के लिए प्रतिक्रियाओं को अनुकूलित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकांश व्यवसाय और कर्मचारी उन लाभों को कम आंकते हैं जो विभिन्न कर्मचारी सहायता कार्यक्रम समाज को प्रदान कर सकते हैं। परिणामस्वरूप, ईएपी सेवाओं का उपयोग .01 प्रतिशत से बढ़कर 2 प्रतिशत हो गया है, फिर भी इसका अभी भी कम उपयोग किया जा रहा है।

आज के कार्यस्थल में मानसिक और भावनात्मक थकान अपरिहार्य है; एक नए अध्ययन के अनुसार, बर्नआउट की महत्वपूर्ण डिग्री वाले व्यक्तियों को अपनी कार्य परिस्थितियों को मौलिक रूप से बेहतर बनाने में सहायता की आवश्यकता होती है। इस तथ्य के बावजूद कि व्यवसायों ने कंपनी की सफलता और सुरक्षा के लिए व्यापक कल्याण कार्यक्रम लागू किए हैं, लचीलापन में बदलाव अप्रभावी रहा है। व्यवसायों के लिए वेलनेस सॉल्यूशंस के किमोनो को खोलने का समय आ गया है, और डिजिटल रूप से ईंधन वाली पहल इस समय चार्ज का नेतृत्व कर रही हैं। कर्मचारियों की खुशी उत्पादकता को बढ़ाती है, इस प्रकार ऐसे समाधानों में निवेश करना कंपनी की दीर्घकालिक सफलता और प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए महत्वपूर्ण है।

एक व्यवस्थित कल्याण कार्यक्रम को सुव्यवस्थित करने की प्रक्रिया उन अंतरालों को पहचानने के साथ शुरू होती है जिनके लिए सिल्वर लाइनिंग की आवश्यकता होती है। एक वेलनेस कंसल्टेंट की सिफारिश की जाती है, जो एक संपूर्ण आवश्यकता विश्लेषण करता है, जिसे आसान मूल्यांकन द्वारा पूरा किया जा सकता है जो मानव पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले वेलनेस समाधानों की योजना बनाते हैं। हमारे लिए कार्यक्रमों के व्यापक प्रभाव को समझना और एक अच्छे प्रभाव के लिए तैयार किए गए नए तरीकों के साथ खुद को संरेखित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है।

### त्वरित सुधार और प्राथमिक उपचार

कार्यक्रमों, विस्तारित दृष्टिकोणों और संरचना को आकार लेने में कुछ समय लग सकता है, फिर भी, पहले छोटे लेकिन प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। बर्नआउट से बचने का एक तरीका यह है कि हाथ में प्राथमिक चिकित्सा किट रखें।

किसी संगठन में माइंडफुलनेस का अभ्यास करना और सेल्फ-केयर भागफल को बढ़ाना दो तकनीकें हैं जिनका उपयोग बर्नआउट को कम करने के लिए किया जा सकता है। कई संगठन अपने दिमागीपन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में दिन में तीन बार 20 मिनट की कसरत का उपयोग करते हैं। लक्ष्य सहकर्मियों और दोस्तों के साथ आराम करना है। यह कर्मचारियों को अपने कार्यदिवसों की योजना बनाने के लिए भी प्रोत्साहित करता है जब वे सबसे अधिक उत्पादक महसूस करते हैं और जब उनका उत्पादन घटने लगता है तो ब्रेक लेने के लिए।

कार्यस्थल के विवादों को हल करने और कल्याण का अभ्यास करने के लिए एक और तेज़ इलाज कर्मचारियों के लिए कल्याण नियम का पालन करना है। इसकी शुरुआत सब प्लानिंग कर रही है। यह सुबह के पहले 10 मिनट योजना बनाने और प्राथमिकता देने के साथ-साथ टीम को सौंपने और शामिल करने के लिए समर्पित करने की आवश्यकता है। कर्मचारियों को यह समझना चाहिए कि समय को प्रभावी ढंग से साझा करने के लिए एक समूह के रूप में एक सीमित संसाधन है। इसके बाद मानसिक मानचित्रण होता है, जो तनाव को अधिक विस्तार से सूचीबद्ध करेगा; यह एक ग्राहक, एक निश्चित टीम सदस्य, एक किशोर, एक विशिष्ट प्रकार की नौकरी, मौद्रिक चिंताएं, या कोई अन्य संस्था हो सकती है। समस्या को पहचानने और फिर से देखने के लिए, परिदृश्य के लिए सभी व्यवहार्य उत्तरों और विधियों को रेखांकित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। यह समाधान को और अधिक स्पष्ट कर देगा और विचार पारदर्शिता को बनाए रखेगा, जो कठिनाइयों और संभावित उत्तरों के मानसिक पुनर्गठन में सहायता करेगा। अगला कदम यह स्वीकार करना है कि आप भ्रमित हैं और सहायता चाहते हैं। इस प्रक्रिया में आत्म-जागरूकता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपको तनाव से संबंधित व्यवहार का एक पैटर्न देखने और जरूरत पड़ने पर मदद लेने की अनुमति देता है। कल्याण कार्यक्रम सीमाओं के विकास को भी प्रोत्साहित करेगा; लक्ष्य दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध होने से बचना है। अगला कदम पूरे दिन विराम का अभ्यास करना है - एक मिनट की सचेत सांस लेने से मदद मिल सकती है। इसके अलावा, अपने परिवार और टीम के साथ एक सचेत संबंध बनाने से कर्मचारियों को अपनी सच्ची भावनाओं और कमजोरियों के बारे में बात करने और व्यक्त करने की अनुमति देकर समग्र उत्पादकता को बढ़ावा मिल सकता है।

### सही तरीका

संगठन रुक जाएंगे यदि उन्हें - कर्मचारी बर्नआउट से निपटने के लिए सबसे अच्छा तरीका क्या है- के सवाल का समाधान करने के लिए मजबूर किया गया था? वास्तव में, हर कोई और हर कोई हैरान होगा, जबकि पूछताछ व्याकरणिक रूप से सही हो सकती है, यह सही सवाल नहीं है। कोई सही दृष्टिकोण नहीं है क्योंकि भलाई, विशेष रूप से भावनात्मक और मानसिक कल्याण, व्यक्तिपरक है। एक व्यक्ति को जो आकर्षक लगता है वह दूसरे के लिए प्रतिकारक हो सकता है। नतीजतन, जनता को प्रभावित करने वाले मुद्दे से निपटने के लिए एक अनुकूलित पद्धति का उपयोग करना समझ में आता है, जो कंपनी की शैली और कर्मचारी आवश्यकताओं (श्रमिकों के व्यक्तित्व प्रकार की ओर इशारा करते हुए) के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, जब एक जानने की आवश्यकता के आधार पर एक वेलनेस रेजिमेन और परामर्श सत्रों के साथ जोड़ा जाता है, तो कर्मचारी बर्नआउट को कम करने और व्यक्तिगत कर्मचारी और कंपनी दोनों के लिए समग्र उत्पादकता को बढ़ावा देने में मदद कर सकता है। दूसरी ओर, प्रत्येक कंपनी का संयुक्त उद्देश्य किसी के स्वास्थ्य को खतरे में डाले बिना सामूहिक विकास हासिल करना होना चाहिए।

*लेखक बिजनेस/लीडरशिप कोच, मैनेजमेंट कंसल्टेंट और सोशल एंटरप्रेन्योर हैं*





# आप डाइट के मूड में हैं?



**मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक हिमांशु तनेजा अच्छे भोजन और एक बेहतर मूड के अंतर्निहित संबंधों पर क्रिस्टी वर्गीस के साथ चर्चा कर रहे हैं**

महामारी से प्रेरित पहले लॉकडाउन के एक साल से अधिक समय के बाद, अधिकांश लोग अपने घरों की सुरक्षा के बीच काम करने का विकल्प चुनते हुए घर के अंदर रहना जारी रखते हैं। इस बड़े बदलाव की पृष्ठभूमि में, खाने और सोने की दिनचर्या में एक विशिष्ट बदलाव आया है, जिसमें बनता-बिगड़ता मिजाज एक ध्यान देने योग्य दुष्प्रभाव है।

पहले, लॉकडाउन को स्वस्थ आदतें अपनाने के अवसर के रूप में माना गया, फिर भी, हम में से अधिकांश लोग, अब अपनी आहार संबंधी प्राथमिकताओं में आराम से भोजन, स्वस्थ भोजन और जब तब तनावपूर्ण खानपान के संतुलन को अपनाकर आत्मसंतुष्ट हो गए हैं।



इस प्रवृत्ति को देखते हुए, मैरियट इंटरनेशनल के पाक-कला निदेशक, हिमांशु त्रेहन ने एक 'मूड डाइट' मेनू पेश किया, जो उपभोक्ताओं की पोषक तत्वों संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ व्यक्ति के मूड को भी उन्नत बनाता है। एक त्वरित संवाद के दौरान, हिमांशु मेनू से संबंधित बारीकियों के माध्यम से हमारा मार्गदर्शन करते हैं।



हिमांशु ने बताया, ''पिछले एक साल में, हम सभी ने तनावग्रस्त होने के दौरान पूर्ण भोजन करने के बावजूद असामयिक भोजन की लालसा का अनुभव किया है। इस पैटर्न का अध्ययन करने के बाद, विशेष रूप से क्यूरेटेड 'मूड डाइट' को, दैनिक पोषक तत्वों की आवश्यकताओं को उतार-चढ़ाव वाले स्वभाव से उत्पन्न अचेतन भोजन-लालसाओं के साथ मिलाने की अवधारणा के आसपास, डिजाइन किया गया। गुणवत्ता और जो तत्व स्वाद कलियों को आकर्षित करता है, के बीच भोजन हमारे मूड को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है क्योंकि दोनों का वैज्ञानिक और भावनात्मक संबंध है। हमारे पास क्यूरेटेड रेसिपी हैं जिनमें ऐसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं जो मूड को बेहतर बनाने और बढ़ावा देने में मदद करते हैं। ''

जब हमने हिमांशु से मेनू की अवधारणा के बारे में पूछा, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए हमें मेनू के पीछे के विज्ञान के बारे में बताते हुए कहा,''आपका आहार मूड की संतुष्टि को सही ठहराने में अनिवार्य भूमिका निभाता है क्योंकि आप जो खाते हैं वह आपके दिमाग को शांत करने और पोषण संबंधी असंतुलन को स्थिर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए, यदि आप क्रोधित या चिड़चिड़े हैं, तो नट्स, बादाम, अखरोट और चिकन जैसे डोपामिन युक्त संसाधन आपकी नसों को शांत करने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसी तरह, यदि आप अपने साथी के साथ रोमांटिक मूड को बढ़ाना चाहते हैं, तो स्थानीय रूप से खट्टे अंजीर और हरी शतावरी सलाद इस पल से मेल खाने के मूड को बनाने में मदद कर सकते हैं। ''

उन्होंने आगे यह भी जोड़ा कि अपने मन और शरीर पर महामारी के प्रभाव को स्वीकारने के लिए मेनू को एक साथ रखा गया।

हिमांशु ने बताया, ''इसके पीछे का मूल मकसद मूड को बेहतर बनाने वाले खाद्य प्रस्तावों के साथ दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं को संतुलित करना है। कुछ खाद्य पदार्थ जिन्हें हमारे आहार में शामिल किया जा सकता है उनमें वसायुक्त मछली, डार्क चॉकलेट, नट और बीज, जामुन और खमीरयुक्त भोजन शामिल हैं। इन्हें या तो सीधे खाया जा सकता है या घर पर आसानी से उपलब्ध सामग्री के साथ रेसिपी तैयार करने हेतु संयोजन में जोड़ा जा सकता है। ये प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और आपके शरीर में मूड को नियंत्रित करने वाले हार्मोन सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाकर तुरंत मूड को बेहतर बनाने वाला प्रभाव डालते हैं।''

व्यक्ति जब घर के अंदर कैद या अन्यथा स्थिति में रहता है तो वह विभिन्न मनोदशाओं को जगाने के बारे में महसूस कर सकता है तो 'मूड डाइट' मेनू में ऐसे व्यंजन होते हैं जिसमें नसी गोरेंग से लेकर, तंदूरी चिकन से लेकर हॉट मेज्जे बॉक्स तक के व्यंजन शामिल होते हैं।

(मैरियट बॉनवॉय ऑन व्हील्स का मूड डाइट मेनू पूरे भारत में 13 होटलों में उपलब्ध है।)

## टेली कथा

# छोटी सरदारनी की नई पीढ़ी

कलर्स के लोकप्रिय शो छोटी सरदारनी ने समय के साथ मेहर और सरबजीत (अवनीश रेखी द्वारा अभिनीत) और उनके बच्चों सेहर, परम और करण की मार्मिक कहानी के साथ दर्शकों को आकर्षित किया है। बहुत अधिक सफलता प्राप्त करने के बाद, शो अब एक नया अध्याय खोलने के लिए तैयार है जिसमें एक पीढ़ी की छलांग कहानी में और अधिक ड्रामा और ट्विस्ट जोड़ रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, मेहर और सरबजीत की मुलाकात अचानक और दुखद दुर्घटना से होती है जिसमें उनकी जान चली जाती है। लेकिन वे अपने पीछे छोड़ जाते हैं, सहर जो अब एक मजबूत इरादों वाली लड़की बन गई है। उसका व्यक्तित्व मेहर के लचीलेपन और सरब की ईमानदारी और साहस का मिश्रण है क्योंकि वह अपना टैटू दिखाती है जिसमें लिखा है - महरब। सहर कौर गिल के किरदार में कदम रखते ही निमृत कौर अहलूवालिया बिल्कुल नए अवतार में नजर आएंगी।



एक वयस्क के रूप में, सहर कनाडा में एक स्वतंत्र जीवन व्यतीत करती है और अपनी पढ़ाई का समर्थन करने के लिए गिद्दा और दंकरा कार्यशालाओं का आयोजन करती है। सहर करण और परम के बीच का सेतु है जो अभी भी अपने बचपन की प्रतिद्वंद्विता को जारी रखे हुए हैं और हमेशा आपस में भिड़ते रहते हैं लेकिन सेहर उनके पागल पारिवारिक जीवन में विवेक लाता है। वे दोनों अपनी बहन से बहुत प्यार करते हैं और सहर के लिए सबसे अच्छा दूल्हा खोजने के लिए इसे अपने ऊपर ले लिया है। जैसा कि नियति में होगा, सहर दो सुंदर पुरुषों राजवीर और कुणाल के साथ रास्ते को पार करता है जो उसके जीवन के पाठ्यक्रम को बदल देगा और एक सुंदर नई कहानी की ओर ले जाएगा। जहां अभिनेता माहिर पांधी राजवीर के रूप में नजर आएंगे, वहीं वरुण तोर्की कुणाल का किरदार निभाएंगे। सहर की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निमृत कौर अहलूवालिया ने कहा : ''सहर एक परिपक्व लड़की है जिसे अपने माता-पिता की विशेषताओं का आशीर्वाद प्राप्त है। वह मजबूत, स्वतंत्र है और अपने रास्ते में आने वाली किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सहर का किरदार निभाने की सबसे खास बात यह है कि मेरा पूरा मेकओवर होने जा रहा है जो दर्शकों के लिए सरप्राइज होने वाला है। यह पूरी तरह से एक नया अवतार है और मैं इस खूबसूरत नई यात्रा पर निकलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।''

# केबीसी पर लघु फिल्में




कौन बनेगा करोड़पति के 13वें सीजन के लिए, लॉन्च संचार एक विज्ञापन अभियान से ब्रांडेड मनोरंजन बनने तक विकसित हुआ है। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता नितेश तिवारी द्वारा संकल्पित, लिखित और निर्देशित, पहली बार, एक लंबे प्रारूप वाली फिल्म की खोज की गई है जिसे तीन किस्तों में प्रस्तुत किया जाएगा।

मध्य प्रदेश के बेरछा में विशेष रूप से फिल्माई गई, फिल्म में अभिनेता ओंकार दास मानिकपुरी को उनके मंच और फिल्म प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। स्थानीय प्रतिभाओं के साथ कथा की प्रामाणिकता को जोड़ने के साथ, फिल्म एक इमर्सिव सिनेमाई अनुभव प्रदान करती है। इस फिल्म की शूटिंग बेरछा जैसे असली गांव में करने का विचार दोहराता है कि कैसे केबीसी देश के लोगों के साथ, यहां तक कि अपने सबसे दूरस्थ कोनों में भी गूंजता है। फिल्म एक प्रासंगिक परिदृश्य के साथ खुलती है, संबंधित पात्र और कथा, हास्य के साथ अभिनीत, दर्शकों को सबसे अप्रत्याशित तरीके से संलग्न करती है। कहानी कैसे सामने आती है यह जानने के लिए देखते रहें!

हर गुजरते साल के साथ, केबीसी ने एक अनोखे विचार के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जो तुरंत ही आम बोलचाल का हिस्सा बन गया। अपनी कहानी कहने के लिए जाने जाने वाले, नितेश तिवारी इस साल सम्मान नामक तीन-भाग वाली लघु फिल्म के माध्यम से मानवीय भावनाओं और आकांक्षाओं पर एक दिलचस्प चित्रण को जीवंत करते हैं। आगामी लघु फिल्म के बारे में बात करने पर : ''इसे हम सम्मान कहते हैं जो सम्मान है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, आपको एहसास होगा कि कभी-कभी सम्मान के कई आयाम होते हैं और ऐसा ही हमारा शो केबीसी भी करता है। कभी-कभी, सम्मान किसी व्यक्ति से संबंधित होता है और कभी-कभी कोई व्यक्ति सम्मान को आयाम में ला सकता है। उदाहरण के लिए, खिलाड़ी और महान उपलब्धि हासिल करने वाले जो हमारे देश का सम्मान करते हैं। सम्मान बहुआयामी है और ऐसी ही यह फिल्म है। हम सभी जानते हैं कि यह हमारे जीवन का कितना महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए, यह ऐसा कुछ है जिसे हम सभी ने इसका वर्णन करने का सबसे उपयुक्त तरीका माना है।''